पट्टावली प्रबन्ध संग्रह

जैन इतिहास निर्माण समिति, जयपुर

प्रकाशकीय

किसी भी देश का इतिहास, यदि उसका अतीत गौरवमय रहा है वर्तमान के लिए प्रेरणादायी होता है। जैन परम्परा का इतिहास अपने मे कुई सार्वभौम तथ्यो और सार्वकालिक जीवनादर्शो को समेटे है जिनसे प्रेरणा लेकर हम वर्तमान जीवन की अपनी कई समस्याओ को सुलझा सकते हैं। पर उसका क्रमबद्ध प्रामाणिक इतिहास अब तक अपने सर्वांग सम्पूर्ण रूप मे सामने नही आया। जो स्फुट प्रयत्न हुए है वे उपयोगी होते हुए भी प्रतिनिधि ग्रन्थ का रूप नही ले सके हैं। ऐसे इतिहास ग्र थ की वर्षों से आवश्यकता अनुभव की जा रही है जो जैन परम्परा को प्रामाणिकता के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपने सही ऐतिहासिक एव सामाजिक परिप्रेक्ष्य मे प्रस्तुत कर सके। स० २०२२ के बालोतरा चातुर्मास मे उपाध्याय श्री हस्तीमल म० सा० ने ऐसे प्रतिनिधि इतिहास ग्रन्थ के निर्माण कार्य को उठाने का प्रेरक उद्‌बोधन दिया और एक विस्तृत रूपरेखा भी बनाई जो विद्वानो के सामने रखी गई।

इतिहास-निर्माण के इस संकल्प का व इसकी लेखन-पद्धति का सभी ओर से स्वागत हुआ। परिणाम स्वरूप एक जैन इतिहास-निर्माण-समिति गठित की गई जिसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री इन्द्रनाथजी सा० मोदी, मत्री श्री सोहनमल कोठारी व कोषाध्यक्ष श्री पूनमचन्दजी सा० बडेर मनोनीत किये गये।

इतिहास-लेखन का यह कार्य श्रमसाध्य है। लोकाशाह ने निर्भीक होकर तत्कालीन संदर्भ मे जो क्राति की उसका दूरगामी प्रभाव पडा और आचार मे अधिक दृढता आई। लोकाशाह के बाद की परम्परा के स्रोत अन्धकार मे हैं। उनकी अद्यावधि न तो स्पष्ट जानकारी हमे प्राप्त है और न उसे जानने के विशेष प्रयत्न हुए हैं। अब यह आवश्यक समझा गया है कि इन लुप्त कडियो को सुश्रृङ्खलित कर एक प्रामाणिक इतिहास समाज के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

प्रामाणिक इतिहास तब तक नही लिखा जा सकता जब तक कि विभिन्न प्रकार के ऐतिहासिक साधनो द्वारा पूरी विषय-सामग्री सकलित न की जाय। विषय-सामग्री का यह सकलन किसी एक व्यक्ति के वश की बात नही है विशेषकर उस स्थिति मे जबकि एक सम्प्रदाय विशेष कई शाखा-उप शाखाओ मे विभक्त हो और सबकी पृथक्-पृथक् परम्पराएँ चली हो। आज के इस सगठन और एकता के युग मे यह आवश्यक है कि एक ही स्रोत से चलने वाली भिन्न प्रतीत होती हुई सभी परम्पराओ को समुचित सम्मान और महत्त्व देते हुए उसका ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य मे मूल्याकन किया जाय। प्रस्तावित इतिहास ग्रन्थ की यही मूल दृष्टि है।

इतिहास-लेखन का यह कार्य व्ययसाध्य तो है ही श्रमसाध्य और समयसाध्य भी है। परम श्रद्धेय आचार्य श्री १००८ श्री हस्तीमल जी म० सा० के निर्देशन मे इस कार्य का समारभ हो गया है। इसी सिलसिले मे आचार्य श्री ने राजस्थान का ग्रामानुग्राम विहार करते हुए गुजरात प्रदेश की ओर प्रस्थान किया और वहा के पाटन, खंभात, बड़ोदा, अहमदाबाद आदि नगरो के ज्ञान-भडारो का निरीक्षण कर हजारो हस्तलिखित प्रतियो का अवलोकन किया। इस यात्रा मे जो महत्त्वपूर्ण पट्टावलियाँ सामने आई, उन्ही का प्रकाशन इस ग्र थ के द्वारा किया जा रहा है। आशा की जाती है, पट्टावलियो के मूल पाठों का यह प्रकाशन प्रामाणिक इतिहास-लेखन मे आधारभूत सामग्री का काम देगा।

ग्र थ के निर्माण मे आचार्य प्रवर हस्तीमलजी म० सा० की ही मूल प्रेरणा और शक्ति रही है। यह उन्ही के श्रम का प्रसाद है। प० रत्न मुनि श्री लक्ष्मीचन्द्रजी म० का भी ग्र थ निर्माण मे पूरा सहयोग रहा है। उनके प्रति हम हार्दिक आभार प्रकट करते हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० नरेन्द्र भानावत ने हमारे निवेदन को स्वीकार कर इसके सम्पादन मे जो अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उसके लिए हम उनके अत्यन्त आभारी हैं। परम श्रद्धेय देवेन्द्र मुनिजी और प्राचीन भाषा तथा साहित्य के प्रसिद्ध विद्वान श्री अगरचन्दजी नाहटा ने भूमिका लिखकर ग्र थ का जो गौरव और महत्त्व बढाया है, समिति उसके लिए आभार मानती है। प्रतिलेखन, प्रूफ-सशोधन आदि मे प० शशिकान्तजी झा, मोतीलालजी गाधी व पूनमचन्दजी मुणोत का सहयोग विस्मृत नही किया जा सकता।

समिति के अध्यक्ष श्री इन्द्रनाथजी मोदी, कोषाध्यक्ष श्री पूनमचंदजी बडेर, श्री श्रीचन्दजी गोलेछा, श्री सोहननाथजी मोदी, श्री नथमलजी हीरावत, श्री केसरीमलजी सुराणा, श्री इन्द्रचन्दजी हीरावत, श्री धनराजजी चोपडा तथा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करने वाले अन्य सभी सदस्यो ने समय-समय पर रुचि लेकर इस अभियान को सफल बनाने मे जो महत्त्वपूर्ण कार्य किया है, उसके लिए इस अवसर पर आभार प्रकट करना, मैं अपना पुनीत कर्त्तव्य मानता हू।

जैन इतिहास निर्माण समिति का यह प्रथम प्रकाशन प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। आशा है, समाज की सेवा मे दूसरा प्रकाशन भी शीघ्र ही प्रस्तुत होगा।

—सोहनमल कोठारी

मत्री

जैन इतिहास निर्माण समिति, जयपुर

सम्पादकीय

इतिहास अतीत की महत्त्वपूर्ण घटनाओ और चली आती हुई परम्परागत धारणाओं का यथार्थ चित्रण है। भारतीय धर्म, दर्शन और समाज की ऐतिहासिक परम्परा बडी समृद्ध रही है। यह सही है कि व्यष्टि की अपेक्षा समष्टि को अधिक महत्त्व प्रदान करने के कारण भारतीय परम्परा मे इतिहास-लेखन जैसी सजग प्रवृत्ति नही रही, पर इतिहास-लेखन के विविध स्रोत—शिलालेख, ताम्रपत्र, भुर्जपत्र, गुर्वावली, पट्टावली, वशावली, पीढियावली, ख्यात, बात विगत, हाल-हगीगत, पट्टा-परवाना, उत्पति ग्रथ, रुक्का, रोजनामचा, दफ्तर-बही, प्रशस्ति आदि—विदेशियो के लगातार आक्रमण होने पर भी, किसी न किसी रूप मे सुरक्षित अवश्य रहे। इतिहास-लेखन के इन विविध उपकरणो की सहायता के विना प्रामाणिक इतिहास-लेखन का कार्य पूर्ण विश्वसनीयता के साथ सम्पन्न नही हो सकता।

हमारे यहाँ की इतिहास-लेखन परम्परा मध्ययुग मे आकर लुप्त सी हो गई। सत्रहवी शती के प्रारभ मे इतिहास-लेखन का व्यवस्थित कार्य मुगलो ने पुनः आरभ किया। स्वय बादशाह अकबर ने अपने राज्य मे इतिहास-लेखन का एक अलग ही विभाग खोला। तभी से अन्य रियासतो एव स्वतत्र राज्यो मे प्रतिस्पर्द्धा की भावना से इतिहास-लेखन के स्फुट प्रयत्न होते रहे। मुगल शासक इतिहास-प्रेमी थे। वे स्वय 'नामा' सज्ञक ग्रंथों के रूप मे अपना आत्म-चरित लिखा करते थे।

इस दृष्टि से जो इतिहास लिखे जाते थे, उनमे राजनीतिक परिवर्तनो और घटनाओ को ही प्रमुखता दी जाती थी। सामाजिक परिवर्तनो और धार्मिक आन्दोलनो को दृष्टि मे रखकर सास्कृतिक इतिहास लेखन का कार्य प्रायः उपेक्षित ही रहा। किसी भी राष्ट्र का सच्चा इतिहास वहाँ के शासको की कार्य-प्रणालियो तक ही सीमित नही है। उसमे वहाँ के सामाजिक-धार्मिक आन्दोलनों एव जन सामान्य जनता की मनोवृत्तियो का चित्रण भी अपेक्षित है। विभिन्न स्रोतो से पडने वाले प्रभावो और उनको आत्मसात करने की धारणा-शक्ति का विवेचन भी अभीष्ट है। क्योकि इतिहास केवल मात्र गड़े हुए मुर्दों को उखाडने का कार्य नही है। उसके अन्तस मे भावी समाज-रचना की कई निर्माणकारी प्रवृत्तियाँ भी काम करती हैं।

सस्कृति के निर्माण एवं विकास मे धर्म का बहुत बड़ा हाथ रहा है । श्रमण परम्परा और वैदिक परम्परा की समानान्तर रूप से प्रवाहित होने वाली धाराओ ने भारतीय सस्कृति को गतिशील बनाये रखा है । प्रथम तीर्थंकर युगादिदेव भगवान ऋषभदेव मानवीय सस्कृति के प्रथम आख्याता थे । उनके पूर्व भोगमूलक सस्कृति थी । पुरुषार्थ का मानवीय जीवन के विकास मे कोई स्थान नही था । ऋषभदेव ने ही कर्ममूलक पुरुषार्थप्रधान सस्कृति की प्रतिष्ठा की । उनके क्रम मे चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर हुए । ये चरम तीर्थंकर कहे गये हैं । भगवान महावीर के बाद विभिन्न जैनाचार्यो ने सास्कृतिक देय के इस प्रवाह को आज तक गतिशील रखा है ।

दुर्भाग्य से भारतीय जन-जीवन शताब्दियो तक पराधीनता के नीचे पलता रहा । विजातीय शासको ने राजनीतिक दृष्टि से ही नही सामाजिक एव सास्कृतिक दृष्टि से भी हमे पद-दलित किया । ऐसे नैराश्यपूर्ण असहाय वातावरण मे जन-जीवन की नैतिक शक्ति और मनोबल को थामे रखना अत्यन्त आवश्यक था । जैनाचार्यो ने सैद्धान्तिक एव व्यावहारिक दोनो स्तरो पर इस दायित्व को निभाया ।

सैद्धान्तिक स्तर पर ईश्वर की एकाधिकार भावना के स्थान पर उसके विकेन्द्रीकृत रूप की दृढता के साथ प्रतिष्ठा कर यह प्रतिपादित किया कि व्यक्ति स्वय अपने भाग्य का, सुख-दुख का निर्माता है । ईश्वर की ओर से उसे सुख-दुख नही मिलते । अपने ही शुभाशुभ कर्मो का वह भोक्ता है । अपने ही पुरुषार्थ के बल पर वह आत्मा के सर्वोत्तम विकास–ईश्वरत्व–तक पहुँच सकता है । इस भावना ने व्यक्ति को, स्वावलम्बी और आत्म-निर्भर बनाया । आत्मस्वातंत्र्य की यह सबसे बडी सास्कृतिक उपलब्धि जैन दर्शन की देन है ।

व्यावहारिक स्तर पर जैन श्रमण इस भावना को जन-जीवन मे उतारने के लिए राजसत्ता से दूर रहकर जनता को कठिन परिस्थितियो मे भी धैर्य न खोने और धर्म पर दृढ रहने की देशना स्वयं साधनापरक जीवन व्यतीत करते हुए देते रहे । उसी का परिणाम है कि इतने विजातीय एव विधर्मीय आक्रमणो के बीच भी हम भारतीयता की रक्षा कर सके ।

सस्कृति के रक्षक, आत्मोपदेष्टा इन जैन आचार्यों, सतो, श्रावको आदि की परम्परा को जानने के लिए पट्टावलियाँ महत्वपूर्ण साधन हैं । विगत कुछ वर्षों मे पट्टावली-सग्रह के ऐसे कई प्रयत्न हुए हैं पर लोका गच्छ व स्थानकवासी परम्परा पर प्रकाश डालने वाली पट्टावलियाँ यत्र-तत्र बिखरे रूप मे ही मिलती रही हैं । प्रस्तुत ग्रथ द्वारा सबधित प्रमुख पट्टावलियो को एक स्थान पर सकलित करने का प्रयत्न किया गया है ।

सकलित पट्टावलियो का प्रकाशन करते समय उनके मूल पाठ को सुरक्षित रखने की दृष्टि से कई नाम और स्थान अस्पष्ट, अशुद्ध व त्रुटिपूर्ण प्रतीत होने पर भी उसी रूप मे रखे गये हैं। परम्परागत मान्यता एव लेखन व उच्चारण भेद के कारण भी पाट-परम्परा मे प्रसगानुसार भिन्नत्व दिखायी देता है। किंवदन्तियो और मान्य विश्वासो को उसी रूप मे लिखा गया है जिस रूप मे परम्परा विशेष मे लेखन-काल मे वे माने जाते थे। किसी भी परम्परा मे विना परिवर्तन के उसके मूल रूप को प्रस्तुत करना ही हमारा लक्ष्य रहा है। अपनी ओर से कोई काट-छाट नही की गई है।

ग्र थ को अधिकाधिक उपयोगी और वोवगम्य वनाने की दृष्टि से प्रत्येक पट्टावली के पूर्व सक्षेप मे उसका सार तत्व दे दिया गया है। लोकागच्छ परम्परा की प्रतिनिधि रचना सस्कृत पट्टावली 'पट्टावली प्रवन्ध' का हिन्दी अनुवाद तथा स्थानकवासी परम्परा की प्रतिनिधि रचना पद्य पट्टावली 'विनयचन्द्रजी कृत पट्टावली' का सरलार्थ भी दिया गया है। हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत करने मे हमे प० शशिकान्त झा शास्त्री और सरलार्थ प्रस्तुत करने मे पं० मुनि श्री लक्ष्मीचन्द्रजी म० का सहयोग प्राप्त हुआ है। इन दोनो के प्रति आभार प्रकट करना हम अपना पुनीत कर्तव्य समझते हैं।

विद्वानो और शोधार्थियो की सुविधा के लिए ग्र थ के अन्त मे ८ परिशिष्ट दिये गये हैं जिनसे ग्र थ मे आये हुए विशिष्ट व्यक्ति, स्थान, गच्छ, ग्र थ आदि के सवध मे सुगमता व शीघ्रता से ज्ञातव्य प्राप्त किया जा सके। 'प्रति-परिचय' परिशिष्ट मे पट्टावलियों का वहिरग परिचय प्रस्तुत किया गया है। 'भगवान महावीर के वाद की प्रमुख घटनाएँ' परिशिष्ट से विभिन्न ऐतिहासिक मोडो को आसानी से समझा जा सकता है। अन्त मे शुद्धि-पत्र भी दे दिया गया है ताकि पाठक अशुद्धियो को सुधार कर पढें।

ग्र थ के निर्माण मे पूज्य श्री हस्तीमलजी म० सा० की मूल प्रेरणा रही है। उन्ही की गवेपक दृष्टि, सुदूरवर्ती ग्रामानुग्राम विहार-यात्रा, निरन्तर अध्ययनशीलता और अध्यवसाय का ही यह प्रतिफलन है। वडे परिश्रम से उन्होने इन पट्टावलियो का सकलन व सशोधन किया है। प्राक्कथन के रूप मे सकलित पट्टावलियो का अन्तरग-दर्शन करा कर सामान्य पाठको के लिए भी उन्होने इस ग्र थ को विशेष उपयोगी वना दिया है। श्रद्धेय श्री देवेन्द्र मुनि और प्रसिद्ध गवेषक विद्वान श्री अगरचन्द नाहटा ने ग्र थ की भूमिका लिखने के हमारे निवेदन को स्वीकार किया, एतदर्थ हम उनके आभारी हैं। प० शशिकान्त झा, श्री मोतीलाल गाधी व श्री पूनमचन्द मुणोत ने प्रूफ सशोधन, प्रतिलेखन आदि मे जो सहयोग दिया, वह उनका धर्म के प्रति सहज अनुराग है। अनुक्रमणिका तैयार करने मे श्रीमती शान्ता भानावत, एम ए के सहयोग को भी विस्मृत नहीं किया जा सकता। ग्र थ को इस रूप मे प्रकाशित करने का श्रेय

समिति के मत्री श्री सोहनमल कोठारी की निस्वार्थ सेवा-भावता, सतत जागरूकता और लगन को है। राज प्रिन्टिग वर्क्स के अधिकारी सेठ श्री द्वारकादास और प्रबन्धक श्री देवकीनदन शर्मा के विशेष रुचि लेने के कारण ही यह ग्र थ इतना शीघ्र पाठको के समक्ष आ सका।

आशा है, यह ग्र थ धर्म प्रेमियो, विद्वानो और इतिहासज्ञो के लिए समान रूप से उपयोगी सिद्ध होगा।

—डॉ० नरेन्द्र भानावत
मानद निर्देशक
आचार्य श्री विनयचन्द्र ज्ञान भडार, जयपुर

———

अनुक्रम

प्राक्कथन

इतिहास-लेखन मे अन्यान्य साधनो की तरह प्राचीन पट्टावलियो का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

श्वेताम्वर जैन मुनियो ने पट्टावली के माध्यम से इतिहास की अच्छी सामग्री प्रस्तुत की है। शिलालेख एव प्रशस्तियो से केवल इतना ही ज्ञात होता है कि किस काल मे किस मुनि ने क्या कार्य किया, अधिक हुआ तो उस समय के राज्य-शासन एव गुरु-शिष्य-परम्परा का भी परिचय मिल सकता है, किन्तु रास, गीत और पट्टावली आदि उनके स्मरणीय गुण, तप, सयम एवं प्रचार का भी ज्ञान कराते हैं। पट्टावली मे अपनी परम्परा से सम्वन्धित पट्ट-परम्परा का पूर्ण परिचय दिया जाता है। कभी किसी आचार्य के परिचय मे अतिरजना भी हो सकती है, फिर भी ऐतिहासिक दृष्टि से पट्टावली का महत्त्व कम नही है। पट्टावलियो का निर्माण किवदन्तियो और अनुश्रुतियो से ही नही किया गया है, इनके निर्माण मे तत्कालीन रास, गीत, सज्झाय और प्रशस्तियो का भी उपयोग होता है। फिर भी श्रुति-परम्परा के भेद से कुछ नाम एव घटना-चक्र मे भिन्नता होना सहज है।

पट्टावलियो को हम मुख्य रूप से दो भागो मे वांट सकते हैं। प्रथम शास्त्रीय पट्टावली और दूसरी विशिष्ट पट्टावली। पहली सुधर्मा स्वामी से लेकर देवर्धिगणी तक, जो प्राय समान ही है। कल्प सूत्र एव नन्दी सूत्र की पट्टावली मुख्यत शास्त्रीय कही जाती है। गच्छ-भेद के पश्चादवर्ती विविध पट्टावलिया विशिष्ट पट्टावली के नाम से कही जा सकती है, जिनमे अपनी अलग विशेपता होती है।

पट्टावली के द्वारा ही आचार्य-परम्परा का क्रमबद्ध पूर्ण इतिहास प्राप्त हो सकता है, जो इतिहास-लेखन मे अत्यावश्यक है। हमारी दृष्टि से इतना विस्तृत परिचय देने वाला कोई दूसरा सावन नही हो सकता। श्वेताम्वर परम्परा मे जो विभिन्न गच्छो की पट्ट-परम्परा उपलव्ध होती है, उसका श्रेय इन पट्टावलियो को ही है।

श्वेताम्वरो की तरह दिगम्वर मुनियो की व्यवस्थित परम्परा उपलव्ध नहीं

होती। शोलापुर से "भट्टारक सम्प्रदाय" पुस्तक प्रकाशित हुई है, पर उसमे मुनियो की परम्परा प्राप्त नही होती। काष्ठा संघ, मूलसघ, माथुर सघ और गोप्य सघ की परम्परा मे कितने गण, शाखा और आचार्य हुए, इसका प्रामाणिक परिचय प्रस्तुत करना दुष्कर है।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय की ओर से पट्टावली के दो-तीन सकलन प्रकाशित हुए हैं, पर उनमे लोकागच्छ और स्थानकवासी परम्परा की पट्टावलियों का व्यवस्थित सकलन नही हो पाया, अत उनको मूलरूप मे जनता के सामने प्रस्तुत करना आवश्यक था। स्थानकवासी समाज की ओर से इस तरह का यह पहला ही प्रयास है। लोकागच्छ और स्थानकवासी सम्प्रदाय की सभी पट्टावलियो का सग्रह न करके हमने उनकी मुख्य-मुख्य शाखाओ को ही प्रमुख स्थान दिया है। जैसे विजयगच्छ, सागरगच्छ आदि शाखाओ का तपागच्छ मे समावेश हो जाता है। चौरासी गच्छ मे जैसे खरतर, तपा, आचलिया, पूनमिया, ओकेश और पायचन्द गच्छ प्रमुख हैं, वैसे ही लोकागच्छ मे गुजराती लोका, नागोरी लोका, उतराध लोका ये प्रमुख है और स्थानकवासी परम्परा की जीवराजजी, लवजी, धर्मसिहजी, धर्मदासजी, हरजी, और पजाब एव मारवाड–भूधरजी की शाखा मे अन्य पट्टावलियो का भी समावेश हो जाता है। उनमे आगे की नामावलि को छोड शेष वर्णन एकसा है।

प्रस्तुत संग्रह लोकागच्छ और स्थानकवासी परम्परा की अमुद्रित पट्टावलियो का सकलन है। इनमे उपयुक्त पट्टावलियो को ही स्थान दिया गया है, फिर भी कुछ सामग्री इसमे नही दे सके, पाठको ने चाहा तो अगले भाग मे अवशिष्ट सामग्री प्रस्तुत की जा सकेगी।

पट्टावलियों का अन्तरंग दर्शन

लोकागच्छ परम्परा :

लोकाशाह द्वारा जिनमार्ग के शुद्ध आचार को समझ कर जिन्होंने सयम ग्रहण किया, उन भाणजी, नूनजी आदि सयमियो के समुदाय को लोकागच्छ कहा जाता है। लोका गच्छ मे मुख्य रूप से २ भेद हैं, गुजराती और नागौरी लोका। सात पाट के बाद रूपा ऋषि के विशिष्ट त्याग, तप के प्रभाव से लोका गच्छीय साधुओ का दूसरा नाम गुजराती लोका पडा।

गुजराती लोका गच्छ मे पूज्य जीवराजजी के पश्चात दो पक्ष हो गये, मोटी पक्ष और नानी पक्ष। मोटी पक्ष की गादी बडोदा मे और नानी पक्ष की बालापुर मे कायम हुई। इनके अतिरिक्त उत्तराध लोका जो लाहोरी लोका गच्छ के नाम से कहे

जाते हैं। इन तीनो की पट्टावलिया मूल गुजराती लोका की परम्परा से मिलती हुई हैं। पर नागोरी लोका गच्छ जो स० १५८० के समय हीरागर और ऋषि रूपचन्दजी से प्रकट हुआ, उसका सवन्ध गुजराती लोका की पट्टावली से नही मिलता। यहा पर मुख्य रूप से नागोरी लोका और गुजराती लोका के मोटी पक्ष और नानी पक्ष की पट्टावलिया प्रस्तुत की गई हैं। अन्य भी गद्य एव पद्य मे लोकागच्छ की पट्टावलिया प्राप्त होती हैं, पर उनका समावेश इनमे हो जाता है। सकलित ७ पट्टावलियो का अन्तरग दर्शन इस प्रकार है.—

(१) पहली पट्टावली 'पट्टावली प्रवध' मे ऋषि रघुनाथ ने नागोरी लोका गच्छ की उत्पत्ति से १९ वी सदी तक का सक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत किया है। रचनाकाल के ९ वर्ष वाद ही मुनि सतोषचन्द्र ने इसकी प्रतिलिपि तैयार की। भाषा अधिकाश शुद्ध एवं सरल है। पट्टावलीकार ने २७ वे पट्टधर देवर्धिगणी तक का परिचय देकर २८ वे चन्द्रसूरि, २९ वें विद्याधर शाखा के परम निर्ग्रन्थ समतभद्र सूरि और ३० वें धर्मघोष सूरि माने हैं। धर्मघोष सूरि ने धारा नगरी मे पवारवशीय महाराज जगदेव और सूरदेव को प्रतिवोध देकर जैन बनाया। अत इनसे धर्मघोष गच्छ प्रगट हुआ। धर्मघोष सूरि के वाद ३१ वें जयदेव सूरि, ३२ वें श्री विक्रम सूरि, आदि अनेक आचार्य हुए। सवत ११२३ मे ३८ वें परमानन्द सूरि हुए। इनके समय स० ११३२ मे सूरवश की पारिवारिक स्थिति क्षीण हो चुकी थी। गुरु ने उनको नागौर जाकर वसने की सलाह दी और कहा कि नागौर मे तुम्हारा वडा भाग्योदय होगा। गुरु के वचन से सूरवशीय वामदेव ने स० १२१० की साल नागौर मे आकर वास किया। वहा उनकी वडी वृद्धि हुई। स० १२२१ के वर्ष सघपति सतीदास के यहां ससाणी कुल देवी का जन्म हुआ और सं० १२२९ मे वह मोरखाणा नाम के गाव मे अतंधान हो गई। स० ११३७ मे सूरवशीय मोल्हा को स्वप्न मे दर्शन देकर देवी पुतली रूप से प्रकट हुई। मोला ने कुल देवी का देवालय वना दिया। यही सुराणा की कुलमाता मानी जाती है।

४०वें पट्टधर उचितवाल सूरि से स० ११७१ मे धर्मघोष उचितवाल गच्छ हुआ। इनके प्रतिवोध पाये हुए आज ओस्तवाल कहे जाते हैं। ४१ वें प्रौढ सूरि से स० १२३५ मे धर्मघोष पूढवाल शाखा हुई जो अभी पोरवाड नाम से कही जाती है। ४३ वें नागदत्त सूरि से धर्मघोष नागौरी गच्छ प्रगट हुआ। स० १२७८ मे विमल चन्द्र सूरि से दीक्षा लेकर इन्होने क्रिया उद्धार किया, शिथिलाचार का निवारण किया। स० १२८५ के वैशाख शुद ३ को इन्होंने आचार्य पद प्राप्त किया। इन्ही से नागौरी गच्छ की स्थापना होती है। ५६ वें पट्ट पर शिवचद्र सूरि हुए। स० १५२९

मे ये नियतवासी और शिथिलाचारी हो गये। इनके देवचद और माणकचद दो शिष्य थे। ५९ वें पट्ट पर नागौरी लोका गच्छ की नीव डालने वाले हीरागरजी और रूपचदजी हुए, जिनका सक्षिप्त परिचय इस प्रकार दिया है :—

पिरोज खा के राज्य काल मे नागौर वडी समृद्ध स्थिति मे था। गावी सरदारगजी और सींचोजी वहाँ के वडे सिद्धान्त प्रेमी माने जाते थे। रूप चद जी सदा उनके पास बैठते और धर्म-गोष्ठी किया करते।

लेखक के अनुसार लोका का शास्त्र-लेखन के लिए नागौर आना और रूप चद के साथ साक्षात्कार का उल्लेख मिलता है। लोकाशाह से प्राप्त सिद्धान्त ग्रन्थो को पढकर और सीचाजी के साथ मनन कर रूपचदजी विरक्त हो गये। उनके मन मे धर्म दीपाने की भावना जगी।

स० १५८० मे जब वे दीक्षा को निकले तो हीरागरजी और पचायणजी भी तैयार हो, चले आये। वडे ठाट वाट से तीनो ने स० १५८० के ज्येष्ठ शु० १ को दीक्षा ग्रहण की। वादशाह पिरोजखा ने भी अपने मत्री किशन को समारोह मे भेजा। परस्पर के वचन और उपकार की स्मृति हेतु ये नागौरी लूका कहलाये।

इनके उपदेश से हजारो लोगो ने व्रत-नियम ग्रहण किये। साथ ही रूप चंद जी की पत्नी ने भी १२ व्रत ग्रहण किये। इन्होने धर्म के नाम पर होने वाले आरम्भ-समारभ का निषेध किया। इनके वनवास और कठोर साधना बल से लोका गच्छ की अल्प समय मे ही ख्याति फैल गयी।

स० १५८५ मे पचायणजी ने दीक्षा ग्रहण की और ५० दिन का संथारा ग्रहण कर नागौर मे ही स्वर्गवासी हुए। कहा जाता है कि श्री रूपचद जी के तप. प्रभाव से पूर्णभद्र देव उनकी सेवा किया करता था। उदाहरण स्वरूप एक घटना प्रस्तुत की गई है। मालव देश के महिमपुर मे चातुर्मास करने को जब इन्होने स्थानीय सेठ गोवर्धन से उपाश्रय की याचना की तो उन्होने रथके चक्र पर बैठने को कहा, उस समय अन्य साधुओ को स्थानान्तरित करके उन्होने देवागरजी के साथ रथ के चक्को पर ही मासखमण पचख के रहना स्वीकार कर लिया। सेठ ने गुप्तचरो के माध्यम से इनके कठोर तप का हाल सुना तो वडा प्रभावित हुआ। दूसरे दिन क्षमायाचना करते हुए कोठी मे विराजने की प्रार्थना की, परन्तु श्री रूपचन्दजी ने कहा—मास-खमण की तपस्या तो यहीं पूर्ण करेंगे। इस प्रकार इनके त्याग-तप के प्रभाव से ९ लाख ८० हजार घर नागौरी लोका गच्छ की परपरा मे हो गये। मेवाड-भूषण भामाशाह और ताराचद कावड़िया लोकामत के ही उपासक वताये गये हैं।

बादशाह आलमगीर के समय आचार्य सदारगजी हुए, जिनको बीकानेर नरेश अनोपसिह और सुजानसिह जी गुरुभाव से मानते थे। शनै. २ लोकागच्छ मे भी नगर-प्रवेश और पगमडे आदि आडम्बरो का प्रवेश हो गया। ऋषि रघुनाथ ने पूज्य लक्ष्मीचद्र जी के शासन-काल तक का इतिहास प्रस्तुत किया है। आगे २० वी सदी का इतिहास अनुपलब्ध है।

(२) दूसरी गणी तेजसिह कृत हिन्दी पद्य पट्टावली है। इसमे पूज्य केशवजी तक ६ पट्टधरो का वर्णन है। (३) तीसरी 'सक्षिप्त पट्टावली' मे ऋषि भाण से पूज्य भागचद जी तक केशव जी पक्ष के १६ पट्टधरो का परिचय, जन्म-दीक्षा-आचार्यपद और स्वर्गवास काल के साथ दिया गया है। (४) चौथी पट्टावली मे भगवान् महावीर से लेकर ३५ पाट तक का उल्लेख कर लूकागच्छ की उत्पत्ति बतलाई गई है। पूज्य भागचदजी द्वारा बालाचद जी के आचार्य पद प्रदान से पट्टावली को पूर्ण किया है। (५-६) पाचवी और छट्ठी-गुजराती लोका मोटा पक्ष की पट्टावलिया हैं। भगवान् महावीर से २७ पाट का उल्लेख कर विविध गच्छो की उत्पत्ति का काल लिखा है। नागौरी लूका की उत्पत्ति स० १६८१ मे लिखी है जो संस्कृत पट्टावली से बाधित है। वहा स० १५८० मे नागौरी लूका की उत्पत्ति लिखी है। साधारण अतर को छोड शेष मे दोनो पट्टावलिया समान हैं। (७) सातवी पट्टावली मे देवार्धि को २६ वें पट्टधर माना है। नामोल्लेखन भी अस्त-व्यस्त है। तीसवें विबुधसूरि हुए।[1]

पट्टावली के अनुसार स० १४२८ मे १५२ संघ यात्रा को जाते हुए पाटण आये। उस समय वर्षा ऋतु से नीलण-फूलण हो गई, अत देरासर की सहुलियत देखकर सब वहीं रुक गये। खाली दिन कैसे बिताये जाय तो मालूम हुआ कि लोकाशाह नये मत का प्रचार कर रहे हैं। सघवी भी सुनने को आने लगे, सिद्धान्त सुन कर बोले कि महाराज! भगवान् महावीर के १ लाख ५६ हजार श्रावको मे आनन्द जैसे एक भव करके मोक्ष जाने वाले भी हैं, परन्तु शास्त्र मे कही भी उनके द्वारा सघ निकालने, देवल बनाने और प्रतिमा-पूजन का उल्लेख नही है। प्रतिबोध पाकर सब १५२ सघवियो ने विशाल सपदा का परित्याग किया और दीक्षित हो गये। फिर १५३ ठाणा से विहार कर वे वन मे तपस्या करने लगे। महापन्नवणा के अनुसार भस्मग्रह उतरने पर जीवा और रूपा नाम के दो जीव होंगे, उनसे जिन धर्म की फिर उदय-उदय पूजा होगी, ऐसा लिखा है।

लूका ने ३ दिन के अनशन की आराधना कर स्वर्गगति प्राप्त की और मध्य रात्रि मे आकर १५२ साधुओ को सूरि मत्र दिया तथा लोका मत को

---

1. यहा से कुछ नामो की पायचन्द गच्छीय पट्टावली से तुलना कीजिये।

सत्य मानने की सलाह दी । पट्टावली मे लोकाशाह को ओसवाल वशीय लूकड लिखा है । उनकी ५७ वर्ष की आयु और ३ मास की दीक्षा बताई गई है ।

आनन्द-विमलसूरि का ईडर की गुफा मे स० १५८२ के वर्ष मासखमरण करना लिखा है । इसलिये १४२८ का लेख भ्रान्त प्रतीत होता है ।

शेष वर्णन छट्टी पट्टावली के समान है । केवल पू० कल्याणचद्रजी के पश्चात् पूज्य खूबचदजी का स्वर्गवास स० १६८२ तक का वर्णन विशेष है ।

स्थानकवासी परम्परा :

प्रस्तुत सग्रह मे स्थानकवासी परम्परा से सम्बन्वित दस पट्टावलियाँ हैं जिनसे मुख्य रूप से पूज्य जीवराजजी पूज्य धर्मसिहजी, पूज्य लवजी, पूज्य धर्मदासजी और पूज्य हरजी की मूल परम्परा का पता चलता है । विभिन्न गच्छो की पट्टावलिया न्यूनाधिक अन्तर से प्राप्त होती हैं परन्तु उनमे कोई खास भेद नही मिलता, अत संग्रह मे प्रस्तुत १० पट्टावलिया इन मूल परम्पराओ से सम्बन्वित ही ली गई हैं । पूज्य धर्मदासजी की ,पूज्य मनोहरदासजी की, पजाव की, गोडल सम्प्रदाय की तथा अन्य पट्टावलिया जो तत्सम या कुछ विशेपता वाली हैं, आवश्यक समझा गया तो उनको अगले भाग मे दे सकेंगे । सगृहीत पट्टावलियो का अन्तरग दर्शन इस प्रकार है —

(१) पहली पद्य पट्टावली मे कवि विनयचन्द्रजी ने भगवान महावीर से देवर्धि गणी तक २७ पाट और ७ निह्नवो का परिचय देकर दुर्भिक्ष का चित्र खीचते हुए वताया है कि उस समय श्रमणवर्ग की क्या स्थिति रही, सयम-पालन की कठिनाई से शिथिलाचार का कैसे प्रवेश हुआ ? तत्पश्चात् विविध गच्छो की उत्पत्ति, लोकाशाह के सिद्धान्त-लेखन, लोकाशाह का धर्म प्रचार, सघवी-प्रतिवोध, ४५ जन के साथ भाणजी, नूनजी, सरवाजी आदि की दीक्षा का वर्णन है । पट्टावली के अनुसार ऋषि भाणजी से ऋषि जीवाजी तक ८ पाट मर्यादा मे रहे और फिर शिथिलता का प्रवेश हो गया । भिक्षावृत्ति को छोड कर मुनि निमन्त्रित भोजन को जाने लगे । आधाकर्मी खाने लगे । स० १७०९ मे लवजी ऋषि ने दीक्षा ली, स० १७१४ की साल क्रिया उद्धार किया, ढूँढे मे ठहरने से लोग उन्हे ढूढिया कहने लगे, महापुरुष गाली को भी वरमाला समझ धारण करते हैं, ये भी वसे शात रहे । इनके प्रमुख शिष्य सोमजी हुए । वरजगजी के गच्छ से निकल कर

हरिदासजी, प्रेमजी, कानजी व गिरधरजी ने सोमजी को गुरु स्वीकार किया। फिर अमीपाल, श्रीपाल, धर्मसिंह, हरिदास, जीवो, शकरजी, केशुजी, लघु हरिदासजी, समर्थजी, सोहनजी. तोडोजी, गोधाजी, सदानन्दजी आदि भी सोमजी के शिष्य कहे गये हैं।

धर्मदास जी ने पोतियावध की श्रद्धा छोड कर कानजी म० के प्रतिवोध से मुनि दीक्षा ग्रहण की। इनके त्याग पूर्ण उपदेश के प्रभाव से ९९ शिष्य हुए, जिनमे साचोर के धन्नाजी म० मुख्य थे। धन्नाजी के शिष्य सोजत के—मुणोत गोत्री भूधर जी हुए। ये वडे त्यागी, वैरागी, उग्र तपस्वी और क्षमाशील थे। इन्होने सोट मारने वाले अपकारी पर भी उपकार किया। भूधरजी म० के अनेक शिष्य हुए जिनमे श्री नारायणजी, रघुनाथजी, जयमल्लजी और कुशलाजी मुख्य थे। मेडता के अन्तिम चातुर्मास मे पाँच की तपस्या के पारणे इनका स्वर्गवास हुआ।

मेडता चातुर्मास को पधारते समय इनके प्रिय शिष्य नारायणजी ने पानी के परिषह से मार्ग मे ही शरीर छोड दिया। पानी के लिये गाँव मे गये हुए सन्त जव पीछे लौटे तव तक तो इन्होंने स्वर्ग की ओर प्रयाण कर दिया था। धन्य है इनकी सहिष्णुता को।

कुशलाजी म० सेठो की रीया के चगेरिया गोत्री थे। माता, पुत्र और हजारो की सम्पदा छोड इन्होने दीक्षा ली और पूज्य जयमल्लजी म० के साथ वडे प्रेम से अप्रमाद-भाव पूर्वक सयम की साधना की। पूज्य कुशलाजी म० के प्रशिष्य श्री रतनचन्दजी म० के क्रिया उद्धार और शिष्य-परिवार का सक्षिप्त परिचय देते हुए पट्टावली पूर्ण की है।

(२) दूसरी प्राचीन पट्टावली में भगवान महावीर से देवर्धिगणी तक २७ पट्टधर आचार्य और सिद्धान्त-लेखन का परिचय देते हुए निह्नवोत्पत्ति एव दुष्काल की परिस्थिति का वर्णन किया है।

लोकाशाह द्वारा सिद्धान्त-लेखन, सघवी आदि का प्रतिवोध और भाणजी आदि ४५ के दीक्षा ग्रहण के पश्चात् लहुजी उपनाम लवजी के क्रिया उद्धार का विस्तृत वर्णन किया गया है। सूरत के वीरजी वोहरा के विचारानुसार लोकागच्छीय वजरगजी के पास दीक्षित होकर लवजी ने कुछ समय वाद वजरगजी से साधु आचार के वावत विचार करते हुए निवेदन किया कि भगवन् गच्छ का मोह छोड कर क्रिया-उद्धार करो तो मैं आपका शिष्य और आप मेरे गुरु हैं।

वरजगजी द्वारा स्वीकृत नहीं करने पर ऋषि थोभणजी और सखियाजी के

साथ ये गच्छ त्याग कर अलग हो गये और विहार कर सूरत से खम्भात पहुँचे । सूरत मे कपासी सेठ का सहयोग पाकर इन्होंने अरिहन्त-सिद्ध की साक्षी से पच महाव्रत धारण कर, शुद्ध सयम स्वीकार किया ।

वीरजी ने इनकी महिमा सुनकर सूरत के नवाव को पत्र दिया कि लवजी सेवडे को खम्भात से निकाल दो । नवाव ने लवजी को वुलाकर अपने यहा विठा लिया । लवली ने भी शान्त भाव से उपवास कर, भजन-स्मरण मे ध्यान जमा लिया । जव वेगम की दासी ने इनको २-३ दिन विना खाये-पीये भजन करते देखा तव वेगम से जाकर अर्ज की । वेगम ने नवाव को कहा कि फकीर को क्यो रोक रखा है ? इनकी वद्दुआ से तुम्हारा राज्य विगड जायगा । इस पर नवाव ने लवजी ऋषि को छोड दिया । ये वहा से कालोदरा गाव पधारे, लोगो को उपदेश दिया और विहार करते हुए अहमदावाद चले आये । इतने समय की साधना से लोगो मे इनके त्याग, तप का प्रभाव वढ चुका था । इसलिए वीरजी वोहरा के विरोध का किसी पर असर नही हो सका ।

अहमदावाद मे धर्मसी ऋषि भी प्रचार कर रहे थे । अतः दोनो के अलग-अलग प्रचार मे लोगो मे समझ भेद न हो इसलिये लवजी ऋषि ने धर्मसी मुनि के यहाँ पधार कर एक होने की विचारणा की । मुनि अमीपाल जी आदि की इच्छा होते हुए भी उसमे सफलता नही मिली । दोनो ओर लोग आते-जाते और पूछते, आप दोनो मे क्या फर्क है ? धर्मसी ऋषि भी उत्तर मे फरमाते कि हम एक हैं, फिर भी दोनो का प्रचार अलग-अलग होता रहा । पट्टावलीकार के लेखन से प्रतीत होता है कि लवजी ऋषि धर्मसी से दीक्षा मे वड़े थे, फिर भी लवजी ऋषि का मन जिन मार्ग के हित की दृष्टि से धर्मसी जी के प्रति विनय भाव का ही रहा ।

मुनि धर्मसी शास्त्र के पन्नो को भी परिग्रह समझकर साधुओ के लिये उनके रखने और शास्त्र लिखने का निषेध करते रहे पर कुछ समय वाद उनकी मौजूदगी मे हो यह विचार वदल देना पडा ।

फिर वुरहानपुर मे किसी रगारिन के यहाँ विप-मिश्रित भोजन करने से लवजी ऋषि को वेदना हुई । उन्होने सागारी संथारा कर समाधि मरण प्राप्त किया ।

पीछे सोमजी आदि मुनि ने रंगारिन के प्रति वढती हुई प्रतिक्रिया की भावना को शान्तभाव से सहन किया । लवजी ऋषि के वाद श्री सोमजी अणगार ने भी मुनि धर्मसिह जी के साथ वात्सल्य व्यवहार चालू रखा ।

कहा जाता है धर्मसिह जी के कई मुनि अमीपालजी, श्रीपाल जी आदि सोम-जी ऋषि के पास चले आये ।

कोटा सम्प्रदाय के परसरामजी आदि का भी सोमजी अरणगार की सेवा मे आना माना है।

लवजी ऋषि का विस्तृत परिचय होने से इसे लवजी की पट्टावली भी कह सकते हैं।

(३) तीसरी पूज्य जीवराज जी म० की पट्टावली मे भगवान महावीर से नाथूराम जी तक ७० पट्टधरो के नाम और स० १५६६ मे पीपाड नगर मे क्रिया उद्धार के लिए निकलने का उल्लेख है।

(४) चौथी खभात पट्टावली मे भगवान महावीर के बाद २७ पाट के नाम, सूत्र-लेखन और दुर्भिक्ष की स्थिति का सक्षिप्त वर्णन है। तत्पश्चात् लोकाशाह के शास्त्र-लेखन एव १५३१ मे क्रिया उद्धार, पूज्य जीव ऋषि के बाद आई हुई शिथिलता से लवजी का क्रिया उद्धार, सोमजी, कानजी, रणछोडजी और सोमजी के परिवार मे ऋषि हरिदासजी, ऋषि प्रेमजी का उल्लेख है। केशवजी और कु वरजी के गच्छ से निकले हुए साधुओ के नामो मे लहुजी के ८ नाम दिये है। ॐ से फिर दूसरा भाग चालू होता है। प्रभु महावीर के बाद स्थूल भद्र तक ७ नाम और निह्नवो की घटना, चार शाखा एव शास्त्र-लेखन काल बताया है। तीसरे भाग मे इन्द्र की भस्मग्रह बावत पृच्छा, जम्बू के मोक्ष गमनान्तर १० बोल का विच्छेद लिख कर फिर २७ पाट का परिचय दिया है। विशेष घटनाओं का उल्लेख कर कडवामत की स्थापना, और माननीय साधुओ मे १३ नाम लिखे गये हैं। इनको वदना करना, आहारादि देना प्रमाण माना है।

(५) ५ वी गुजरात पट्टावली मे पूज्य धर्मदासजी महाराज के शिष्य मूलचन्दजी महाराज की पट्ट-परम्परा मे पूज्य धर्मदासजी से पूज्य हीरोजी तक ४२ आचार्यों का परिचय दिया गया है। इसमे पूर्व पीठिका नही है। केवल पूज्य धर्मदासजी महाराज के सौराष्ट्र वश का एक परिचय है।

(६) छट्ठी भूधरजी की पट्टावली मे पूज्य भूधरजी महाराज का ऐतिहासिक परिचय और पूज्य रघुनाथजी के सयम-ग्रहण तक का उल्लेख है। पीठिका मे २७ पाट और क्रिया उद्धार आदि की घटनाओ का वर्णन है। पूज्य धर्मदासजी से पू० भूधरजी तक का परिचय विशेष है। धन्नाजी मालवाडा साचोर के कामदार बाघा के पुत्र थे। सगाई और सम्पदा छोड कर इन्होने दीक्षा ली। घृत पुडी के सिवाय इन्होने सब विगय का त्याग किया। ये बडे तपस्वी थे। उनके पट्टधर पूज्य भूधरजी हुए। स० १७१७ मे दीक्षा, (विचारणीय है) ली और सं० १८०४ मे सथारा किया। इनके पाट पर पूज्य रघुनाथजी महाराज बैठे, जिन्होने स० १७८७ मे अपनी माता के साथ दीक्षा ली।

(७) सातवीं मरवर पट्टावली मे भगवान महावीर के जन्म, दीक्षा, केवल ज्ञान, इन्द्रभूति का प्रवोध और सुधर्मा से २७ पाट का सक्षिप्त इतिहास है। निन्हवो की उत्पत्ति के प्रसग से स० ६०९ मे दिगम्बर मत का उद्भव वताया गया है कल्पस्थिति और दिगम्बर परम्परा के कुछ आचार्य, चार सघ-काष्ठा सघ, मूलसघ, माथुरसघ, गोप्यसघ, २० पथी, १३ पथी एव गुमान पथी का उल्लेख है।

इस पट्टावली मे वतलाया है कि वज्रसेन आचार्य के समय चन्द्र, नागेन्द्र आदि ४ शाखाएँ निकली। उनमे से २ शाखाएं दिगवर सम्प्रदाय मे मिली और दो श्वेताम्बर सम्प्रदाय मे रही। शाखाओ से पहले दो वार दुष्काल पडे। एक १२ वर्ष का और दूसरा ७ वर्ष का। दुष्काल मे भिक्षा की दुर्लभता मे वहुत से साधु आचार मे ढीले पड गये। शुद्ध आचार मार्ग पर चलने मे जो असमर्थ थे उन्होंने नया मत चलाया। वे श्रावक जनो को कहने लगे कि भगवान् मोक्ष पधारे हैं, इसलिए भगवान् की प्रतिमा स्थापना करो तो भगवान याद आयेंगे। लोगो के मन मे यह कल्पना जँचाई गई। तत्सवधी कई लाभ वताये और विविध महिमा दर्शक ग्रन्थ भी वनाये।

वीर निर्वाण ६२८ (८८२) मे और विक्रम सवत् ४१२ के वैशाख शुक्ल ३ के दिन प्रतिमा की स्थापना हुई। ३६ वर्ष तक अर्थात् ४४८ की साल तक कागज पर भगवान् की तस्वीर वनाकर पूजन करते और उस पर केशर के छींटे डालते। इससे तसवीर का आकार छिपने लगा। तव लिंगधारी रतन गुरु ने विचार कर काष्ठ की प्रतिमा कराई। सवत् ४४८ के माघ शुक्ल ७ से काष्ठ की प्रतिमा पूजी जाने लगी। ४९ वर्ष तक यह प्रथा चलती रही। फिर गुरुओ ने विचार किया कि काष्ठ की प्रतिमा नित्य प्रक्षाल करने से गीली रहती है, उसमे फूलण आजाती है, इसलिए यह ठीक नही है।

तव स० ४९७ चार सौ सताणवे की साल चैत्र शुक्ल १० को मंदिर मे पाषाण की प्रतिमा स्थापन की। धातु की मूर्तिया वनने लगीं। लोगो के लिए आकर्षण वढाने को प्रभावना, नाटक, और स्वामी वात्सल्य आदि चालू किये। इस प्रकार स० ८८२ मे हिंसाधर्म प्रकट हुआ, उसका जोर वढा।[1]

वीर निर्वाण २२८५ वर्ष के वाद स० १८१५ की साल भीषन नाम का निन्हव हुआ। पू० श्री रुगनाथजी म० सा० के २३ शिष्य हुए, उनमे ७ वें शिष्य भीषण हुए। जिस समय वे पू० महाराज के पास दीक्षा लेने आये तो अपलक्षण देख कर पू० महाराज ने स्वीकार नहीं किया। पू० महाहाज के दूसरे शिष्य नगजी स्वामी थे। भीषन ने उनके पास स० १८०७ की साल कालू मे दीक्षा गहण की। जव पू०

१—पट्टावली प्रवन्ध सग्रह, पृ० २३१-२३२

रुगनाथ जी म० ने यह खबर सुनी तो विचार किया कि पचम काल मे भीषन ऐसे प्राणी से जिन धर्म को हानि होती दिखती है, परन्तु भावी-भाव टाला नही जाता, यह समझ कर सतोष किया। स० १८१३ की साल मे भीषनजी ने 'जिनरख जिन पाल' का चौढालिया वताया। उसमे दग्धाक्षर देख कर पू० महाराज ने फरमाया कि यह अक्षर निकाल दो। पर भीषणजी ने अहकार वश यह स्वीकार नही किया। स० १८१३ की साल मे पू० महाराज की इच्छा नही होते हुए भी मेवाड राजनगर मे उन्होने चातुर्मास किया। चातुर्मास मे एक दिन गर्म पानी लाए। उसमे अचानक विच्छून्दरी गिर पडी। तव नगराज जी स्वामी ने कहा—इसे जतना से निकाल दो परन्तु पानी अधिक गर्म होने से विछून्दरी मर गई। नगजी स्वामी ने कहा—पचेन्द्रिय की घात हुई है, इसका प्रायश्चित लो। उस पर भीषणजी बोले—मैंने उसे मारा नही है, उसकी आयु पूरी होने से मर गई है। ऐसे विकल जाति जीव जो १८ पाप सेवन करने वाले हैं, उन्हे वचाने मे क्या लाभ है, इस प्रकार खोटी परूपणा की। चौमासा उतरने पर जव पू० महाराज के पास आए तव पू० महाराज ने दो वार प्रायश्चित दिया पर उनके मन के भाव नही वदले। इससे पू० रुगनाथजी महाराज ने स० १८१५ चैत्र सुद ६ शुक्रवार को १३ साधुओ से भीषन जी को वगडी मे अलग कर दिया। उनमे से दस साधु भीषनजी को छोडकर पीछे चले आये। छः तो पूज्य महाराज के पास प्रायश्चित लेकर सम्मिलित हो गये और चार श्री रूपचन्द जी स्वामी, श्री जेठमल जी स्वामी आदि ने गुजरात मे विहार किया और जूने भण्डारो को देखकर एव शास्त्र-पढकर वस्तु तत्त्व का निर्णय किया, और स०१८३६ की साल मे भीषन जी की श्रद्धा छोड कर पू० रुघनाथ जो म० की श्रद्धा कायम की। भीषन जो के पास तीन ही साधु रहे थे। वही से तेरह पथ सप्रदाय निकली।[1]

द्वितीय कालकाचार्य द्वारा पचमी से चौथ की सवत्सरी और राजा विक्रम द्वारा वर्णा-वर्णी कैसे हुई इसका ऐतिहासिक परिचय दिया है। फिर वीर भद्र से लेकर आचार्य रूपचन्द्र जी और ७३ वें पट्टधर खेमकरणजी तक का इतिहास प्रस्तुत करते हुए मध्य-वर्ती घटनाओ का उल्लेख किया है। लोकाशाह के क्रियाउद्धार का परिचय देते लिखा है—लूका अहमदावाद के दफ्तरी थे। सरकारी काम से मन हट जाने से नाणावटी का काम करने लगे। एक दिन किसी मुसलमान ने मुहम्मदी के पैसे वटाये और उन पैसो से चिडी मारने को ली। इससे शाह को नाणावटी के धन्धे से भी विरक्ति हो गई।

एकदा रत्नसूरि घूमते हुए अहमदावाद आये तथा किसी वडे उपाश्रय मे पुराने शास्त्र भण्डार को देखा और श्रावको को बुलाकर भडार खुलवाया तो मालूम हुआ कि उदई ने पन्ने खा रखे हैं। उस समय शाह लखमसिह आदि सेठियो ने भडार

१—पट्टावली प्रवन्ध सग्रह, पृ० २३८-२३९

को खराव होते देख दिलगिरी से कहा—शास्त्रो का उद्धार होना चाहिये। पुराने पन्नो को नये रूप से लिखाकर सुरक्षित किये जाय, इसमे जैन धर्म कायम रहेगा। उस समय अहमदावाद मे सेठिया रतनचन्द भाई थे। उन्होने कहा कि लूकाशाह जैन धर्म के जानकार हैं तो उनके पास सूत्र लिखाए जाय। तव दूसरे लोगो ने कहा कि लूका सेठ वडा धन वाला है, वे पुस्तक नही लिखेंगे।

इस पर सेठ अमीपाल, लखमसी भाई तथा रतन भाई आदि समस्त श्रावको ने विचार कर लूकाशाह को बुलाया और शास्त्र लिखने के लिये आग्रह पूर्वक निवेदन किया। लोकाशाह ने भी सघ का आग्रह और धर्म का काम समझकर लिखना स्वीकार किया। जव सव शास्त्रो का लिखना पूर्ण हो गया, तव लोकाशाह अपने घर पर सूत्र सिद्धान्त का वाचन करने लगे। सेठ लिखमसी और रतनसिंहजी आदि अनेक भव्य जीव सुनने को आते। आगे जाकर सिरोही के सेठ श्री नागजी, मोती चन्द जी आदि एवं अरठवाडा के सघ जो यात्रा के लिये जा रहे थे, उनके आने और सिद्धान्त-श्रवण का भी उल्लेख है। स १५३१ मे सेठ सरवाजी, दयालजी, भाणजी, नून जी, जगमालजी आदि ४५ को वैराग्य उत्पन्न हुआ और दीक्षा लेने की भावना प्रगट की। उस समय लोकाशाह गृहस्थ थे। उन्होंने कहा—दीक्षा तो मुनि देते हैं। फिर पचम काल के अन्त समय तक शासन चलने का विचार कर लोका शाह ने लखम सी आदि धर्म प्रेमी सेठो को बुलाया और कहा कि भरत क्षेत्र मे कही भी सिद्धान्त के अनुसार शुद्ध सयमी मुनिराज होने चाहिये। उनको किसी तरह बुलाया जाय तो वडा उपकार का कारण है। श्रावको ने भी देश-देशान्तर मे पता चलाया तो मालूम हुआ कि हैदरावाद जिले मे ज्ञानऋषिजी २१ ठाणो से विराजमान हैं। उनकी सेवा मे प्रार्थना की गई और मुनिराज भी परीषहो को सहते हुए अहमदावाद पधारे।

सरवाजी, दयालजी, भाणजी, नूनजी आदि ४५ भव्य जीवो ने उनकी सेवा मे स० १५३१ वैसाख शुक्ला १३ को मुनि-धर्म ग्रहण किया। ज्ञान ऋषि ६१ वें पट्टधर कहे गये। १५३२ की साल मे नानजी और जगमाल जी ने भी उनकी सेवा मे दीक्षा ग्रहण की। स० १५३८ के वर्ष मीगसर सुद ५ को लूका जी ने दीक्षा लेकर ज्ञान ऋषिजी का शिष्यपन स्वीकार किया। उनको सुमतिसेन के शिष्य के रूप मे घोषित किया।

लोकाशाह की दीक्षा के लिए सूरत के कल्याणजी भसाली के भन्डार मे सस्कृत-पट्टावली वताई जाती है। फिर यति ज्ञानसागर जी द्वारा लिखित नाटक मे भी लोकाशाह के दीक्षा का वर्णन वताया गया है।

लोकागच्छ के अभ्युदय और शिथिलाचार के प्रति लोगो का तिरस्कार देख कर १५३२ मे आनन्दविमल सूरि ने क्रिया उद्धार किया (कही २ इनके क्रिया उद्धार का काल १५८२ माना गया है) लोकागच्छ के आठ पाट शुद्धाचारी रहे. नवमे पाट पर फिर शिथिलाचार का प्रसार होने लगा । इसके बाद पोतिया बध की उत्पत्ति बताई गई है । स० १६७५ की साल धराजजी स्वामी के चेले जसाजी से पोतिया बध की शुरुआत बताई जाती है। पचमकाल मे महाव्रत का पालन नही होता । श्रावक धर्म का ही पालन सभव है । इस प्रकार की मान्यता रखकर जसाजी ने श्रावक के वेश मे खुली डण्डी रखकर गोचरी करनी चालू की । स १९२५ तक यह परम्परा चलती रही ।

इसके पश्चात् वोहरा वीरजी के दोहित्र लवजी की वैराग्योत्पत्ति और बजरग जी के पास दीक्षा-ग्रहण की बात लिखी गई है । स० १७१२ मे लवजी का होना लिखा गया है। लवजी मुनि के पडे हुए मकान मे ठहरने से लोग उन्हे ढूढिया कहने लगे । स० १७१४ के वर्ष पोष वदी ३ को ढूढिया कहलाये ।

लवजी ऋषि के शिष्य सोमजी स्वामी हुए । उनके शिष्य हरिदासजी, प्रेमजी, कानजी, गिरधरजी, अमीपालजी, श्रीपालजी, हरिदासजी, जीवाजी, सहेर करणीमलजी, केसुजी, हरिदासजी, समरथजी, गोदाजी, मोहनजी आदि हुए । यह कानजी ऋषि की परम्परा है ।

फिर क्षेमकरण आचार्य के पाट धर्मसिहजी ७३ वे बतलाये गये हैं । इनके परिचय मे लिखा गया है कि १३ वर्ष गृहस्थपन मे रहकर ५५ वर्ष की सामान्य दीक्षा पालन की और ४ वर्ष आचार्य पद पर रहे । कुल ७२ वर्ष का आयु पालकर स० १७०२ के साल मे देवलोक हुए ।

धर्मसिहजी के बाद ७४ वें नगराजजी स्वामी हुए। ७५ वें जीवराजजी स्वामी १२ वर्ष संसार मे रहकर २५ वर्ष[1] सामान्य दीक्षा पाली, फिर १३ वर्ष आचार्य रहे। कुल ६३ वर्ष सयम पालकर स० १७२१ के वर्ष इनका स्वर्गवास लिखा गया है ।

स० १७१५ की साल मे गुजरात के गोल गाव में यति लोगो ने पीले वस्त्र धारण किये, तब से पीताम्बर सम्वेगी कहलाये ।

आ० जीवनराजजी के पद पर ७६ वें धर्मदासजी स्वामी बतलाये जाते है । पट्टावली लेखक के अनुसार धर्मदासजी ने १५ वर्ष ससार मे रहकर फिर ५ वर्ष

१—५० वर्ष के स्थान पर भूल से २५ वर्ष लिखे गये प्रतीत होते हैं ।

व्रतधारी रूप से विताये और १५ दिन की सामान्य प्रव्रज्या पालकर ५२ वर्ष आचार्य पद का भोग किया। ७२ वर्ष का कुल आयु पूर्ण कर स० १७७३ के समय धारा नगरी मे इनका स्वर्गवास वतलाया जाता है।

श्री धर्मदासजी म० का परिचय देते हुए लेखक ने प्रथम २१ साथियो के साथ लवजी महाराज के पास आकर धर्म चर्चा करने का उल्लेख किया है। लवजी म० के साथ ७ वोल का अन्तर पडा, इसलिये धर्मदासजी ने मुनि धर्मसिहजी के पास आकर चर्चा की और २१ वोल का फर्क होने से उनके पास भी दीक्षित नही हुए और जीवराजजी स्वामी मे प्रश्नोत्तर किये। जीवराजजी महाराज के द्वारा समाधानकारक उत्तर पाकर धर्मदासजी को सतोप हुआ और धन्नाजी आदि २१ साथियो के साथ स्वय अहमदावाद की वादशाही वाडी मे स० १७२१ काति सुद ५ को दीक्षित हुए ।

धर्मदासजी के स्वयं दीक्षा लेने की प्रसिद्धी लेखक के अनुसार इसलिये हुई कि १५ दिनो के वाद ही जीवराजजी स्वामी का स्वर्गवास हुआ। अत लोग धर्मदासजी को स्वय दीक्षित कहने लगे ।

इसके वाद धर्मदासजी के ९९ शिष्यो के नाम देकर समुदाय स्थापन करने वाले २१ प्रमुख शिष्यो के नाम दिये गये हैं।

धन्नाजी को सांचोर के मालवाडा कामदार मुथा वाघाजी के पुत्र वतलाया है। स० १७१३ मे ये प्रेमचन्दजी के पास पोतियावध की श्रद्धा से ८ वर्ष करीव रहे और १७२१ मे दीक्षा ग्रहण की। लम्वे समय तक एकान्तर तप करते हुए कितने ही वर्ष मेडता स्थिरवास विराजमान रहे और सवत् १७८४ के आश्विन शुक्ला दशमी को समाधि मरण प्राप्त किया। इनकी पूर्ण आयु ८३ वर्ष की थी।

पूज्य धन्नाजी म० के वाद ७८ वे पाट पर भूधरजी म० विराजमान हुए। भूधरजी म० ५० वर्ष घर मे रहे। ७ वर्ष सामान्य प्रवज्या पाल कर २० वर्ष आचार्य पद पर सुशोभित रहे। स० १८०४ मे मेडता चातुर्मास के समय देवलोक पधारे। इनके ९ शिष्य वतलाए गये हैं, फिर भूधरजी म० के पट्टधर ७९ वें श्री रघुनाथजी म० का परिचय देते हुए उनको परम्परा का उल्लेख किया है। स० १८४० में पूज्य रघुनाथजी से श्री जयमल्लजी म० पृथक् हुए पर जव तक पू० रघुनाथजी म० विराजे रहे तव तक श्री जयमल्लजी म० ने पूज्य पदवी की चादर नही धारण की। पू० रघुनाथजी स० १८४६ माघ शुक्ला ११ को मेडता मे देवलोक हुए।

तत्पश्चात स० १८५४ मे श्री गुमानमलजी म० अलग हुए। स० १८७१ मे श्री चौथमलजी म० अलग हुए। स० १८८४ मे श्री महाचदजी म० अलग हुए। स० १८८५ मे श्री माणकचदजी म० अलग हुए (पृ० २६८) श्री रघुनाथजी म० के पट्टधर पूज्य जीवणचद्रजी म० हुए इनके १३ शिष्य थे, उनमे से चौथमलजी स्वामी का अलग सघाडा चालू हुआ। पूज्य जीवणचन्द्रजी म० के बाद पूज्य त्रिलोकचन्द्रजी म० और तिलोकचन्द्रजी म० के पाट पूज्य पन्नालालजी और पूज्य पन्नालालजी म० के पाट दौलतरामजी म० और दौलतरामजी म० के पाट पूज्य सौभाग्यमलजी म० बतलाये गये है। सबका सक्षिप्त परिचय देते हुए लेखक मुनि अमरचन्दजी ने अपनी गुरु परम्परा काव्य मे प्रस्तुत की है। इसके बाद पूज्य रघुनाथजी म० की परम्परा मे आज तक दीक्षित सन्तो की नामावली प्रस्तुत की गई है।

उपसहार मे वर्तमान सम्प्रदायो का उल्लेख करते हुए बतलाया है कि (१) पू० रघुनाथजी म० की सम्प्रदाय (२) पूज्य जयमलजी म० की सम्प्रदाय (३) पूज्य रतनचद्रजी म० की सम्प्रदाय (४) पूज्य चौथमलजी म० की सम्प्रदाय और (५) पूज्य माहाचन्द्रजी म० की सम्प्रदाय धन्नाजी म० से सम्बन्धित हैं। पूज्य हरिदासजी म० के साधु पजाब मे विचरते हैं जो पूज्य अमरसिहजी म० का सघाडा नाम से प्रसिद्ध हैं। और पूज्य जीवराजजी म० के टोले मे पूज्य अमरसिहजी, पूज्य नानकरामजी, पूज्य स्वामीदासजी म० की सम्प्रदाय मारवाड मे विद्यमान है।

(८) आठवी—'मेवाड पट्टावली' मे भगवान महावीर के निर्वाण बाद भस्मग्रह के फल की पृच्छा करते हुए चतुर्विधसघ के उदय की पृच्छा की गई है। सुधर्मास्वामी आदि पट्टधर आचार्य और मध्यवर्ती घटनाओ का वर्णन करते हुए लोकाशाह द्वारा दयाधर्म के प्रचार का वर्णन किया गया है, फिर लवजी ऋषि के सक्षिप्त क्रिया उद्धार का वर्णन कर धर्मदासजी म० के दीक्षा एव शिष्य-वर्ग का परिचय दिया है। पूज्य रोडीदासजी म० के अभिग्रह पूर्वक तपोमय जीवन का वर्णन करते हुए स्वर्गीय पूज्य मोतीलालजी म० तक का उल्लेख किया है। तपोधनी बालकृष्णजी म० के चमत्कारपूर्ण जीवन की घटना के साथ तपस्वी गुलाबसिहजी म० का भी परिचय दिया गया है। प्रमुखता से मेवाड परम्परा के सन्तो का परिचय होने से इसको मेवाड पट्टावली कहा गया है।

(९) नवमी दरियापुरी सम्प्रदाय की पट्टावली मे सुधर्मास्वामी के बाद २७ वें पट्टधर देवर्धिगणी से आर्य ऋषि आदि आचार्यों का परिचय देते हुए ४९ वें पट्टधर लोकाशाह को आचार्य माना है। ६३ वें क्रिया-उद्धारक धर्मसिहजी म० से इस परम्परा का आरम्भ माना गया है।

इस परम्परा मे पूज्य सोमजी आदि २५-२६ पट्टधर हो चुके हैं। वर्तमान मे पू० चुन्नीलालजी म० विद्यमान हैं।

सामायिक मे दो करण तीन योग से पापो का त्याग किया जाता है। इसे छः कोटि पच्चक्खाण कहते हैं। दरियापुरी परम्परा के अनुसार श्रावक के ८ कोटि पच्चक्खाण माना गया है। मनसे सावद्य-प्रवृत्ति को करने व कराने का त्याग कर केवल अनुमोदन ही खुला रखा जाता है। इसको ८ कोटि पच्चक्खाण कहते हैं। मूल मान्यताओ मे समानता होने पर भी कुछ वोलो के अन्तर से दरियापुरी-सम्प्रदाय अलग मानी गई है।

(१०) दसमी कोटा परम्परा की पट्टावली मे प्रारम्भिक पीठिका के रूप से मध्यवर्ती घटनाए, दुष्काल की परिस्थिति से वढता हुआ शिथिलाचार और उसके निवारण हेतु लोकाशाह द्वारा किये गये प्रयत्न का वर्णन अन्य पट्टावलियो के समान ही है।

विशेप मे-लवजी ऋषि के पास अमीपालजी आदि जो गच्छ त्याग कर क्रिया उद्धार मे सम्मिलित हुए, उन महापुरुषो का निर्देश किया गया है। परम्परा के आद्य पुरुप स्वरूप श्री हरजी, श्री गोधोजी, श्री परसरामजी, श्री लोकमण.जी, श्री माहारामजी, श्री दौलतरामजी, श्री लालचन्दजी, श्री गणेशरामजी, श्री गोविंदरामजी, तपसी हुकमीचन्दजी आदि का उल्लेख किया गया है। यह सक्षिप्त परिचय हुण्डी रूप से लिखा है। फिर वाईस सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक सन्तो के नाम पूर्वक वाईस-टोला की गणना की गई है। लेखक श्यामपुरा के तनसुखजी पटवारी ने पूज्य गजानन्दजी म० के पत्र के आधार पर स० १९२३ मे प्रतिलिपि की है। उसका उतारा स० १९५४ मे उनके वशज हजारीलालजी द्वारा किया गया है।

पूरक पत्र मे पू० दौलतरामजी म० से क्रमवद्ध परिचय दिया गया है। दौलत रामजी म० के शिष्य लालचदजी और उनके शिष्य तपस्वी हुक्मीचन्दजी म० वतलाये गये हैं। उनको शिष्य करने का त्याग होने से पू० गोविन्दरामजी के शिष्य श्री दयालजी म० के पास रतलाम मे शाह शिवलालजी ने दीक्षा ली। ये पू० हुक्मीचन्दजी म० के वाद उनके पट्टधर हुए। स० १९०७ मे शिवलालजी म० के ५ शिष्य हुए और चतुर्विध सघ की साक्षी से उनको आचार्य पद प्रदान किया गया। स० १९१७ मे तपस्वी हुक्मीचन्दजी म० जावद मे स्वर्गधाम पधारे।

स० १९२५ मे उदयचन्दजी म० को जावद मे पूज्य पदवी दी गई। सं० १९३२ मे पूज्य शिवलालजी म० देवलोक पधारे। यह कोटा परम्परा की एक शाखा है जो पूज्य हुक्मीचन्दजी म० के नाम से कही जाती है।

पूज्य दौलतरामजी म० के शिष्य गोविंदराम जी से श्री फतहचन्दजी म०, श्री ज्ञानचन्दजी म०, श्री छगनलालजी म०, श्री वख्तावरमलजी म०, श्री कजोडीमलजी म०, श्री शकरलालजी म०, श्री प्रेमराजजी म०, श्री खादीवाले गणेशलालजी म० हुए। इनके सन्त महाराष्ट्र मे विचरते हैं।

पूज्य अनोपचन्दजी म० के परिवार मे भी श्री वलदेवरामजी म०, श्री हरकचन्दजी म० आदि हुए। अभी रामकुमारजी म० के शिष्य श्री रामनिवासजी कोटा परम्परा के सन्तो मे से विराजमान है। परसरामजी म० से चलने वाली एक शाखा जिसमे मुनि गोडीदासजी म० हुए, उनके शिष्य मोहन मुनि वर्तमान में मौजूद है।

सशोधन और प्रतिलिपि-विधान में सावधानी रखते हुए भी लिपि-दोष, मतिदोष और भाषा-भेद से स्खलना सभव है।

प्रस्तुत सग्रह के संशोधन मे अजमेर के मुनि हगामीलालजी म० का सग्रह, वडौदा के लोकागच्छीय यति हेमचन्द्रजी का सग्रह, आचार्य विनयचद्र ज्ञान भडार, जयपुर और जैन रत्न पुस्तकालय, जोधपुर के अतिरिक्त अभय जैन ग्रथालय, बीकानेर की लोकागच्छ की वडी पट्टावली तथा तपागच्छ पट्टावली व दिव्य ज्योति आदि ग्रथ एव प्रतियो का भी उपयोग किया गया है।

प० मुनि श्री लक्ष्मीचन्द्रजी का भी विनयचन्द्र कृत पद्य पट्टावली के अनुवाद और अन्य सशोधन-कार्य मे यथासमय सहयोग मिलता रहा है। विभिन्न सग्रहालयो के अधिकारियो एव ग्रथकारो का सहयोग भुलाया नहीं जा सकता।

आशा है, इतिहास प्रेमी आगे भी इतिहास के छिपे तथ्यो को प्रस्तुत करने मे सहयोग करते रहेगे।

—आचार्य श्री हस्तीमलजी म०

प्रस्तावना

हमारा सुनहला अतीत कितना उज्ज्वल है। उस गभीर रहस्य को जानने की जिज्ञासा मानव-मन मे सदा ही अठखेलिया करती रही हैं। उसी जिज्ञासा से उत्प्रेरित होकर उसने उसे द्योतित करने के लिए समय-समय पर प्रयास किया है। उसी लडी की कडी मे प्रस्तुत ग्रथ भी है। इस ग्रथ मे विभिन्न भण्डारो की तह में दबी हुई, इधर-उधर बिखरी हुई, अस्त-व्यस्त पट्टावलियो को समुचित रूप से सकलित व सम्पादित कर प्रबुद्ध पाठको के समक्ष रखा गया है। ये पट्टावलियाँ अपने युग का प्रतिनिधित्व करती हैं, अतीत की सुमधुर स्मृतियो को वर्तमान मे साकार करती हैं, पूर्वजो की गौरव-गाथाओ को प्रकट करती हैं और यथार्थ का चित्रण कर भावी गति-प्रगति के हिमगिरियो के गगनचुम्बी शिखरावलियो को छूने की प्रबल प्ररेणा देती हैं।

जैन साहित्य मे पट्टावली-लेखन का युग चतुर्दश पूर्वधर स्थविर आर्य भद्रबाहु स्वामी[1] से प्रारभ होता है। उन्होने दशाश्रुत स्कन्ध के आठवें अध्याय—कल्प सूत्र में स्थविरावली का अकन कर[2] गौरवमयी परम्परा का श्री गणेश किया। उसके

१—(क) वदामि भद्दबाहुं
पाईणं चरिमसगलसुयनाणिं
सुत्तस्स कारगमिसिं
दसासु कप्पे य ववहारे॥ १॥

—दशाश्रुत स्कध निर्युक्ति. गा० १

(ख) पंचकल्य महाभाष्य गाथा—१ से ११ तक।

(ग) तेण भगवता आधारपकप्प-दस्त-कप्प-ववहाराय नवमपुव्वनी संदभूता निज्जूढा

—पचकल्प चूर्णी पत्र १ लिखित

२—लेखक ने अहमदाबाद के लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृति विद्या मन्दिर मे दशाश्रुत स्कध की प्राचीन एक हस्तलिखित प्रति देखी है जिसमे आठवें

पश्चात् देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमणने अनुयोगधरो की पट्टावली (स्थविरावली) अंकित की[1]। स्पष्ट है आगम साहित्य मे इन्ही आगमो मे स्थविरावलियाँ आई है। कल्प सूत्र मे स्थविरावली पट्टानुक्रम से है तो नन्दी सूत्र मे अनुयोगधरो की दृष्टि से है। पट्टानुक्रम (गुरु-शिष्य क्रम) से देवर्द्धिगणी का क्रम चौतीसवाँ और युग प्रधान (अनु योगधर) के रूप मे सत्ताइसवा है।[2]

यहाँ यह भी स्मरण रखना चाहिए कि कल्पसूत्र की स्थविरावली भी एक समय मे और एक साथ नहीं लिखी गई है अपितु उसका सकलन भी आगम-वाचना की तरह तीन वार हुआ है। प्रथम आर्य यशोभद्र तक स्थविरो की एक परम्परा निरूपित है जो पाटलीपुत्र की प्रथम वाचना के पूर्व की है। इस वाचना मे पूर्ववर्ती स्थविरो की नामावली सूत्र के साथ सकलित की गई है। उसके पश्चात् उसमे दो धाराए प्रकट हुई हैं। एक सक्षिप्त और दूसरी विस्तृत, जिनकी क्रमश. परिसमाप्ति आर्य तापस और आर्य फग्गुमित्र (फल्गु मित्र) तक होती है, वे द्वितीय वाचना के समय सलग्न की गई हैं और उसके पश्चात की स्थविरावली देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमण ने अन्तिम वाचना मे गुम्फित की है। सक्षिप्त स्थविरावली मे मुख्यत. प्रमुख स्थविरो का निर्देश है तो वितृत स्थविरावली मे मुख्य स्थविरो के अतिरिक्त उनके गुरु भ्राता और उनसे विस्तृत गण-कुल प्रभृति शाखाओ का भी उल्लेख है।[3] जहा सक्षिप्त स्थविरावली मे आर्यवज्र के चार शिष्य निरूपित किये गये हैं।[4] वहा विस्तृत स्थविरावली मे तीन शिष्य वताये हैं। उनके नामो मे

अध्ययन मे सम्पूर्ण कल्प सूत्र है। इस प्रति का उल्लेख श्री पुण्यविजयजी ने कल्पसूत्र की भूमिका मे किया है।

१—जे अन्ते भगवन्ते,
कालिअ सुय आणु ओगिए धीरे
ते पणमिऊण सिरसा,
नाणस्स परूवण वोच्छ

—नन्दी स्थविरावली, गा० ४३

२—देखिए-पट्टावली पराग सग्रह, कल्याणविजय गणी, पृ० ५३

३—देखिए-लेखक द्वारा सम्पादित कल्पसूत्र-स्थविरावली-वर्णन

४—थेरस्स ण अज्जवइरस्स गोयमगोत्तस्स अतेवासी चत्तारी थेरा-थेरे अज्ज-नाइले थेरे अज्ज पोमिले, थेरे अज्जपोमिले, थेरे अज्ज जयते, थेरे अज्जतावसे

—कल्प सूत्र, सू० २०६

भी अन्तर है। प्रथम मे आर्य नागिल, आर्य पद्मिल, आर्य जयन्त और आर्य तापस हैं तो द्वितीय मे आर्य वज्रसेन आर्य पद्म और आर्य रथ [1]।

इस अन्तर का मूल कारण यह है कि श्रमण भगवन् महावीर के पश्चात् अनेक बार भारत भूमि मे दुष्काल पड़े, जिससे उत्तर भारत मे जो श्रमण सघ विचरण कर रहा था उसे विवश होकर समुद्र तटवर्ती प्रदेश की ओर वढना पडा, पर जो वृद्ध थे तथा शारीरिक दृष्टि से चलने मे असमर्थ थे वहो पर विचरते रहे, जिससे श्रमण सघ दो भागो मे विभक्त हुआ। प्रथम दुष्काल की परिसमाप्ति पर वे सभी पुन. सम्मिलित हुए किन्तु सम्प्रति मौर्य के समय और आर्य वज्र के समय दुर्भिक्ष के कारण जो श्रमण सघ दक्षिण, मध्य भारत व पश्चिम भारत मे आया था वह दीर्घ-काल तक उत्तर भारत मे विचरने वाले श्रमण सघ से न मिल सका, जिसके फलस्वरूप उत्तर मे विचरण करने वालो का पृथक सघ स्थविर हुआ और दक्षिण तथा पश्चिम प्रांत मे विचरण करने वालो का दूसरा स्थविर हुआ। इस कारण स्थविरावली के नामो मे पृथकता आई है। दाक्षिणात्य श्रमण सघ १७० वर्ष तक अपनी स्वतन्त्र शासन पद्धति चलाता रहा, उसके पश्चात् विक्रम की द्वितीय शताब्दी के मध्य मे पुनः वह उत्तरीय श्रमण सघ मे सम्मिलित हो गया।

यह पहले लिखा जा चुका है कि आगमो की तीन वाचनाए हुई।

प्रथम वाचना आर्य स्कन्दिल की अध्यक्षता मे मथुरा मे हुई थी और इस वाचना मे उत्तर प्रदेश और मध्य भारत मे विचरण करने वाले श्रमण ही एकत्र हुए थे। यह वाचना माथुरी वाचना के रूप मे विश्रुत हुई।

दूसरी वाचना आर्य नागार्जुन के नेतृत्व मे दाक्षिणात्य प्रदेश मे विचरण करने वाले श्रमणो की वल्लभी मे हुई थी। पर दोनो वाचना मे एक दूसरे से, एक दूसरे नहीं मिले।

तीसरी वाचना मे दोनो ही वाचना के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। माथुरी वाचना के प्रतिनिधि देवर्द्धिगणी थे और वालभी वाचना के प्रतिनिधि कालकाचार्य थे। जिन पाठो के सम्बन्ध मे दोनो शका रहित थे वे पाठ एक मत से स्वीकार

१—थेरस्स णं अज्जवइरस्स गोतमसगोत्तस्स इमे तिन्नि थेरा अन्तेवासी अहा-वच्चा अभिन्नाया होत्था, तंजहा—थेरे अज्जवइरसेणे थेरे अज्ज पउमे, थेरे अज्जरहे—

—कल्प स्थविरावली सू० २२१

कर लिये गये और जिनमे मतभेद था, उन्हे उस रूप मे स्वीकार कर लिया गया।

माथुरी वाचना के अनुसार स्थविर-क्रम इस प्रकार है—

१—सुधर्मा
२—जम्बू
३—प्रभव
४—शय्यम्भव
५—यशोभद्र
६—सम्भूतविजय
७—भद्रबाहु
८—स्थूलभद्र
९—महागिरि
१०—सुहस्ती
११—बलिस्सह
१२—स्वाति
१३—श्यामार्य
१४—शाण्डिल्य
१५—समुद्र
१६—मगू
१७—नन्दिल
१८—नागहस्ती
१९—रेवति नक्षत्र
२०—ब्रह्मद्वीपिकसिंह
२१—स्कन्दिलाचार्य
२२—हिमवन्त
२३—नागार्जुन वाचक
२४—भूतदिन्न
२५—लोहित्य
२६—दुष्यगणी
२७—देवर्द्धिगणी

वालभी वाचना के अनुसार स्थविर-क्रम इस प्रकार है —

१—सुधर्मा
२—जम्बू
३—प्रभव
४—शय्यभव
५—यशोभद्र
६—सम्भूतविजय
७—भद्रबाहु
८—स्थूलभद्र
९—महागिरि
१०—सुहस्ती
११—कालकाचार्य
१२—रेवतिमित्र
१३—आर्य समुद्र
१४—आर्य मगू
१५—आर्य धर्म
१६—भद्र गुप्त
१७—श्री गुप्त
१८—आर्य वज्र
१९—आर्य रक्षित
२०—पुष्प मित्र
२१—वज्रसेन,
२२—नागहस्ती
२३—रेवतिमित्र
२४—ब्रह्मदीपिकसिंह सूरि
२५—नागार्जुन
२६—भूतदिन्न
२७—कालकाचार्य

देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमण की गुरु-परम्परा

१—सुधर्मा	२—जम्बू
३—प्रभव	४—शय्यभव
५—यशोभद्र	६—सभूतविजय-भद्रबाहु
७—स्थूल भद्र	८—महागिरि-सुहस्ती
९—सुस्थित सुप्रतिबुद्ध	१०—आर्य इन्द्रदिन्न
११—आर्य दिन्न	१२—आर्य सिंहगिरि
१३—आर्य वज्र	१४—आर्य रथ
१५—आर्य पुष्पगिरि	१६—आर्य फल्गुमित्र
१७—आर्य धनगिरि	१८—आर्य शिवभूति
१९—आर्य भद्र	२०—आर्य नक्षत्र
२१—आर्य रक्ष	२२—आर्य नाग
२३—जेष्ठिल	२४—आर्य विष्णु
२५—आर्य कालक	२६—सपलित तथा आर्यभद्र
२७—आर्य वृद्ध	२८—आर्य सघपालित
२९—आर्य हस्ती	३०—आर्य धर्म
३१—आर्य सिंह	३२—आर्य धर्म
३३—आर्य शाडिल्य	३४—देवर्द्धिगणी

तात्पर्य यह है कि स्थविरावलियो मे पृथकता रही है इसलिए प्रबुद्ध पाठक 'पट्टावली प्रबन्ध सग्रह' का पारायण करते समय एक ही विषय मे और एक ही व्यक्ति के सम्बन्ध मे विभिन्न पट्टावलियो मे विभिन्न मत देख कर घबराएँ नही किन्तु समन्वय की दृष्टि से, तटस्थ बुद्धि से सत्य-तथ्य को समझने का प्रयास करें।

यह पूर्ण सत्य है कि श्रमण भगवान महावीर से देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमण तक एक विशुद्ध परम्परा रही है। उसके पश्चात् चैत्यवासियो का प्रभुत्व जैन परम्परा पर छा जाने से परम्परा का गौरव अक्षुण्ण न रह सका। आचार्य अभयदेव ने उस स्थिति का चित्रण इस प्रकार किया है[1]—

१—देवड्ढि खमासमणजा
परपर भावओ वियाणेमि।
सिढिलायारे ठविया
दव्वेण परपरा बहुहा॥

—आगम अट्टतरी, गा., १४

देवद्धिगणी क्षमाश्रमण तक की परम्परा को मैं भाव परम्परा मानता हूँ। इसके पश्चात् शिथिलाचारियो ने अनेक द्रव्य परम्पराओ का प्रवर्तन किया और वे द्रव्य परम्पराएँ द्रौपदी के दुकूल की तरह निरन्तर बढती रही। धर्म के मौलिक तत्त्वो के नाम पर विकार, असगतिया और साम्प्रदायिक कलहमूलक धारणाएँ पनपती रही।

सोलहवी शती वैचारिक क्रान्तिकारियो का स्वर्ण युग है। इस काल मे भारत की प्रत्येक परम्परा मे अनेक क्रातिकारी नररत्न पैदा हुए जिन्होने क्राति की शख-ध्वनि से जन-जीवन को नवजागरण का दिव्य सदेश दिया। कबीर, धर्मदास, नानक, सत रविदास, तरणतारण स्वामी और वीर लोकाशाह ऐसे ही क्रातिकारी थे। यह स्वाभाविक था कि अप्रत्याशित और आकस्मिक क्रातिकारी विचारो से स्थितिपालक समाज मे हलचल पैदा हुई और परिणाम स्वरूप प्रतिक्रियावादी भावनाए उभरी, किन्तु वे उसे समाप्त नही कर सकी पर पूरी शक्ति के साथ पाशविकता से लडती रही। उसका आदर्श व्यक्ति न होकर गुण था, समष्टि न होकर सम्यग् दृष्टि थी। समीचीन तत्त्वो पर आधृत होने के कारण वह एक सुदृढ और सौन्दर्य सम्पन्न परम्परा निर्मित कर सकी जिस पर शताब्दियो से मानवता गर्व कर रही है।

श्री लोकाशाह तथा स्थानकवासी समाज के महापुरुष क्रियोद्धारक (१) श्री जीवराजजी महाराज, (२) श्री लवजी ऋषिजी म० (३) श्री धर्मसिहजी महाराज (४) श्री धर्मदासजी म० और (५) श्री हरजी ऋषिजी म० किन-किन परिस्थितियो मे उठे, उभरे, उन्होंने मानव-चेतना के किन निगूढ गह्वरो मे क्राति के स्वरो को मुखरित किया ? उनका कहा और कब, कितना और कैसा प्रभाव पडा ? क्या-क्या कार्य हुआ ? आदि की सक्षिप्त जानकारी सकलित पट्टावलियो की पक्तियो मे समुपलब्ध होगी। पाठक उन्ही के शब्दो मे रसास्वादन करें।

पट्टावलियो के अब तक अनेक सग्रह विविध स्थलो से प्रकाशित हुए हैं उनमे से कितने ही सग्रह अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हैं। किन्तु उन सग्रहो मे लोकागच्छ की और स्थानकवासी परम्परा की विश्वस्त पट्टावलिया, सामान्यतः नही दी गई हैं। यदि कही पर दी भी गई हैं तो इतने विकृत रूप से दी गई हैं कि उनके असली रूप का पता लगाना ही कठिन है। इतिहासकार को इतिहास लिखते समय तटस्थ दृष्टि रखनी चाहिए, जो इतिहासकार इस नियम का उल्लघन करता है उसका इतिहास सत्य से परे हो जाता है। अभी कुछ समय पहले ऐसा एक ग्रथ 'पट्टावली पराग सग्रह' नाम से देखने मे आया। इसके सम्पादक मुनि श्री कल्याणविजयजी

अच्छे विद्वान और इतिहासवेत्ता हैं । हमें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि 'पट्टावली पराग सग्रह' (पट्टावलियो का पराग) में पट्टावली पराग के वदले निम्नस्तरीय आलोचना हैं । स्था० सम्प्रदाय के दो-तीन मुनियो के लिए तो नाम निर्देशपूर्वक आक्षेप किये हैं जो इतिहास-लेखन में अवाछनीय है । इतिहास-लेखक इस प्रकार व्यक्तिगत आक्षेप से वचकर तुलनात्मक समीक्षा तो कर सकता है, ऐसी आलोचना नही ।

मुझे परम आह्लाद है कि प्रस्तुत ग्रथ के सकलयिता व सम्पादक ने इतिहास कार के मूल भाव की रक्षा की है । उन्होने जो पट्टावलिया जहा से जिस रूप मे उपलव्ध हुई, उन्हे उसी रूप मे प्रकाशित की हैं, कही पर भी किसी सम्प्रदाय विशेष को श्रेष्ठ या कनिष्ठ वताने का प्रयास नही किया है ।

इस प्रकार के पट्टावलियो के सग्रह की चिरकाल से प्रतीक्षा की जा रही थी, वह इस ग्रथ के द्वारा पूरी हो रही है । यो इसमे भी अभी तक सम्पूर्ण स्थानकवासी समाज की पट्टावलिया नही आ पाई हैं । ज्ञात से भी अज्ञात अधिक हैं । मुझे आशा ही नही, अपितु दृढ विश्वास है कि जैन इतिहास निर्माण समिति का सतत प्रयास इस दिशा मे चालू रहेगा और जहा से भी पट्टावलिया तथा प्रशस्तिया उपलव्ध होगी, उनका प्रकाशन होता रहेगा ।

मैं ग्रन्थ का हार्दिक अभिनन्दन करता हू कि उन्होने मा भारती के भव्य भण्डार मे ऐसी अनमोल कृति समर्पित की है । जैन इतिहास निर्माण समिति पण्डित प्रवर श्रद्धेय मुनि श्री हस्तीमलजी म० सा० से दिशा-निर्देश प्राप्त कर ऐसी और भी महत्त्वपूर्ण अन्वेपरणा प्रधान कृतियाँ समर्पित करेंगी, ऐसी आशा है ।

—श्री देवेन्द्र मुनि, शास्त्री, साहित्यरत्न

भूमिका

जैन धर्म भारत का एक प्राचीनतम धर्म है। जैन परम्परा के अनुसार इस अवसर्पिणीकाल मे भगवान ऋषभदेव प्रथम तीर्थंकर हुए जिन्होने मानव को विद्यायें, कलायें सिखाने के वाद धर्म की स्वय आराधना करके कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया। वे वीतरागी एव जिन वने। उनका उपदिष्ट धर्म मार्ग, जैन धर्म का आदि स्रोत है। उसके वाद अन्य २२ तीर्थंकरो ने उसी शाश्वत धर्म का प्रचार किया। अन्तिम २४ वें तीर्थंकर का धर्म-शासन, वर्तमान मे चल रहा है। भगवान महावीर के ११ गणधरो मे से सुधर्मा स्वामी की परम्परा अभी चल रही है। वैसे उपकेश गच्छ वाले अपनी परम्परा भगवान पार्श्वनाथ से भी जोडते हैं, पर पार्श्वनाथ के वहुत से मुनि भगवान महावीर के शासन मे समाविष्ट हो चुके थे। पार्श्वनाथ परम्परा का स्वतन्त्र अस्तित्व जैन आगमादि प्राचीन साहित्य से समर्थित नही है।

भगवान महावीर के वाद की आचार्य पट्ट-परम्परा नन्दीसूत्र और कल्पसूत्र स्थविरावली से ज्ञात होती है। देवर्द्धिगण क्षमाश्रमण तक की युग प्रधानक आचार्य परम्परा की उसमे नामावली है। इसके वाद की नामावली मे मतभेद है।

वज्रस्वामी से पहले भी वहुत से गण, कुल व शाखा आदि समय-समय पर प्रसिद्ध हुई, उनका उल्लेख कल्पसूत्र की स्थविरावली मे प्राप्त होता है, पर उनकी परम्परा अधिक समय तक नही चली जबकि वज्रस्वामी के शिष्य वज्रसेन के वाद जो चार कुल प्रसिद्ध हुए उनकी परम्परा मे से 'चन्द्र कुल' की परम्परा तो आज भी विद्यमान है। इन कुलो मे से समय-समय पर वहुत से गच्छो का प्रादुर्भाव हुआ जिनकी सख्या ८४ मानी जाती है, यद्यपि है इससे भी अधिक। इस सबंध मे श्री यतीन्द्र सूरि अभिनन्दन ग्रन्थ, मे प्रकाशित मेरा लेख द्रष्टव्य है।

१६ वीं शताब्दी मे लोकाशाह ने जो विचार प्रकट एव प्रचारित किये उसे लखमसी, भाणा आदि ने विशेष वल दिया व आगे वढाया। लोकाशाह स्वय दीक्षित नही हुए थे पर भाणा, रूपजी आदि ने दीक्षा ली और अपने गच्छ का नाम लोकाशाह के नाम से 'लोका गच्छ' रखा। उसकी परम्परा कई शाखाओ मे विभक्त होने पर भी आज विद्यमान है। १८ वी शताब्दी मे लोकागच्छ की परम्परा मे से

ढूंढिया साधुमार्गी, बाईसटोला या स्थानकवासी सम्प्रदाय निकला और उसमे से भीखणजी से तेरहपंथी सम्प्रदाय निकला।

लोकाशाह कहां के निवासी थे ? किस जाति के थे ? इत्यादि बातो के संबंध मे काफी मतभेद पाया जाता है। इस सबध मे मेरा लेख 'जिनवाणी' मे प्रकाशित हो चुका है और मेरे भ्रातृपुत्र भंवरलाल का एक लेख 'विजय' राजेन्द्र सूरि स्मृति ग्रन्थ' मे प्रकाशित हो चुका है। लोकाशाह के सम्बन्ध मे श्री मुनि ज्ञानसुन्दरजी का 'श्रीमान लोकाशाह' नामक ग्रन्थ भी पठनीय है।

वैसे तो लोकाशाह के अनुयायी थोडे ही वर्षों मे कई शाखाओं मे विभिक्त हो गये जिनमे से १३ के नाम हमारे संग्रह के हस्तलिखित पत्र मे लिखे मिले हैं। लोकामत की ४ प्रधान शाखायें मानी जाती हैं जिनमे से ऋषि बीजा के विजय गच्छ, जो पहले बीजा मत के नाम से प्रसिद्ध था, ने तो मूर्तिपूजा को स्वीकार कर विजयगच्छ के नाम से अपना स्वतन्त्र अस्तित्व बना लिया और यहा तक कि अपनी पट्टावली में भी लोकाशाह का उल्लेख तक नही किया है। पजाब—उत्तर दिशा मे जिस लोका शाह की परम्परा का प्रचार हुआ उसे उतरावी गच्छ की संज्ञा प्राप्त हुई। उतराध-गच्छ की ऋषि परम्परा के संबध मे 'जैनाचार्य श्री आत्मानन्द शताब्दी स्मारक ग्रन्थ' के हिन्दी विभाग पृष्ठ १६६ और मेरे प्रकाशित 'उतराध गच्छ परम्परा गीत' द्रष्टव्य हैं।

नागोरी लोकागच्छ का नामकरण 'नागोर' नगर से हुआ और इसकी २ गद्दियो के उपाश्रय बीकानेर मे हैं। इस गच्छ की पट्टावली विद्वान् यति श्री रघुनाथजी ने संस्कृत मे बनाई है जो हिन्दी अनुवाद के साथ प्रस्तुत ग्रन्थ मे प्रकाशित है। इस 'पट्टावली-प्रबन्ध' की मैंने प्रतिलिपि करवाकर बहुत वर्ष पहले मुनि जिनविजयजी को भेजी थी और उनके सम्पादित 'पट्टावली सग्रह' मे छप भी चुकी है पर वह ग्रन्थ अभी तक प्रकाशित नही हुआ। राजस्थानी भाषा मे लिखी हुई नागोरी लोकागच्छ की एक अन्य पट्टावली की नकल हमारे संग्रह मे है। इस गच्छ के आचार्य रूपचन्द, हीरागर, वयरागर आदि के संबध मे कई ऐतिहासिक रास, गीत आदि रचनायें प्राप्त हैं जिनका ऐतिहासिक सार हमने 'जिनवाणी' मे प्रकाशित कर दिया है। प्रस्तुत पट्टावली सग्रह मे भी नागोरी लोकागच्छ की कई पट्टावलियां प्रकाशित हुई हैं।

लोकागच्छ की दूसरी प्रधान शाखा 'गुजराती लोकागच्छ' के नाम से प्रसिद्ध है। इसकी परम्परा और साहित्य के संबध मे मुनि कातिसागरजी का एक विस्तृत लेख 'मुनि श्री हजारीमल स्मृति ग्रन्थ' के पृ०, २१४ से २५३ तक मे प्रकाशित हुआ है

और लोकागच्छ की साहित्य सेवा के सबध मे भी एक लेख उक्त ग्रन्थ के पृ० २०३ से २१३ मे प्रकाशित है।

गुजराती लोकागच्छ की गुजरात और राजस्थान मे कई गद्दिया थी। उनकी परम्पराओ की कई पट्टावलियां इस ग्रन्थ मे छपी हैं। १७ वी शती के अन्त और १८ वीं शती के प्रारम्भ मे लोकागच्छ की इस परम्परा मे से लवजी[1], धर्मदास, धर्मसिह, आदि ने शिथिलाचार को छोडकर स्वतन्त्र समुदाय कायम किये जिसे ढूढिया, साधुमार्गी या स्थानकवासी परम्परा के नाम से प्रसिद्धि मिली। स्थानकवासी परम्परा की भी कई पट्टावलिया इस ग्रन्थ मे सगृहीत हैं।

लोकागच्छ और स्थानकवासी परम्परा संवधी खोज सर्व प्रथम श्री वाडीलाल मोतीलाल शाह ने अव से ६० वर्ष पूर्व प्रारम्भ की। उन्हे जो कुछ जानकारी व सामग्री मिली उसे उन्होने 'ऐतिहासिक नोध' के नाम से गुजराती भाषा मे लिखकर प्रकाशित किया। उनके द्वारा किया गया वह प्रयत्न अवश्य ही सराहनीय है। इसी कार्य के लिये वे सन् १९०७ के दिसम्वर मे पजाव तक भी पहुँचे। उनके इस ग्रन्थ के हिन्दी अनुवाद की भी २-३ आवृतिया निकल चुकी हैं जिनमे से प्रथमावृत्ति की प्रति बीकानेर के सेठिया लायब्रेरी मे और द्वितीयावृति की (सवत् १९८२ मे प्रकाशित) प्रति हमारे अभय जैन ग्रन्थालय मे है।

स्व० वाडीलाल शाह के वाद लोकागच्छ और स्थानकवासी पट्टावली के सवध मे उल्लेखनीय प्रयत्न जैन साहित्य महारथी स्व० मोहनलाल दलीचन्द देसाई का है। इनके सन् १९४४ मे प्रकाशित 'जैन गुर्जर कवियो' भाग ३ के पृ० २२०५ से २२२२ तक मे प्राप्त पट्टावलियो का साराश दिया गया है। उन्होने गुजराती लोका-गच्छ की वडोदा गद्दी की पट्टावली देने के वाद कुंवरजी पक्ष की वालापुर की पट्टावली दी है। तदनन्तर धर्मसिहजी, लवजी, और धर्मदासजी की परम्परा का परिचय देने के बाद गोडल, लीवडी, सघाडा, हुकमीचन्दजी सम्प्रदाय के आचार्यों का थोडा परिचय देकर वरवाला, चूडा, धागद्रा और वोराद सघाडे का सक्षिप्त विवरण दिया है।

सन् १९४२ मे राजकोट से प्रकाशित 'लवजी स्वामी स्मारक स्वर्ण ग्रन्थ' में स्थानकवासी सम्प्रदाय की गुर्वावली दी गई है। उसके अनुसार धर्मदासजी के ९९ शिष्यो मे से मूलचन्दजी गुजरात मे रहे। गुजरात, सौराष्ट्र कच्छ के ७ सघाडो का

---

१. इनके और इनकी परम्परा के सवध मे मुनि मोती ऋषिजी लिखित 'ऋषि सम्प्रदाय का इतिहास' नामक ग्रन्थ द्रष्टव्य है।

इसमें उल्लेख किया गया है। वे हैं– (१) लीवडी, (२) गोंडल (३) बरवाला (४) आठकोटिकच्छी, (५) चूडा, (६) धागध्रा और (७) सायला। इनमें से धागध्रा और चूडा के समुदाय को निरवश गया, लिखा है। धर्मसिहजी से आठ कोटि दरियापुरी सम्प्र-प्रसिद्ध हुआ। धर्मदासजी की दो सम्प्रदायो की नामावली इस ग्रन्थ मे दी है। धर्म-दासजी के शिष्य मूलचन्दजी के शिष्य पचाणाजी के शिष्य रतनसी गोडल गये और उनके शिष्य डूगरसी से गोडल सम्प्रदाय प्रसिद्ध हुआ। मूलचन्दजी के शिष्य गुलाब-चन्दजी के शिष्य वालाजी और उनके शिष्य हीराजी लीवडी आये। इनकी परम्परा लीवडी सम्प्रदाय के नाम से प्रसिद्ध है। लीवडी से कानजी वरवाला गये, वमरामजी धागध्रा गये, जसाजी बोराद, और नागजी सायला गये। उनसे इन स्थानो के नाम से अलग-अलग सम्प्रदाय प्रसिद्ध हुए। कृष्णजी स्वामी कच्छ मे गये वहा आठ कोटि सम्प्रदाय स्थापित हुआ जिसमे से मोटी पक्ष और नानी पक्ष, दो शाखायें निकली।

श्रीवाडीलाल शाह ने अपने 'ऐतिहासिक नोंध' ग्रन्थ मे लिखा है कि धर्मदासजी के ९९ शिष्यों मे ९८ मारवाड, मेवाड, पजाब की ओर विहार कर गये और बाईस-टोला के नाम से विख्यात हुये। वाईस टोलो की नामावली कई प्रकार की पाई जाती है। इसके सबंध मे 'जिनवाणी' मे मेरा लेख अभी प्रकाशित हुआ है।

स्थानकवासी मुनि मणिलालजी के द्वारा लिखित पट्टावली ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है और भी इस तरह के लोकागच्छ और स्थानकवासी सम्प्रदाय की पट्टावलियो सबधी ग्रन्थ, लेख प्रकाशित हुये होंगे पर वे अभी मेरे सामने नही हैं। अब तक विभिन्न गच्छो की पट्टावलिया प्रकाशित हुई हैं उनकी कुछ जानकारी नीचे दी जा रही है।

श्वेताम्बर, खरतरगच्छ, तपागच्छ आदि की कतिपय पट्टावलिया पहले कुछ पाश्चात्य विद्वानो ने अपने ग्रन्थो मे दी थी। फिर मुनिसुन्दर सूरि विरचित 'गुर्वावली' यशोविजय जैन ग्रन्थ माला से प्रकाशित हुई। तपागच्छ की इस गुर्वावली की द्वितीया-वृत्ति सवत् १९६७ मे निकली वह हमारे सग्रह मे है। संवत् १९८८ मे मुनि जिन-विजयजी द्वारा सम्पादित 'खरतर गच्छ पट्टावली सग्रह' को बाबू पूरणचन्दजी नाहर कलकत्ता ने प्रकाशित की। इसमे खरतरगच्छ की ५–६ पट्टावलिया सस्कृत भाषा मे लिखित प्रकाशित हुई जिनमे से एक खरतरगच्छ की आचार्य शाखा की और बाकी भट्टारक शाखा की हैं। खतरगच्छ की सबसे प्राचीन और महत्त्वपूर्ण 'युग प्रधानाचार्य गुर्वावली' की एक मात्र प्रति हमे बीकानेर के क्षमाकल्याण जैन ज्ञान भडार मे प्राप्त हुई जो मुनि जिनविजयजी द्वारा सम्पादित सिघी जैन ग्रन्थमाला से स० २०१३ मे प्रकाशित हुई। तपागच्छ सबधी पट्टावलियो मे पन्यास कल्याणविजयजी द्वारा सम्पा-दित पट्टावली गुजराती विवेचन के साथ श्री विजयनीतिसूरीश्वरजी जैन लायब्रेरी, अहमदाबाद से प्रकाशित हुई। 'तपागच्छ श्रमण वश वृक्ष,' 'वीर धर्म पट्टावली' आदि

ग्रन्थ प्रकाशित हुये हैं। नागपुरीय तपागच्छ जो पायचन्द के नाम से प्रसिद्ध है उसकी एक पट्टावली और 'पार्श्वचन्द्र गच्छ टूंक रूप रेखा' ये दोनो ग्रन्थ अहमदावाद से प्रकाशित हुये। उपकेश गच्छ की एक पद्य वद्ध पट्टावली मुनि ज्ञान सुन्दर रचित 'प्राचीन जैन इतिहास' भाग २१ मे 'पार्श्व पट्टावली' के नाम से फलौदी से प्रकाशित हुई है। अचलगच्छ की एक वृहद् पट्टावली सवत् १९८५ मे 'म्होटी पट्टावली' के नाम से अजार से प्रकाशित हुई है।

विविध गच्छो की पट्टावलियो के सग्रह रूप मे ४ ग्रन्थ उल्लेखनीय है जिनमे से मुनि दर्शनविजयजी द्वारा सम्पादित 'पट्टावली समुच्चय' भाग १-२ श्री चारित्र स्मारक ग्रन्थ माला, वीरमगाव, अहमदावाद से प्रकाशित हुये हैं। इसके प्रथम भाग मे कल्पसूत्र, नन्दीसूत्र की स्थविरावली और तपागच्छ की कई पट्टावलियो के साथ 'जैन साहित्य संशोधक' मे मुनि जिनविजयजी की प्रकाशित की हुई उपकेशगच्छीय पट्टावली भी दी गई है। परिशिष्ट मे पल्लीवाल गच्छ की ऐतिहासिक सामग्री भी दी है। इस ग्रन्थ के द्वितीय भाग मे प्रधान रूप से पद्यवद्ध भाषा पट्टावलियो का सग्रह किया गया है जिसमे तपागच्छ के अतिरिक्त कच्छूलीगच्छ, पूर्णिमागच्छ, आगम गच्छ, वृहद गच्छ एव कवला गच्छ की पद्यवद्ध पट्टावलियो देने के साथ-साथ परिशिष्ट मे दी गई पुरवणी नामक विस्तृत टिप्पणियां महत्त्व की हैं। इनमे से वृहद-गच्छ गुर्वावली मैंने 'जैन सत्य प्रकाश' मे पहले प्रकाशित की थी।

दूसरा प्रयत्न स्व० मोहनलाल देसाई का है। उन्होने 'जैन गुर्जर कविओ' भाग २-३ के परिशिष्ट मे खरतर गच्छ, तपागच्छ, अचलगच्छ, उपकेशगच्छ, लोंका गच्छ, आगमगच्छ, पूर्णिमागच्छ, पल्लीवाल गच्छ की प्राप्त पट्टावलियो का गुजराती मे सारांश दे दिया है। तपागच्छ और खरतरगच्छ की कई शाखाओ की पट्टावलिया भी दी हैं। इनमे से 'उपकेश गच्छ प्रवन्ध' जो अभी तक मूल रूप मे प्रकाशित भी नही हुआ है, उसका साराश देकर श्री देसाई ने उसे सुलभ वना दिया। वैसे आचार्य श्री वुद्धिसागर सूरि ने भी वहुत वर्ष पहले ऐसा एक प्रयत्न किया था और उनका एक गुजराती ग्रंथ प्रकाशित हुआ था पर उस समय अन्य ऐतिहासिक सामग्री प्रकाश मे नही आ पाई थी। इसलिए देसाई की टिप्पणी आदि का प्रयत्न विशेप रूप से उल्लेखनीय है।

तीसरा महत्त्वपूर्ण प्रयत्न मुनि जिनविजय जी का है। उन्होने 'विविध-गच्छीय पट्टावली सग्रह' प्रथम भाग सिंघी जैन ग्रंथ माला से स० २०१७ मे छपवाया। पर खेद है केवल भूमिका आदि के लिए ही अव तक इसका प्रकाशन रुका हुआ है। इसमे 'गणधर सत्तरी' आदि कई अभी तक की अप्रकाशित रचनायें हैं। उपकेशगच्छ, आगम गच्छ, तपागच्छ, नागपुरी तपागच्छ, वृहद् गच्छ, राजगच्छ, पल्लीवाल गच्छ, अचल

गच्छ, लोका गच्छ, कडुआमति, पूर्णिमागच्छ, और एक छोटी स्थानकवासी पट्टावली भी दी गई है। इनमे से बृहदगच्छ, राजगच्छ, वीरवश पट्टावली, आदि मैंने मुनिजी को भेजी थी। 'जैन साहित्य सशोधक' मे प्रकाशित 'वीरवशावली' भी इस ग्रथ मे सम्मिलित कर ली गई है। इसमे प्राकृत, सस्कृत, राजस्थानी और गुजराती आदि की पट्टावलियो का महत्त्वपूर्ण सग्रह है।

चौथा प्रयत्न जैन इतिहासविद् मुनि कल्याणविजय जी ने किया। उनके 'श्री पट्टावली पराग सग्रह' नामक ग्रन्थ का प्रकाशन जालोर से सं. २०२३ मे हुआ है। इसमे छोटी-बडी ६४ पट्टावलियो का साराश दिया गया है। मुनि कल्याण विजयजी की टिप्पणिया और विवेचन भी उल्लेखनीय हैं। हिन्दी भाषा मे अपने ढग का यह एक ही ग्रथ है। इससे पहले 'वीर निर्वाण सवत' और 'जैनकाल गणना' नामक ग्रन्थ द्वारा मुनि कल्याणविजयजी अच्छी ख्याति प्राप्त कर चुके हैं। 'प्रभावक चरित्र' के पर्यालोचन मे उन्होंने जैनाचार्यों के इतिहास पर अच्छा प्रकाश डाला है। उनके 'श्री पट्टावली पराग सग्रह' नामक ५१७ पृष्ठो के ग्रन्थ मे बृहदगच्छ, तपागच्छ, खरतर गच्छ, पूर्णिमा, साध पूर्णिमा गच्छ, अचल, आगमिक गच्छ, लघु पौशालिक, वृहद पोशालिक, पल्लीवाल गच्छ, उपकेशगच्छ, पार्श्वचन्द्र गच्छ, लोकागच्छ, कटुकमत, वाईस सम्प्रदाय, तेरहपथ की पट्टावलिया हैं।

'पिप्पलकगच्छ की पट्टावली' टिप्पणिया सहित मैंने श्री महावीर जैन विद्यालय के रजत जयन्ती अक मे प्रकाशित की थी। पल्लीवाल गच्छ पट्टावली, इससे पहले 'श्री आत्मानन्द शताब्दी स्मारक ग्रन्थ' मे और कई अन्य पट्टावलिया 'जैन सत्य प्रकाश' आदि मे प्रकाशित की, और कई अप्रकाशित सग्रह करके रखी हुई हैं।

दिगम्बर सम्प्रदाय के कई संघो की पट्टावलियां 'जैन सिद्धांत भास्कर' मे वहुत वर्ष पहले छपी थी। एक पट्टावली मैंने भी प्रकाशित की। उल्लेखनीय ग्रन्थ मे जीवराज जैन ग्रन्थमाला से प्रकाशित 'भट्टारक सम्प्रदाय' नामक ग्रन्थ डा जोहरापुरकर का सं० १९६८ मे प्रकाशित हुआ जिसमे सेनगण, वलात्कारगण की कई शाखाओ और काष्टा सघ के चार गच्छो की पट्टावलिया प्रकाशित हुई हैं। प्रस्तावना मे भट्टारको सम्बन्धी बहुत-सी महत्त्वपूर्ण जानकारी दी है।

प्रस्तुत 'पट्टावली प्रबन्ध सग्रह' नामक ग्रन्थ मे लोकागच्छ की ७ और स्थानकवासी परम्परा की १० इस तरह कुल १७ पट्टावलिया छपी हैं। इनमे से पहली पट्टावली नागोरी लोकागच्छ की आचार्य परम्परा सम्बन्धी रघुनाथ ऋषि रचित संस्कृत मे है। उसके बाद गणि तेजसी कृत 'पद्य पट्टावली' केवल ४ पद्यो

की है। फिर संक्षिप्त पट्टावली, बालापुर पट्टावली, वडौदा पट्टावली, मोटा पक्ष की पट्टावली और लोकागच्छीय पट्टावली है। ये राजस्थानी-गुजराती गद्य मे हैं।

तदनन्तर स्थानकवासी परम्परा की प्रथम पट्टावली कवि विनयचन्द कृत पद्य बद्ध है जिसका अर्थ भी रघुनाथ की सस्कृत पट्टावली की तरह साथ मे ही दे दिया गया है। उसके बाद की सभी पट्टावलिया राजस्थानी-गुजराती गद्य मे हैं। इनमे सबसे वडी मरुधर पट्टावली है। यह पट्टावली सवत् १६५७ मे लिखी हुई है। इसमे मुनि सौभाग्गमलजी ने वास्तव मे वहुत श्रम करके काफी महत्त्वपूर्ण जानकारी दी है। अब तक लोकागच्छ और स्थानकवासी पट्टावलियो का कोई ऐसा सग्रह प्रकाशित नही हुआ था, इसलिए इस ग्रन्थ की पट्टावलियो के सग्राहक उपाध्याय श्री हस्तीमलजी का प्रयत्न बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा।

लोकाशाह, इनकी मान्यताओ एव परम्परा तथा स्थानकवासी सम्प्रदाय की पट्टावलियो के सग्रह का प्रयत्न मै भी करीव ३० वर्ष से करता आ रहा हू। कई छोटी-छोटी पट्टावलिया 'जिनवाणी' नामक पत्रिका मे प्रकाशित भी कर चुका हूं। इस ग्रन्थ मे प्रकाशित छोटी-वडी कई पट्टावलिया मेरे सग्रह मे भी है और कुछ अभी तक अप्रकाशित भी हैं।

पट्टावलियो के अतिरिक्त लोंकागच्छ व स्थानकवासी परम्परा के अनेक आचार्यों, मुनियो, आर्याओ सम्वन्धी कई रास, एव गीत भी मैंने प्रयत्नपूर्वक सगृहीत किये हैं, जिनका इन पट्टावलियो की अपेक्षा भी ऐतिहासिक महत्त्व अधिक है, क्योकि वे सभी रचनायें समकालीन रचित हैं जवकि पट्टावलिया तो श्रुति परम्परा के आधार से पीछे से लिखी गई हैं। इनमे से कइयो मे सो केवल नाम ही मिलते हैं और कुछ मे आचार्यो का विवरण वहुत ही सक्षेप मे मिलता है। ऐतिहासिक रास, गीत, इन पट्टावलियो से बहुत अधिक और नवीन जानकारी देते हैं। इसलिए उनका एक सग्रह सम्पादन करके मैंने ब्यावर प्रकाशनार्थ भेजा है।

—श्री अगरचन्द नाहटा

पट्टावली प्रबन्ध संग्रह

(१)

पट्टावली प्रबन्ध

[प्रस्तुत पट्टावली नागौरी लौंकागच्छीय परम्परा से सम्बन्धित है। इसके रचयिता रघुनाथ ऋषि लद्धराज जी के प्रपौत्र शिष्य थे। इसकी रचना सं० १८९० में पटियाला के पास अवस्थित सुनाम नामक ग्राम में की गई। इसमें भगवान् महावीर के निर्वाण से लेकर सं० १८९० तक की मुख्य घटनाओं और नागौरी लौंकागच्छ की उत्पत्ति से वर्तमान पट्टधर श्री पूज्य लक्ष्मीचन्द्र जी तक का ऐतिहासिक परिचय प्रस्तुत किया गया है। संस्कृत भाषा में निबद्ध यह रचना रचनाकार के प्रौढ भाषा ज्ञान की परिचायिका है। ऋषि शिवचन्द ने सं० १९०७ में मकसूदाबाद के बालूचर नामक गाव में इसे लिपिबद्ध किया।]

नमः श्री सर्वज्ञनाय।

मूल—अर्हदनन्ताचार्योपाध्याय मुनीन्द्र रूप शिष्टाय।
इष्टाय पंच परमेष्ठिनेऽस्तु नित्यं नमस्तस्मै ॥१॥

अर्थ—श्री सर्वज्ञ को नमस्कार हो। अरिहन्त, अन्तरहित सिद्ध आचार्य, उपाध्याय और मुनीन्द्र रूप, शिष्ट एवं इष्ट पंच परमेष्ठि को नित्य नमस्कार हो।

मूल—प्रणिपत्य सत्य मनसा, जिनपं वीरं गिरं गुरुंश्चाऽपि ।
पट्टावली-प्रबन्धो, विलिख्यते, निज गणाज्ञप्त्यै ॥२॥

अर्थ—सत्य मन से, जिनेन्द्र महावीर को, वाणी को और गुरुओं को प्रणाम करके, अपने गण की जानकारी के लिए पट्टावली-प्रबन्ध को लिखता हूं ।

मूल—इह किलावसर्पिण्यां श्री ऋषभाऽजित संभवाऽभिनन्दन—सुमति—पद्म प्रभ—सुपार्श्व—चन्द्रप्रभ—सुविधि—शीतल—श्रेयांस—वासुपूज्य—विमलान्तधर्म—शान्ति—कुंथु—अर—मल्लिमुनि सुव्रत—नमि. नेमि—पार्श्वेषु, सर्वेषु त्रिलोकी दीपकेषु, परिनिर्वृतेषु नन्दन नृप जीवो दशम देवलोकतश्च्युतो द्विजवर ऋषभदत्त गृहिणी देवानन्दोदरेऽवतीर्णः पुत्रत्वेन ।

अर्थ—निश्चय इस अवसर्पिणी काल मे ऋषभ, अजितनाथ, संभवनाथ, अभिनन्दन, सुमतिनाथ, पद्मप्रभ सुपार्श्वनाथ, चन्द्रप्रभ, सुविधिनाथ, शीतलनाथ, श्रेयांसनाथ, वासुपूज्य विमलनाथ, अनन्तनाथ, धर्मनाथ, शान्तिनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ, मल्लिनाथ, मुनिसुव्रत, नमिनाथ, नेमिनाथ और पार्श्वनाथ इन सर्वजन हितकारी त्रिलोक दीपको के बुझ जाने पर, नन्दन राजा का जीव दशवें देवलोक से चवकर, द्विज श्रेष्ठ ऋषभदत्त की पत्नी देवानन्दा के उदर मे पुत्र रूप से उत्पन्न हुआ ।

मूल—तदैव देव राजेन शक्रेणावधि-विज्ञात भगवदवतारेण विधिवद् विहित हितकृत्प्रभुस्तवेन विमृष्टमहोकर्मणां विपाको यच्चरमतनुरपि चतुर्विंशतितमस्तीर्थकृन्महावीर नामा द्विजाति कुलेऽवतारीदित्यादि सकलं यस्य चरित्रं परम पवित्रं सुवाचितमेव ।

अर्थ—उसी समय देवराज इन्द्र ने अवधि ज्ञान से भगवान् का अवतार जान कर और विधि पूर्वक हितकारी प्रभु की प्रार्थना करके सोचा कि अहो ! यह कर्म का परिणाम है कि अन्तिम शरीर धारी भी चौवीसवें तीर्थङ्कर श्री महावीर ब्राह्मण कुल मे अवतरित हुए है । इस तरह जिनका 'परम पवित्र, सम्पूर्ण चरित्र अच्छी तरह पढ़ा जा चुका है ।

मूल—तस्योत्पन्नकेवलस्य भगवतः श्री इन्द्रभूति १ अग्निभूति २ वायुभूति ३ व्यक्त ४ सुधर्म ५ मंडित ६ मौर्य पुत्र ७ अकंपित ८ अचल भ्रातृ ६ मेतार्य १० प्रभासनामानः १ . एकादश गणधरा जाताः ।

अर्थ—उन भगवान् महावीर के केवल ज्ञान उत्पन्न होने के पश्चात् इन्द्रभूति, अग्निभूति, वायुभूति, व्यक्त, सुधर्म, मण्डित पुत्र, मौर्य पुत्र, अकपित, अचल भ्रातृ, मेतार्य और प्रभास नाम के ग्यारह प्रमुख शिष्य गणधर हुए ।

मूल—तेषु प्रथमः श्री इन्द्रभूतिर्गोतम गोत्रीयः गुब्बर ग्राम निवासि द्विजवर वसुभूति सुतः समग्रोत्तमार्थ पृथ्वी पृथ्वी मातृकुक्षि शुक्ति मुक्ता समः, सप्तकरोन्नत तनुः, पद्मगर्भ गौरवर्णः समधीत सकल हृद्यविद्योऽतिम जिन वचनाऽमृत पानानन्तरमेव समुपात्त दीक्षश्चतुर्दश पूर्व रचनाकरण प्रथित वाग्विभवः सकल सकल साधु मंडलाग्रणीः पंचाशदब्दान् गार्हस्थ्य स्थिति भाक्, त्रिंशत् समाश्छद्मस्थावस्थाभृत्, तदनुसमुत्पन्नकेवलज्ञानः प्रति बोधितानेक भव्यजन निकरः श्री वीर निर्वाणाद् द्वादशवर्षैः सिद्धः ।

अर्थ—उनके प्रथम श्री इन्द्रभूति हुए जो गौतम गोत्रीय गुब्बर ग्राम निवासी ब्राह्मण श्रेष्ठ वसुभूति के पुत्र थे । पृथ्वी के समान विशाल हृदया पृथ्वी नामा माता थी। उसकी कोख रूप सीप मे मोती के समान सकल उत्तमार्थयुक्त आपने जन्म लिया । आप सात हाथ की ऊँची देह और कमल पराग की तरह गौर वर्ण वाले थे। इन्होने सभी उत्तम विद्याओ को जानकर अन्तिम तीर्थङ्कर भगवान् के वचनामृत का पान किया और उपदेश से प्रभावित होकर दीक्षा ग्रहण करली। चौदह पूर्व की रचना से जिन्होने अपना श्रुतिबल प्रगट किया वे समस्त साधु मण्डल के अग्रणी थे। पचास वर्षो तक गृहस्थ स्थिति में रहे, दीक्षित हो कर तीस वर्ष की छद्मस्थपर्याय के बाद केवलज्ञान प्राप्त किया और अनेक भव्य जन समूह को प्रतिबोध देकर वीर निर्वाण से बारहवें वर्ष सिद्ध पद के अधिकारी हुए ।

मूल—एवं पूर्ण द्वानवति समायुः प्रथम पट्टोदयाचल भानुः ॥ १ ॥

अर्थ—इस प्रकार सम्पूर्ण बरानवें वर्ष की आयु पाये तथा प्रथम पट्ट रूप उदयाचल के सूर्य की तरह सुशोभित रहे।

मूल—तत्पट्टे पंचमगणभृत् सुधर्मस्वामी श्री वीरात् सिद्धो विंशति-
तमेऽब्दे ॥ २ ॥

अर्थ—उनके पाट पर पचम गणधर श्री सुधर्म स्वामी वीर निर्वाण से बीसवें वर्ष मे सिद्ध हुए। आप भगवान् महावीर के प्रथम पट्टधर हुए, गौतम बड़े होने पर भी केवली होने से पट्टधारी नहीं बने। ऊपर प्रथम पट्ट-धर लिखा है वह शासन की अपेक्षा नहीं, बड़े होने की दृष्टि से समझे।

मूल—तत्पट्टे श्रीजम्बूस्वामी श्रीवीरात् चतुःषष्ठि मितेऽब्दे मुक्तः ।
श्रीवीरे वृद्धे चतुःषष्ठि समायावत् केवलज्ञानमदीपि ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री जम्बूस्वामी हुए। वीर से चौंसठवें वर्ष मे वे मुक्त हुए। वीर निर्वाण के बाद चौंसठ वर्ष तक केवल ज्ञान चमकता रहा।

मूल—अथ श्री जम्बूस्वामिनि मोक्षंगते मनःपर्यवज्ञानं, (१) परमा-
वधिः, (२) पुलाकलब्धिः, (३) आहारकतनुः, (४) उपशम-
श्रेणिः, (५) क्षपकश्रेणिः, (६) जिनकल्पित्वम्, (७) परिहार
विशुद्धिः (८) सूक्ष्म संपरायः (९) यथाख्यात नामकंचेति चारित्र
त्रितयम् (१०) एतेऽर्थाः व्युच्छिन्नाः ॥ ३ ॥

अर्थ—श्री जम्बू स्वामी के मोक्ष जाने के बाद, मन पर्यवज्ञान १ परमावधि २ पुलाकलब्धि ३ आहारकशरीर ४ उपशम श्रेणि ५ क्षपक श्रेणि ६ जिन कल्प ७ परिहार विशुद्धि ८ सूक्ष्म सम्पराय ९ और यथाख्यात नाम के और तीन चारित्र विच्छिन्न हो गये[१]।

मूल—तत्पट्टे श्री प्रभव प्रभुः श्रीवीरात् ७४ तमेऽब्दे स्वर्गगतः ॥४॥

अर्थ—जम्बू के पाट पर श्री प्रभव स्वामी वीर से ७४ वें वर्ष मे स्वर्गगामी हुए।

---

१ टि० दश बोल मे १ केवलज्ञान का उल्लेख है। उसके बदले श्रेणी आरोहण मे दोनो श्रेणियां एक में आ जाती हैं।

मूल—तत्पट्टे श्री शय्यंभवसूरिः श्री वीरात् ६८ तमेऽब्दे देवत्वं प्राप ॥ ५ ॥

अर्थ—प्रभव स्वामी के पाट पर श्री शय्यंभव सूरि वीर से ६८ वें वर्ष में देवत्व को प्राप्त हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री यशोभद्रसूरिः श्री वीरात् शततमे (१००) वर्षे देवत्वं गतः ॥ ६ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री यशोभद्र सूरि श्री वीर से १०० वर्ष बाद देवलोक वासी हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री संभूतिविजय स्वामी श्री वीरात् १४८ तमेऽब्दे स्वर्ययाय ॥ ७ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री संभूतिविजय स्वामी श्री वीर से १४८ वें वर्ष मे स्वर्ग पधारे।

मूल—तत्पट्टे श्री भद्रबाहु स्वामी नियुक्तिकृत् श्री वीरात् १७० तमे वर्षे स्वर्गं गतः।

अर्थ—उनके पाटपर श्री भद्रबाहु स्वामी नियुक्तिकार श्री वीरनिर्वाण से १७० वें वर्ष मे स्वर्गगामी हुए।

मूल—श्री वीरात् २१४ वर्षेऽव्यक्तवादी तृतीयो निह्नवोऽभवत् ॥८॥

अर्थ—श्री वीरसे २१४ वें वर्ष मे अव्यक्तवादी तृतीय निह्नव हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री स्थूलभद्रस्वामी २१५ वर्षे स्वर्जगाम ॥ ६ ॥

अर्थ—भद्रबाहु के पाट पर श्री स्थूलभद्र स्वामी हुए जो वीर निर्वाण से २१५ वें वर्ष मे स्वर्ग गए।

मूल—तत्पट्टे श्री महागिरिर्जिनकल्पाभ्यास कृत् ॥ १० ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री महागिरि जिनकल्प के अभ्यासी हुए।

मूल—श्री वीरात् २२० वर्षे शून्यवादी तुर्यो निह्नवोऽभूत।

अर्थ—श्री वीर से २२० वें वर्ष में शून्यवादी चौथे निह्नव हुए।

मूल—श्री वीरात् २२८ वर्षे क्रियावादी पंचमो निह्नवोऽजनि, एकस्मिन् समये क्रिया द्वयं ये मन्यन्ते ते क्रियावादिनः।

अर्थ—श्री वीर से २२८ वें वर्ष मे पंचम क्रियावादी निह्नव हुए। जो एक समय दो क्रियाओ का होना मानते हैं, वे क्रियावादी हैं।

मूल—अथ श्री महागिरि पट्टे श्रीसुहस्तिसूरिः येन 'संप्रति' नामा नृपः प्रतिबोधितः ॥ ११ ॥

अर्थ—बाद श्री महागिरि के पाट पर श्री सुहस्तिसूरि हुए जिन्होने "संप्रति" नाम के राजा को प्रतिबोध दिया।

मूल—तत्पट्टे श्री सुस्थित सूरिः कोटिकगण स्थापयिता ॥१२॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री सुस्थित सूरि हुए जिन्होंने कोटिक गण की स्थापना की।

मूल—तत्पट्टे श्री इन्द्रदिन्न सूरिः ॥१३॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री इन्द्रदिन्न सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री आर्यदिन्न सूरिः ॥१४॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री आर्यदिन्न सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री सिंहगिरिः ॥१५॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री सिंहगिरि हुए।

मूल—तत्पट्टे दशपूर्वधरः श्री वयरस्वामी यतो वयरी शाखा प्रवृत्ता।

अर्थ—उनके पाट पर दश पूर्व के धारक श्री वयर स्वामी हुए जिनसे 'वयरी' शाखा प्रचलित हुई।

मूल—तत्पट्टे श्री वज्रसेनाचार्यः श्री वीरात् ४७० वर्षे स्वर्गं गतः ॥१७॥ अस्मिन्नेव समये विक्रमादित्यो नृपोऽभूत्, कीदृशः श्री जिन धर्म पालकः पुनः परदुःखापनोदकः पुनः वर्णादिव्यक्तिं सम्यक् विधाय पृथक् २ स्वस्वकुल मर्यादाकारको जातः।

अर्थ—उनके पाट पर श्री वज्रसेनाचार्य श्री वीर से ४७० वर्ष मे स्वर्ग गए। इसी समय विक्रमादित्य नाम का राजा हुआ वह कैसा था—जैन धर्म का पालक, पर दुःखहारक और भली भांति वर्ण व्यवस्था करके सबके लिये अलग २ कुल मर्यादा बनाने वाला हुआ।

मूल—तत्पट्टे श्री आर्यरोह स्वामी ॥१८॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री आर्यरोह स्वामी हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री पुष्यगिरि स्वामी ॥१९॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री पुष्यगिरि स्वामी हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री फल्गुमित्र स्वामी ॥२०॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री फल्गुमित्र स्वामी हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री धरणगिरि स्वामी ॥२१॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री धरणगिरि स्वामी हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री शिवभूति स्वामी ॥२२॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री शिवभूति स्वामी हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री आर्यभद्र स्वामी ॥२३॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री आर्यभद्र स्वामी हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री आर्यनक्षत्र स्वामी ॥२४॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री आर्य नक्षत्र स्वामी हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री आर्यरक्षित स्वामी ॥२५॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री आर्यरक्षित स्वामी हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री नागेन्द्र सूरिः ॥२६॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री नागेन्द्रसूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री देवर्द्धिगणिक्षमाश्रमणाह्वाः सूरिपादाः बभूवुः। ते च कीदृशाः तदाह, गाथया—सुत्तत्थरयण भरिए, खमदम मद्दव गुणेहिं संपन्ने। देवड्ढि खमासमणे, कासव गुत्ते पणिव-यामि। एवं सप्तविंशति पट्टा जाताः ॥२७॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण नाम के आचार्य हुए। वे कैसे थे यह गाथा के द्वारा कहा है—सूत्रार्थ रत्नो से भरपूर क्षमा दम और मार्दवादि गुण वाले काश्यप गोत्री देवर्द्धि क्षमाश्रमण को मैं प्रणाम करता हूं। इस प्रकार सत्ताइस पाट हुए।

मूल—श्री वीरात् ९८० वर्षेषु गतेषु आगमाः पुस्तके लिखितास्त-त्कारणं कथयन् प्रथमं गाथामाह—

वल्लहि पुरंमि नयरे, देवड्ढि पमुहेण समण संघेण ।
पुत्थे आगम लिहिया, नव सय असीयाउवीराउ ॥१॥

एकदा प्रस्तावे देवर्द्धिक्षमाश्रमणैः कफोपशमाय गृहस्थ गृहादेकः शुंठी ग्रन्थिरानीतो याचनया, सचाऽऽहार समये विस्मृति दोषान्न जग्धः । अथ प्रतिक्रमणावसरे प्रतिलेखनायां क्रियमाणायां धरातले स शुंठिग्रन्थिः कर्णात्पतितस्तच्छब्दं श्रुत्वा ज्ञातमहो शुंठी ग्रन्थिर्विस्मृतः, समयानुभावोह्ययम् यन्मतिर्हीना जाताऽधुनाऽऽगमाः कथं मुखे स्थास्यन्तीति विमृश्य वल्लभीपुरे सकलाचार्य समुदायं मेलयित्वाऽऽगमाः पुस्तकारूढ़ाः कृताः । पूर्वं मुख पाठः श्रुत आसीत्--पुनः आचारांगीयं महा प्रज्ञानामकं सप्तममध्ययनं साधूनां पठ्यमानमासीत् । तस्य षोडशाऽप्युद्देशाः किञ्चित् कारणं विज्ञाय देवर्द्धिगणि क्षमा श्रमणैर्न लेखिता अतस्ते विच्छिन्नाः ॥२७॥

अर्थ—श्री वीर से ९८० वर्ष वीत जाने पर आगम पुस्तक रूप मे लिखे गये—उसका कारण वतलाते हुए पहले गाथा कहते हैं—वल्लभीपुर नगर मे देवर्द्धि प्रमुख श्रमण संघ ने वीर निर्वाण से ९८० वर्ष में आगमो का पुस्तक रूप मे लेखन किया। एक समय देवर्द्धि क्षमा श्रमण कफ शान्ति के लिए एक गृहस्थ से सूठ की गंठिया मांग के लाए। वह भोजन के समय विस्मृति दोष से खाना भूल गए। वाद प्रतिक्रमण के समय प्रतिलेखना करते वह गांठ कान से जमीन पर गिर पड़ी। उसका शब्द सुनकर जाना कि अहो हम सूंठ खाना भूल गए। यह समय का प्रभाव है कि बुद्धि कमजोर पड़ गई। इस समय शास्त्र कैसे कंटस्थ रहेगे यह सोचकर वल्लभीपुर मे सकल आचार्य समुदाय को एकत्रित करके आगम को पुस्तकारूढ़ किया। इसके पहले श्रुत मुखाग्र थे। फिर आचारांग का महाप्रज्ञा नाम का सातवाँ अध्ययन जो साधुओ के पढ़ने मे आता था, उसके १६ उद्देश कुछ कारण जानकर देवर्द्धि गणी क्षमा श्रमण ने नहीं लिखे जिससे वे विच्छिन्न हो गए।

मूल—तत्पट्टे श्री चंद्रसूरिः येन संग्रहणी प्रकरणं रचितं समलधार गच्छेऽभूत्, अतोऽग्रे चतस्रः शाखाऽभूवन्-चंद्रशाखा १ नागेन्द्र

शाखा २ निर्वृतिशाखा ३ विद्याधरशाखा चेति ४ ॥२८॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री चन्द्रसूरि हुए जिन्होने प्राकृत भाषा मे संग्रहणी नामा प्रकरण की रचना की। वे मूलधार गच्छ मे हुए थे। इसके आगे चार शाखाएं हुईं, जैसे-चन्द्रशाखा १, नागेन्द्र शाखा २, निर्वृतिशाखा ३ और विद्याधर शाखा ४।

मूल—तत्पट्टे विद्याधर शाखायां श्री समन्तभद्र सूरिर्निग्रन्थ चूड़ामणिरिति यस्य विरुदोऽभूत् ॥२९॥

अर्थ—उनके पाट पर विद्याधर शाखा में श्री समन्तभद्र सूरि हुए जिनको निग्रन्थ चूडामणि विरुद प्राप्त था।

मूल—तत्पट्टे श्री धर्मघोष सूरिः पंचशतयति परिवृतो नानादेशेषु विहरन् क्रमादुज्जयिनी पार्श्ववर्ति धारायांपुरि पुमारवंश सुमणि श्री जगदेव महाराज पुत्र रत्नं श्री सूरदेवेश्वरं नाना प्रत्यय दर्शन पूर्वकं प्रतिबोध्य श्री जैनधर्मे स्थिरीचकार। पुनः सप्त कुव्यसन परिहारं कारितवान् तत एव श्री धर्मघोष गच्छः सर्वत्र विश्रुतो जातः। तदैव च श्री सूरदेव लघु भ्राता सांखल नामा सोऽपि प्रतिबुद्धः त्रिशत्तमोयं पट्टः श्री वीरशासनेऽजनि ॥३०॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री धर्मघोष सूरि हुए जो ५०० यतियो से घिरे हुए अनेक देशो मे विहार करते हुए क्रमश उज्जयिनी के पास धारा नगरी आये और वहां पमारवंश शिरोमणि श्री जगदेव महाराज के पुत्र रत्न श्रीसूरदेवेश्वर को अनेक प्रकार के परिचय दिखलाकर जैन धर्म में प्रतिबोध देकर स्थिर किया। फिर सात कुव्यसन का परित्याग करवाया। तभी से श्री धर्म घोष गच्छ सब जगह प्रसिद्ध हुआ। उसी समय श्री सूरदेव के छोटे भाई साँखल नाम वाला भी प्रतिबुद्ध हुआ। यह तीसवां पट्ट श्री वीर शासन मे हुआ।

मूल—तत्पट्टे श्री जयदेव सूरिः ॥३१॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री जयदेव सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री विक्रमसूरिः दुष्ट कुष्टादि रोग दूरीकरणेनाऽनेकोपकार कृत् ॥३२॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री विक्रम सूरि हुए दुष्ट कुष्टादि रोग को दूर कर जिन ने अनेको लोगो पर उपकार किया।

मूल—तत्पट्टे श्री देवानंद सूरिः, एतस्मिन् गणाधीशे श्री सूरदेवापत्यतः सूरवंशः प्रतीतोजगति जातः। तथैव सांखलावंशोऽपि राज्यं तु म्लेच्छैरपहृतं। ततो धनदसम संपत्या शत्रुंजयादि तीर्थ यात्रा विधानेन संघपति पदं प्रोत्तुंगं यवनाधीश साहिशिरोमणिभिः प्रदत्तं सकल जैन संघेनापि ॥३३॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री देवानन्द सूरि हुए। इनके आचार्य बनने पर श्री सूरदेव के पुत्र से सूर वंश संसार में प्रसिद्ध हुआ। इसी प्रकार सांखला वंश भी। राज्य तो म्लेच्छो ने छीन लिया था। फिर भी धन कुवेर सी विपुल संपदा से शत्रुंजयादि तीर्थों की यात्रा करने के कारण समस्त जैन संघ एवं यवनाधीश शाह शिरोमणि ने भी आपको संघपति का सबसे ऊंचा पद प्रदान किया।

मूल—तत्पट्टे श्री विद्याप्रभु सूरिः ॥३४॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री विद्याप्रभु सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री नरसिंह सूरिः ॥३५॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री नरसिंह सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री समुद्र सूरिः ॥३६॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री समुद्र सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री विवुध प्रभु सूरिः। सर्वेप्येते सूरयो जाग्रत्तर प्रत्यया वभूवुः ॥३७॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री विवुध प्रभु सूरि हुए। ये सभी आचार्य प्रगट प्रभाव वाले थे।

मूल—तत्पट्टे संवत् ११२३ श्री परमानन्द सूरिर्जातः। तस्मिन् गुरौ जाग्रति ११३२ वर्षे सूरवंशः कुतश्चित्कर्म दोषात्तुच्छतां प्राप्तः

परिकरेण । ततो गुरुणाऽऽज्ञप्तं भो यूयं नागोर नगरे वसत, तत्र स्थितानां भवतां महानुदयो भावीति श्रुत्वा सूरवंशजो वामदेव संघपतिः सकलत्र एव नागोर नगरेऽवसितः संवत् १२१० वर्षे । सुखेन तत्रप्रतिवर्षं महती कुल वृद्धिर्जाता। १२२१ वर्षे सूरवंशीय संघपति सतदास गृहे ससाणी नाम्नी कुलदेवी माता जाता। १२२६ वर्षे नागोर पुरादुत्थिता मोरख्याणा नाम ग्रामेऽन्तर्हिता । १२३२ वर्षे ससाणी माता प्रकटिता मोला सूरवंशीयस्य स्वप्ने दर्शनं दत्वा पुत्तलिका प्रकटीभूता, मोलाकेन देवालयः कारितः ॥३८॥

अर्थ—उनके पाट पर संवत् ११२३ मे श्री परमानन्द सूरि हुए। उनके गुरुत्व काल ११३२ वर्ष मे किसी कर्म दोष से सूर वश अपने परिकर के साथ तुच्छ दशा [स्थिति] को प्राप्त हो गया तब गुरु ने आदेश दिया कि तुम सब नागोर नगर में बसो । वहां रहते हुए तुम सबो का बड़ा उदय हाने वाला है। यह सुन कर सवत् १२१० वर्ष मे सूरवंशज सघपति वामदेव अपनी पत्नी के संग नागोर नगर मे रहने लगे। वहा सुख पूर्वक रहते हुए प्रति वर्ष उनको बड़ी कुल वृद्धि होने लगी। १२२१ वर्ष मे सूर वंशीय संघपति सतदास के घर मे ससाणी नाम की कुल देवी माता पैदा हुई। १२२६ वर्ष में नागौर नगर से उठकर मोरख्याणा नाम के ग्राम में वह अन्तर्धान हो गई और १२३२ वर्ष में ससाणी माता पुनः प्रकट हुई तथा सूर वंशीय मोला को स्वप्न मे दर्शन देकर फिर पुतली रूप से प्रकट हुई। इस पर मोला ने देवालय बनवा दिया ।

मूल—तत्पट्टे श्री जयानन्द सूरिः ॥ ३९ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री जयानन्द सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री रविप्रभ सूरिः ॥ ४० ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री रविप्रभ सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे ११८१ श्री उचित सूरिः, ततः श्री धर्मघोषीय गण उचितवाल संज्ञो जातः, तत्प्रतिबोधिता इदानीं ओस्तवाल संज्ञकाः कथ्यंते श्रावक जनाः ॥ ४१ ॥

अर्थ—उनके पाट पर सं० ११८१ मे श्री उचितसूरि हुए। वहीं से धर्मघोषीय गण उचित वाल नाम से कहा जाने लगा। उनसे प्रतिबोध पाये हुए श्रावक जन इस समय ओस्तवाल कहलाते हैं।

मूल—तत्पट्टे सं० १२३५ श्री प्रौढ़सूरिर्येनोवसग्गहरस्तोत्र पाठेनैव श्रद्धालु गृहे प्रवृत्तामारी निवर्तिता ततएव धर्मघोषीया पूढवाल शाखाजाता, पुनस्तत् प्रतिबोधिताः प्राग्वाटकाः कथ्यन्ते।

अर्थ—उनके पाट पर सं० १२३५ श्री प्रौढ़सूरि हुए जिनने "उवसग्गहर" स्तोत्र के पाठ से ही श्रद्धालु श्रावको के घर में उत्पन्न मारी-प्लेग की बीमारी दूर करदी। वही से धर्म घोषीय "पूढवाल" शाखा हुई फिर उनसे प्रतिबोध पाये हुए वे ही पोरवाड़ या प्राग्वाटक कहलाये।

मूल—अथोत्कृष्टतर संपदायां परिवर्द्धमानायां सूरवंशीयाः (सूरं-सूर्य मणन्ति तेजसा गच्छन्ति ते) "सूराणा" इति कथापिता लोके। एतस्मिन् समये तत्पट्टालंकरिष्णुः श्री विमलचन्द्रसूरिरभवत्।

अर्थ—बाद वहुत अधिक सम्पत्ति के वढ़ जाने पर सूरवंश वाले [तेज से सूर याने सूर्य का अनुगमन करने से] लोक मे "सुराणा" कहाये। इस समय उनके पाट को अलंकृत करने वाले श्री विमलचन्द्र सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री नागदत्तसूरिरभूत्ततो धर्मघोषीया नागोरी गच्छ संज्ञाधराः जाताः, तत्प्रसंगश्चायम् श्री विमलचन्द्र सूरेर्नागदत्त १ मांडलचंद २ नेमचंदाह्वास्त्रयोऽन्तेवासिनो बभूवुस्तेषु-नागदत्तः पाटणवासी श्री श्रीमाल ज्ञातीयोऽभूत्, सच सं० १२७८ केनाऽपिकार्येण लवपुरीमगात् पुनस्ततो निवर्तमानो नागोरपुरे समेतः। तत्र श्री विमलचन्द्र सूरेर्मुखाद्धर्मोपदेशमाकर्ण्य संजात वैराग्यः सन् दीक्षांलभौ ॥ १ ॥ अथ मांडलचंद उज्जयिनी निवासी तातेड़ गोत्रीयः सोऽपि कार्यवशेन नागोर पुरे समागतः नागदत्तं दीक्षितं श्रुत्वा स्वयं प्रवव्राज। एवं

द्वावपि उग्रतप साष्टमपारणायामाचाम्लं कुर्वन्तौ श्रुतपारगौ बहु निमित्तज्ञौ जातौ, कियत्कालं श्रीविमलचंद सूरिणा सार्द्धं विहृत्यं उज्जयिनीमागतौ । तत्रस्थितेन नागदत्तेन स्वीय गुरुन् शिथिलाचारान् दृष्ट्वा ४५ साधुभिः सह पृथग् विजह्रे ।

क्रमेण प्रति ग्रामं विहरतानेक 'श्रावक' श्राविकाः प्रतिबोधयता पुनर्नागोरपुरे समेत्य चतुर्मासी चक्रे । बहुधा धर्म ध्यान तपः प्रभृतिकं सत्कर्म्म च । ततोऽन्य गच्छीयाः श्रावकाः स्वीय यतीन् श्रीपूज्यांश्च शिथिलान् वीक्ष्य नागदत्तान्तिके समेत्य धर्म ध्यानं व्याख्यान श्रवणं च कुर्वन्ति एवं नागोरपुरे तिष्ठति पश्चान्मांडलचंदोऽपि एकादशयति परिवृतस्ततो निःसृत्य लवपुरी देशे गतस्तत्र बहवो नवीनाः श्रावका प्रतिबोधितास्तदा धर्मघोषीया मंडेचवाल शाखा जाता सातु सांप्रतं न दृश्यते । इतश्चोज्जयिन्यां श्री विमलचन्द्र सूरयो दिवंगता अन्तसमये नेमचन्द्राय निज पदवी प्रदत्ता । अथच कियत्सु दिनेषु गतेषु एतां प्रवृत्तिमाकर्ण्य श्रावकाः संभूय नागदत्तान्तिके समेताः आगत्य चोक्तं, हे स्वामिन् ! श्री विमलचंद्र सूरयो दिवंगताः नेमचंद्राय पट्टः प्रदत्तः, परन्तु स्वामिन् ! पट्टयोग्यास्तु भवन्त एव सन्ति, ततोऽधुनास्माभिरत्रभवंतः पट्टे स्थापयिष्यन्ते, श्रीपूज्याः करिष्यन्ते इति मिथः समालोच्य सर्वोत्तम मुहूर्त्तं दृष्ट्वा श्री श्रीमाल—सूराणा—तातेड़—गांधीचोरवेदिक प्रमुख सर्वश्रावकैर्नागोर मध्ये सं० १२८५ अक्षय तृतीया दिने श्री नागदत्तेभ्यः पदवी दत्ता श्रीश्री पूज्याः कृताः ।

ततो नागपुरीय गणो निःसृतः प्रसिद्धिं प्राप । तदनु श्रीनागदत्त जितांतपस्याप्रभावाकृष्ट चेता भवनवासी रत्नचूड़ाभिधो

देवः सान्निध्य कृज्जातः । एकदा तद्देव प्रभावान्निज गुरूणां सूरि मंत्र पत्रं नेमचन्द्रसूरि पार्श्वादाकृष्टं स्वपार्श्वे । ततः सूरि मन्त्रभृतो जाताः । अथ श्री नागदत्त सूरयो यत्र गतास्तत्र नागोरी गच्छीयाः कथापिताः । अनेके श्रावकाः प्रति-बोध्य स्वगच्छीयाः कृताः । तदनु बहवो यतयोऽपि नेमचन्द्र-सूरीन् शिथिलान् वीक्ष्य श्री नागदत्त सूरि पादान् सिषेविरे । नागोरी गच्छीय साधवः कथापिताः । ईदृशा महाप्रतापिनो जागरूक भागधेयाः सेढ़िस्ततटस्तंभनक प्रतिष्ठइति स्तोत्र कर्तारः श्री नागदत्त सूरयो जज्ञिरे ॥ ४४ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री नागदत्त सूरि हुए। उनसे धर्म घोषीय नागोरी गच्छ नाम चला । उसका प्रसंग इस तरह है—श्री विमलचन्द्र सूरि को नागदत्त, माडलचंद और नेमचन्द्र नाम के तीन शिष्य हुए । उनमे नागदत्त जो पाटणवासी श्री श्रीमाल जाति के थे । वे सं० १२७८ मे किसी कार्य से लवपुरी गये और वहाँ से लौटकर फिर नागोर आये । वहां पर श्री विमलचन्द्र सूरि के मुह से धर्मोपदेश सुनकर वैराग्य जगा और दीक्षा ग्रहण करली । बाद मांडलचन्द्र उज्जयिनी निवासी जो तातेड़ गोत्रीय था, वह भी कार्यवश नागौर आया और नागदत्त को दीक्षित हुआ सुनकर स्वयं दीक्षित हो गया । इस प्रकार ये दोनो उग्र तपस्या से अष्टम के पारणा मे आचाम्ल करते हुए शास्त्र के पारगामी और बहुत निमित्त के जानकार हो गए । कितने ही समय तक श्री विमलचन्द्र सूरि के साथ वे दोनो विहार करते रहे फिर उज्जयिनी आए । वहां ठहरे हुए नागदत्त ने अपने गुरु को शिथिलाचारी देखकर ४५ साधुओ के साथ पृथक विहार कर दिया ।

क्रमश गांव गांव विहार करते और अनेक श्रावक श्राविकाओ को प्रतिबोध देते हुए उन्होने फिर नागोर नगर मे आकर चतुर्मास किया । बहुत प्रकार के धर्म ध्यान और तपस्या आदि सत्कर्म हुए एवं अपने यति और श्री पूज्यो को शिथिलाचारी देखकर अन्य गच्छ के श्रावक भी नागदत्त के पास आकर धर्म ध्यान और व्याख्यान श्रवण करने लगे । इस प्रकार नागोर मे रहने पर पीछे से माडलचन्द्र भी एगारह साधुओ के साथ वहां से निकल कर लवपुर चले गये और वहां बहुत से नवीन श्रावको को

प्रतिबोध दिया। उस समय धर्मघोषीय मंडेचबाल शाखा प्रगट हुई। अब वह शाखा नहीं दिखाई देती। इधर उज्जैन मे विमलचन्द्र सूरि का स्वर्गवास हो गया। उन्होने अन्त समय मे अपनी आचार्य पदवी नेमचन्द्र को प्रदान कर दी। वाद कितने ही दिन बीतने पर जब श्रावक लोगो ने यह बात सुनी तब इकट्ठे होकर नागदत्त के पास आए और बोले कि हे स्वामी! श्री विमलचन्द्र सूरि का स्वर्गवास हो गया और नेमचन्द्र को उन्होंने अपना पाट दिया है, किन्तु पाट के योग्य तो आप ही हैं। इसलिए अब हम सब आपको उनके पाट पर स्थापित करेंगे और श्रीपूज्य बनाएंगे। इस तरह आपस मे विचारकर सबसे उत्तम मुहूर्त देखकर श्री श्रीमाल, सुराणा, तातेड़, गाधी, और चोरवेटिक (चोरडिया। प्रमुख सभी श्रावको ने नागौर के मध्य सं० १२८५ अक्षय तृतीया के दिन श्री नागदत्त को पदवी प्रदान की और श्री पूज्य वनाया, वहीं से नागपुरी (नागोरी) गण निकला और प्रसिद्ध हुआ। इसके वाद आ० नागदत्त की तपस्या के प्रभाव से आकृष्ट होकर भवनवासी रत्नचूड़ नामका देव उनकी सेवा मे रहने लगा। एक समय उस देव के प्रभाव से अपने गुरु नेमचन्द्र सूरि के पास से मंत्र पत्र को आकर्षित कर प्राप्त किया। तब से आप सूरि मन्त्रधारी हो गए। वाद श्री नागदत्त सूरि जहां गए वहां नागोरी गच्छीय कहलाये। अनेक श्रावको को प्रतिबोध देकर अपने गच्छानुगामी बनाये। इसके पश्चात् बहुत से यति भी नेमचन्द्र सूरि को शिथिल देखकर श्री नागदत्त सूरि के चरण-शरण मे आए और नागोरी गच्छ के साधु कहाए। ऐसे महाप्रतापी, जागरूक भाग वाले "सेढिस्तटस्तम्भनक प्रतिष्ठ" इस स्तोत्र के कर्ता श्री नागदत्त सूरि हुए।४४।

मूल—तत्पट्टे श्री धर्म सूरिः ॥ ४५ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री धर्म सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री रत्नसिंह सूरिः ॥ ४६ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री रत्नसिंह सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री देवेन्द्र सूरिः ॥ ४७ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री देवेन्द्र सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री रत्नप्रभ सूरिः ॥ ४८ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री रत्नप्रभ सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री अमरप्रभ सूरिः ॥ ४९ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री अमरप्रभ सरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री ज्ञानचन्द्र सूरिः ॥ ५० ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री ज्ञानचन्द्र सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री मुनिशेखर सूरिः ॥ ५१ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री मुनिशेखर सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री सागरचन्द्र सूरिस्त्रैवैद्य गोष्ठी ग्रन्थकर्ता यवनराज-सभासुलब्धजयः ॥ ५२ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री सागरचन्द्र सूरि हुए जो "त्रैवैद्य गोष्ठी" ग्रन्थ के कर्ता थे, इन्होने मुसलमान राजा की सभा मे विजयश्री प्राप्त की।

मूल—तत्पट्टे श्री मलयचन्द्र सूरिः ॥ ५३ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री मलयचन्द्र सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्रीविजयचन्द्र सूरि रुपसर्गहरस्तोत्र व्याख्याकृत् ।५४।

अर्थ—उनके पाट पर श्री विजयचन्द्र सूरि "उपसर्ग हर" स्तोत्र की व्याख्या करने वाले हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री यशवंत सूरिः ॥ ५५ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री यशवत सूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री कल्याण सूरिः ॥५६॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री कल्याणसूरि हुए।

मूल—तत्पट्टे श्री शिवचन्द्र सूरिः सं० १५२६ जातः स च शिथिलाचारः एकमालयमाश्रित्य स्थितः साधुव्यवहार रहितः सूत्र सिद्धान्त वाचनामकुर्वन् रास भासादिकं वाचयितुं लग्नः। स चैकदाऽकस्माच्छूल रोगेण मृत्युमाप ॥५७॥

अर्थ—उनके पाट पर स० १५२६ मे श्री शिवचन्द्र सूरि हुए। वे शिथिलाचारी होकर एक ही जगह नियत रूप से रहने लगे। और साधु व्यवहार से रहित, सूत्र सिद्धान्त की वाचना नहीं करते हुए भासा के रास वांचने लगे और एक समय अकस्मात् शूल रोग से उनकी मृत्यु हो गई।

मूल—तस्य देवचंद माणकचंद नामानौ द्वौ शिष्याग्रभूताम् । तयो र्मध्ये देवचंदस्तु व्यसनी विजयाहि (मल) फेनादिकमत्ति शिथिलतरो माहात्मतुल्यो जातः । अथ माणकचंदो यति व्यवहार रक्षकः. श्रद्धालुनां पुरतो व्याख्यान प्रत्याख्या-नादिकं धर्म्म कर्म्म साधयति, श्रावयति च भक्तामरादि स्तवान् । उभयकालं प्रतिक्रमणं करोति । अस्मिन्नवसरे माणकचंद पार्श्वे सूराणा डेडोजी, देवदत्त जी, वीरमजी, रयणु जी, सांडो जी, सोहिल जी, नरदास जी प्रमुखाः, गांधी सदारंगजी, सीचो, जी, गेहोजी प्रमुखाः पुनस्तातेड़ सदोजी, कम्मोजी, नंदोजी प्रमुखाः पुनरवेटिका, नाथोजी, वीजोजी, रूपोजी, खेमो जी प्रमुखाः पुनः श्री श्रीमाल सहसकरण जी, शिवदत्तजी, श्रीकरण जी, प्रमुखा आगच्छन्ति सामायिक प्रतिक्रमणादिकं च कुर्वन्ति । तस्मिन्नवसरे धर्मघोषा सूराणा गच्छीयैः पौषध शालिकैः सूराणा डेडोजी देवदत्त जी प्रमुखान् प्रतिभणितं भवन्तोऽस्मान् शिथिलान् दृष्ट्वा नागोरी गच्छगा जाता, त दिदानीं तु एतेऽपिश्लथाचारा एव जाता, अतो भवन्तोऽ धुनाऽ-स्मत्पौषधशालायामागच्छन्तु । तदा सूराणा प्रमुख श्रावकै-रुक्तम्—सक्रियावतो युष्मान् वीच्याऽस्मद्वृद्धाः नागोरी गच्छीया जाता । अथ को गुणो भवत्सुयमाश्रित्य युष्मासु तिष्ठेम, तदा पुनः पौषध शालिका अकथयन् अस्माभिर्भवद्वृद्धा प्रतिबोध्य उकेशाः कृताः । जगदेव पुमारतोऽखिला प्रवृत्तिः श्रावित पुनरवोचच्च वयं युष्मदीयाः कुल गुरवोऽतोऽस्मभ्यमपि अश-नादिकं दीयतां । तदा सूराणाकैरवाचि अग्रतोऽस्माकमपि-स्थान नामादि लिख्यतांऽस्मतोऽशनादिकमपि गृह्यतां ततः पौषध शालिकैर्विवाह पट्टिकासु नामादि लिखनमकारि । जातस्य

परिणीतस्य च लागमागमुपाददतेस्म। ते एवं प्रकारेण धर्म घोषीय नागोरी गच्छस्य श्री महावीर देवात् ५८ पट्टा अभूवन्।

अर्थ—उनके देवचन्द और माणकचन्द नाम के दो शिष्य थे। उन दोनो मे देवचन्द तो व्यसनी बन भग अफीम आदि खाने लगा, अतिशिथिल होने से महात्मा जैसा हो गया। दूसरा माणकचन्द जो यति व्यवहार का रक्षक था श्रद्धालु भक्तो के आगे व्याख्यान प्रत्याख्यान आदि धर्म कार्य करता और भक्तामर आदि स्तवन सुनाता तथा दोनो समय प्रतिक्रमण करता। इस अवसर पर माणकचन्द के पास सूराणा डेडोजी, देवदत्तजी, वीरमजी, रयणजी, सांडोजी, सोहिल जी, नरदास जी आदि गाधी सदारंग जी, सीवो जी, गेहोजी प्रमुख, तातेड और सद्दो जी, कम्मो जी, नदो जी प्रमुख तथा चौरवेटिक, नाथो जी, बीजो जी, रूपो जी, खेमो जी प्रमुख और श्री श्रीमाल सहसकरण जी, शिवदत्त जी, श्रीकरण जी प्रमुख आते और सामायिक प्रतिक्रमणादि करते। उस समय धर्म घोष सुराणागच्छीय पौषधशालिको ने सूराणा डेडोजी देवदत्त जी प्रमुख लोगो को कहा कि आप हम सबको शिथिल देखकर नागोरी गच्छ मे चले गये थे। किन्तु इस समय तो ये भी शिथिलाचारी बने हुए हैं अत आप अब हमारी पौषध शाला मे आजाओ। तब सूराणा प्रमुख श्रावको ने कहा—क्रियावान् देखकर हमारे पूर्वजो ने नागोरी गच्छ स्वीकार किया था। अब आप मे क्या गुण हैं जिसको लेकर हम आपके गच्छ में रहे। तब फिर पौषध शालिक बोले—हमने आपके वृद्धो को बोध देकर उकेश गच्छी बनाये। जगदेव पमार से लेकर सारी प्रवृत्ति सुनायी और फिर बोले—हम तुम्हारे कुल गुरु हैं अत हम सबको भी आहार आदि प्रदान करो। तब सूराणा बोले—आगे से हमारे भी नाम तथा पता लिखो और हमारे यहाँ से भोजनादि भी ले जाओ। तब से पौषध शालिक विवाह पट्टिकाओ मे नाम आदि लिखने लगे और जन्म और विवाह की लाग भी लेने लगे। इस तरह धर्म घोषीय नागोरी गच्छ का श्री महावीर देव से ये ५८ पट्ट हुये।

मूल—अथैकोनषष्टितमे पट्टे श्री श्रीमाल गोत्रीयाः श्री हीरागर सूरयोऽभवन्। पितृनाम मालाजी माणिक्यदेजी जननी, नौलाई ग्रामे जन्म।

अर्थ—५९ वें पाट पर श्री श्रीमाल गोत्रीय श्री हीरागर सूरि हुए। इनके पिता का नाम मालो जी और माता का नाम माणिक्यदेजी था, नौलाई ग्राम मे इनका जन्म हुआ।

मूल—षष्ठितमे पट्टे सूराणा गोत्रीयाः श्री रूपचन्द्राचार्या जाताः। पिता रयणुजी, माता शिवादे, नागोर नगरे जन्म।

अर्थ—साठवें पाट पर सूराणा गोत्रीय श्री रूपचन्द्र आचार्य हुए। इनके पिता का नाम रयणुजी तथा माता का नाम शिवादे था। नागोर नगर मे इनका जन्म हुआ था।

मूल-अथ श्रीहीरागरजी रूपचंद्रयोः कथा लिख्यते-ऋद्धस्तिमित समृद्धं नागोर नाम नगरं तत्र साहि शिरोमणिमुंगलान्वयः फीरोजखान नामा राज्यं करोति। तत्र नगरे बहवः साधुकारा जनाः धनिनो वसन्ति। तेषु शिरोमणिः सूराणा देवदत्तजीकोऽस्ति, तदीयो वृद्ध भ्राता डेडोजीकोस्ति, देवदत्तजीकस्य देल्हणजी १ कमादेजी चेति भार्याद्वयम् आद्यायास्त्रयः पुत्राः रयणुंजी १ सांडोजी २ सोहिलजी ३ नामानो जाताः। एते त्रयोऽपि सुधर्माणः शत्रुंजयस्य संघः पृथक् २ त्रिभिर्निष्कासितः तेन ते त्रयोऽपि भ्रातरः संघपतयः कथापिताः। द्वितीयस्या भार्यायाः सहस्स मल्लाख्यः पुत्रोऽभूत् अथ रयणुजीकस्य भांडराज १ हरचंद २ रूपचंद ३ कम्मो ४ पंचायण ५ नामकं पुत्र पञ्चकमजनि, पंचाप्येते सहोदरा महान्तो बहुप्रदा नगरेऽग्रेसरा अभूवन्। सांडैजीकस्य नाथू १ नापो २ नंदो ३ नान्हो ४ नामानश्चत्वारः सुताबभूवुः। सोहिलकस्य पुत्राभावेन रयणुंजी पार्श्वाद् रूपचन्द्रोंके गृहीतः। पश्चात् कियद्दिनेषुगतेषु रूपचन्द्रस्य पुण्यातिशयात्सोहिलजीकस्य खेतसी नामांगजोऽजनि। सहस्स मल्लस्यांके पंचायणको दत्तः। डेडोजीकस्य साहवीरम् १

श्री करणाऽख्यौ द्वौ सुतावभूताम् । साहवीरमकस्य पुत्रो नरदासोऽभूत्तस्य नागोजी नामासुतोऽजनि ।

अर्थ—अब श्री हीरागरजी और रूपचन्दजी की कथा लिखते हैं—धनधान्य से परिपूर्ण नागोर नाम का नगर है। वहा पर शाह शिरोमणि मुगलवंशीय फीरोजखान नाम का राजा राज्य करता था। उस नगर में बहुत से धनी साधुकार-साहुकार लोग वास करते थे। उनमे सुराणा शिरोमणि देवदत्तजी एवं उनके बड़े भाई डेडोजी भी थे। देवदत्तजी को देल्हजी एव कमादेजी नामकी दो स्त्रियां थीं। पहली देल्हजी को रयणजी, सांडोजी, और सोहिलजी नाम के तीन पुत्र हुए। तीनो ही धर्मात्मा तथा शत्रुंजय का अलग २ संघ निकालने के कारण सघपति के रूप मे प्रसिद्ध हुए। द्वितीय स्त्री के सहस्समलल नाम का पुत्र हुआ। फिर रयणजी के भांडराज १, हरचंद २, रूपचंद ३, कम्मो ४, एवं पचायण ५ नाम के पांच पुत्र हुए। ये पांचो सहोदर बड़े और दानी होने से नगर मे अग्रणी थे। सांडैजी को नाथू १, नापो २, नंदो ३ और नल्हो नाम के चार पुत्र हुए। सोहिलक ने पुत्र के अभाव मे रयणजी के पास से रूपचद्र को गोद लिया। बाद कितने हो दिन बीतने पर रूपचन्द्र के पुण्य प्रभाव से सोहिलजी को खेतसी नाम का पुत्र हुआ। उधर सहस्स मल के गोद मे पंचायण को लिया। डेडैजी को साहवीरम और श्री करण नाम के दो पुत्र हुए। साहवीरम को नरदास नाम का पुत्र हुआ, उसको नगोजी नाम का पुत्र हुआ।

मूल—अथ सं० १५४५ राव बीकाजीकेन योधपुरान्निर्गत्य पितृव्य कांधलजी कृत साहाय्येन बीकानेर पुरं स्थापितम् । सं० १५५६ माघ शुक्ल पचम्यां रयणजी साहो बीकानेर पुरे समेत्य राज्ञः पार्श्वे गृहाणां भूमि-गृहीतवान् । तत्राप्यद्र्वासः स्थापितः । अथ सं० १५६२ श्री चतुष्पथी मंदिरं 'वत्सापत्यैः' पंचजनैस्सह संभूय कारितम् प्रतिष्ठादिवसे सं० १३८० वर्षे नवलखा(खा)रासल पुत्रराजपालात्मज साह नेमचंद वीरमदुसाह देवचन्द कान्हड़ादिभिः प्रतिष्ठापिता, मूलनायक प्रतिमा मंडोवराद् वत्सापत्यैरानीता सतीसम्यक् स्थापिता, सर्वैरेकत्र मिलि-

तैराषाढ़ शुक्ल नवम्यां राव श्री वीकाजी राज्ये पश्चात्तदेव मंदिरं सर्व पंचजनानामंके धृतम्। सं० १५७१ चतुष्पथीय मंदिरस्य परितो दुर्गं कारितं वत्सापत्यैः। अथैकदा कार्तिक्याः पूजायां विधीयमानायां रयणुंसाहेनाभाणि अद्यवयमादौ पूजांविधास्यामः तदा वत्सापत्यैरुक्तं भो साहजिदः अस्मत् कारितं मंदिरमस्ति, पुनर्मंडोवरादस्मत-आनीता मूल प्रतिमाऽस्ति, ततोऽद्यमहतीमर्चां वयं करिष्यामः। यूयं श्वः कर्तास्थेति भणिते-ऽन्योन्यं विवादो जातः। तदा वत्सापत्यैः साहंकारंवचोभाषितं भोः साहजित् इयद् बलं तु नवीनं मंदिरं विधाप्यकर्तुमुचितम्। ततो रयणुंसाहो मंदिरान्निःसृत्य निज भवने मनस्युद्विग्नः सन् विमृशति नव्यं मंदिरं कारायणांविना महत्वं न तिष्ठति। द्रव्यस्य तु गणना नास्ति मम, परंतु तत्कारित मंदिरोपरि स्वीयत्वं नधार्यं इति विमृश्य चतुष्पथीय मंदिरे गमनं त्यक्तम्।

अर्थ—बाद सं० १५४५ मे राव वीकाजी ने जोधपुर से निकल कर चाचा कांधलजो की सहायता से बीकानेर नगर की स्थापना की। सं० १५५६ माघ शुक्ल पचमी में रयणु जी साह बोकानेर मे आकर राजा के पास घर बनाने को जमीन प्राप्त की। वहां आकार रहना भी आरभ कर दिया। बाद सं० ६१५२ मे चतुष्पथ चौक का मन्दिर वछावतोने पचो के साथ मिलकर बनाया प्रतिष्ठा के दिन नवलखा रासल पुत्र राजपाल के आत्मज साह नेमचंद और वीरमदु-साह देवचन्द कान्हड़ आदि द्वरा प्रतिष्ठित १३८० की मूलनायक की प्रतिमा बछावतो ने मडोर से लाकर विधिपूर्वक स्थापित की। एक जगह मिलकर सभी ने आषाढ़ शुक्ल नवमी को राव श्री वीका जी के राज्य मे फिर वही मन्दिर सभी पंचजनो के अधीन कर दिया। और सं० १५७१ मे चतुष्पथ मन्दिर के चारो ओर वछावतो ने एक कोट बना दिया। फिर किसी समय कार्तिक की पूजा के समय रयणुंजी ने कहा—आज हम पहले पूजा करेंगे, तब वछावत बोले—ओ साहजी! मन्दिर हमने बनवाया है और मडोर से मूल प्रतिमा भी हम ही लाये हैं अत आज वड़ी पूजा तो हम करेंगे। तुम सब कल करना यह कहने पर परस्पर विवाद हो

गया। तब बछावतो ने अहंकार पूर्वक कहा साहजी ! इतना बल तो नवीन मन्दिर बनाकर करना उचित है। इस पर से रयणजी साह मन्दिर से बाहर निकल गये और अपने भवन मे उद्विग्न मन से सोचने लगे कि नवीन मन्दिर बनवाए बिना महत्व नहीं रहेगा। मेरे पास द्रव्य की तो कोई गिनती नही है परन्तु उनके बनवाए मन्दिर पर अपना अधिकार नहीं रखना चाहिए यह सोचकर चतुष्पथ वाले मन्दिर में जाना छोड़ दिया।

मूल—पश्चादनेके मेलका आगताः परन्तु रयणुंजी साहो न गतः। क्रियद्दिनानंतरं नागोर पुरे गत्वा भ्रातृ–भ्रातृजैः सह स्वीय-वार्त-कथन पूर्वकं, नव्य मदिरकरण-प्रतिज्ञा स्थापिता। सुखेन तत्र तिष्ठतोरयणुं साहस्य राव श्री लूणकरणानां प्रसाद-पत्राणि समेतानि। तानि वाचं २ रयणुं साहो भांडैजीकमैजीकाभ्यां विमर्श कृतवान् सकलत्रवर्गो बीकानेर पुरे समागतो नगोजी-कोऽपि। रूपचन्दस्तु स्त्रियं विनैवा-गतस्तत्र राजांतिके रुक्म पंचशती प्राभृती कृता। राज्ञा महान् सन्मानः कृतः कथितं च यूयं महीयांसो वरीयांसः साधुकाराः स्थ। अतः सुखेन वाणि-ज्यादिकं कुरुथ। यच्चास्मकार्यं राजोचितंवाच्यं वाच्यमेवं श्री महाराजेन सहर्षमुदिते सद् वस्त्रादिभिः सत्कृताः सर्वेऽपि।

अर्थ - पीछे अनेको मेले आए परन्तु रयणजी शाह नहीं गए। कुछ दिनो के बाद नागोर नगर मे जाकर उन्होने भाई और भतीजो के साथ परामर्श से अपनी बात कहकर नये मन्दिर बनाने की प्रतिज्ञा रखी। सुख से वहाँ रहते हुए रयण साह को राव श्री लूणकरण आदि के प्रेम पत्र प्राप्त हुए। उनको बांच बाच कर रयण साहने भांडैजो से विचारकिया और स्त्री वर्ग सहित बीकानेर चले आए। नगोजी भी आगए। रूपचन्द्र बिना स्त्री के ही आए। और वहां राजा के पास ५०० मुहरें भेंट की। राजा ने भी बड़ा सम्मान किया और कहा कि तुम सब बड़े अच्छे साहुकार हो अतः सुख से यहाँ व्यापारादि करो और हमारे योग्य कोई कार्य हो तो बोलना इस प्रकार महाराज के सहर्ष कहने पर सबका उत्तम वस्त्रो से सत्कार किया गया।

मूल—एवं तिष्ठतां तेषां आषाढ़ चातुर्मासी पर्व समागतं। तदानी रूप-

चन्द्रादिभिः सदलङ्कारभूषितैर्देव-सदनं गंतुकामैः रयणु साहः पृष्टः सन् इति व्याहृतवान् भोः! श्रूयतामस्माकं तु वत्सापत्यैः सार्द्धं विवादो जातोऽस्ति, नवीन मंदिरं कारयित्वैव जिन-मंदिरे गमनं युक्तमन्यथा नहि, इत्याकर्ण्य रूपचन्द कामोजी-काभ्यामुक्तं कृतं प्रसाधनं नोत्तारयामोऽधुना एतेनैव प्रति-कर्मणा राज्यद्वारतो मन्दिरभूमिं गृह्णीमस्तदा वरं इत्या-मृश्य प्रधानमेकं शिरोभूषणं रजतैकसहस्रं च लात्वा राज्य-द्वारे राज्ञः प्राभृतीकृतम्, तदा राज्ञा श्री लूणकरणेनाज्ञप्तं भोः कथ्यतामित्युक्ते रयणु साहेन विज्ञप्तं महाराज! वयं नवीनं श्री जैनमन्दिरं कारयिष्यामस्ततो मन्दिरोचिता भूमिः प्रदीयताम्। तदा राज्ञाऽभाणि नगरे सति-भूमिर्भवदीया यथेच्छं गृह्यतामस्मच्छासनमस्ति। ततो रयणु साहेन मनोऽभिमता भूरुपात्ता।

अर्थ—इस प्रकार वहां रहते हुए उनको आषाढ़ चातुर्मासी का पर्व आ गया। उस समय रूपचन्द्र आदि ने अच्छे अलङ्कारो से भूषित होकर मन्दिर जाने की इच्छा से रयणु साह को पूछा तो उन्होने कहा कि हमको वच्छावतो से विवाद हुआ है। अतः नवीन मन्दिर बनवाकर ही जिन मन्दिर मे जाना ठीक होगा, अन्यथा नहीं। यह सुनकर रूपचन्द और कासोजी ने कहा—किया हुआ प्रसाधन अब नहीं उतारें, अभी इसी वेशभूषा मे राज-द्वार से मन्दिर की भूमि प्राप्त करें तो ठीक रहेगा, ऐसा सोचकर प्रधान शिरोभूषण और हजार रुपये लेकर राजा के यहा गये और भेंट की। तब राजा लूणकरण ने आज्ञा दी कहो—सेठ क्या है? इस पर रयणु साह ने निवेदन किया कि महाराज! हम सब नवीन जैन मन्दिर बनाना चाहते हैं—इसलिए मन्दिर के योग्य भूमि दीजिये। तब राजा बोला—नगर मे तुम्हारी जमीन है, जहां चाहो ले लो—हमारी आज्ञा है। तब रयणु साह ने इच्छानुसार अच्छी जमीन ले ली।

मूल—सं० १५७८ विजयदशम्या दिवसे श्रीवीरवर्द्धमान स्वामिनो मन्दिरस्य पादोधृतः। ततः परं शैघ्र्याद् रूपचन्द, कमोजी,

नगोजीका मन्दिरकार्यं कारयन्ति, रजतानां पंचविंशति-
सहस्राणि रयणुंसाहेन पृथगेव रक्षितानि सन्ति, अस्मिन्न-
वसरे सोहिलात्मजस्य रूपचन्द——भ्रातुः खेतसीकस्योद्वाहो
नागोर पुरे मंडितोऽस्ति तदुपरि रयणुंजी-रूपचन्दजी-कमोजी-
का अहिपुरं गताः । भांडोजी—नगोजीकौ बीकानेरे स्थितौ ।
रयणुंजीकेन नागोरपुरं गच्छता रूपचन्दजीकस्य कथनेन
मन्दिरकार्यसमर्पणा नगोजीकस्य कृता, रजतानां पंचदश
सहस्राणि दत्तानि कथितं च मन्दिरकार्यं शीघ्रतया कार्यम् ।

अर्थ—सं० १५७८ विजया दशमी के दिन श्री वर्द्धमान स्वामी के मन्दिर की नींव डाली गई । बहुत शीघ्रता से रूपचन्द, कमोजी और नगोजी मन्दिर का कार्य कराने लगे । चांदी के पचीस हजार रुपये रयणुं साहाने इसके लिए अलग ही रखे थे । इस अवसर पर सोहिल के पुत्र श्रीरूपचन्द के भाई खेतसी का नागोर नगर में विवाह होने वाला था । उसमे रयणुंजी, रूपचन्दजी और कमोजी नागोर गए । भांडोजी और नगोजी बीकानेर मे ठहरे । रयणुंजी ने नागोर जाते रूपचन्दजी के कहने पर मन्दिर का कार्य नगोजी को समर्पित किया और १५००० हजार रुपये भी दिए और कहा कि मन्दिर का कार्य शीघ्रता से किया जाय ।

मूल—अथ नगोजीकः श्री मन्दिर कृत्यं कारयति तस्मिन् समये कोड-
भदेसर निवासी सोनो नाम वैद्यो निःस्वोऽस्ति तेनाऽऽगत्य
नगोजीकं प्रति लपितं, एतत्कार्यं मम समर्प्यताम्, इत्युक्ते
स्थानीयोऽयमिति मत्वा मन्दिरकृत्यं तद्धस्तेन कारितम् ।
तावता रजतानां पंचदश सहस्राणि व्ययीभूतानि, तदा सोना-
केनोक्तं पुनारजतानि प्रदीयताम् । तदा नगोजीकेनाभाणि,
सांप्रतं कार्यं शैथिल्यं विधीयतां, समयान्तरेण पुनः करिष्यते ।

अर्थ—श्री नगोजी मंदिर का कार्य करवा रहे थे उस समय कोड भदेसर निवासी सोनो नाम का वैद्य जो साधारण स्थिति का था, नगोजी से आकर बोला—यह कार्य मुझे संभलाइये । उसके ऐसा कहने पर नगोजीने स्थानीय समझ कर मंदिर का काम उसके हाथ मे कर दिया । उतने मे १५ हजार

रुपये खर्च होगए तो सोना ने कहा और रुपये दीजिये । तब नगोजीने कहा कि अभी काम बन्द कर दो, बाद फिर करेंगे ।

मूल—अस्मिन्नवसरे यद् वृत्त तल्लिपिक्रियते, नगरलोकेषु प्रशस्यः श्रावक शिरोरत्नं धनी सुकृती गांधी गोत्रीयः सदारंगजी सींचोजीकश्च वर्तते । तयोर्मध्ये सींचोजीको महान् धर्म मर्मज्ञः शास्त्रार्थज्ञोऽस्ति, सींचोजी—पार्श्वे रूपचंद्रस्य महती स्थितिः उभौ धर्मगोष्ठीं कुरुतः, परं सिद्धान्त—पुस्तकानाम-लाभात् साधु श्रावक धर्म भेदं न जानीतः । सिद्धान्त श्रवणोत्कं मनो विशेषादेतयोः सदैवास्ते । इतश्च कैश्चित्पौषधशालिकैः सिद्धान्त पुस्तकानि भूमिगृह—मध्यस्थानि गलितानि ज्ञात्वा जालोर—निगम—निवासी लुकाह्व लेखकमाहूय रहः संस्थाप्य पुस्तक लिखनं कारितम् ।

अर्थ—इस समय जो बात हुई उसे लिपिबद्ध किया जाता है । नगर के लोगो मे प्रशस्त, श्रावक शिरोभूषण धनी और सुयशवाले गाधी गोत्रीय सदारंगजी एवं सीचोजी रहते थे । उन दोनो मे सींचोजी बड़े धर्मज्ञ और शास्त्र तथा उसके अर्थ के जानकार थे । सींचोजी के पास रूपचन्द्रजी बहुत ठहरते और दोनो धर्म-गोष्ठी करते रहते किन्तु सिद्धान्त ग्रन्थो के नहीं मिलने से साधु व श्रावक के धर्मभेद को नही जानते । विशेष रूप मे इन दोनो का मन सदा सिद्धान्त सुनने को उत्कठित रहता । इधर किसी पौषधशालिको ने भूमिघर मे स्थित सिद्धान्त ग्रन्थो को गलता हुआ जानकर जालोर निवासी लुका नाम के लेखक को बुलाकर उसे एकान्त मे रखकर पुस्तक लेखन करवाया ।

मूल—अथ पुस्तक लिखनं कुर्वता लुंकासाहेन साधोराचारं दृष्ट्वाऽर्थ विचारं मनसिकृत्वा सहर्षभरं विमृष्टं धन्यं श्री जैनशासनं, धन्याः साधवो ये ईदृग्गुणैर्विराजमाना भवन्ति तच्चरण रज सैव पापानि विलयंयान्ति, इत्यामृश्यान्यपत्राणि कृत्वा यतिभ्यः प्रच्छन्नं स्वस्मै सिद्धान्तान् लिखति लेखकः सः । एवं कुर्वता

सर्व-ग्रन्थाः लिखित्वा गुरुभ्यो विसृष्टाः स्वस्यापि पार्श्वे रक्षिताश्च ।

अर्थ—फिर पुस्तक लिखते हुए लुंकाशाह ने साधुओ का आचार देखकर और मन मे अर्थ का विचार कर हर्षित मन से विचारा कि जैन शासन धन्य है और धन्य हैं इसके साधु जो इस प्रकार के गुणो से विराज मान हैं, उनके चरणरज से ही पाप नष्ट हो जाते हैं ऐसा सोच कर दूसरे पत्र लिखकर यतिओ से प्रच्छन्न रूप मे लेखक अपने लिए भी सिद्धान्त लिखते । इस तरह करते हुए सभी ग्रन्थो को लिखकर गुरु को दे दिये और अपने पास भी रख लिये ।

मूल—अथ गुरुतो गृहगमनाज्ञा प्रार्थिता तस्मिन्नवसरे रूपचंदजी-केन प्रवृत्तिरियं प्राप्ता लुंकासाहं प्रति-उक्तं दर्शयतांनः सिद्धान्तान् लिखित्वाऽपि च दीयताम् । तदा लुंकासाहेनावादि अत्र तु लिखने यतयो विगृह्णन्ति, गृहे गत्वाऽखिल—राद्धान्तान् लिखित्वा वः प्रेषयिष्यामीत्युक्ते रूपचंदजीकेन व्याहृतं वचो दीयतां, तदा लुंकासाहोऽवदत् यूयमपि वचोदत्थ, तदारूप-चन्द्रेणाभाणि वयं कीदृग्वचो दद्मः ततो लुंकासाहोऽवदत् अहं जाने भवद्वेश्मनि ईदृशी संपदस्ति, एतद्वोवयः सुन्दरं विद्यते पुन-र्भवतां धर्मे परिणामातिरेकं वीक्ष्य जानामि भवन्तः सत्क्रियोद्धारं करिष्यन्ति, तन्ममापि नाम चेद्रक्ष्यं भवेत्तदाहं सिद्धान्तान् लिखित्वा प्रदद्याम्, इत्युदीरिते रूपचंदजीकोऽवोचत्, मम वचोऽस्ति अस्माभिश्चेत् क्रियोद्धारः कृतस्तदाऽयं नागोरी गच्छीयाः स्म एव भवतामस्माकं चेत्युभयेषां नाम रक्षिष्यामः ।

अर्थ—कार्य समाप्त होने पर शाहजी ने गुरुजी से घर जाने की आज्ञा मांगी । उस समय रूपचंदजी को लुंकाशाह की इस प्रवृत्ति का पता चल गया था, उन्होंने लुंकाशाह को आकर कहा — हमको सिद्धान्त दिखाओ और लिखकर भी दो । इस पर लुंकाशाह वोले कि यहां तो लिखने मे यति लड़ते हैं । घर जाकर निश्चय सभी सिद्धान्तो को लिखकर आपको भेज दूंगा । उसके ऐसा कहने पर रूपचंदजी ने कहा कि वचन दो, तव लूंकाशाह वोला कि आप भी वचन दो । इस पर

रूपचन्दजी ने कहा कि हम किस तरह का वचन दें। तब लुंकाशाह बोला— मै जानता हूं कि आपके घर मे इतनी अधिक सम्पत्ति है और आपकी यह उम्र भी सुन्दर है फिर भी धर्म मे आपकी परिणति देखकर जानता हूं कि आप क्रियोद्धार करेंगे। अत मेरा नाम भी अगर उसमे रहे तो मै सिद्धान्त लिख कर दू। उसके ऐसा कहने पर रूपचन्दजी बोले मेरा वचन है, हम यदि क्रियोद्धार करेंगे तो नागोरी लोकागच्छी होकर ही तुम्हारा और अपना दोनो का नाम रक्खेंगे।

मूल—अथ लुंकासाहेन जालोर पुरात् सर्वागम कदम्बकं रूपचंद्रेभ्यः प्रहितम्। अन्य देशेऽपि योग्य गृहिणो वीक्ष्य दत्तम्। अथ रूपचंद्रजीकः सींचोजी पार्श्वे सिद्धान्तान् शृणोत्यधीते च. एकदा सींचोजीकेन रूपचंदजीकं प्रति कथितं भवन्तश्चेत् क्रियोद्धारं कुर्युस्तदा जगति महन्नाम स्यात्। पुनः धर्मस्य महिमा महान् भवति। भवदीयां गिरमाकर्ण्य वहवो जीवाः प्रतिवुध्यन्ते। चतुर्विध श्रीसंघस्थापना च जायते। तदा रूपचंद्रजीकेनोदितं स्त्रियं प्रतिबोध्य पित्रोराज्ञां च लात्वा दीक्षां कक्षीकरिष्येऽहं। पुनर्यावद्दीक्षाज्ञां न प्राप्नुयां तावत्-शुद्ध श्रावक धर्मं पालयिष्या-मिइत्युदीर्य्य गृहं गताः सर्वे।

अर्थ—बाद लुंकाशाह ने जालोर नगर से सभी आगम लिखकर रूपचन्द्रजी के पास भेज दिये। अन्य देशो मे भी योग्य व्यक्ति को देखकर शास्त्र दिये। रूपचन्द्रजी सींचोजी के पास सिद्धान्तो को सुनने और पढ़ने लगे। एक समय सींचोजी ने रूपचन्द्रजी से कहा कि आप यदि क्रियोद्धार करें तो ससार मे बहुत नाम होगा। फिर धर्म की बड़ी महिमा होगी, आपकी वाणी सुनकर बहुत से जीव प्रतिबोध पाएगे। चतुर्विध श्री संघ की स्थापना भी होगी। इस पर रूपचंद्रजी बोले—स्त्री को प्रतिबोध करके तथा माता पिता की आज्ञा लेकर मै दीक्षा लूंगा। जब तक दीक्षा की आज्ञा नहीं प्राप्त करलूं तब तक शुद्ध श्रावक धर्म का पालन करूंगा। ऐसा कहकर सब घर चले गए।

मूल—अथ तत्क्षणकृत—सरस भोजन-नानावल्लीदल चर्वणं सरसा

मोद लेपन गुलाब जलेन स्नान (केसर) कश्मीर जन्मादि तिलक करणादीनि सर्वाणि त्यक्तानि रूपचंदजीकेन विरक्तात्मना (विरक्त कामेन) । एवं सति हीरागरजीवेनेयं वार्ता श्रुता विमृष्टं च धन्यः सूराणा गोत्रीयः श्री रूपचंद्रोऽस्यामवस्थायां परामीदृशीं ऋद्धिं त्यक्त्वा दीक्षामंगीकरिष्यति ततो वयमपि लास्यामो व्रतम्, एवं ज्ञात्वा रूपचंद्रान्तिके समेता हीरागरः श्री श्रीमालान्वयः । अथ रूपचंदजीकस्य द्वितीये सहाये मिलिते दीक्षाभिलाषो महानेव जातः ।

अर्थ--बाद उसी समय रूपचद्रजी ने सरस भोजन, नागर वेल के पत्तो का चर्वण, सरस आमोददायक लेपन, और गुलाब जल से स्नान, केशरादि कश्मीरोत्पन्न वस्तुओ का तिलक आदि विरक्तमन से सब कुछ छोड़ दिया । इस स्थिति मे जब हीरागरजी ने यह बात सुनी तो सोचा कि सूराणा गोत्रीय रूपचंद्र धन्य है कि इस उम्र मे इतनी बड़ी सम्पत्ति छोड़कर दीक्षा लेगा । तो मै भी व्रत ग्रहण करू ऐसा जानकर (सोचकर) वह श्रीमाल गोत्रीय हीरागरजी भी रूपचंद्रजी के पास आये । जब रूपचंद्रजी को दूसरा सहायक मिला तब उनकी दीक्षा की अभिलाषा और भी बढ़ गई ।

मूल—अथैकदा रूपचंदजीको गृहे पित्रादिपरिवार मध्ये स्थितः सरस सिद्धान्त व्याख्यानं कुर्वन्नाह (श्लोकः)--

यो दीक्षानुमतिं दत्ते, संसारे नास्ति तत्समः ।
निषेधयति दीक्षां यो, धीहीनोपि न तत्समः ॥१॥

एवमुक्ते रयणुजीकः प्राह दीक्षा निवारणं न कार्यमितिमे नियमः- भ्राता वा पुत्रो वा नारी वा यः कश्चिद् भाग्यवान् गृहारंभ समारंभादिकं त्यक्त्वा प्रव्रज्यामादत्ते स सुकृती, तस्मिन्नवसरे सोहिल साहे स्वर्गते रूपचन्द्रेण विमृष्टमधुना गृहे स्थातव्यं नहि, पितृष्वसुः समीपे गत्वा कृतांजलिना दीक्षानुमतिरर्थिता ।

अर्थ—फिर एक समय रूपचंद्रजी घर मे पिता आदि परिवार के बीच बैठे हुए सरस सिद्धान्तो का व्याख्यान करते हुए बोले "जो दीक्षा ग्रहण

में अनुमति देता है, ससार मे उसके समान दूसरा नहीं और जो दीक्षा का निषेध करता है उसके समान हीन बुद्धि भी कोई दूसरा नही। उनके ऐसा कहने पर रयणु जी बोले—दीक्षा नहीं रोकने का मेरा नियम है। भाई हो या पुत्र अथवा स्त्री जो कोई भाग्यवान् घर के आरम्भ समारम्भ को छोड़कर दीक्षा अंगीकार करता है वह पुण्यात्मा है। उस समय सोहिल साह स्वर्गवासी हो गए थे। तब रूपचंद्र ने सोचा कि अब घर मे नही रहना चाहिये अत. भूआजी के पास जाकर उन्होने अजलिबद्ध होकर दीक्षा की प्रार्थना की।

मूल—अथ पितृष्वसाह—हे रूपचंद्र! भवान् भोगिभ्रमरः शृणु मद्-वचः, इह तव सुन्दरमोदक पक्वान्नसहितोदनं रोचते, साधुत्वे तु शीत विरसाद्यन्न प्राप्तिः, अत्र अतलसादि भव्य भव्य नव्य नेपथ्यानि तत्र तु मलिनांशुक धारणं, शिरोलोचकरणं भविष्यति, अत्र तु तांबूलं गले पुष्पस्रग्, तत्र दन्तधावनमपि न, देहस्य शुश्रूषाऽपि न कार्या, अत्र रम्यशयनीये शयनं तत्र भूमावेव शयनोपवेशनादि। अत्र भव्य जलैः स्नानं तत्र गात्रे मल-संचयः, अत्र गोदुग्धादि पेयममेयम्, तत्र नित्यमुष्णजलं पास्यसि, अत्र त्वं राजेवाज्ञां करोषि, तत्र तु गृहे २ भिक्षार्थ-मटनं कंटकादि सहनमित्यादीनि पितृष्वस्रा बहूनि वचांसि व्याहृतानि तदा रूपचंद्रेणोक्तं हे पितृष्वसः! साधुभावात् कातरो बिभेति न शूरपुरुषः, एवं पितृष्वसारं प्रति-बोध्याऽऽज्ञा गृहीता।

अर्थ—तब भूआ बोली कि—हे रूपचंद्र! तुम भोगी भ्रमर हो हमारी बात सुनो—यहां तुमको सुन्दर मोदक, पक्वान्न सहित ओदन अच्छा लगता है और साधु बनने पर तो ठडे तथा विरस अन्न प्राप्त होगे, यहां पाट आदि के सुन्दर २ नये कपड़े पहनने को हैं और वहां मलिन कपड़े धारण तथा शिरोलुंचन करना पड़ेगा। यहां पान और गले मे माला और वहां पर दंतौन और देह की सम्भाल भी नही करनी होगी। यहां सुन्दर बिस्तरे पर सोना और वहां जमीन पर ही सोना, बैठना आदि होगे। यहां पर सुन्दर

शीतल जल से स्नान और वहां शरीर पर मल संचय करना होगा। यहां गोदुग्ध आदि अनेको पेय और वहां रोज गर्म पानी पीना होगा। यहां तुम राजा की तरह आज्ञा करते हो और वहां तो घर २ भीख मांगने घूमना और कांटों आदि का कष्ट सहन करना होगा, इस तरह भूआ ने बहुतसी बातें कहीं। तब रूपचंद्र बोले—कि हे भूआ! साधुपन से कातरजन डरते हैं किन्तु शूर पुरुष नहीं, इस तरह भूआ को प्रतिबोध देकर आज्ञा प्राप्त की।

मूल—अथैकदा रूपचंद्रो नवीनं मंदिरोपरि रमणीयं केलिगृहं कारयित्वा स्त्रियायुतः पर्यंकोपरि निषण्णः सन् धर्म वार्तां करोति। अनेन जीवेन गढ़ हर्म्यादि—सुंदरस्त्रियो राज्यलीलाश्चानेकशोऽधिगताः परंतु संयमं विना जीवस्य न किंचित्कार्यं सरति इत्थं वार्तयतोः स्त्रिया हास्येन भणितं संयमं गृह्णतः को वारयति कस्याऽपि चित्ते दीक्षाऽभिलाषोऽस्ति चेत्तदा गृह्यतां संयमश्रीः, इतिकथिते सत्येव रूपचंद्रः प्राह, अथ गार्हस्थ्ये वसनस्य मे-नियमोऽस्ति, इत्याकर्ण्य स्त्री विलक्षा जाता सती वभाण-हे कांत! मयातु हास्यं वचोव्याहृतं, तदा रूपचंद्रेणाभाणि-भामिनि! हस्तिनां ये रदा निर्गतास्ते पश्चान्न प्रविशन्ति तथैव ममापि नियमो नापवर्तते। पुनरस्मिन् संसारे देवलोकादिष्वनंतशः स्त्रीभर्तृसम्बन्धः प्राप्तः तस्मात्प्रसद्य हे सुभगे! दीक्षानुमतिं देहि इत्युक्ते तया आज्ञा प्रदत्ता।

अर्थ—फिर किसी समय रूपचंद्र मन्दिर के ऊपर नवीन सुन्दर क्रीड़ागृह बनवाकर स्त्री के संग पलग पर बैठा हुआ धर्म की बात कर रहा था कि इस जीव ने गढ़ महल, सुन्दर स्त्री और राज्य लीला अनेक वार प्राप्त की किन्तु सयम के विना जीव का कुछ भी कार्य नहीं बना। इस प्रकार बात करते हुए स्त्री ने हँसी से कहा—सयम ग्रहण करने वाले को कौन रोकता है? किसी के चित्त मे दीक्षा की अभिलाषा हैं तो वह सयम ग्रहण करे। ऐसा कहने पर रूपचन्द्र बोला—अब गृहस्थाश्रम मे रहने का मुझे नियम है, यह सुनकर स्त्री दुःखी हो गई और बोली—हे कांत! मैने तो हँसी को

बात कही थी। तब रूपचंद्र बोले ऐ भामिनि ! हाथी के दाँत निकलने के बाद फिर नहीं पैठते वैसे हमारा भी नियम अब नहीं बदलता। फिर इस ससार में और देवलोकादि में अनन्तवार स्त्री स्वामी का सम्बन्ध प्राप्त हुआ, इसलिये हे सुभगे ! प्रसन्न होकर दीक्षा की आज्ञा दे दो, ऐसा कहने पर स्त्री ने आज्ञा प्रदान की।

मूल—अथ रूपचंद्रः प्रसन्नः सन् प्रातःकालीनं प्रतिक्रमणं कृत्वा समुदिते दिनकरे मातापित्रोरुवाच—भोः पितरौ ! अन्यैस्तु सर्वैराज्ञा दत्ता ऽस्त्येव परं भवदाज्ञा विशेषतः श्रेयसी गृहीतुं युज्यते, अतः सा प्रदीयताम्। तदा पितृभ्यामत्याग्रहं ज्ञात्वा आज्ञाप्रदत्ता। अथ रूपचंद्र प्रहृष्टः फलितमनोरथः सन् दीक्षां लातुमुद्यतो जातः, तस्मिन्नवसरे पंचायणनामा स्वसहोदरः सहसमल्लांकपुत्रो द्वितीयां स्त्रियं परिणेतुमना विवाहमकरोत्, तोरणानि बद्धानि सधवस्त्रीभिर्मंगलगीतानि गातुमारब्धानि सन्ति, तत्समये पंचायणजीकेन रूपचन्द्रस्य दीक्षावार्ता श्रुता, विचारितं च असारोऽयं संसारः धन्यो रूपचंद्रः यो विद्यमानं संपदं रम्यां रमणीं च त्यजति, धिगस्तु मां योऽहं द्वितीयां स्त्रियं परिणेतुमना अस्मि, इत्यामृश्य विवाहस्य महं दीक्षायाः कृत्वा रूपचंद्रांतिकेगतः पंचायणजीकः प्राह—भो महाभाग ! रूपचद्र प्रव्रज्या समादान प्रस्थितयोर्भवतोरहं तृतीयो भवामि, अह मपि दीक्षामादास्ये इति पंचायणजीकस्य वचोनिशम्य हीरागररूपचंद्राभ्यां विमृष्टमहोशुभः सार्थो मिलितः, तनु-मनो-नयनानि विकसितानि।

अर्थ—बाद रूपचंद्र प्रसन्न होकर प्रातःकालीन प्रतिक्रमण करके सूर्य उगने के बाद मां बाप से बोला—ऐ माता पिता ! अन्य तो सबने दीक्षा की आज्ञा दे दी है किन्तु आपकी आज्ञा लेनी अधिक श्रेयस्कर है, अत आज्ञा प्रदान करें, तब मां बाप ने अत्याग्रह जान कर आज्ञा दे दी। बाद रूपचंद्र प्रसन्न एवं सफल मनोरथ होकर दीक्षा लेने के लिए तैयार हो गये।

उस समय पंचायण नामका उसका सहोदर भाई जो सहस्समल के गोद गया था दूसरी स्त्री से परिणय करने को विवाह कर रहा था, तोरण बँध चुके थे सधवा स्त्रियो ने मंगलगान गाने आरम्भ कर दिये। उस समय पंचायणजी ने रूपचन्द्रजी की दीक्षा की बात सुनी और विचारा कि यह संसार असार है, रूपचंद्र धन्य है जो विद्यमान सम्पत्ति और सुन्दरी स्त्री को छोड़ता है। मुझको धिक्कार है, जो मै दूसरी स्त्री से परिणय करना चाहता हूँ ऐसा सोचकर विवाहोत्सव को दीक्षा का उत्सव बनाकर रूपचन्द्र के पास गए। पचायणजी बोले—ऐ महाभाग रूपचन्द्र ! दीक्षा ग्रहण के लिए तैयार आप दोनो के बीच मै तीसरा होता हूं। मै भी दीक्षा लूंगा ऐसा पंचायणजी का वचन सुनकर हीरागर और रूपचन्द्र दोनो ने सोचा कि अहो शुभ साथी मिला है, इससे उनके तन मन और नयन प्रफुल्लित हो उठे।

मूल—अस्मिन्नवसरे सिद्धांतवचसा वर्षसहस्रद्वयस्थितिको भस्म-
ग्रहोऽपि समुत्तीर्णः उदितो जिनधर्म सहस्रकरः।

श्लोकः—भस्मग्रहे समुत्तीर्णे, त्रयाणां जगतामिव।
जिनधर्म्माऽरुणेनैषां, प्रध्वस्तं ह्यान्तरं तमः ॥१॥

अथैतस्मिन् समायोगे सं० १५८० मिते वर्षे ज्येष्ठ शुक्ल प्रति पदो दिनं दीक्षामुहूर्तं शुभमागतम्। हीरागरस्य प्रव्रज्या महोत्सवः सहस्समल्ल—श्रीकरणसहसवीर—शिवदत्तैर्मंडितः रूपचंद्र पंचायणकयोर्महामहः साह रयणु जीकेन प्रारब्धः। अर्थिभ्यो दीयमानेषु दानेषु बह्वी वेला लग्ना तावता भानुरस्तं-गतः।

अर्थ—इस अवसर पर सिद्धान्त वचन से दो हजार वर्ष की स्थिति वाला भस्म ग्रह भी बीत गया और जैन धर्म का सूर्य उदित हुआ। कहा भी है—भस्मग्रह के बीत जाने पर जिन धर्म रूप अरुणोदय से तीनो जगत का आंतर अन्धकार मिट गया। फिर उस शुभ संयोग मे सं० १५८० के वर्ष मे ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा का दिन दीक्षा का शुभ मुहूर्त प्राप्त हुआ। हीरागरजी का दीक्षा महोत्सव सहसमल, श्रीकरणसहसवीर और शिवदत्तजी ने किया और रूपचन्द्र तथा पंचायणजी का दीक्षोत्सव साह रयणु द्वारा संपन्न हुआ। याचको को दान देने मे बहुत समय लगा और तब तक सूर्य डूब गया।

मूल—अथ प्रातरुत्थाय स्वजन—सम्बन्धि वर्गेमिलिते प्रथम—रस-शोभा समुदये जाग्रति गीयमानेषु गीतेषु, सजल-जलधर-गंभीर-गर्जेषु नांदीतूर्येषु वाद्यमानेषु दीक्षां समादातुं निर्गच्छन्ति-त्रयोऽपि शूरतर पुरुषाः। तस्मिन्नवसरे नगरे वार्ता विस्तृता बहवो राजकीया पुरुषाः पञ्चजनाः साधुकाराश्चागताः साहि-शिरोमणिनाऽपि स्वीयकृष्णमंत्रीश्वरः उत्सवकरणाय प्रेषितः। अथ त्रयोऽपि ते तिस्रः शिविका आरुह्य जयजय शब्देषु प्रवर्त-मानेषु बहुषु-क्षत्रिय-महाजन-द्विजाति-प्रमुख-नागरिकेषु पादयो-र्नमत्सु, मस्तके मुकुटं बद्ध्वा गलेषु हारेषु ध्रियमाणेषु श्री-सिद्धार्थ—महाराज—पुत्रवदतिशयेन दीयमानेषु नानादानेषु सायरसाहस्याऽग्रोद्याने समेताः, प्रथमतः शिविका हीरागरस्य ततो रूपचन्द्रस्य, तत्पृष्ठतः पंचायणकस्य चलिताः क्रमेण सायर-साहस्याऽग्रोद्याने त्रयोऽपि शिविकाभ्यः समुत्तीर्य प्रथमालापं मुखादुच्चार्य आभरणादिकं सर्वं समुत्तार्य च पूर्वदिगभिमुखं त्रयोऽपि-उपविष्टाः। ततः स्वहस्तेन लोचं कृत्वा अर्हत्-सिद्धसाधू-न्नमस्कृत्य च महाव्रतरूपं सामायिकं—सामायिकचारित्रमादत्तं त्रिभिः, बहुषु लोकेषु धन्या धन्या एते इति शब्दं कुर्वाणेषु श्री श्रीचन्द्रप्रभ स्वामिनो मंदिरे समेत्य स्थिताः।

अर्थ—फिर सवेरे उठकर स्वजन सम्बन्धियो के मिलने पर, प्रथम शोभा समूह के जागने पर और गीतो के गाए जाने पर, सजल मेघ के समान गंभीर नाद वाले नांदी और तूर्य के बजते हुए 'तीनो शूर पुरुष' दीक्षा लेने के लिए निकल पड़े। उस समय नगर मे बात फैल गई तो बहुत से राजकीय पुरुष और पञ्च, एव साहूकार भी आए। शाह शिरोमणि ने भी अपने कृष्ण मत्रीश्वर को उत्सव करने के लिए भेजा। बाद वे तीनो दीक्षार्थी तीन पालकिओ पर चढकर जयजय शब्दो के बीच बहुत से क्षत्रिय, महाजन और ब्राह्मण प्रमुख नागरिको के चरणो मे प्रणाम लेते हुए माथे पर मुकुट और गले मे हार धारण किए हुए श्री सिद्धार्थ महाराज के पुत्र वर्धमान की

तरह मुक्त मन से अनेक विधि दान देते हुए सायर साह के बगीचे मे आए। पहले हीरागरजी की पालकी फिर रूपचन्द्रजी की और उसके पीछे पचायणजी की चली। सायर साह के बगीचे के आगे तीनों पालकी पर से उतर कर मुख से प्रथमा लापक उच्चारण कर और समस्त आभूषण उतार कर तीनो पूर्व दिशा की ओर मुंह करके बैठ गये, और अपने हाथ से लोचकर अरिहन्त, सिद्ध और साधु को नमस्कार कर महाव्रत रूप सामायिक चारित्र को तीनों ने स्वीकार किया एवं लोगो के द्वारा धन्य धन्य का अभिनन्दन पाते हुए श्री चन्द्रप्रभ स्वामी के मन्दिर में आकर ठहरे।

मूल—अथ सिकदार श्रेष्ठि साधुकारैः सर्वैरागत्य श्री हीरागर रूपचन्द्रयोराचार्यपदं दत्तं, लुंकासाहस्य वचः पालितं, नागपुरीय लुंकाः कथापिता लोके, अथ सकल पर्षदि समेतायां "आरंभे नत्थिदया, महिला संगेण नासए बंभं। संकाए-सम्मत्तं:, इत्यादि जीवदया पूर्वकं उपदेशो दत्तः, काव्यद्वयं श्रुत्वोपदेशं वहुभिस्तु भव्यैरारंभकृत्यं सततं निषिद्धं समादृतं शीलमहर्घ्यं रत्नं सम्यक्त्वमादृतं। तंच निशाशनोनम् (रात्रिभोजन वर्जितं)। आचार्यै हीरागर रूपचन्द्रैः समादृते श्री मुनिसिंह धर्मे सुखं प्रवृत्तं, भवभीः प्रणष्टा। जातोहि सर्व गुणप्रकाशः।

अर्थ—वाद प्रसिद्ध सेठ और साहूकार सभी ने आकर श्री हीरागर रूपचन्द्र को आचार्य पद प्रदान किया और लंकासाह की वात रखकर नागोरी लुंका नाम से लोक मे प्रसिद्ध हुए। फिर सारी सभा के मिलने पर उन्होने उपदेश दिया कि 'जहा आरंभ है वहां दया नहीं रहती और नारी के संग मे ब्रह्मचर्य नहीं रहता तथा शङ्का से सम्यक्त्व नष्ट होता है, इत्यादि जीव दया पूर्वक उपदेश सुनाया। काव्यमय इन दोनो उपदेशो को सुनकर वहुत से लोगो ने सदा के लिए आरंभ का त्याग कर दिया और ब्रह्मचर्य पालन का व्रत लिया तथा सम्यक्त्व ग्रहण किया। साथ ही रात्रि भोजन भी छोड़ा। आचार्य श्री हीरागर और रूपचन्द्र द्वारा मुनीन्द्र का धर्म स्वीकार

करने पर सुख प्राप्त हुआ और भव भ्रमण की भीति नष्ट होगई। तथा सब गुणो का प्रकाश होगया।

मूल—अथ श्री रूपचन्द्र स्त्रियाऽपि श्रावक व्रतान्यादृतानि, कियत्सु दिनेषु गतेषु श्री हीरागरजी, रूपचन्द्रजी, पंचायणजीकैर्वनवासः समादृतः। तृतीय यामे नगरे गोचर्य्यै आगच्छंति, शुद्धाहारं गृह्णन्ति, षट्काय—जीवरक्षां कुर्वन्ति, पुनः पंचाचारपालनं कुर्वन्ति, वने कायोत्सर्गं विदधति, ग्रीष्मे आतापनां समाददते, शीतकाले शीत-परीषहं सहन्ते, उपशमरसे रक्ताः, भव्यजीवान्प्रतिबोधयन्ति, समकांचन—प्रस्तराः, पूजापमानयोः समाः, महोज्ज्वलतरैर्गुणैर्विराजमाना अरकेऽस्मिन् परमपुरुषवद्दुष्करक्रियां कुर्वन्तः सुखेन संयममाराधयन्ति, अथ ते त्रयोऽपि देशनगरादिषु विहरंति श्रीधर्ममुद्दीपयन्तः। यत्र ते व्रजन्ति तत्र श्रेष्ठिप्रमुखाः सम्यक्त्वमाद्रियन्ते केचन श्रावकत्वम् एवं मालवदेश—वागड़—मरुधरदेश—मेदपाट-देशादिषु विचरन्तः श्रीजिन—धर्म—प्रभावनाभिः केभ्यश्चित् संयमं ददानाः बहून् श्रावकान् कुर्वन्तः नागपुरीय—लुंका गच्छस्याचार्या इति बिरुदं दधानाः सन्ति।

अर्थ—श्री रूपचन्द्र की स्त्री ने भी श्रावक व्रत स्वीकार किए। कुछ दिन बीतने पर श्री हीरागरजी, रूपचन्द्रजी और पंचायणजी ने वनवास स्वीकार किया। वे तीसरे पहर में जङ्गल से नगर मे गोचरी के लिए आते शुद्धाहार ग्रहण करते और षट्काय के जीवों की रक्षा करते थे। फिर पंचाचार का पालन करते एवं वन मे कायोत्सर्ग करते थे। ग्रीष्म ऋतु मे धूप की आतापना लेते और शीतकाल मे शीत का कष्ट सहन करते, शान्ति रस मे तल्लीन हो भव्य जीवो को प्रतिबोध देते, स्वर्ण और पत्थर को समान तथा मान एव अपमान को भी समान ही मानते थे। इस प्रकार अत्यन्त उज्ज्वल गुणो से युक्त होकर इस पंचम काल मे महान् पुरुष की तरह कठिन क्रिया करते हुए सुख पूर्वक सयम की आराधना करते थे। फिर वे तीनो

मुनि देश, नगर आदि मे विहार करते रहे श्री जैन धर्म को उद्दीप्त करते प्रभावना करते हुए ये जहा भी जाते वहां के सेठ प्रमुख सम्यक्त्व ग्रहण करते और कोई कोई श्रावक भी वनते। इस प्रकार मालवा, वागड़, मरुधरा और मेद पाट आदि देशो मे विचरते हुए श्री जैन धर्म की प्रभावना से किसी किसी को संयम देते तथा वहुत को श्रावक वनाते हुए नागोरी लुंका गच्छ के आचार्य का विरुद धारण करते रहे।

मूल—अथैकदा पंचायणजीको मुनिराज्ञां लात्वा कतिचित्साधुपरिवृतो मालवदेशे नगरकोट्टे समेतः सर्वोऽपि नगरलोको हृष्टः अस्तोकलोकोपरि धर्मोपदेशदानादिनोपकारः कृतः। तत्रतिष्ठतः श्रीपंचायणजीसाधोः शरीरे असाध्यो रोग उत्पन्नस्तदा अनशनं कृत्वा स्वर्गं प्राप्तः। अथ सं० १५८५ रयणुंजीकेनात्महितं ज्ञात्वा श्रीहीरागरसूरि—पार्श्वे दीक्षा कक्षीकृताऽहिपुरे वहून् दिवसान् यावत् पंचाचारशुद्धं संयमं प्रतिपाल्यान्तसमये अनशनं कृतम्। तस्मिन् समये श्री रूपचंद्रसूरिभिः स्तंभपुरकोट्टे स्थितै रयणुंजीकैरनशनं गृहीतं श्रुत्वा नागोरपुरे समेत्य स्वपितुराराधना कृत्यानि पूर्णानि कृतानि। पंचाशद्दिनानि संस्तारकमाराध्य शुभध्यानेन कालं कृत्वा वैमानिको देवो जातः।

अर्थ—वाद एक समय पंचायणजी मुनि आज्ञा लेकर कुछ साधुओ के सङ्ग मालव देश के नगर कोट में आए। नगर के सभी लोग प्रसन्न हुए। वहुत लोगो पर धर्मोपदेश से उपकार किया। वहां ठहरे हुए श्री पंचायणजी साधु के शरीर मे असाध्य रोग उत्पन्न होने से उन्होंने आजीवन अनशन करके स्वर्ग प्राप्त किया। वाद स० १५८५ मे रयणजीने भी आत्म हित जानकर श्री हीरागर सूरि के पास मे दीक्षा ग्रहण की और नागोर मे वहुत दिनो तक पच महाव्रत रूप शुद्ध संयम का पालन करके अन्त समय मे अनशन धारण किया। उस समय श्री रूपचन्द्र सूरि ने स्तम्भ पुर मे रहते हुए रयणजी के अनशन के समाचार सुने तो नागोर आकर अपने पिता की सेवा और अन्तिम आराधना का कार्य संपन्न किया। पचास दिन पर्यन्त

संस्तारक की आराधना करके वे शुभ ध्यान से काल कर वैमानिक देव हुए।

मूल—अथ श्री हीरागर–रूपचन्द्रसूरयोऽनेकसाधु सहिताः नागोर–पुराद् विहृत्य स० १५८६ बीकानेरे समायातास्तदा तत्र चोरवेटिकः श्रीचन्द्रनामा लक्षाधीशोऽस्ति। तेन बहु-साधु-जनानां सुखेन संयम–यात्रा–निर्वाहार्थं स्वकीया कोष्ठिका चतुर्मासी–स्थित्यैदत्ता। अथ व्याख्यानं श्रोतुं पौषध प्रतिक्रमणादिकं कर्तुं च सूरवंशीयाश्चोरवेटिका अन्ये च बहवः समागच्छन्ति। तस्मिन्नवसरे कमलगच्छीय–यतयः शिथिलाचारा अभूवन्। ततः तेभ्यो विरक्तास्सन्तः एतद् गुणरञ्जिताश्च चोरवेटिकाः सर्वे नागोरी लुंकागच्छीया जाताः, कोष्ठिकोपाश्रय–निमित्तं-दत्ता। अथ चातुर्मास्यनन्तरं विहृत्य क्रमेणोज्जयिनी पुरींगताः, तत्रांत्यसमयं मत्वा श्री हीरागरसूरिभिरेकविंशति–दिनाना-मनशनं साधयित्वा मृत्वा वैमानिक सुरत्वं प्रपेदे। पदवी १६ समा भुक्ता। ५६।

अर्थ—बाद श्री हीरागर और रूपचन्द्र सूरि दोनो अनेक साधुओ के साथ नागोर नगर से विहार कर स० १५८६ मे बीकानेर पधारे, उस समय वहां चोरवेटिक (चोरडिया) श्रीचन्द्र नाम का लखपती सेठ था, उसने बहुत साधुओ के सुख पूर्वक संयम यात्रा निर्वाह के लिये अपनी कोठी चातुर्मास वास को दे रक्खी थी। वहां व्याख्यान सुनने तथा पौषध प्रतिक्रमण आदि करने को सूरवंश के चोरवेटिक और अन्य भी बहुत से लोग आते थे। उस समय कमलगच्छी यति शिथिलाचारी हो गये थे। अतः उनसे विरक्त और इनके गुण से प्रसन्न होकर चोरवेटिक (चोरडिया) सभी नागोरी लुंका-गच्छीय हो गए और कोठी उपाश्रय के लिए दे दी। फिर चातुर्मास के पीछे विहार करके क्रमशः उज्जैनी नगर गए। और वहां पर अपना अंत समय जानकर श्री हीरागर सूरि बीस दिन का अनशन साध कर मरे और वैमानिक देव हुए। उनने १६ वर्ष तक पद का भोग किया।

मूल—अथ श्री रूपचन्द्र सूरय उज्जयिनीतो विहृत्य क्रमान्महिम नगरे पादावधारितास्तत्र चातुर्मासिक–स्थिति–करणाय कोटि धना-

धीश गोवर्द्धननामकश्रेष्ठिपार्श्वतः स्थानं मार्गितं ततः परीक्षां कर्तुं तथा हास्यपूर्वकं श्रेष्ठी प्राह भो महाभागाः ! स्थतुं योग्या वसतिस्तु काचिन्नास्ति परं त्वस्मदीय कोष्ठिका-भिमुख–चतुर्द्वारकेऽस्मद्रथ–चक्राणि पतितानि सन्ति तेषामुपरि-स्थीयतां सुखेन, तदाचार्यश्रीरूपचन्द्रैरन्ये तु साधवोऽन्यत्र चातुर्मास्यै प्रेषिताः स्वयं देपागर मुनिनाऽन्वितैः रथचक्रोपर्युपविश्य मासोपवासं प्रत्याख्याय धर्म ध्यान परायणैः स्थितम् । श्रेष्ठिना रहो लोका रक्षिताः परं ते तु महान्तः उत्तम पुरुषा मेरुवद्धर्मध्यानेऽचलाः स्थिता दृष्टाः । श्रेष्ठिपार्श्वे तैर्लोकैः सर्वोऽपि धर्म ध्यानादिको व्यतिकरस्तेषां निरुपितः ।

अर्थ—वाद श्री रूपचन्द्र सूरि उज्जयिनी से विहार करके क्रमशः महिम नगर पधारे और वहां चौमासे के लिए करोड़पति गोवर्द्धन नामक सेठ के पास मकान की याचना की । तव परीक्षा के लिए सेठ ने हंसी पूर्वक कहा—ऐ महाभाग ! रहने योग्य स्थान तो कोई नहीं है परन्तु हमारी कोठी के आगे चतुर्द्वारिक (चोवारे) मे हमारे रथ के चक्के पड़े हुए हैं, उन पर सुख से ठहर जाओ, तव आचार्य श्री रूपचन्द्र ने अन्य साधुओं को अन्यत्र चातुर्मास के लिए भेज कर स्वय देपागर मुनि के सङ्ग रथ के चक्के पर वैठकर मास उपवास का प्रत्याख्यान करके धर्म ध्यान परायण हो ठहर गए। सेठ ने छिपे कुछ लोग रक्खे परन्तु वे तो महा उत्तम पुरुष थे, अत. मेरु की तरह धर्म ध्यान मे अचल देखे गये। गुप्तचरो ने उन साधुओं का धर्म ध्यानादि सव हाल सेठ को कह सुनाया।

मूल–अथ श्रेष्ठी तदीय गुण श्रवणेन जागरूक भव्य परिणामः सन् प्रातरुत्थायागत्य प्रदक्षिणात्रय दान पूर्वकं नत्वा पादयोर्निपत्य कृताञ्जलिः सन्नित्युवाच । हे स्वामिन् ! असारेऽस्मिन् संसारे भवन्तो धन्याः शुद्धक्रियोद्धारकाः पापवारकास्तारकाश्च सन्ति, न दृश्यतेऽस्मिन् समये भवादृशः कश्चित् तपोधनेषु मुख्यः । अहं पापीयानस्मि येन भवतां कष्टं दत्तं महान्

ऽविनयो वः कृतः तदिदानीं स्वामिन्! भवन्तः कृपां कृत्वाऽन्यस्मिन् स्थाने समीचीने तिष्ठंतु। तदा श्री रूपचन्द्राचार्यैरुक्तं हे महानुभाव! एको मासक्षपणस्त्वत्रैव करिष्यते पश्चात् स्पर्शनानुरूपं विधास्यते। एवं कुर्वतां मासक्षपणः पूर्णो जातस्ततः पारणार्थे द्वये चलिताः पारणाय एकैकमुत्कलं गृहरक्षितमासीत्, तदा श्री रूपचन्द्राचार्यैस्तु गृहस्थस्यैकं गृहमकपाटं वीक्ष्य प्रवेशः कृतस्तत्र गृहस्थेनाऽभाणि-महाभाग! अधुना तृतीययामेऽन्य आहारस्तु न, साम्प्रतं प्रासुकाः माषाः पतिताः सन्ति ते यदीच्छाऽस्ति तदा गृह्यताम्। अथ तैरपि शुद्धाहार-निरीक्षण पूर्वं गृहीताः। अथ देपागरसाधुरेकस्य मिथ्यात्विनो गृहस्थस्य भवनमकपाटं विलोक्य प्रविष्टस्तदा तत्रैका स्त्री प्राह—अधुना अशनस्य का वेला रक्षान्वितारव्या—स्थाली कस्मैचित्कार्याय भृत्वा धृताऽस्ति यदीच्छाऽस्ति तदेयं गृह्यताम्। तदा शुद्धां मत्वा सा गृहीता। अथ द्वयेऽपि स्थाने पारणां विधायाष्टमं गृहीतम्, तस्यैव श्रेष्ठिन आज्ञां लात्वा तस्यामेव कोष्ठिकायां महत्यन्यस्मिन् चतुर्द्वारके स्थिताः।

अर्थ—अब उनके गुण श्रवण से शुभ परिणाम वाला सेठ सवेरे उठकर उनके पास आया और तीन वार प्रदक्षिणा करके पावो मे गिरकर हाथ जोड़े हुए बोला—हे स्वामी! इस असार संसार मे आप धन्य हैं, शुद्ध क्रिया के उद्धारक, पाप के निवारक और तारक-तारने वाले हैं। इस समय आपके जैसा दूसरा कोई प्रमुख तपस्वी नहीं दिखाई देता। मै तो पापी हूं जिससे कि आपको कष्ट दिया और आपका बड़ा अविनय किया। इसलिए हे स्वामी! अब कृपा करके आप दूसरी किसी अच्छी जगह मे ठहरें। तब श्री-रूपचन्द्राचार्य बोले—हे महानुभाव! एक मास क्षपण तो यहीं करेंगे बाद स्पर्शना के अनुकूल किया जायगा। इस तरह उनका मासोपवास पूरा हो गया। बाद दोनो पारणा के लिए चले। पारणा के लिए एक एक घर खुला रक्खा था। श्री रूपचन्द्र आचार्य ने गृहस्थ का एक घर खुला देखकर प्रवेश

किया । वहां गृहस्थ ने कहा – महाभाग ! अभी तीसरे पहर में दूसरा आहार तो नहीं है, प्रासुक उड़द पड़े हैं, यदि तुम्हारी इच्छा हो तो ले लो । उन्होंने भी शुद्ध आहार देखकर ले लिया । वाद देपागर साधु एक मिथ्यात्वी गृहस्थ का खुला घर देखकर वहां गये, तो घर मे एक स्त्री वोली—अभी भोजन का समय तो नही है । राख पड़ी हुई राव की थाली किसी काम से धरी हुई है, अगर इच्छा हो तो यह ले सकते हो । शुद्ध समझ कर उन्होंने वह राव ले ली । वाद दोनों ने स्थान पर पारणा करके अष्टम तप पचख लिया फिर सेठ की आज्ञा लेकर उसी की कोठी मे किसी वड़े चौवारे में ठहर गए ।

मूल—अथ श्रेष्ठी वभाण—हे स्वामिन्नद्य प्रभृति मनोवाक्कायैर्यूयं मे गुरवोऽहं भवदीयः श्रावकोऽस्मि । अथ देशान्तरेषु श्रेष्ठिना निजवणिक् पुत्रानन्यानपि स्वीयसम्वन्धिप्रमुखान् पण्योनिदायं २ निवेदिताः समाचाराः, यदेते मुनयः सत्याः सत्क्रियापालकाः धन्यतराश्च कियद् गुण वर्णनालिख्यते, ये केचनैतेषां चरणारविन्दयुगलं नंस्यंति तेषां जन्म फलेग्रहि—सुफलं । वयं तु एतेषां श्रावका जाताः स्म, इतीदृशान् समाचारान् वाचं २ वहवो लोकाः श्रावका जातास्तत्रत्याऽपि वहवस्तथैव, जालोरे कोचरान्वया वेलापत्याः । कालू निवासिनो भांडागारिणः, जेसलमेरौ वोहराऽभिजनाः, कृष्णगढ़े व्याघ्रचारा, चाण्डालिया चौधरी, चोपड़ा, भट्टनयरे नाहरगोत्रीयाः महीपालापत्या साहपद धारिणः, वैद्या, वाफणा, ललवाणी, लूणापत्याः, वरढीया, नाहटा प्रमुखा अनेक—ज्ञातीया ओकेशवंशीया अग्रोतकाश्च 'अगरवाल' नागोरी लुंका गणीया जाताः । एवमेकलक्षमशीतिसहस्राधिकं गृहाणां प्रतिवोधितम् । पूर्णभद्रदेवोऽपि सान्निध्यकृज्जातः । अथ श्री रूपचन्द्राचार्याः स्वान्त्यसमयं ज्ञात्वा पंचविंशति दिनानि यावदनशनं विधाय महिमपुरे एव कालं कृत्वा वैमानिकसुरत्वं प्रपेदिरे । सं० १५८० तः २९ वर्षान् यावत्पदं भुक्तम् । ६० ।

अर्थ—एक दिन सेठ बोला—हे स्वामी आज से आप हमारे गुरु हैं और मन, वचन, काया से मै आपका श्रावक हूं। फिर सेठ ने देशान्तरो मे अपने अन्य वणिक् पुत्रो को और प्रमुख सम्वन्धियो को भी पत्र दे देकर निवेदन किया कि ये मुनि सचमुच मे सत् क्रिया के पालक और धन्य-तर हैं, कहा तक इनका गुण वर्णन लिखें। जो कोई इनके चरण कमल को प्रणाम करेगा उसका जन्म सुफल होगा। हम सब तो इनके श्रावक हो गए हैं, इस तरह के समाचार पढ़ २ कर वहुत से लोग श्रावक हो गए, वहा के भी वहुत से वैसे ही, जालोर मे कोचर वशीय वेलावत, कालू निवासी भंडारी, जेसलमेर मे वोहरावशी, कृष्णगढ़ मे वाघचार, चाण्डालिया, चौधरी चोपड़ा, भट्टनगर मे नाहर गोत्री महीपाल के पुत्र साहपदधारी वेद, वाफणा, ललवाणी, लूणावत, वरडीया, नाहटा प्रमुख अनेक जाति के ओकेश वशीय (ओसवाल) और अग्रवाल भी नागोरी लुकागच्छी हो गए। इस तरह एक लाख अस्सो हजार घर को उन्होने प्रतिवोध दिया। शासन रक्षक पूर्णभद्र देव भी उनका सेवक हो गया। वाद श्री रूपचन्द्र आचार्य अपना अन्त समय जानकर २५ दिनो का अनशन करके महिमपुर मे स्वर्गवासी होकर वैमानिक देव हुए। सं० १५८० से २६ वर्षों तक आचार्य पद पर रहे। ६०।

मूल—तत्पट्टे श्री देपागर सूरयो वभूवुस्ते परीक्षक वंशीयाः कोरडा निगमे खेतसी नामा जनकः; धनवती जननी नागोरपुरे चारित्रं, पदमपि तत्रैवात्तम् (गृहीतं) सं० १६१६ चित्रकूट महादुर्गे कावडियान्वयो भारमल्लो धनी तपागणीयोऽभूत् तेन श्री देपा-गर सूरीणामभिधानं शुद्धक्रियाधारकत्वं च श्रुतं तदादित एव तद् गुणरञ्जित-चेतस्कोऽवदत्, श्लोकः—"धन्यो देपागर स्वामी, प्रदीपो जैन शासने, एष एव गुरुर्मेस्ति, धन्योऽहं तन्निदेशकृत्।" इति भावनया शुद्धात्माभूद्भारमल्लः तस्मिन्नवसरे तत्रत्यो भामा नामा नाहटोऽस्ति तद्गेहे पुण्ययोगाद् दक्षिणा-वर्तः शंखः प्रादुर्भूत्। तत्सान्निध्यात् गृहेऽष्टादश कोटयो धनस्य प्रकटी भवंति।

अर्थ—उनके पाट पर श्री देपागर सूरि हुए। वे परीक्षक (पारख)

वंशी थे, कोरडा निगम मे खेतसी नामा उनके पिता और धनवती माता थी। नागौर मे संयम लिया और वहीं पर आचार्य पद भी ग्रहण किया। सं० १६१६ चित्रकूट (चित्तौड़) महादुर्ग में कावडिया वंशी भारमल्ल तपागच्छी एक सेठ था, उसने श्री देपागर सूरि का नाम और शुद्ध क्रिया-धारीपन सुना। तब से ही वह उनके गुण मे रंजित चित्त वाला हो गया और बोला कि—धन्य देपागर स्वामी, जो जैन शासन में प्रदीप हैं। यही हमारे गुरु हैं, उनका आज्ञाकारी होने से मैं धन्य हूं। इस भावना से भारमल्ल की आत्मा शुद्ध हो गई। उस समय में वहां भामा नाम का नाहटा सेठ था। उसके घर मे पुण्य योग से दक्षिणावर्त शंख प्राप्त हुआ। उसके संयोग से घर मे १८ करोड़ धन की संपदा हो गई।

मूल—अथ षण्मासी प्रान्ते शंखदेवेन भामाकस्य स्वप्ने दर्शनं दत्तं निवेदितं च भो भामासाह ? त्वं शृणु तव भार्यायां उदरे पुत्रीत्वेन कश्चिज्जीवः समेतोऽस्ति कावडिया—भारमल्ल भार्योदरे सुकृती कश्चन जीवः सुतः अवतीर्णोऽस्ति ततस्तत्-पुण्य—प्रेरितो भारमल्ल कावडिया गारेगमिष्यामि, इत्या-कर्ण्य भामाकोऽवदत्—एवं मा याहि यथाहं करोमि तथा-गच्छेत्युक्ते तेनोमिति भणितम्, अथाहम्मुखे जाते सर्व-स्वजन सहितः शंख स्वनजागरूकी कृतानेकलोकः स्वर्ण-स्थाले दक्षिणावर्त शंखं निधायाति महर्घ्ये (न) वस्त्रेणा-च्छाद्य भामाको भारमल्ल—भवनाभिमुखमागतस्तमायान्त-मालोक्य सानन्दं सादरं भारमल्लोभिमुखं मिलितः पृष्टश्च किमागमन—प्रयोजनं प्रोच्यतामित्युदिते भामाकोऽवदत् कर्णे भोः सभ्य सम्बन्धिन् ! ममपुत्री तव च पुत्रो भविष्यति, तयोः सम्बन्धं कर्तुं श्रीफल स्थाने इममद्भुत—माहात्म्यं शंखं ददामि इति निशम्य समुत्पन्नपरमामोदो बहु-दान-मान—पूर्वकमग्रहीत् भारमल्लः गृहकोष्ठकान्तः समभ्यर्च्य सम्यक् चंदनचतुष्कोपरि संस्थाप्य संस्मृतो देवस्तेना-

ष्टादश कोटि धनं तत्र प्रकटितम् । अथ महती कीर्ति-
र्विस्तृता ।

अर्थ—बाद षण्मासी के अन्त में शखदेव ने भामा को स्वप्न मे दर्शन दिया और बोला कि ऐ भामाशाह ! तुम सुनो—, तुम्हारी स्त्री के पेट मे पुत्री रूप मे कोई जीव आया हुआ है और भारमल्ल कावडिया की स्त्री के उदर में कोई पुण्यात्मा जीव पुत्र रूप से अवतरित हुआ है—इसलिये उसके पुण्य से प्रेरित होकर मैं भारमल्ल कावड़िया के घर जाऊंगा, ऐसा सुनकर भामाशाह बोला—ऐसे मत जाओ जैसा मैं करूं वैसे जाओ, ऐसा कहने पर उसने हां कहा । फिर प्रभात होने पर अपने सभी स्वजनो के साथ शख के स्वर से अनेक लोगो को जगाते हुए, सोने की थाली मे दक्षिणावर्त शंख को रखकर ऊंचे मूल्यवान् वस्त्र से ढक कर भामाशाह भारमल्ल के घर की ओर आये । उसको आते देख कर आनन्द और आदर सहित भारमल्ल भी आगे आकर मिले और पूछा कि—कहिये कैसे पधारना हुआ ? ऐसा कहने पर भामा ने कान मे कहा—ऐ सम्य सम्बन्धिन् ! मुझे पुत्री और आपको पुत्र होगा, उन दोनो का सम्बन्ध करने के लिए श्री फल के स्थान मे इस अद्भुत माहात्म्य वाले शंख को देता हूं । यह सुन कर परम प्रसन्नता के साथ एवं बहुत-बहुत दान मान-पूर्वक भारमल्ल ने शंख ग्रहण किया एवं घर के कोठे मे अच्छी तरह से पूजाकर चन्दन की चौकी पर रख के देव का स्मरण किया, जिससे १८ करोड़ धन वहां पर प्रकट हुआ—इससे बड़ी कीर्ति फैली ।

मूल—एकदा तत्र वनान्तरुच्चैर्मंडपाधो धर्मध्यानं विदधत् साधु गुणग्रामाभिरामः श्री देपागरस्वामी शुद्धतपोधनो भारमल्लेन दृष्टो, विधिवद् वंदितश्च शुद्धधर्मोपदेशामृतं पीतं श्रवणाभ्याम् । अति-प्रसन्नेन भारमल्लेन विमृष्टमहो महान् भाग्योदयो मे प्रकटितो यदीदृग्गुणगुरवो दृष्टाः सर्वेऽर्था मे सेत्स्यन्ति तदा भारमल्लो अन्ये च बहवः श्रावका जाताः नागोरी लुंका गणीयाः ॥

अर्थ—एक समय वहां नगर के वन मे उच्च मडप के नीचे भारमल्ल ने धर्म ध्यान करते हुए साधु के गुण समूह से सुन्दर शुद्ध तपोधनी

श्री देवागर स्वामी को देखा और विधि पूर्वक वन्दन किया और कानो से शुद्ध धर्मोपदेश रूप अमृत का पान किया। भारमल्ल ने अत्यन्त प्रसन्न मन से विचार किया कि अहो मेरा महान् भाग्योदय है कि इस तरह के गुणी गुरु के दर्शन हुए—मेरे सभी मनोरथ सिद्ध होगे। उस समय भारमल्ल और दूसरे भी वहुत से श्रावक नागोरी लुंका गच्छी हो गये।

मूल—अथ भारमल्लस्य भामा नामकः सुतोऽजनि महान्महः कृतः सर्वत्र दानादिनार्थिजन—मनोरथाः पूरिताः, अन्येऽपि ताराचन्द्रादयः पुत्रा अभूवन्। तत्र भामासाह—ताराचंद्रौ विश्रुतौ जातौ। स्वगच्छरागेण वहवो जनाः स्वगणे समानीताः। पुनः श्री राणाजीतोऽमात्य पदं लात्वा वलिनौ जातौ। ताराचंद्रेण सादड़ी नाम नगरं स्थापितं। सर्वत्र पौपधशालादिकानि स्थानानि कारितानि। स्थाने २ पुरे २ ग्रामे २ वहुजनेभ्यो धनं दायं (दत्वा) स्वगणीयाः कृताः। श्री नागोरीय—लुंकागणोऽतिख्यातिमाप। पुनर्भामासाहेन दिगम्बर मतगा नरसिंघपौराः स्वगणे समानीता, वहुस्वं दत्वा १७०० गृहाणि तेषामात्मीयानि कृतानि। भिंडरकादिपुरेषु तदा च जातं श्रावक गृहाणां चतुरशीति सहस्राधिकं लक्षमेकम् १८४००० पुनः श्री देपागर सूरेर्विजयराज्ये लुदिहाना निगम निवासी श्रीचंद नामा ओसवाल जातिश्चतुरशीति—कोटिवित्तेश्वरो तस्य सोदरः सुरीभूतः प्रत्यहं वणिक्—पुत्राणां लेखानितस्ततो दत्ते येन वहुधनोत्पत्तिर्भवति! सचैकदा नायातस्तदा श्रीचंद्रेण पृष्टं हे भ्रातर्ह्यः कथं नागतः—तदा सुरेणोक्तं भ्रातः ह्यः प्राचि महाविदेहे श्री सीमंधर जिनं नतुमिंद्रोऽगात् तेन सहाऽहमपि गतोऽभूवम्।

अर्थ—वाद भारमल्ल को भामा नामक पुत्र उत्पन्न हुआ जिसके लिए वहुत वड़ा उत्सव किया। सर्वत्र दानादि देकर याचको के मनोरथ पूर्ण किये। ताराचंद्र आदि और भी पुत्र हुए। उनमे भामासाह और

ताराचंद्र दोनो वहुत प्रसिद्ध हुए। अपने गच्छ के धर्म राग से बहुत से आदमी अपने गण में लाए गये। फिर श्री राणाजी से मंत्रिपद पाकर दोनो भाई और भी वलशाली बन गए। ताराचंद्र ने सादडी नामक गांव स्थापित किया। सब जगह पौषध शालादि के स्थान वनवाए। स्थान २ में, नगर २ और ग्राम २ में वहुत से जनो को धन देकर अपने गच्छ मे किया—इस तरह श्री नागोरी लु का गच्छ अत्यन्त ख्याति प्राप्त हो गया। फिर भामा-शाह ने दिगम्बर मतानुयायी नरसिंघपुराओ को अपने गण मे लिये। बहुत सा धन देकर इनके १७०० घरो को अपना बनाया। तब भिंडर आदि गांवो मे १८४००० श्रावको के घर हो गए। फिर श्री देपागर सूरि के विजय राज्य मे लुधियाना नगरवासी ओसवाल जातीय श्रीचंद नाम का ८४ करोड़ धन का स्वामी था, उनका सहोदर भाई देवलोक मे था। स्नेहवश वह वणिक् पुत्रो के लेख नित्य इधर उधर भेजा करता जिससे सेठ को बहुत धन की आमद होती। वह एक दिन नहीं आया, तब श्रीचंद ने पूछा कि हे भाई! कल क्यो नहीं आए तव देव बोला कि हे भाई! कल पूर्व महा-विदेह मे श्री सीमंधर स्वामी को नमस्कार करने को इन्द्र गया था, उनके साथ मैं भी गया हुआ था।

मूल—व्याख्यानान्ते शक्रेणानुयुक्तः प्रभो! भरतक्षेत्रेऽपि कश्चित् सत्यः साधुः—वर्तते नवेति पृष्टे प्रभुणाऽमाणि हरे! अस्मिन् समये देपागर नामा मुनिपोऽस्ति, स चतुर्थारक मुनि—समः संयमभृत्, इमां प्रवृत्तिमाकर्ण्य श्रीचंदेनोक्तं स क्व साम्प्रत-मस्ति? देवः प्राह—सन्मानकपुरे (समाणा नगरे) तपस्यती—त्याकर्ण्य हृष्ट चेतसा श्रीचंदेन स्व मानुषः प्रेषितः। तत्रत्यः—श्राद्धानामिति कथापितं च भवद्भिर्देपागर स्वामिनं नत्वा मदीयाऽत्रागमन—प्रार्थना कार्या। ततस्तैः पुराद् बहिर्देवमंडपे स्थिता दृष्टाः प्रणताश्च भक्त्या विज्ञप्ताः, तदा श्री सूरिभिरुक्तं ज्ञास्यते साधुधर्मोऽस्ति। ततो द्वित्रेष्वब्देषु गतेषु श्री श्रीपूज्या लुदिहाना बाह्योद्याने निरवद्य प्रदेशे तपस्यन्तः स्थिताः तदा प्रागृज्ञापितेनारामिकेण वर्द्धापनिका श्रीचंदाय दत्ता, सोऽपि

सत्वरं तस्य पद-एत्रागत्य ववंदे, तुष्टाव च धन्योऽसि स्वामिन्, भवादृशः संयमी कोऽपि साम्प्रतं नास्ति, ततः श्री सूरिभिरुप-देशामृत पानेन तच्छ्रवमी तोपिते तस्मिन्नेवावसरे श्रीचंदसुतया धर्मकुमरीत्याख्यया त्यक्त-श्वसुरादिसंबंधया ज्ञाततत्वया गृहे स्थितयैव श्रावकाचार पालनपरया सर्वागम श्रवणावगत-परमार्थया तत्रागत्य विधिवद् गुरवोऽभिवंदिताः गुरुवचन सुधारस सुहितया दीक्षाकक्षीकरणाय चेतो विशोध्य स्वयमेव तत्सा-क्षिकं चरणमात्तं तिसृभिर्द्धर्म सखीभिः सार्द्धं, लोके महान् धर्म प्रकाशोऽजनि यशश्च । अस्मिन् गणे सैव प्रवर्तिनी प्रथमा ऽभूत्तयापि द्वादश-क्रोशी-परिमंडल विहारः कृतोनाधिकः । एवं श्री देपागरस्वामिना धर्मोद्योतं विधायाचार्य-पदं नक्षत्र मितसमाः परिभुज्य सेड़तानगरेऽनशनं कृत्वा २१ एक-विंशति दिनान्ते स्वर्गतिः प्राप्ता । ६१ ।

अर्थ—व्याख्यान के अन्त मे शक्र ने पूछा कि प्रभो ! भरत क्षेत्र में भी क्या कोई सच्चा साधु है ? प्रभु वोले—हे इन्द्र ! इस समय देपागर नामक मुनीश हैं—जो चौथे आरे के मुनि समान संयमधारी है । इस समाचार को सुनकर श्रीचंद वोला वह अभी कहां है ? देव ने कहा—समाणा नगर मे तपस्या करते है यह सुनकर प्रसन्न चित्त हो श्रीचंद ने अपना आदमी भेजा और वहां के श्रावको को कहलाया कि आप सव देपागर स्वामी को नमस्कार कर मेरे यहाँ आने की प्रार्थना करना । तव उन लोगों ने गांव के वाहर देव मंडप मे ठहरे हुए देपागर मुनि के दर्शन किये और प्रणाम किया और भक्ति पूर्वक विनती की । तव श्री सूरि वोले—जाना जायगा साधु का मार्ग है । फिर दो तीन वर्ष बीतने पर श्री श्री पूज्य लुधियाना के वाहरी वगीचे मे शुद्ध स्थान मे तपस्या करते हुए ठहरे । तव पहले सूचना पाये हुए वागवान ने श्री चंद को वधाई दी । उसने भी शीघ्र उनके चरणो मे आकर वन्दना की और प्रसन्न हुआ, नत मस्तक हो स्तुति करने लगा—हे स्वामी ! आप धन्य है आप जैसा कोई दूसरा तपस्वी अभी नहीं है । बाद श्री देवागर सूरि ने उपदेशामृत के पान से लोगों के कान तृप्त किये ।

उसी समय श्रीचंद की धर्म कुमारी नामवाली पुत्री श्वसुर कुल के सम्बन्ध को छोड़ तत्वो की जानकार एवं घर मे रहती हुई, श्रावकाचार को पालन करने लगी, वह समस्त आगमो के परमार्थ को जानने वाली थी। उसने वहां आकर विधि पूर्वक गुरु वन्दना की और गुरु-वचन रूप अमृत रस से अपना हित मानने वाली दीक्षा स्वीकार करने को चित्त शुद्धि करके गुरु की साक्षी से स्वयमेव तीन धर्म सखियो के सग चारित्र अंगीकार किया। लोक में महान् धर्म का प्रकाश और यश हुआ। इस गण मे वही पहली प्रर्वातनी हुई, उसने भी वारह कोश के मंडल में विहार किया, अधिक नहीं। इस प्रकार श्री देपागरस्वामी ने धर्म का प्रकाश करके २७ वर्ष तक आचार्य पद भोग कर मेड़ता नगर में २१ दिनो के अनशन से स्वर्गवास प्राप्त किया।

मूल-तत्पट्टे श्री वैरागर स्वामी दिदीपे, श्रीमाल ज्ञातिः मल्लराजः पिता, रत्नवती जननी नागोरपुरे जन्म, चारित्रपदं च तत्रैव। एकोनविंशतिः १६ समाः पदवी भोगः। मेड़तानगरे ११ दिनान्यनशनं कृत्वा देवत्वं प्राप। ६२।

अर्थ—उनके पाट पर श्री वैरागर स्वामी सुशोभित हुए। श्रीमाल जाति के मल्लराज उनके पिता और रत्नवती माता थी, नागोरपुर मे जन्म, दीक्षा एवं आचार्यपद भी वहीं हुआ। १६ वर्ष तक पदवी भोग कर मेड़ता नगर मे ११ दिन का अनशन करके देवपद प्राप्त किया।

मूल-तत्पट्टे श्री वस्तुपालोऽलंचक्रे, कड़वाणीय गोत्रे महाराजः पिता, हर्षानाम्नी माता नागोरपुरेऽजनि, चरणं पदं च नागोर पुरे। वर्ष सप्तकं पदवी भुक्ता, सप्तविंशति २७ दिनान्यनशनं कृत्वा मेड़तापुरे स्वर्जगाम ॥ ६३ ॥

अर्थ—उनके पाट पर श्री वस्तुपाल सुशोभित हुए, कड़वाणीय गोत्रीय महाराज पिता और हर्षा नामकी माता थी, नागोर मे जन्म और चारित्र पद प्राप्त किए। ७ वर्ष तक पदवी भोग कर और २७ दिनो का अनशन करके मेड़ता मे स्वर्ग गए।

मूल-तदीयपट्ट विभूषणं-परिष्कर्ता श्रीकल्याणसूरिर्जातः, शिव-

मुक्तं भो अत्र मा उपविश, अत्र तु यः कश्चित् तपस्वी प्राज्ञो यतिः प्रवयास्तस्योपवेशनभूरियमितिभणितेऽहंयतिरेवभूत्वा निपत्स्यामि अत्रेत्युक्ते सदारंगेण, सर्वेषु मौनमाधायस्थितेषु श्री॰श्रीपूज्यास्ततो विहृत्य मेड़तापुरे गतास्तदनु तेन सदारंगेन गृहे मात्रादीनां पुरतो निज–संयम–ग्रहणाशयः प्रोक्तः, अत्या-ग्रहेण तदाज्ञामादाय श्री सूरीनाकार्य्यं च कृत–सुमतिसंगेन सदारंगेणाऽमितवसुत्यक्त्वा महामहपूर्वकं दीक्षांगीचक्रे, नवमवर्षे, तत्प्रभृत्येवाध्येतुंलग्नः वर्षपंचके एवानूचानो जातः। ततः पञ्चदशाब्दिकेन षष्ठतपोभिग्रहो गृहीतः, महान् तपस्वी, विकृति त्यागी, शुद्धाशयो, विज्ञश्चेति मत्वाचार्य्यैरन्त्य–समये श्रीवर्द्धमाननाम्नोऽन्तेवासिनो गणभृत् पद दानावसरे प्रोक्तं, भवतामात्मीय पट्टं सदारङ्गाय देयमिति १८ समाः पदं भुक्तं दिननवकाननशन करणेन श्री श्रीपूज्यैर्द्यौः प्राप्ता सम्वत् १७२४ फाल्गुन मासे ॥६७॥

अर्थ—उनके पाट को श्री आसकरणाचार्य ने सुशोभित किया। सूरवंशीय लब्धमल्ल उनके पिता और तारांजो माता का नाम था। मेड़ता नगर मे उनका जन्म और दीक्षा हुई, पदवी नागोर नगर में हुई। एक समय श्री श्रीपूज्य नागोर नगर मे विराज रहे थे, उस समय भागचन्द नाम का सूर वंशीय सेठ अपने पिता, चाचा, भाई, भतीजे और पुत्रादि से युक्त होकर व्याख्यान सुनने को उपाश्रय में अपने स्थान पर बैठा। उस समय यशोदा की कूंख से उत्पन्न उसके पांचो पुत्र वहां थे। चार तो आगे अपने-अपने स्थान पर बैठे थे, किन्तु पांचवां पुत्र सदारंग नाम का जो सात वर्ष का था, अपने चाचा की गोदी में बैठा था। बहुत बड़ी श्रीसंघ की सभा में व्याख्यान चल रहा था। बाल स्वभाव से सदारंग चाचा की गोदी से उठकर पाटे के पास वृद्ध मुनि के बैठने की जगह जाकर जल्दी से बैठ गया। तब उपस्थित सब लोग हंसी से बोले ऐ बाल ! वहां मत बैठो, यहां तो जो कोई तपस्वी, विद्वान्, और अवस्था से वृद्ध यति होता है, उसके बैठने का स्थान है। इस पर

सदारंग ने कहा कि मै यति होकर ही इस पर बैठूंगा, उसके ऐसा कहने पर सब चुप हो गए। श्री श्रीपूज्य वहां से विहार कर मेड़ता गए। उनके पीछे सदारंग ने घर मे माँ आदि के आगे अपने सयम ग्रहण की भावना व्यक्त की। अत्याग्रह से उनकी आज्ञा लेकर और श्री सूरि को बुला कर सदारग ने सुमति के संग अमित धन छोड़ कर बहुत उत्सव पूर्वक नवमे वर्ष मे दीक्षा ली एवं उसी दिन से पढने मे संलग्न हुए और पांच वर्ष मे विद्वान् बन गये। फिर १५ वर्ष से छट्ठ २ तप का अभिग्रह ग्रहण किया। महान् तपस्वी, विगई त्यागी, शुद्ध आशय वाले और विज्ञ मान कर आचार्य ने अन्तिम समय मे श्री वर्द्धमान नाम के शिष्य को गण संचालक का पद देते कहा—कि आपको अपना पाट सदारग को देना चाहिये। १८ वर्ष तक पद का भोग किया और नौ दिन का अनशन करके श्री श्रीपूज्य स्वर्गगामी हुए स० १७२४ फाल्गुन मास मे।

मूल—तदीय पट्टे श्री वर्द्धमानाचार्यो वैद्यवंश्या:, सूरमल्ल: पिता जननी लाडमदेजीति, जाखासरे जन्म चारित्रमहिपुरे, पदमपि तत्रैव सं० १७२५ माघशुक्लपंचम्याम्। तदनन्तरं १७३० वर्षे वैशाख शुक्ल दशम्यां श्रीबीकानेरे पदावधारिता: श्री श्रीपूज्यास्तत्र, महान्मह: संजात: श्रीफलै: प्रभावना कृता श्री देवगुर्वाज्ञा चिन्तामणि विभूषित—मस्तकै: श्रावकै: महती प्रतिष्ठा व्यधायि। ततोऽनेक क्षेत्रेषु विहृत्य पुनर्बीकानेरे समेत्य स्वान्त्यसमयवेदिभिर्दिनसप्तकानशनमाश्रित्य त्रिदिवोऽलंचक्रे, वर्षाष्टकपदभोगिभि: श्री श्रीपूज्यै: ।६८।

अर्थ—उनके पाट पर श्री वर्द्धमान आचार्य हुए। वैद्य वंशीय सूरमल्ल उनके पिता और माता लाडमदेजी थी। जाखासर मे आपका जन्म और नागोर मे ही दीक्षा एव सं० १७२५ माघ शुक्ल पचमी मे पद की प्राप्ति हुई। तदनन्तर सं० १७३० के वर्ष वैशाख शुक्ल दशमी मे श्री श्रीपूज्य बीकानेर पधारे। वहा पर बहुत बड़ा उत्सव हुआ—नारियल की प्रभावना की गई। श्री देव गुरु की आज्ञा रूप चिन्तामणि से युक्त शिर वाले श्रावको ने बड़ी प्रतिष्ठा की। बाद अनेक क्षेत्रो मे विहार करके

दासः पिता सूराणा गोत्रीयः, कुशला नाम प्रसूः। राजलदेसर निगमे जन्म, बीकानेरे चारित्रं, पदं च नागोरपुरे जातम्। चतुर्विंशति समाः पदं भुक्तं, लवपुर्यां दिनाष्टकमनशनं देवलोकालंकारतामियाय, अयं सूरिर्महाप्रतापः शतं शिष्याणां हस्तदीक्षितानामजनि जागरूक प्रत्ययो गच्छवृद्धिकृत् ॥६४॥

अर्थ—उनके पाट को सुशोभित करनेवाले श्रीकल्याणसूरि हुए, सूराणा गोत्री शिवदास उनके पिता और कुशला नाम की माता थी। राजलदेसर गांव मे जन्म, बीकानेर मे दीक्षा और नागोर मे आचार्य पद हुआ। २४ वर्षो तक पद का पालन किया। लवपुर (लाहौर) मे आठ दिनो का अनशन करके देवलोक को प्राप्त हुए। यह आचार्य महाप्रतापी थे, सौ शिष्यो को दीक्षित किये तथा जागरूक प्रत्यय एवं गच्छ की वृद्धि करने वाले थे। ६४।

मूल—तत्पट्टे भैरवाचार्यो दिदीपे, सूरवंशजः। तेजसीजी पिता तस्य, लक्ष्मी नाम्नी प्रसूरभूत् ।१। जन्म चारित्रपट्टं श्रीकृत्यं नागोरपूर्वरे। द्वादशाब्दी तु सूरित्वे, दिग्दिनान्यनशनं कृतम् ।२। सोजताह्वपुरे प्राप देवत्वं, शुद्ध संयमः। पंच षष्टितमः सूरिः, क्रियाद् वृद्धिंगणे पराम् ।३। यस्य धर्म राज्येऽनेके व्यतिकराः शुभा जाताः नागोरपुरे गहिलड़ा गोत्रीया हीरानन्द प्रभृतयो निःस्वीभूय मेडतापुरे श्री गुरुवंदनाय गता, निशीथे भैरव विहित–सान्निध्यात् श्री श्रीपूज्यैरेतेषामृद्धि–वृद्धि–वचोदत्तं तेऽपितस्य गुरोः कृपया पूर्वाशानगरेषु महेभ्या भूता तदनुतदपत्यै (फर्क सेरतो) दिल्लीश्वराज्ञाज्जगच्छेष्ठिपदं महाराजपदं च प्राप्तं सर्वसेनतो वितीर्ण कोटि धनैरिदं तु प्रसिद्धतरं आख्यानं ततो न विस्तृत्य लिखितम् ॥६५॥

अर्थ—उनके पाट पर भैरवाचार्य सुशोभित हुए, सूरवंशज तेजसीजी उनके पिता और लक्ष्मी नाम की माता थी। जन्म, दीक्षा, और पदवी दान का काम नागोर मे हुआ। बारह वर्षों तक सूरि पद पर रहे, दश दिनो का

अनशन किया और सोजत नाम के नगर मे देवलोकवासी हुए। ये शुद्ध संयमी ६५ वें सूरि गण मे उत्तम वृद्धि करें। जिनके धर्म राज्य में अनेक शुभ वृत्त हुए। नागोर में गहिलड गोत्रीय हीरानन्द प्रभृति दरिद्र होकर मेड़ता-पुर मे गुरु वन्दन के लिए गये। रात मे भैरव की सेवा से श्री श्रीपूज्य ने उसको ऋद्धि सिद्धि वृद्धि का वचन दिया, वह भी गुरु की कृपा से पूर्व दिशा के नगर में बहुत बड़ा धनी हो गया। बाद मे दिल्लीश्वर की आज्ञा से जगत सेठ और महाराज पद को प्राप्त किया और बडा धन का विस्तार किया, इसका कथानक बहुत प्रसिद्ध है इसलिये यहाँ विस्तार से नहीं लिखा।

मूल—तत्पट्टे श्री नेमिदाससूरिरभवद् विजयी सूरवंश्यः रायचंदः पिता, सजना जननी, जन्मचारित्रे बीकानेरपुरे, पदमहिपुरे गृहीतं सत् १७ समा भुक्तं दिनसप्तकानशनेन उदयपुरे स्वरितः (स्वर्गं प्राप्तः) ॥६६॥

अर्थ—उनके पाट पर श्रीनेमिदाससूरि हुए, विजयी सूरवंशीय रायचन्द उनके पिता और सजना माता थी। जन्म और दीक्षा बीकानेर मे और पदवी नागोर मे ग्रहण की जो १७ वर्षों तक भोगी गई। दिन सात के अनशन से उदयपुर मे स्वर्गवासी हुए।

मूल—तत्पट्टं शोभयामास श्रीआसकरणाचार्यः। सूरवंशीयः लब्ध-मल्लः पिता तारांजीति मातृनाम। मेड़तापुरे जन्मचारित्रं च, पदं नागोरपुरे, एकदा श्री श्रीपूज्या नागोरनगरे स्थिता-स्सन्ति। तस्मिन्नवसरे भागचन्द नामा सूरवंश्यः स्वपितृ-पितृव्य-भ्रातृ-भ्रातृज-पुत्रादि-परिवृतो व्याख्यानं शृण्वन्नुपाश्रये स्वस्थाने उपविष्टोऽस्ति। तदानीं यशोदा कुक्षिजास्तस्य पंचापि पुत्रास्तत्र स्थितास्सन्ति, चत्वारस्तत्सुता अग्रजाः स्वोचित स्थाने निषण्णाः पंचमोऽनुजः सदारङ्गनामा सप्तवर्षीयो निज पितृव्यांके उप-विष्टः। महत्यां श्रीसंघपर्षदि व्याख्याने जायमाने बाल-स्वभावत्वाद् सदारङ्गः पितृव्यांकादुत्थायोपपट्टं वृद्धमुनि समुपवेशनस्थाने द्रुतंगत्वा निषसाद, तदा सर्वैर्हास्यपूर्वक-

फिर बीकानेर में आकर अपना अन्तिम समय जान कर सात दिन के अन-शन से श्री पूज्य ने स्वर्गवास प्राप्त किया ।

मूल—श्री वर्द्धमानाचार्यैर्गुरुदेव वचःस्मरद्भिः श्री सदारङ्गसूरयो निजपट्टे स्थापिताः । तत्र महति महे विधीयमाने श्रावकैर-नेकधा मिलिते स्वपरगणीये श्रीसंघे महान् प्रमोदः सर्वेषां भवन्नरित । तस्मिन्नवसरे सुच्चायदेवी – यात्रागतैर्निज संपद्—भरावगणित – धनिनिवहैर्हिसारकोटनिवासिभिर्ब्रह्मेचा-गोत्रीयैः कुहाडापरपर्यायैः शालिभद्रोत्तमचन्दादिभिः सभ्य-परिकरान्वितैः क्रमान्नागोरनगरे समेतैर्विज्ञात – पदवीमहैः सुश्रावकैर्गुरुतर गुरुभक्त्या साधर्मिक वत्सलत्वादि सुकृत्य-कृतये रजतानां चतुःसहस्री व्ययिताः । तत्र तेषां यशोनाम-कर्म प्रकृतेरुदयो महानजनि तत्रत्यैः सूरवंश्यैरपि तैः सह स्व सम्बन्धः कृतोऽग्रेतन विस्तरस्तु न पृष्टः ।

अर्थ—श्री वर्द्धमान आचार्य ने गुरु देव के वचन का स्मरण कर श्री सदारङ्ग को अपने पाट पर स्थापित किया । वहां श्रावको द्वारा किये गये बहुत बड़े उत्सव में अनेक बार स्व पर गणीयसंघ के मिलने पर सबके मन से बहुत हर्ष हुआ, उस समय सुच्याय देवी को यात्रा के लिए आये हुए अनेक धनियो ने जो कि हिसार कोट निवासी ब्रह्मेचा या कुहाड़ गोत्री कहाते थे । शालिभद्र उत्तम चन्द्र आदि सभ्य परिकरो से युक्त क्रमश नागोर नगर मे पदवी महोत्सव जानकर आए, उन सुश्रावको ने बड़ी गुरु भक्ति से साधर्मिक वत्सलादि सुकृत्य के लिए चार हजार चांदी के सिक्के व्यय किए । वहाँ उन-सबके यशोनाम कर्म प्रकृति का महान् उदय हुआ । वहां के सूरवंशीयो ने भी उनके साथ अपना सम्बन्ध कायम किया । आगे का विस्तार यहां नहीं किया गया है ।

मूल—ततः श्री सदारङ्ग सूरयः किंचित् कालं तत्र स्थित्वा-ऽन्य देशेषु विहरन्तः श्रीमत्पातसाहिना (आलमगीर) मार्गे मिलितेनाभिवंदिताः स्तुताश्च सत्प्रत्यय

दर्शनेन तत्र बीकानेर स्वामिना श्री अनोपसिंह महाराजेनाऽपि निज हृद्गत सुत चिन्ता निवर्त्तन पूरण विस्मित चेतसाऽभ्यर्चिताः, सत्कृताः, कथितं च श्री श्रीपूज्य-पादा भवंत उत्तम पुरुषा सर्व विद्या विशारदाः श्रेयांसो वरीयांसोऽखिल जगतः पूज्याः अस्माकं विशेषतो गुरवः प्रतीच्या-श्चेत्यादि शिष्टाचार पूर्वकम् ।

अर्थ—बाद श्री सदारग सूरि कुछ काल तक वहां ठहर कर देशान्तर मे विहार करते हुए मार्ग मे वादशाह से मिले उसने वंदन किया । बीकानेर के राजा श्री अनोपसिह जी ने वहा परिचय प्रभाव देखकर और अपने हृदयगत पुत्र चिन्ता निवारण की पूर्ति से विस्मित होकर श्री श्रीपूज्य सदारंगजी की महिमा की, सत्कार किया और बोले कि हे पूज्य ! आप उत्तम पुरुष हैं, सभी विद्याओ के जानकार हैं, कल्याणकारक है, श्रेष्ठ हैं सारे ससार के पूज्य हैं, हमारे तो विशेष रूप से गुरु हैं, प्रतीक्ष्य हैं इत्यादि शिष्टाचार पूर्वक श्रीपूज्य की स्तुति की ।

मूल—ततोऽनोपसिंहात्मज महाराज सुजानसिंहेनाऽपि तथैव मानिताः, श्री श्रीपूज्या लवपुरीं गताः, तत्राऽपि वहवो लोका रंजिता; सं०-१७६० धर्मक्षेत्रे चतुर्मासी कृता, तत्र पातसाहि मान्याऽमात्य-मुंहनाणी शीतलदासेन शिविराद् विनीय चतुर्मासीकरण विज्ञप्ति लेख; प्रहितः, परं न तत्र स्थितास्ततो विहृत्य पानीयप्रस्थ (पानीपत) — द्रंगेऽग्रोतकैः श्रावकैर्बहुविज्ञप्तिकरणपूर्वकं स्थापिता । तत्रामात्य शीतलदासेन खानमहाशय द्वाविंशत्या युतेन दर्शनमकारि । जंतुत्राणोपदेशः सर्वैराकर्णितः, उररी कृतश्च दयाधर्मो, वहुलाभः समुपार्जितः । ततो योगिनी पुरे श्राद्धारंजिता, विशदतर सिद्धान्त सदर्थ सार्थ प्रकाशनेन ततो-ऽर्गलापुरे पातसाहिश्यालकस्य महाखानस्य सत्प्रत्यय दर्शन पूर्वकं जीवदयोपदेशेन मानसं रंजितं यावत् स्थितिकालं जीव-

दया महाखानेन प्रवर्त्तिता सर्वत्र नगरे। ततो विहृत्य सं० १७६६ पुनर्वीकानेरपुरे पूर्वगोपुरे पादावधारितास्तत्र कतिचिद्दिनानि शुक्रास्तादि मलिन दिवसत्वात् श्रावकैः पटमंडपे रम्यतरे स्थापिताः। तत्र नगर प्रवेशोत्सव वार्तायां जायमानायां श्रावकाः संभूय विचारयन्तिस्म यत् ईदृशः प्रवेशः कार्यते यादृक् केनाऽपि न कृतः, कारितो वा पूर्वम्।

अर्थ—बाद महाराज अनोपसिंह के पुत्र महाराज सुजानसिंह ने भी वैसा ही मान किया। श्री श्रीपूज्य लवपुरी गए। वहां भी बहुत से लोग प्रसन्न हुए। सं० १७६० धर्मक्षेत्र में चातुर्मास किया वहां बादशाह के मान्य मंत्री मुहनाणी शीतलदास ने कैम्प से निकल कर विनय पूर्वक चतुर्मास करने का निवेदन पत्र भेजा, किन्तु वहां नहीं ठहरे। वहां से विहार कर पानीपत में अग्रवाल श्रावको ने बहुत विनय पूर्वक ठहराये। वहां पर मंत्री शीतलदास ने खान महाशय और २२ के संग दर्शन किये। सबने जीव दया का उपदेश सुना और दया धर्म को स्वीकार किया, तथा बहुत लाभ लिया। उसके बाद योगिनीपुर के श्रावको को शुद्ध सिद्धान्त, सदर्थ और अर्थ सहित ज्ञान उपदेश कर प्रसन्न किये। बाद अर्गलापुर में बादशाह के साले महाखान को सच्चा परचा दिखाकर जीव दया के उपदेश से प्रसन्न किया। जब तक श्रीपूज्य वहां ठहरे, महाखान ने सारे नगर में जीव दया पालन करने की घोषणा करवा दी। वहां से विहार कर सं० १७६६ मे फिर बीकानेर के पूर्व दिशा के द्वार पर पधारे। वहां पर शुक्रास्त आदि से मलीन दिन होने के कारण श्रावको ने कपड़े के मंडप में कतिपय दिन उन्हे ठहराया। वहां पर नगर प्रवेशोत्सव की बात चलने पर श्रावको ने मिलकर विचार किया कि ऐसा प्रवेश कराया जाय जैसा कि पहले किसी ने न किया और न कराया हो।

ते पछे पांचमे वरसे ९८० वर्षे सिद्धान्त पुस्तके चढावबा मांड्यो । चोदे वरस सिद्धान्त पुस्तकें चढावतां लागा । ९९३ मे वर्षे-सवत्सरे ११ अग, १२ उपांग इत्यादिक ८४ सूत्र नाम जाणवा । श्री वीरथकि ४७० वर्षे विक्रमादित्य नो सवत् थयो छे । विक्रमादित्य थी १३५ वर्षे सालि-वाहन नो साको थयो । विक्रमात् ५२३ वर्षे कालिकाचार्येण पचमी तथा चतुर्थि पर्यूषणा कृता तथा ५२३ वर्षे पचमी पर्यूषणा कृता तथा विक्रम संवच्छर हूंति १२५७ वर्षे चतुर्दशीनि स्थापना हुई ॥१॥ सवत् ४१२ वर्षे चैत्यना देहरा प्रवर्त्या भस्मग्रह ने जोगे करी ने जाणवो ॥२॥ सवत् १००८ वर्षे पौषध शाला हुई ॥३॥ संवत् ९९४ वर्षे चोरचासी गच्छना मत थया ॥ ४ ॥ सवत् १००१ वर्षे मठधारी महातिमा थया ॥ ५ ॥ संवत् १२१३ ना वर्षे खडतर गछ उजलमना थया ॥ ६ ॥ सवत् १२१४

ना वर्षे आंचलिया उजलमान थया ।। ७ ।। संवत १२३४ ना वर्षे नागोरी महातमा थया ।। ८ ।। संवत् १२५० ना वर्षे आगमीया, पूनमिया महात्तीमा थया ।। ९ ।। संवत् १२८५ मे वर्षे तपा माहातिमा थया तथा वडगच्छ नो महातमो एक, तपगच्छ नो एवं २ थी चित्रगच्छ नीकल्यो तिहां महातिमा नो गच्छ मडाण थयो ।। १० ।। संवत् १५२३ ना वर्षे लोकांपति थया ।। ११ ।। संवत् १५४४ ना वर्षे वीजामतिए प्रतिमा पूजी ।। १२ ।। संवत् १५७१ ना वर्षे पायचन्द प्रतिमा पूजी, क्रिया उद्धरी ।। १३ ।। संवत् १५८३ वर्षे आणद विमल सूरी ए क्रिया उद्धरी ।। १४ ।। संवत् १६०२ वर्षे आंचलिए क्रिया उधरी ।। १५ ।। संवत् १६०५ वर्षे षडतरे क्रिया उधरी ।। १६ ।। संवत् १६८१ ना वर्षे महादेव एक गुजराति एवं २ ऋषि मायानी पासे ऋपि रूपचन्द ऋषि हीरानन्दे नागोरी सीराना कुवा पासे दीक्षा लिधो। तिवार पछे ४ वर्षे एकठा रह्या। पछे सिचामति नागोरी लोका निकल्या ।। १७ ।।

संवत् १५३१ ना वर्षे अमदावाद मांहे पोताने मेले ऋ० भाणा सिरोही देश माहे, अरहट्टवाडा गामना वासी, ज्ञाते पोरवाडते दिक्षा लीधी एवं पाट १ थयो ।। १८ ।। ऋषि भीदाजी सिरोही ना वासी, ओसवाल, गोत्र साथरिया एवं पाट २। सा० तोलाना भाईए[1] ऋषि भीदानि पासे दिक्षा लोधी, अमदावाद मध्ये एवं पाट ३ थया। ऋषि भीना पालि गांमना वासी, ऋषि भीना, ऋषि नूना, ऋषि रतनसिए दीक्षा लीधी। ऋषि भीना[2] पालि गामना वासी, जाते ओसवाल, गोत्र सुराणा, तेणे भांभर गाम मांहे दीक्षा लीधी एवं पाट चार थया। ऋषि जगमाल ना शिष्य ऋषि सरवा, जाते ओसवाल, गोत्र सुराणो, श्रीमालि गोत्र संघाड़, उतरदेश लिवि गाम माहे दीक्षा लिधि संवत् १५५४ वर्षे तेमज ५४ वरस नी दीक्षा पाली एवं पाट ५ थया[3]। ऋषि सरवाने पासे पाटण ना वासी

१—अन्य पट्टावलियो मे तीसरे पट्टधर आचार्य का नाम नूंनाजी मिलता है।

२—अन्य पट्ट मे भीमा।

३—अन्य पट्टावलियो मे पाँचवे पट्टधर आचार्य का नाम जगमालजी मिलता है। सरवाजी छठे आचार्य हैं। इस पट्टावली मे जगमालजी की आचार्य रूप मे गणना नहीं की गयी है।

गोत्र वेद ऋषि रूपजी ए संवत् १५६५ ना वर्षे दीक्षा लिधि। वर्ष १७ नि दीक्षा थि दिन २५ संथारो उदये मां आव्यो। सर्व आयु वर्ष ४२ नो पाल्यो एव पाट ६ थया। संवत् १५७८ ना वष, सुरतना वासि, महा-सुदी १५ गुरु दिने, जीवजिये पदवी लिधि। इहां थी सीमल[1] ऋषि नो गच्छ नीकल्यो। संवत् १५८५ वर्षे, फागुण माहे पदवि लिधि; ते पदवी वर्ष २८ नी पदवि जाणवि, सर्वायु वर्ष ६३, संवत् १६१३ ना वर्षे जेष्ठ वीजा वद १० वार सोमे दिन ५ नो सयारा थयो एव पाट ७ थया।

तत्पट्टे ऋषि वडवरसिंघ जी जाते ओसवाल, गोत्र नाटदेव का, पाटण ना वासि, वर्ष २३ हता, सवत १५८७ चैत्र सुदि ४ देने दीक्षा वर्ष २५ नी। पदवी संवत १६१२ ना वैशाख सुदि ७ सोमे पदवि वर्ष ३३ नी पाली। संवत १६४४ ना कार्तिक शुद २ दिने पोहोर ११ नो सागारी सथारो खंभातमां कीधो, सर्वायु वर्ष ८० नो पाल्यो एव ८ पाट थया। वीजा लघुवरसिंहजी सादड़ी ना वासी, ओसवाल, गोत्र वोहोरा ना परि-वार मां, संवत् १६०६ वर्षे दीक्षा, संवत् १६२० पदवी, वर्ष ३६ नी पदवी। सर्वायु वर्ष ७२ सुधी भोगवी। सवत १६२१ ना खंभात मध्ये ऋ० कुंवरजी नो गच्छ निकल्यो। संवत् १६६२ वर्षे उसमापुर मध्ये, लघुवरसघजिए पोहोर ८ नो संथारो, पाट नवमो।

तत्पट्टे जसवंत जी सोहीजतना वासी, ओसवाल, गोत्र लोकड, संवत् १६४९ वर्षे दीक्षा, वर्ष ३९ नी पदवि, सर्वायु वर्ष ५५, पोहोर ८ नो संथारो, एमदपुर मध्ये। संवत् १६८८ ना वर्षे, एवं पाट १० थया। तत्पट्टे रूपसिंहजी गुंदवचना वासि, गोत्र वोहोरानु ओसवाल जाते पूनमिया, संवत् १६७४ वर्षे दीक्षा, वरस ८ नी पदवी, सर्वायु वर्ष ३५ पोहोर बे नो सथारो एवं पाट ११। तत्पट्टे दामोदरजी अजमेर ना वासी, गोत्र लोढ़ा, सवत १६८८ ना वर्षे दीक्षा, सवत १६९९ वर्षे मास ८ नि पदवी, दीक्षा वर्ष ८ पोहोर १ नो संथारो। सर्व आयु वर्ष २३ मास ३ दिन २४ एवं

२—श्रीमल्ल।

पाट १२। तेहने पाटे कर्मसिजि माता रत्नादे, पिता सा० रतनसी, ओसवाल, गोत्र लोढा। अजमेर ना वासि, खंभात मध्ये संथारो पोहोर ६ नो आराध्यो एवं पाट १३ थया। तत्पट्टे केशवजी पिता सा० नेतो, माता नवरंगदे, गाम जेतारण, गोत्र कोठारी, कोलदा मांहे जेठ वदि ६ सने संवत् १७२० ना वर्षे संथारो पोहोर २४ नो आराध्यो एव पाट १४ थया। तत्पट्टे श्री तेजसंघजी ओसवाल वंशे ऊपना, तेहनो मोटो उपगार कहीए एवं पाट १५।

तत्पट्टे श्री काहानजी ओसवाल वंशे, तेहनो मोटो एवं पाट १६ थया। तत्पट्टे श्री तुलसीदास जी ओसवाल वंशे तेहनो मोटो उपगार कहिये पाट १७। तत्पट्टे श्री जगरूपजी ओसवाल तेहनो " पाट १८। तत्पट्टे श्री जगजीवन जी ओसवाल वंशे, तेहना पाट १६। तत्पट्टे श्री मेघराज जी ओसवाल ते पाट २०। तत्पट्टे श्री आचार्य श्री श्री सोमचन्द्र जी, ओसवाल वंशे वर्ते २१ पाट। तत्पट्टे वर्तमान श्री ६ श्री श्री हर्षचंद जी ओसवाल वंशे वर्तमान गच्छाधिराज सिरोमणि पंडित चरंजीवी हो जो। इति श्री पट्टावलि पूर्वाचार्यनि संपूर्ण। सं० १६३८ ना वर्षे मगसर विद १ दिने। श्री वडोदा मध्ये लिखि छे।

तत्पट्टे श्री जयचंद्र सुरी, ओसवाल वंशे मरूधर देस पाली ग्राम ना, दीक्षा वरस ६०, गादीवर पाट थापन सं० १८६८ महासुद ५, निरवाण वडोदरे सं० १६२२ ना वै० शुद १५ संथारो दिन ८ नो पाट २३ में हुवा। तत्पट्टे श्री कल्याण चंद्र सुरी, रेवासी पाली ना मरुधर देशे, पिता दोलतराम जी, माता नोजी बाई, गोत्र करणावट, ओसवाल वंसे, दीक्षा जीरणगढ़ मां संवत् १६१० मागसर सुद ३, पाट थापन वटपद्र नगरे सं० १६१८ ना महासुद ११ वुधे गादि ऊपर वैठा, स० १६५७ श्रावण वद १० दिने वारसनो मोक्ष पदने पाम्या संथारो दिवस ३ नो तनु सासन प्रवरते।

---

(६)

मोटा पक्ष की पट्टावली

[प्रस्तुत पट्टावली लोंकागच्छ के मोटा पक्ष से सम्बन्धित है। इसमें महावीर के पश्चात् २७ पट्टधर आचार्यों के नाम-काल-निर्देश के साथ उल्लिखित कर मध्यवर्ती घटनाओं का वर्णन किया गया है। तत्पश्चात् नागोरी लोंकागच्छ की उत्पत्ति का वर्णन कर २५ आचार्यों—१-भाणाजी, २-भीदा जी, ३-साहा तोला नूं भाई (नूंनाजी), ४-भीमाजी, ५-जग-मालजी, ६-सरवाजी, ७-रूपाजी, ८-जीवाजी, ९-वड वर-सिंहजी, १०-लघु वरसिंहजी, ११-जसवंतजी, १२-रूपसिंह जी, १३-दामोदरजी, १४-कर्मसिंहजी, १५-केशवजी, १६-तेजसिंहजी, १७-कान्हाजी, १८-तुलसीदासजी, १९-जगरूप जी, २०-जगजीवनजी, २१-मेघराजजी, २२-सोमचंदजी, २३-हर्षचंदजी, २४-जयचंदजी एवं तत्कालीन आचार्य २५-कल्याणचंदजी तक का—जन्म, माता-पिता, दीक्षा, पदवी, संथारा, स्वर्गवास आदि के उल्लेख के साथ संक्षिप्त परिचय दिया गया है। इसके लिपिकार ऋषि मूलचंद हैं। इसकी हस्त लिखित प्रति उदयपुर में है।

अथ श्री शतावीस पाट नी पटावलि लीख्यते। प्रथम पाटे श्री महावीर स्वामी थया। तारे पछे ३० वर्षे सुधर्मा स्वामी मोक्ष पोता

२ पाट जाणवां। ६४ वर्षे श्री जम्बु स्वामी थया पाट त्रीजे। ७५ वर्षे श्री प्रभव स्वामी थया पाट ४ चोथो। ९८ वर्षे श्री संभव स्वामी थया पाट ५—मो। १४८ वर्षे श्री यशोभद्र स्वामी थया पाट ६ ठो। १५६ वर्षे श्री संभुति विजय स्वामी थया पाट ७ मो। १७० वर्षे श्री भद्रबाहु स्वामी थया पाट ८ मो। २१५ श्री थूलीभद्र स्वामी थया पाट ९ मो। २४५ वर्षे श्री आर्य महागीरी स्वामी थया पाट १० मो। २८० वर्षे श्री बलसिंह स्वामी थया पाट ११ मो। ३३३ वर्षे श्री शांति स्वामी थया पाट १२ मो। ३७६ वर्षे सामाचार्य स्वामी थया पाट १३ मो। ४०२ वर्षे श्री सांडिल स्वामी थया पाट १४ मो। ४५४ वर्षे श्री जीतधर स्वामी थया पाट १५ मो। ५०८ वर्षे आर्य समुद्र स्वामी थया पाट १६ मो। ५९१ वर्षे श्री नन्दील स्वामी थया पाट १७ मो। ६८४ वर्षे श्री नागहस्ती स्वामी थया पाट १८ मो। ७१८ वर्षे श्री रेवत स्वामी थया पाट १९ मो। ८०८ वर्षे श्री सिंह स्वामी थया पाट २० मो। ८१४ वर्षे श्री खंदिल स्वामी थया पाट २१ मो। ८४८ वर्षे श्री हेमवंत स्वामी थया पाट २२ मो। ८७५ वर्षे श्री नागार्यन स्वामी थया पाट २३ मो। ८७७ वर्षे श्री गोविन्द स्वामी थया पाट २४ मो। ९१४ वर्षे श्री भूतदिन स्वामी थया पाट २५ मो। ९४२ वर्षे श्री लोहित्य गणी स्वामी थया पाट २६ मो। ९७५ वर्षे श्री दुस्यगणी स्वामी थया पाट २७ मो। तेहने पाटे ९७६ वर्षे श्री देवढ़ी क्षमाश्रमण पाट वेठा। ते ५०० साधुने परिवारे वीचरे छे।

ते पाट पछे पांचमे वर्षे ९८० वर्षे सीद्धान्त पुस्तके चढावना मांड्यो। चउद वर्षे सीधांत पुस्तकें चढावता थयां। ९९३ वर्षे संवत्सरे ११ अंग, १२ वारे उपांग, ६ छेद ग्रन्थ, दस पइना, चार मूल सूत्र एवं सूत्र अनुक्रमे लिख्या। श्री वीर थकी ४७० वर्षे वीक्रमादित्य नो सवत्सर थयो। विक्रमादित्य थी १३५ वर्षे सालिवाहन नो साको थयो। वीक्रमात्त ५२३ वर्षे कालकाचार्य पंचमी थी चतुर्थि पजुषण करया,

१२३ वर्षे पंचमी पजुषण करया, विक्रम संवछर हुती १२५७ वर्षे चतुर्दशीनी स्थापना थई, संवत् ४१२ वर्षे चेत्य देहरा प्रथम प्रवर्त्या। ते भस्मग्रह ने जोगे जाणवो सं० १००८ वर्षे पोषधशाला उपाश्रय थया। संवत् ९९४ वर्षे ८४ गच्छ नी स्थापना थइ। संवत् १००1 वर्षे मठ धारी माहत्मा थया। संवत् १२१३ वर्षे खतरगच्छ उजलमान थया। सवत् १२१४ वर्षे अंचलगछ उजल थया। १२३४ वर्षे नागोरी माहत्मा थया। संवत् १२५० वर्षे आगमिया पुनमीया माहत्मा थया। संवत् १२८५ वर्षे तपा माहत्मा थया, बडगछनो माहात्मा १, एक तपा गछना माहात्मा एवं २ एक थइ ने चीत्रगछ नीकल्यो। तीहां माहात्मा नो गछ मंडण थयो। संवत् १५२३ वर्षे लोकागछ नीकल्यो। संवत् १५४४ वर्षे वीजा मतीए प्रतिमां पुजी। संवत् १५७१ ना वर्षे पायचन्द गछे प्रतिमा पुजी, क्रीया उधरी। संवत् १५८३ वर्षे आणन्दवीमलसूरीये क्रीया उधरी। संवत् १६०२ वर्षे अंचलगछे क्रीया उधरी। संवत् १६०५ ना वर्षे षत्तर गच्छे क्रीया उधरी। संवत् १६८१ वर्षे मदावेद एक गुजराती एवं २ एक थई ने ऋष मयाचन्द नी पासे, ऋष रूपचन्द, ऋष हीरानन्द, नागोरी, सीराना कुवा पासे दीक्षा लीधी। तीवांर पछी चार वर्ष भेलो विहार कीधो।

पछे तेणे सांचामती नागोरी लुंका नीकल्या। संवत् १५३१ वर्षे देशना सांभली, ते अमदावाद मध्ये, पोतानी मेलेरी साणा, सीरोही देस मां, अरहटवाल गामना वासी, नाते पोरवाड, तणे दीकरा लीधी। नीरजन जोती स्वरूपी सूध दयामय धर्म परूपी, अनेक जीवनों उधार करचो। स्थविर भाणाजी नो प्रथम पाट थयो। भीदा जी सीरोही नो वासी, ओसवाल वंश, गोत्र साथरीया, पाट २। एवं साहा तोला[1] ने भाइ ए ऋष भीदा जी पासे दीक्षा लीधी अमदावाद मध्ये एवं ३ पाट। सा भीमा पाली ना वासी, भीना, नूना, रतना एवं ३ जणे ऋष भीदाजी पासे दीक्षा लीधी, ऋष भीना एव ४ पाट। ऋष जगमाल ऋष सरवाजी ते ओसवाल, गोत्र सूराना, तेणे भाभर गाम माहे दीक्षा लीधी एवं ५ पाट। ऋष जगमालना शिष्य ऋख सरवाजी ते वश ओसवाल, गोत्र

१—अन्य पट्टावलियो में तीसरे पट्टधर का नाम नूंनाजी मिलता है।

श्रीश्रीमाल से संघाड, उत्तर देशे लीवी गाम माहे दीक्षा लीधी एवं ६ पाट। पाटण गामना वासी, ज्ञाते ओसवाल, गोत्र ते हवे साहा रूपाए संघ काढयो शेत्रुजानो अनुक्रमे, अमदावाद माहे संघे चातुर्मास गाल्यु ते सरवाजी स्थिवर ते रूपाजी ने प्रतिवोध्या, जण ५०० ते सूं दीक्षा लीधी, स्थविरे अन्त शमे मास १ नो संथारो करयो, श्री संघ सर्व ने तेड़ी, ऋष रूपाजी ने पाट आपी, आचार्य पद सोप्यों। वर्ष १७ नी अवस्थाए दीक्षा संवत् १५६५ मां दीक्षा लीधी, दिन २५ संथारो, सर्वायु वर्ष ४२ नो एवं ७ पाट। संवत् १५७८ ना वर्षे, सुरतना वासी, महा सुद १५ गुरूवार दिने साहा जीवाजी सूरी पद लीधो।

इहां थी सेमल ऋखनो गच्छ नीकल्यो। संवत् १५८५ ना वर्षे, पाटण मांहि पदवी लीधी, ते पदवी वर्ष २८ जाणवी, सर्व आयु वर्ष ६३, सं १६१३ ना वर्षे जेठ वीजा वद १०, वार सोमे, दिन ५ नो सथारो एवं ८ पाट। तत पटे ऋख वडवरसिंहजी सूरी ओसवाल वशे, गोत्र कर्णावट, पाटण ना वासी, वर्ष २३ ना हता, देशना सांभली दीक्षा लीधी, संवत १५८७ वर्षे चेत्र सुद ४ दिने। पदवी सं० १६१२ ना वर्षे वैशाख सुद ७ ने दिने। वर्ष ३३ पदवी भोगवी। सं० १६४४ ना वर्षे कारतक सुद २ दिने, पोहोर ११ सागारी संथारो श्री खंभात मांहि कीधो। आयु वर्ष ८० नो पाल्यो एवं ९ पाट। वीजा लघुवरशीघजी सूरी सादड़ी ना वासी, ओसवाल वंशे, गोत्र वोराना परिवार मां १६०६ ना वर्षे दीक्षा लीधी। सं० १६२० मा पदवी। सं० १६३६ माहे कुंवरजी नो पक्ष नीकलो श्री वीकानेर मध्ये नानी पक्ष जाणवी। सर्व आयु वर्ष ७२ नो पोहोर ३ नो संथारो श्री खंभात माही एवं १० पाट। तत् पटे जसवंत सूरी श्री सोजत ना वासी, ओसवाल वंशे, गोत्र लूंकड् सं० १६४९ नी पदवी। वर्ष ३९ नी पदवी भोगवी। आयु वर्ष ५५, संथारो पोहोर ८ नो श्री अमदावाद मध्ये एवं ११ पाट। तत पटे रूपसिंह जी सूरी गाम गुंदेच ना वासी, गोत्र वोरा, ओसवाल वंशे, पुनमीया गछे सं० १६७४ ना वर्षे देशना सांभली दिक्षा लीधी। वर्ष ८ नी पदवी। सर्वायु वर्ष ३५, पोहर २० नो संथारो पाटण मध्ये एवं १२ पाट। तत पटे ऋष दामोदर सूरी अजमेर ना वासी, लोढा, सं १६८८ ना वर्षे दीक्षा। सं १६९६ मांय पदवी। सर्वाय वर्ष २३, संथारो पोहर १ नो एवं १३ पाट।

तत्पटे ऋख कर्मसींघ सूरी माता रतना दे, पिता सा० रतनशो, उसवाल वंशे, गोत्र लोढ़ा, अजमेर ना वासी, पोहर ८ नो संथारो एवं १४ पाट। तत्पटे ऋष केशवजी सूरी पिता सा नेतोजी, माता नवरदे, ग्राम जैंतारण, गौत्र कोठारी, कौलादे ग्रामे दीक्षा लीधी। सर्व आयु वर्ष २५ नो पाली दिन ८ नो संथारो एवं १५ पाट। ततपटे श्री तेजसिंघ जी सूरी थया। ओसवाल वशे, गोत्र छाजेड़, ग्राम जेपुर मध्ये दीक्षा लीधी। सर्व आयु वर्ष पाली संथारो दिन १५ नो एवं १६ पाट। तत्पटे श्री कान्हा जी सूरी ओसवाल वंशे, गाम चाणोद मध्ये दीक्षा। सर्वायु वर्ष संथारो पोहोर ४ नो एवं १७ पाट। तत्पटे ऋष तुलसीदास जी आचार्य तेनो वंश ओसवाल, तेमनो मोटो उपगार जाणवो एव १८ पाट। तत्पटे श्री जगरूप जी सूरी ओसवाल वंशे, तेमनो मोटो उपगार जाणवो एवं १९ पाट। तत्पटे श्री जगजीवन सूरी ओसवाल वंशे, तेमनो मोटो उपगार जाणवो एवं २० पाट। तत्पटे श्री मेघराज सूरी ओसवाल वश, तेनो मोटो उपगार एव २१ पाट। तत्पटे श्री सोमचन्द्र जी सूरी ओसवाल वंशे, तेमनो मोटो उपगार जाणवो एवं २२ पाट। तत्पटे श्री हर्षचन्द्र सूरी थया। तेमनो मोटो उपगार जाणवो एवं २३ पाट। तत्पटे श्री धर्म ना दातार श्री पूज्य जी ऋष श्री ६ श्री जयचन्द्र जी सूरी गछाधिराज थया। नगर पालीना वासी, जाते वीसा ओसवाल, गोत्र कर्णावट, दीक्षा वर्ष २०। पद थापना वर्ष ७५। सर्वायु वर्ष ९५, अन्ते संथारो पोहोर ५ नो श्रीवट पद्र नयरे मोक्ष, एवा सूरी सोरोमणी थया एवं २४ पाट। तत्पटे श्रीपूज्य श्री कल्याण चन्द्र सूरी थया। वासी नगर पालीना, जाति ओसवाल, गोत्र कर्णावट, जीरण गढ़ दीक्षा लीधी। वर्ष २१, गादी थापन वडोदे वर्ष २९ ते आजना काले लु का गछाधिराज वीद्यमान जयवता विचरे छे। तेनु नामा भी धार लेतां जीवने परम ज्ञान ना दातार चीरजीवी भूयात्।

॥ इति श्री लोकागच्छ मोटा पक्ष नो पटावली समाप्त ॥

। ली० ऋष मूलचन्द ।

---

(७)

लोंकागच्छीय पट्टावली

[इस पट्टावली में भगवान् महावीर से लेकर ५७ पाटों तक का उल्लेख करते हुए आनन्द विमल सूरि के क्रियोद्धार की चर्चा की गयी है। तदनन्तर लोंकाशाह से लेकर तत्कालीन आचार्य खूबचंदजी (संवत् १४२८ से लेकर १९८२) तक के २७ पट्टधर आचार्यों का जन्म-दीक्षा, पदवी, संथारा, स्वर्गवास आदि के उल्लेख के साथ, परिचय प्रस्तुत किया गया है।]

अथ पट्टावली लखी छे श्री लोंकागछ नी परंपराये महावीर ने पाटे थी मांडी ने लखी छे।

१ श्री भगवंत ने पाटे श्रुधर्मा स्वामी २। तत् पटे जम्बुस्वामी ३। तत् पट्टे प्रभव स्वामी ४। तत् पट्टे श्री जंभव स्वामी ५। तत्पट्टे श्री जसोभद्र स्वामी ६। तत्पट्टे श्री संभुती वीजय स्वामी ७। तत्पट्टे थूली भद्र स्वामी ८। तत्पट्टे श्री आर्य महागीरी स्वामी ९। तत्पट्टे आर्य सुहस्ती स्वामी १०। तत्पट्टे सुस्ती प्रतीवोध स्वामी ११। तत्पट्टे इन्द्रदीन सुरि त्यां थी डीगंवर गछ निकल्यो ७०० बोलनु छेठ्टु पाडु १२। तत्पट्टे दीन सुरि १३। तत्पट्टे सीहगीरी सुरी थी ७ गछ निकल्या, जमले गछ ८ थीया १४। तत्पट्टे वज्र स्वामी, त्याथी १२ वर्ष दुकाल पड़ो अंगुठा प्रमाणे प्रतिमा पुजीने दाणा मुके तेणे उदर

पूर्णा करे, सं० ६८० नी साले १५। तत्पट्टे वज्रसेन स्वामी १६। तत्-पट्टे चन्द्रदीन सुरी थी गछ ६ निकल्या, जमले गछ १७ थीया १७। तत्पट्टे सांमंत सुरी थी शंप्रथी राजाए डुगंरे २ देराकराव्या १८। तत्पट्टे वृधदेव सूरी ३ गछ निकल्या, जमले गछ २० थीया। १६। तत्पट्टे प्रद्योतन सुरी २०। तत्पट्टे मनदेव सूरी २१। तत्पट्टे मानतुंग सुरी थकी गछ ३ निकल्या, जमले गछ २३ थया। जेणे भक्तामर २२। तत्-पट्टे वीरचन्द्र सूरी २३। तत्पट्टे जयदेव सूरी २४। तत्पट्टे देवानन्द सूरी २५। तत्पट्टे वीक्रमानन्द सूरी २६। तत्पट्टे नरसींह सुरी थी ९ नव गच्छ निकल्या, जमले गच्छ ३२ बत्रीस थया २७। तत्पट्टे सामंद्र सुरी २८। तत्पट्टे देवढागणी खीमांश्रावणी थी १४ पूर्व वीछेद गया। पुस्तक कागले लखाणां २९।

तप्पट्टे वीवुध सूरी ३०। तत्पट्टे जयनन्द सूरी थी १२ वर्षो दुकाल पडो जती सर्व पोशालधारी थया, पोसालियो गछ थयो। प्रतीमा पथरनी पुजी जमले गछ तेत्रीस थया, ३१। तत्पट्टे रवी प्रभ सूरी ३२। तत्पट्टे जसोदेव सूरी थी गछ १७ निकल्या जमले गछ ५० थया ३३। तत्पट्टे पद्योतन सूरी ३४। तत्पट्टे मानचन्द्र सूरी ३५। तत्पट्टे विमल-चन्द्र सूरी ३६। तत्पट्टे उद्योतन सूरी ३७। तत्पट्टे सर्वदेव सूरी थी गछ १९ निकल्या जमले गछ ७० थीया। कोथलामती जे कोथला नो मोटो वाधी शामायक कोथलामां करे, कोथलामती गछ ३८। तत्पट्टे देवचन्द्र सूरी ३९। तत्पट्टे मानविमल सूरी थी वीजा मती गछ निकल्यो। नवी पछेडोमां जुना लुगड़ा नु थीगडु दीए मोह उतारवाने जमले गछ ७१ थीया ४०। तत्पट्टे जसोभद्र सूरी ४१। तत्पट्टे मुनिचन्द्र सूरी ४२। तत्पट्टे अजीतदेव सूरी ४३। तत्पट्टे विजयसिंह सूरी ४४। तत्पट्टे सोमप्रभ सूरी थी गछ ७ नीकल्या जमले गछ ७८ थीया ४५। तत्पट्टे जगचन्द्र सूरी ४६। तत्पट्टे देवचन्द्र सूरी ४७। तत्पट्टे धर्म गोरव सूरी ४८। तत्पट्टे सोमप्रभ सूरी ४९। तत्पट्टे सोम-

तिलक सूरी ५० । तत्पट्टे देवसुन्दर सूरी थी अंचल गछ निकल्यो । १२ वर्ष दुकाल मां जती मुडेवाल वाणीया थया । दुर्भीक्षम जमले गछ ७६, ५१ । तत्पट्टे सोम सुन्दर सूरी ५२ । तत्पट्टे मुनि सुन्दर सूरी ५३ । तत्पट्टे सेल रत्न सूरी थी खडतर गछ निकल्यो स० ११५५ मां गछ ८० थया ५४ ।

त० खीमा सागर सुरीथी ऽऽ मासनी पुन्यम करी, पुनीमीउ गछ निकल्यो, जमले गछ ८२ थीया ५५ । त० सुमत साध सुरी सं० १२२७, ५६ । त० हेमविमल सूरी ५७ । त० आण विमल सूरीथी क्रीया उधार कीधो । सघ १५२ (१५) सा माटा पाटण मां आव्या, वर्षारथे नील फुल उगी, संवत १४२८ मां पाटण मां देरा देख स्यान जोई रीह्या त ए दीवसनी गमे नही तराल कोल्यो सीधांत ३२ लखी वेची और पूर्णा करे छे, ते पासे १५२ संघवी जैने ३२ सूत्र सामल्या तरे सघवी १५२ ने पुछ केहे लकालया भगवत ने १ लाख ५६ हजार श्रावक थया, तेमा मोटा १२ वृतधारी १० ते एकावतारी, तेनु सूत्र रचु तेखे केणे, शघ न काढो । देरु न कराव्यु । प्रतीमा न पूंजी । तेनो पाठ उपाशगदसांग मां केम नाव्यो । ते प्रतीमा तो जुठी माटे, अमारा पैसा संघ काढा ना खराव कर्या, गाडाना पैडा हेठे अनेक जीव मरा माटे, आजीवक मत हो धीगस्तु । संसारने, द्रव्य छया छोकरा · · · पडता मुकीने १५२ साधु थया । पुस्तक लकालया कने थी नै नके दीक्षा लीधी । १५३ ठाणु वीहार करी वनमा जइ रीह्या । अने पनवणाए महापनवणा ऐ, माहापनवणा मां पाठमा कहूं छे जे भगवंतने इंद्रे वीनती कीधी । अंत शमेहे प्रभु भस्मग्रह वेशे छे, जो बेघडी आउखो वधारो तो तमारी द्रष्टी ने जोगे २ हजारनी २ घडी मां उत्री जासे, प्रभु के, ए अर्थ न समर्थ, तीर्थ कर वल न फोरवे । तरा प्रभु पाछो जीव दया मूल धर्म क्याथी दीपसे । तेरे प्रभुए कहु जे जीवा रुपाइो जीव भवीस्सई १ त्याथी जीव दया मूल धर्म दीपसे पछे लके ३ दिन अणसण करी चवा, मध्ये रात्रे देव आकाशे आवी १५२ साधु ने सूरी मंत्र दीधो ते साधुए सवारे कागले उतार्यो, कहूं जे हूं लको ऋषि देवलोके गयो छ, आलोको गच्छ सत्य छे ।

हवे त्याथी लोकागछनी पेढ़ी स० १४२८ थी लखाणी

१—ऋ० लकाजी, पाटण ना रेवासी, जात वीसा उशवाल, गोत्रे

लकड, दीक्षा मास ३ नी, सर्व आयु वर्ष ५७। २—ऋ० भाणोजी, गाम अरहटवाडाना, वीसा उशवाल, गोत्रे लोढा, सं० १४३८ मां दीक्षा अमदावाद मां। ३—ऋ० भीत्राजी,[1] सिरोही ना रेवासी, वीसा उशवाल, सोधरीया गोत्री, जण ४५ साथे दीक्षा लीधी पाटणमां। ४—ऋ० नुनाजी, दीक्षा लीधी नरुलई ना रेवासी, जाते वीसा उशवाल, गोत्रे लोढा। ५—ऋ० भीमाजी, पालीना रेवासी, जाते वीशा उशवाल, गोत्रे उसभ, त्याथी तपोगच्छ निकल्यो। तेणे पन्नवणजीनी टीका मध्ये गाथा २ लखी छे ते के छे। गाथा[2]—पांणी २ सीधी ८ सुसी ५, तास्यु १ प्रमीती मत वछरे, वीदधे। क्रीयोद्धार प्रत्वानु ग्रहकार भी १ आनंद वीमलाकानां, सुरीय सुध भुरीय तपो भी दुरतरं लभे तपेती वीरुचंदये २ ते संवत १५८२ मां आणद वीमल सुरीए थी इडरीगढ मध्ये पीत्याई रावलनो वारे ४ मासखमण ईडरना डुंगरनी गुफामां कर्या, पारणे लोका श्रावकने घरे गया, लोट चोखानो धोणमां राख वोरावी, शसरे आवी धोण राख नखावी ने सहेश्रधर तपगछ काढो। लोकाट त्थी तपा थीया। हजार घर ए गाथा पनवणानी टीका मांथी पादरा मध्ये सतिवीजेनी प्रत्यमाथी उतार्या छे। ६—ऋ० जगमालजी श्रीश्रीमाल, दलीना रेवासी।

७—ऋ० सरवाजी उत्राधरा रेवासी, भाभरीया गोत्रीया स० १५४४ दीक्षा लीधी (१) तत्पटे श्री पूज्यपद धराव्यो श्री जीवरखजी,[3] जाति उशवाल, गोत्रे देशलहर, रिवासी सुरतना सं० १४७८ दीक्षा लीधी। संवत १५१३ ना जेष्ठ वदि १३ संथारो दीन ३, दीक्ष्या वर्ष ३६ पाली, सर्वाउ वर्ष ६३ नो पालनपुरे (२) तत्पटे रूप ऋ० जी सुरी, जाते उशवाल, गोत्रे लोढा, रेवासी सीरोहिना सं० १५६१ नी दीक्षा (३) तत्पटे श्री पुज्य ऋ० श्री वडवर शंघजी, जाति उशवाल, गोत्रे नाहटा, पाटण ना रेवासी सं० १५८७ दीक्षा, सं० १६१२ वैशाख सुदि ६ गादीए बेठा, सं० १६४४ कार्तिक सुदि ३ अणशण कीधो दीन १५ नो वर्ष ६३ दीक्षा। स० १६१७ ऋ० कुंवरजीए नानी पक्ष जुदा नीकल्या, नानी पक्ष अमदावाद

१—भीदाजी। २—गाथा का पाठ अशुद्ध है मूल रूप को वैसा ही रखा है।
३—अन्य पट्टावलियो मे सरवाजी के बाद पट्टधर आचार्य के रूप में रूपाजी का तथा रूपाजी के बाद जीवाजी का नाम आया है।

मां ठाणा १८ थी, पण मोटी पक्षे शराप आपो (४) तत्पटे श्रीपूज्य जी ऋ० श्री ६ श्री लघुवर संघजी, गादड़ी नां रेवासी, जाते उशवाल, गोत्रे वोरा शाहिलेचा, संवत १६०६ ढु ढोया निकल्या। लवजी ऋ० ढुढीयो ठाणा ६ थी जुदा क्रिया पाली (५) तत्पटे पूज्य श्री ६ श्री जसवंतजी सुरी, सोजितरा निवासी, उशवाल, गोत्रे लउकड, स० १६४६ माहा सुदि ३ दीक्षा वैशाख सुदि ६ गादीए वेठा, १६८८ मार्गसीर सुद १५ संथारो दिन १७ नो, सर्व आयुव ५४ (६) तत्पटे श्री रूपसींघजी सुरी, वीकेवाडाना, उशवाल, गोत्रे वोरा सोहलेचा, सं० १६७५ गुरुए मार्गसीर सुद १३ दीक्षा, सं० १६८८ मगसर सुद ८ गादीए, सं० १६९७ अषाढ वद १० संथारो दिन ७ श्री कृष्णगढ मध्ये (७) तत्पटे श्री दामोधरजी, अजमेर ना वीसा उशवाल, गोत्र लोढा, सं० १६९२ दीक्षा, सं० १६९७ पदढवा, (८) तत्पटे श्री कर्मसीहजी सुरी, दामोदरजी ना नाना भाई, संवत् १६९८ मा सुदि ३ गादीए, १६९९ मा सुद १० संथारो दीन ७ नो।

(९) तत्पट्टे श्री केशवजी सुरी छपोयारा वासी, वीसा उशवाल, गोत्रे उशभ संवत् १६९९ दीक्षा, संवत् १६९९ मा० वद १३ गादीए। (१०) तत्पटे श्री तेजसिंघजी, चपेटोयाना वीसा उशवाल, गोत्रे उशभ, संवत् १७०६ दीक्षा, सवत् १७२१ गादीए, अषाढ वदि १३ संथारो दीन ९ पालीए (११) तत्पटे श्री कान्हनजी, वीसा उसवाल, नरुलीना, संवत् १७४३ वै० सुद ३ गादीए सुरतमां, संवत १७७९ भादवा सुद ८ संथारा दी० ७ सुरतमां (१२) तत्पटे श्री तुलसीदासजी सुरी, संवत १७६८ फागण सुद ३ दीक्षा, सं० १७७९ भादवा सुद ८ गादीए, सवत १७८८ फा० सुद १२ संथारा दी० ९।

(१३) तत्पटे जगरुपजी सुरी, सं० १७८५ दीक्षा, सं० १७८८ फा० सुद ३ गादीए, संवत १७९८ संथारो दीन ११ श्री दीव मध्ये (१४) तत्पटे श्री जगजीवन जी, संवत १७८९ दीक्षा, संवत १७९९ गादीए, संवत १८१२ मा वद ऽऽ संथारो दिन ६ नो दीव मध्ये, (१५) तत्पटे श्री पूज्य श्री ६ श्री मेघराज जी, संवत् १७९९ दीक्षा, संवत १७९९ गादीए, संवत १८१२ मा वद ऽऽ सथारो दिन १३ नो (१६) तत्पटे श्री सोमचंद

जी, सं० १८३९ फागुण वद ६ गादीए, संवत १८५५ संथारो दिन ७ दीव मध्ये (१७) तत्पटे श्री हर्षचंद जी, संवत १८५५ फागुण सुद ६ गादीए, संवत १८६९ भाद्रवे संथारो दिन ३ वडोदरे (१८) तत्पटे श्री पूज्य जी ऋषि श्री ६ श्री जयचंदजी सुरी, पालीना रेवासी, वीसा उशवाल, गोत्र कर्नावट। संवत १८''' मा दीक्षा लीधी वरस ५५ सुरी पद पाली संवत १९२२ ना वैसाख सुद १४ संथारो कीधो पुनमे पोर १। दिन चढते देवांगत पाया श्री वडोदरे (१९) तत्पटे श्री पूज्य श्री ६ श्री कल्याणचंद्र जी सुरी, संवत १८९० ना चैत्र सुद १३ जन्म, संवत १९१० मां दीक्षा, संवत १९१८ मां गादीए सूरी पद, संवत १९५६ मां श्रावण वद १० देवगत पामा दीवस ३ नो संथारो कर्यो श्री उरण मा देवगत पाम्या सांजना ४ बजे। (२०) तत्पटे श्रीपुज्य ६ श्री खुबचंद जी सुरी, संवत १९२४ मां दीक्षा संवत १९४३ मां गादीए सुरीपद पाम्या, संवत १९८२ ना मगसर सुद ६ संथारो दीवस ३ नो मागसर सुद ९ भोमवारे चढते पोर ११।। बजे वडोदरा मा देवगत पाम्यां ८२ वरसनी उमरे।

(१)

विनयचन्द्र जी कृत पट्टावली

[प्रस्तुत पट्टावली स्थानकवासी परम्परा से सम्बन्धित है। इसके रचयिता श्रावक श्री विनयचंद्र जी उच्चकोटि के कवि थे। इसमें सुधर्मास्वामी से लेकर देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण तक २७ पाट का उल्लेख कर के आगम-लेखन के प्रसंग का वर्णन किया गया है। तदनन्तर विभिन्न गच्छ-भेद, लोंकागच्छ की उत्पत्ति, और लवजी, धर्मदासजी आदि के क्रियोद्धार का वृत्तान्त है। स्वर्ं श्री धर्मदासजी, धन्नाजी, भूधरजी, कुशलाजी, गुमानचन्दजी, दुर्गादासजी और तत्कालीन आचार्य रतनचन्द-जी (संवत् १८८२ पदारोहण) तक के पट्ट-क्रम के संक्षिप्त परिचय के साथ इस पट्टावली का समापन हुआ है।]

द्रुत विलम्बित

समणनाथ महागुन सागरं । अमल ज्ञान अनुग्रह आगरं ॥
प्रबल तेज प्रताप पराक्रमं । निगुण रूप अनूप नमोनमं ॥१॥
नृप किरीटि सिद्धारथ नंदनं । नवल-जीरण-पाप निकंदनं ॥
अतुल तुम्य क्रतूतही उत्तमं । निगुन रूप अनूप नमोनमं ॥२॥

जग सिरोमणि वीर जिनेस्वरु । सकल सेवक तुम्य सुरेस्वरु ॥
सुखदवानी प्रकाशि सुधासमं । निगुन रूप अनूप नमोनमं ॥३॥

अर्थ—प्रारम्भ मे मंगलाचरण के रूप में कवि भूषण विनयचन्द्रजी भगवान महावीर की स्तुति करते हुए कहते हैं कि—हे भगवन् ! आप श्रमणो के नाथ और क्षमा-शान्ति आदि महान् गुणो के सागर एवं निर्मल ज्ञान तथा अनुग्रह–कृपा के आकर (खान) है। आपका तेज, प्रताप और पराक्रम प्रबल है। आपके उपमा रहित निर्गुण रूप को मेरा वारम्वार नमस्कार हो। आप राजाओ मे मुकुट तुल्य महाराज सिद्धार्थ के पुत्र तथा नये पुराने पापो की जड़ को नष्ट करने वाले हैं। आपके कृत्य अतुलनीय, कीर्तिपूर्ण एवं उत्तम है। आपके उपमा रहित निर्गुण रूप को मेरा बारम्बार नमस्कार हो। आप संसार शिरोमणि वीर जिनेश्वर हैं। इन्द्र आदि सकल देव आपके सेवक हैं। आपने अमृत के समान सुख देने वाली वाणी का प्रकाश किया है। आपके उपमा रहित निर्गुण रूप को मेरा वारम्वार नमस्कार हो।

विशेष - रचना के प्रारम्भ मे हमारे यहाँ विघ्न-निवारण के लिए मंगलाचरण करने की शास्त्रीय परिपाटी है। यह मंगलाचार तीन प्रकार का होता है—नमस्कारात्मक, आशीर्वादात्मक और वस्तु निर्देशात्मक। प्रस्तुत छंद नमस्कारात्मक मंगलाचरण का उदाहरण है।

दोहा

सासण पति असरण सरण, नमो वीर मुनिनाह ।
पढ़ूं प्रकट पाटावली, उर धर परम उछाह ॥ १ ॥

अर्थ—जो जिन शासन के स्वामी, असहायो के आश्रय-स्थल तथा मुनिजनों के नाथ हैं, ऐसे भगवान महावीर स्वामी को नमस्कार करके, एवं हृदय मे परम उत्साह धारण कर मैं प्रकट रूप मे पट्टावली को पढ़ता हूँ।

विशेष—यह छंद वस्तु निर्देशात्मक मंगलाचरण का उदाहरण है।

छप्पय

वरष वहोतर वीर, प्रगट आयुर्वल पामी।
व्रत वयालिस वर्ष, सर्व पाल्यो जग-स्वामी॥
साढा द्वादस साल, पक्ष एक अधिक प्रसिद्ध।
मगन रहे छद्मस्थ, विपुल तप करि बहुविध॥
करुणा निधान तप कर कठिन, परमुज्ज्वल निज पद परस।
तज कर्म चार पाये तुरत, दिव्य ज्ञान केवल दरस॥१॥

अर्थ—भगवान महावीर ने वहत्तर वर्ष का आयुबल प्राप्त किया जिसमे बयालीस वर्ष तक उन्होने संयम-जीवन की साधना-आराधना की। उसमे एक पक्ष अधिक साढ़े बारह वर्षो तक छद्मस्थ अवस्था मे अनेक प्रकार के तप किये। करुणा-निधान भगवान महावीर ने अत्यन्त उज्ज्वल आत्म-पद-निज रूप को स्पर्श करने के लिये कठोर तप से चार घाती कर्मों को क्षय कर, दिव्य ज्ञान—केवल ज्ञान-प्राप्त किया।

विशेष—मनुष्य जीवन का परम ध्येय मुक्ति प्राप्त करना है और वह कठिन तपस्या के द्वारा, ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय रूप चार घाती कर्मो को नष्ट कर, केवल ज्ञान की प्राप्ति कर लेने से ही प्राप्त होती है।

दोहा

प्रभु कीन पावा पुरी, चरमकाल चोमास।
कार्तिक अमावस कर्यो, वर पंचमी गति वास॥२॥
जनम रास जिनराज की, भस्म आगमन भाल।
जैण दिवस कर जोरि के, पूछे सक्र सुरपाल॥३॥
साल दोय सहस्लू, कठन भस्म ग्रह काथ।
उदै उदै मुनि आसतां, नाहि हुसे जगनाथ॥४॥

अर्थ—भगवान महावीर ने अन्तिम समय का चातुर्मास पावापुरी मे किया जहाँ कार्तिक कृष्णा अमावस्या को उन्होंने पंचम गति अर्थात् मुक्ति

प्राप्त की। निर्वाण के पूर्व सुरपति इन्द्र ने जिनराज महावीर की जन्म-राशि पर भस्मक ग्रह का आगमन देखकर नम्र निवेदन किया कि प्रभो! इसका परिणाम दो हजार वर्ष तक शासन के लिये अशुभ है। अत: अपने आयु-काल को कुछ घटा या बढ़ा लीजिए ताकि यह योग टल जाय, क्योंकि-ग्रह के प्रभाव से २ हजार वर्ष तक मुनियो की उदय २ पूजा नहीं होगी।

विशेष :— महावीर का अन्तिम चातुर्मास पावापुरी के हस्तिपाल राजा की रज्जुशाला में था, जहाँ कार्तिक कृष्णा अमावस्या को उन्हें निर्वाण-पद की प्राप्ति हुई। उनकी जन्म-राशि पर भस्मक ग्रह का योग था, जिसका दुष्प्रभाव दो हजार वर्ष तक संघ पर पड़ता था-अत इन्द्र ने निर्वाण की घड़ी को आगे या पीछे करने के लिये प्रभु से निवेदन किया। संसार का रागी जीव भविष्य की चिन्ता में छटपटाता और उसको जैसे-तैसे टालना चाहता है। उसे भान नहीं रहता कि कर्मफल तो अवश्य भोक्तव्य होता है।

छप्पय

टुक मुहूर्त इक टाल, काल धरमारथ कारण।
भाख्यो श्री भगवंत, तत्त अक्खर जगतारण॥
सगत छती मम सक्र, हेमगिरि पकर हलावन।
तदपि समो एक तनिक, बने नहीं आउ वधावन॥
हुई न ह्वै न हूसी न हिव, श्रीमुख कहै सुरेस सुनि।
स्थित वधारण सके सकति, कल अनन्ते माहि कुनि॥२॥

अर्थ :— इन्द्र ने कहा भगवन्! धर्म-हित का कारण जान कर एक मुहूर्त भर का समय टाल दीजिए। यह सुन कर भगवान ने जगत् हित के लिए यह तात्त्विक उत्तर फरमाया कि-हे इन्द्र! कंचन गिरि-मेरु को पकड़ कर हिलाने की शक्ति मुझमें है किन्तु आयु का एक समय भी बढ़ाया नहीं जा सकता। निश्चित आय में एक समय की भी हानि एवं वृद्धि न तो कभी हुई, न होती और न कभी होगी। अनन्त काल में भी कोई स्थिति बढ़ाने वाला नहीं हुआ।

विशेष :— आयु की अवधि निश्चित होती है, उसको बढाने वाला कोई नहीं है। मेरु को कँपाने वाले भी आयु बढ़ाने मे अपने को असमर्थ पाते हैं। त्रिकाल अबाधित मृत्यु की मर्यादा का उल्लघन करने वाला संसार मे कोई भी पैदा नहीं हुआ और न कभी होगा।

छप्पय

सुर नर मुनि समझाय, साम अपवर्ग सिधाये।
गौतम केवल ज्ञान, परम दर्शन पुनि पाये॥
पाट विराजे प्रथम, समन श्री सुधर्म सामं।
चलत संघ विध चतुर, तासु आदेश तमामं॥
बानवे वर्ष आयुर्बला, इन्द्र भूत पामी इति।
वर ज्ञान दर्श द्वादस वर्ष, सर्व बयांलिस संयति॥३॥

अर्थ :— इस प्रकार देव, मनुष्य एवं मुनिजनों को समझा कर भगवान महावीर मोक्ष सिधार गए। उसी निर्वाण की रात्रि मे गौतम स्वामी ने केवल ज्ञान और केवल दर्शन प्राप्त किया। तत्पश्चात् भगवान् के प्रथम पट्ट पर श्रमण सुधर्मास्वामी विराजे। समस्त चतुर्विध संघ मे सर्वत्र उनका आदेश चलता रहा। इन्द्रभूति गौतम स्वामी ने ९२ वर्ष की आयु भोग कर निर्वाण प्राप्त किया। ४२ वर्ष के सम्पूर्ण साधु-जीवन में वे ३० वर्ष तक छद्मस्थ रहे और १२ वर्ष तक केवली होकर विचरे, फिर मोक्ष पधारे।

विशेष :— भगवान के निर्वाण-काल मे ही इन्द्रभूति गौतम स्वामी को (जो जाति के ब्राह्मण एवं याज्ञिक थे तथा सैकड़ो विद्यार्थी जिनके पास वेदाध्ययन करते थे) केवल ज्ञान और केवल दर्शन प्राप्त हुआ। केवली हो जाने से वे भगवान् के प्रथम पट्टाधिकारी होते हुए भी पट्टधर नहीं हुए। क्योंकि केवली पट्टधर नहीं होते, ऐसा नियम है। भगवान् की दूसरी देशना के समय वे ५०० छात्रों के साथ दीक्षित हुए तथा पचास वर्ष तक गृहवास मे रह कर अध्ययन-अध्यापन कराते रहे।

छन्द हनूफाल

निंत जपूं गौतम नाम, शुभ योग मुद्रा स्वाम ।
भवदुःख विनाशन सूर, साक्षात् गणधर शूर ॥१॥

अर्थ—योगमुद्रा के धारक गौतम स्वामी के शुभ नाम का मैं नित्य जप करता हूं। सकल सांसारिक दुःखो के नाश हेतु गणपति गौतम साक्षात् शूर-योद्धा थे ।

विशेष—भव-दुःख-विनाश मे महापुरुषो का नाम-जप शुभ माना गया है। इससे आत्म-बल बढ़ता है ।

छन्द हनूफाल

थिर महा सुख शिवथान, पाये आनन्द प्रधान ।
पुन साम सुधरम पाट, कर कठिन तप अघकाट ॥२॥

अर्थ—गौतम स्वामी ने महासुख रूप अचल आनन्द-धाम शिव पद प्राप्त किया। फिर भगवान के पट्ट पर प्रतिष्ठित स्वामी सुधर्मा ने तप-संयम की साधना करते हुए शासन को दीप्तिमान किया ।

विशेष—गौतम स्वामी के निर्वाण के बाद सुधर्मा स्वामी ने भी कठोर साधना के द्वारा अपने अशुभ कर्मों का क्षय किया। क्योकि पाप कर्मों का क्षय साधना से ही किया जा सकता है और वह भी अत्यन्त कठोर साधना से ।

छन्द हनूफाल

धरि परम उज्ज्वल ध्यान, गुन लयो केवल ज्ञान ।
गोजीत अति गम्भीर, शतवर्ष आयु शरीर ॥३॥

अर्थ—प्रथम पट्टधर श्री सुधर्मा स्वामी ने परम शुक्ल ध्यान की साधना से केवलज्ञान का गुण प्राप्त किया। वे इन्द्रियजीत एवं अत्यन्त गम्भीर स्वभाव के थे। उनका आयु-काल सौ वर्ष का था ।

विशेष—इन्द्रियजयी और गम्भीर स्वभावी व्यक्ति परम उज्ज्वल ध्यान से केवलज्ञान प्राप्त कर सकता है ।

दोहा

वर्ष आठ केवल विमल, पाल्यो व्रत पच्चास ।
शिव पहुँचा भव कर सफल, निश्चल सिद्ध निवास ॥५॥

अर्थ—अपने ५० वर्ष के संयम काल मे वे आठ वर्ष तक विमल केवल पर्याय मे रहे और अन्त मे मनुष्य भव सफल कर उस अविचल सिद्ध प को प्राप्त किया जो शाश्वत कल्याण रूप है ।

छन्द शंकर

शुभ पाट सुधरम स्वाम के, कुलवन्त जम्बु कुमार ।
तज आठ परणी नार तरुणी, विमल बुद्धि विचार ॥
वैराग सु जोवन वय में, भेष संयम धार ।
ले अराध्यो चौसठ वर्ष लग, तिरे बहु जन तार ॥१॥

अर्थ—सुधर्मा स्वामी के शुभ पट्ट पर कुलीन जम्बू कुमार, द्विती पट्टधर के रूप मे प्रतिष्ठित हुए । अपनी विमल बुद्धि से अपनी आठ युवत नारियो को प्रतिबोध देकर वे भरी जवानी मे विरागी बने—संयम ग्रह किया और चौंसठ वर्ष तक संयम की आराधना करके अन्त मे बहुत से लोग को तार कर स्वयं भी तिर गये ।

विशेष—जम्बू स्वामी राजगृही नगरी के श्रीमंत सेठ ऋषभ दत्त के सुपुत्र थे । उनकी माता का नाम धारिणी था । एक वैभवशाली परिवा मे जन्म लेकर भी उनका मन वैभव-विलास से प्रभावित नहीं हुआ भरी जवानी मे आठ-आठ विवाहित पत्नियो को त्याग कर उन्होंने यह सि कर दिया कि जगत को कपित करने वाला कामिनी का आकर्षण सच्चे साधक को विचलित नहीं कर पाता ।

कवित्त छप्पय

पद केवल पर्याय, वर्ष चमालीस वरनी ।
असी वरस सब आयु, वर्ष धर नाहीं विसरनी ॥
आयु थकित कर अन्त, परम सिद्ध क्षेत्र पधारे ।

जा पीछे भव जीव, संघ चौविध सुरसारे ॥
दश बोल विरह समझत दुखित, सोच करन लागा सही ।
चित्त व्याकुलता पाम्या चतुर, कोविद कौन सके कही ॥४॥

अर्थ—जम्बू स्वामी चंवालीस वर्ष तक केवली पर्याय में रहे और बीस वर्ष छद्मस्थ । उनकी कुल आयु अस्सी वर्ष की थी, जिसे नही भूलना चाहिये । अन्त मे आयु के समाप्त होने पर वे परम सिद्ध-क्षेत्र पधारे । उनके निर्वाण के बाद ससार के भव्य जीव, चतुर्विध संघ और सभी देवता दस बोल के विच्छेद होने से दुखानुभव करने लगे । उस समय के उनके चित्त की व्याकुलता का वर्णन कौन विद्वान् कर सकता है ?

विशेष—जम्बू स्वामी के निर्वाण से दस बोल का अभाव हो गया जिससे समस्त जीव, मनुष्य और देवगण भी दुःखी हो गए । उस समय के उनके दुःख का वर्णन करना विद्वानो से भी असंभव है, फिर साधारण जनो की तो बात ही क्या ? वस्तुत सत्पुरुषों का निधन असीम दुखदायी होता है । दशबोल का विच्छेद हुआ, यह आगे बतायेंगे ।

दोहा

वीर जम्बु निर्वाण विच, केवलि अन्तर नांह ।
भयो धर्म उद्योत बहु, श्री जिन शासन मांह ॥६॥

अर्थ—भगवान महावीर और जम्बूस्वामी के निर्वाण काल के बीच में केवली का विरह नहीं रहा । अर्थात् वीर प्रभु से लेकर जम्बू स्वामी तक केवलज्ञानी अविच्छिन्न बने रहे और धर्म शासन का बड़ा उद्योत हुआ ।

विशेष—वीर प्रभु से लेकर जम्बूस्वामी तक का शासनकाल जैन-शासन के लिये उत्कर्ष का काल कहा जा सकता है क्योकि इस बीच कभी केवली का अभाव नहीं रहा और धर्म की ज्योति जगमगाती रही ।

सवैया इकत्तीसा

चौसठ वर्ष पाछे वीर, निर्वाण हूसे,
जम्बू शिव लहि, दस बोल, विरहो जानिये ।

केवल–अवधि–मन, परजाय त्रिज्ञान येह,
आहरक, पुलाक लब्धि, द्वय मानिये ॥
परिहार विशुद्ध सूक्ष्म–सम्पराय यथा ख्यात हू,
चारित्र तीन नीका ए वखानिये ।
मुनि जिन–कलपी, क्षपक सैण दशमो जू,
याहि दश बोल को विच्छेद पहिचानिये ॥

अर्थ—भगवान् महावीर के निर्वाण से चौंसठ वर्ष बाद जम्बू स्वामी का निर्वाण हुआ, तब से दस बोल का विच्छेद हो गया। उनके नाम इस प्रकार हैं— (१) केवल ज्ञान, (२) मनः पर्यवज्ञान, (३) परमावधि ज्ञान, (४) आहारक लब्धि, (५) पुलाक लब्धि, (६) परिहार विशुद्ध चारित्र, (७) सूक्ष्म सम्पराय चारित्र, (८) यथाख्यात चारित्र, (९) जिनकल्प और (१०) श्रेणी द्वय–उपसम श्रेणी एवं क्षपक श्रेणी। जम्बू स्वामी के पश्चात् साधक को इन दश बोलो का लाभ नहीं रहा ॥

विशेष—इन दस बोलो मे—३ बोल ज्ञान से, २ बोल लब्धियो से ५ बोल चारित्र, कल्प व श्रेणी से सम्बन्धित हैं।

दोहा

श्री सुधर्म मुनि आदि ले, पाट सत्ताईस शुद्ध ।
नाम कहूँ जाके प्रकट, सुनियो सकल प्रवुद्ध ॥

अर्थ—श्री सुधर्मा स्वामी से लेकर सत्ताईस पट्ट तक शुद्ध–आचार–परम्परा चलती रही। उनके नाम प्रगट रूप से कहता हूं जिसे सभी विज्ञजन श्रवण करें।

दोहा

सुधर्म[१] जम्बु,[२] प्रभव मुनि,[३] सिज्जंभव[४] जसोभद्र[५] ।
संभूत विजय,[६] भद्रबाहु[७] पुनि, थूल भद्र,[८] शील समुद्र ॥

सवैया इकत्तीसा

महागिरि[९] सुहस्त[१०], सुपरिबुध[११], इन्द्रदिन[१२],
आरजदिन[१३] वेरसामी[१४], वज्रसेन[१५] नाम है।
आरजरोह[१६] पूषगिरि[१७] फग्गुमित्र[१८] धणगिरि[१९],
शिवभूत[२०] आर्यभद्र[२१] महागुण धाम है ॥१॥
आरजनक्षत्र[२२] आर्यरक्षित[२३] जू नागस्वामी[२४],
जसुभूत[२५] सिढ़ल[२६], मुनीन्द्र अभिराम है।
देवड्ढि[२७] खमासमण, ये सत्ताईस पाट शुद्ध,
आत्म उजाल अरु, सारे निज काम है ॥२॥

अर्थ—१—श्री सुधर्मा स्वामी २—श्री जम्बू स्वामी ३—श्री प्रभव स्वामी ४—श्री शय्यंभव स्वामी ५—श्री यशोभद्र स्वामी ६—श्री संभूति विजय स्वामी ७—श्री भद्रबाहु स्वामी ८—श्री स्थूलिभद्र स्वामी ९—श्री महागिरी स्वामी १०—श्री सुहस्ति स्वामी ११—श्री सुपरिबुध स्वामी १२—श्री इन्द्रदिन्न स्वामी १३—श्री आर्यदिन्न स्वामी १४—श्री वज्र स्वामी १५-श्री वज्रसेन स्वामी १६-श्री आर्यरोह स्वामी १७ श्री पूषगिरि स्वामी १८—श्री फग्गूमित्र स्वामी १९—श्री धनगिरि स्वामी २०—श्री शिवभूति स्वामी २१—श्री आर्यभद्र स्वामी २२—श्री आर्य नक्षत्र स्वामी २३—श्री आर्य रक्षित स्वामी २४—श्री आर्यनाग स्वामी २५—श्री जसोभूति स्वामी २६—श्री आर्य सिढ़ल और २७—श्री देवर्द्धि गणि क्षमाश्रमण ये सत्ताइस पाट शुद्ध आचारी हैं। इन पट्टधरो ने आत्मा को उज्ज्वल किया और अपना कार्य सिद्ध किया।

विशेष—सुधर्मा एवं जम्बू स्वामी का परिचय पहले दिया जा चुका है। शेष आचार्यों का जीवन वृत्त सक्षेप मे इस प्रकार है :—

प्रभव स्वामी —जम्बू स्वामीसे उद्बोधन पाकर ये पांच सौ व्यक्तियो के साथ दीक्षित हुए और अपनी अनुपम प्रतिभा एवं ज्ञान के द्वारा आचार्य के तीसरे पट्ट को सुशोभित किया। ३० वर्ष तक संसार में रहे, ५५ वर्ष तक संयम-पालन किया। जिसमे १० वर्ष तक आचार्य पद पर रहे। इनकी

कुल आयु ८५ वर्षों की थी। ये भगवान् महावीर-निर्वाण के ७५ वर्ष बाद स्वर्गवासी हुए।

शय्यंभव स्वामी :—ये याज्ञिक ब्राह्मण थे। एक बार इनके यहाँ यज्ञ हो रहा था, जिसमे प्रभव स्वामी ने अपने शिष्यो को भेजा और कहलाया कि "अहो कष्ट महो कष्टं तत्वं न ज्ञायते" यह सुनकर शय्यभव सोच मे पड़ गए। उन्होने गुरु से पूछा—'सत्य कहो, तत्त्व क्या है ?' गुरु ने कहा—'आर्य प्रभव के पास जाओ वे तुम्हे इसका मर्म समझायेंगे।' शय्यंभव गुरु की आज्ञा पाकर प्रभवाचार्य की सेवा मे आये। उनके उपदेश का इन पर इतना प्रभाव पड़ा कि ये यज्ञ को ही नहीं अपनी गर्भवती स्त्री तक को भी छोड़कर दीक्षित हो गए और अपनी योग्यता से प्रभव स्वामी के बाद २३ वर्ष तक आचार्य पद पर रहे। २८ वर्ष तक गृहस्थ जीवन मे रहकर ३४ वर्ष तक इन्होने संयम पालन किया। इस तरह इनकी कुल आयु ६२ वर्ष की थी। भगवान् महावीर के निर्वाण के ९८ वर्ष बाद ये स्वर्गवासी हुए। दशवैकालिक सूत्र की रचना इन्होने ही अपने दीक्षित पुत्र मनक के लिये की थी।

यशोभद्र स्वामी :—ये तुंगियायन गोत्री थे। २२ वर्ष तक गृहस्थाश्रम मे रहकर इन्होने दीक्षा अंगीकृत की और चौंसठ वर्ष तक संयम पाला, जिसमे ५० वर्ष तक आचार्य पद पर रहे। इस तरह इनकी कुल आयु ८६ वर्ष की थी। भगवान् महावीर के निर्वाण के १४८ वर्ष बाद ये स्वर्गवासी हुए।

सभूति विजय —ये यशोभद्र के शिष्य थे। इनका गोत्र माठर था। इन्होंने ४२ वर्षों तक गृहस्थाश्रम मे रहकर पीछे संयम ग्रहण किया और ४८ वर्ष तक उसका पालन किया, जिसमे ८ वर्ष आचार्य पद पर रहे। इनकी कुल आयु ९० वर्ष की थी। भगवान् महावीर निर्वाण के ५६ वर्ष बाद ये स्वर्गवासी हुए।

भद्रबाहु स्वामी :—ये संभूति विजय के शिष्य थे तथा चतुर्दश पूर्व के ज्ञाता थे। ४५ वर्ष गृहवास मे रहकर संभूति विजय के पास दीक्षित हुए। १७ वर्ष सामान्य मुनि और १४ वर्ष युग प्रधान रूप से कुल ७६ वर्ष की आयु भोगकर वीर संवत् १७० में स्वर्गवासी हुए।

स्थूलि भद्र :—ये आचार्य सभूति विजय के दूसरे शिष्य थे। आचार्य भद्रबाहु के पश्चात् ये युग प्रधान हुए। पाटलिपुत्र के महामात्य शकडाल

के ये पुत्र थे। ३० वर्ष की वय में आचार्य संभूति विजय के पास वैराग्य पूर्वक दीक्षित हुए। ये दशपूर्व के ज्ञाता थे। २४ वर्ष सामान्य मुनिता का पालन कर वीर संवत् १७० में युगप्रधान बने। ४५ वर्ष के बाद वीर सं० २१५ मे स्वर्ग सिधारे।

महागिरि स्वामी :—ये स्थूलि भद्र के शिष्य थे। ३० वर्ष गृह-अवस्था मे रहकर वीर सं० १७५ मे दीक्षित हुए। ७० वर्ष तक शुद्ध संयम का पालन किया जिसमे ३० वर्ष आचार्य पद पर रहे। इनकी कुल आयु १०० वर्ष की थी। वीर निर्वाण के २४५ वर्ष बाद ये स्वर्गवासी हुए।

सुहस्ति स्वामी :—ये आ० स्थूलिभद्र स्वामी के दूसरे शिष्य थे। ३० वर्ष तक गृह-अवस्था मे रहकर दीक्षित हुए। इन्होने ७० वर्ष तक संयम का पालन किया जिसमें ४६ वर्ष आचार्य पद पर रहे। इनकी कुल आयु १०० वर्ष की थी। वीर निर्वाण के २९१ वर्ष बाद स्वर्गवासी हुए।

सुपरिबुध स्वामी :—ये आर्य सुहस्ति के पट्टधर शिष्य थे। २८ वर्ष तक गृहस्थाश्रम मे रहकर दीक्षित हुए। इन्होने ६८ वर्ष तक संयम का पालन किया—जिसमें ४८ वर्ष तक आचार्य पद पर रहे। इनकी कुल आयु ९६ वर्ष की थी। वीर निर्वाण के ३३९ वर्ष बाद इनका स्वर्गवास हुआ।

इन्द्रदिन्न स्वामी :—ये सुपरिबुध स्वामी के शिष्य थे। इनकी दीक्षा छोटी उम्र मे ही हुई। ये ८२ वर्ष तक आचार्य पद पर रहे और वीर निर्वाण के ४२१ वर्ष बाद स्वर्गवासी हुए।

आर्यदिन्न स्वामी :—ये इन्द्रदिन्न स्वामी के शिष्य थे। ३० वर्ष गृहवास मे रहे। ८५ वर्षों के संयम काल मे ५५ वर्ष ये आचार्य पद पर रहे। इनकी कुल आयु ११५ वर्ष की थी। वीर निर्वाण के ४७६ वर्ष बाद ये स्वर्गवासी हुए।

वज्र स्वामी :—ये आठ वर्ष तक गृह अवस्था में रहकर लघुवय मे ही दीक्षित हो गये। इन्होंने ८० वर्ष तक शुद्ध संयम की आराधना की जिसमे ३६ वर्ष तक आचार्य पद पर रहे। इनकी कुल आयु ८८ वर्ष की थी। वीर निर्वाण के ५८४ वर्ष बाद ये स्वर्गवासी हुए। इनके बाद दस पूर्व का ज्ञान एवं चतुर्थ संहनन और चतुर्थ सस्थान का विच्छेद हो गया।

वज्रसेन स्वामी :—ये कौशिक गोत्र के थे। ९ वर्ष गृहावस्था में रहने के बाद लघुवय में ही इन्होने दीक्षा ग्रहण करली और ११६ वर्ष तक संयम का पालन किया। ये मात्र तीन वर्ष आचार्य पद पर रहे। इनकी कुल आयु १२८ वर्ष की थी। वीर निर्वाण के ६२० वर्ष के बाद ये स्वर्गवासी हुए।[1]

कुण्डलिया

विवाहपन्नती अंग में, सतक वीस में सार।
कीन उद्देसे आठ में, प्रश्न प्रथम गण धार॥
प्रश्न प्रथम गणधार, जोर कर श्री जिन आगे।
रहसी पूरब ज्ञान कठा—लग कहो अनुरागे॥
साल एक सहस्र कह्यो जिनराज निग्रन्थी।
सतक वीस में सार अंग श्री विवाहपन्नती॥१॥

अर्थ— भगवती सूत्र के बीसवें शतक के आठवें उद्देशक मे प्रथम गणधर गौतम स्वामी ने हाथ जोड़ कर भगवान् महावीर से प्रश्न किया कि भगवान्! पूर्वश्रुत का ज्ञान कहां तक रहेगा? भगवान् ने उत्तर देते हुए कहा-एक हजार वर्ष तक पूर्वों का ज्ञान रहेगा, बाद में उसका विच्छेद हो जायगा। यही विवाह प्रज्ञप्ति के बीसवें शतक का सार है।

विशेष— भगवती सूत्र का ही दूसरा नाम विवाह प्रज्ञप्ति है।

चन्द्रायण छन्द

श्री जिन दिन निर्वाण, पछे वरसां असी।
तप कर गया सुरलोक, प्रभव काया कसी॥
सित्तर ने सत एक, वर्ष जातां हुआ,
भद्रबाहु मुनिराज, जगत दुःखसु जुआ॥१॥
चौदेने सत दोय, वरस जातां खरो,
अव्यक्तवादी नाम, निन्हव हुओ तीसरो।

१—श्री वज्रस्वामी और वज्रसेन के बीच आर्य रक्षित और दुवलिका पुष्पमित्र दो आचार्य हुए।

पनरेने सत दोय, वरस वीतां पछे,
थूलभद्र दृढ सील, मुनि हुआ अछे ॥२॥

अर्थ— वीर—निर्वाण के अस्सी वर्ष बाद कठोर तप की साधना से अपनी आत्मा को निखार प्रभव स्वामी स्वर्ग लोक गए। वि० सं० १७० वर्ष बाद मुनि भद्रबाहु स्वामी जागतिक दुखो से मुक्त हुए। भगवान् महावीर के निर्वाण से दो सौ चौदह वर्ष बाद अव्यक्तवादी नाम के तीसरे निह्नव हुए। वीर निर्वाण के २१५ वर्ष बाद आचार्य स्थूलि भद्र स्वामी दिवगत हुए। वे सुमेरु के समान दृढ शील व्रती संत थे।

विशेष—१ अव्यक्तवादी निह्नव—आषाढ़ाचार्य के शिष्य थे। आषाढ़ाचार्य एक दिन अपने शिष्यों को शास्त्र की वाचना दे रहे थे कि रात्रि मे शूलवेदना से अकस्मात् उनका स्वर्गवास हो गया। वे मर कर देव बने। देव बनने के बाद शिष्यो पर उन्हे अनुराग से विचार आया कि शिष्यों की वाचना अपूर्ण रह गई है, अत अच्छा है कि मै पुनः जाकर उसे पूर्ण कर दूं। इस प्रकार विचार कर वे अपने मृत शरीर मे पुन आकर प्रविष्ट हो गए और शिष्यो की वाचना पूरी कराके क्षमा याचना सहित अपना परिचय देकर चले गए। जब शिष्यो ने यह जाना कि हम आज तक जिनको गुरु समझ कर वन्दन—नमन आदि करते रहे वह तो असंयमी देव था। तब वे शंकाशील होकर सोचने लगे कि न मालूम इन साधुओ मे कौन खरा साधु है और कौन देव? ऐसा सोचकर उन्होने पारस्परिक वन्दन—व्यवहार बन्द कर दिया।

२—संयम ग्रहण करने के पश्चात् स्थूलिभद्र स्वामी गुरुदेव की आज्ञा से पाटलीपुत्र की कोशया [वेश्या के घर पर चातुर्मास करने पहुंचे। वे संयम ग्रहण के पूर्व भी कोशया के यहां १२ वर्ष तक भोग भाव से रह चुके थे। कोशया ने अपने पूर्व प्रेमी को सयम से डिगाने के लिये पूर्ण प्रयत्न किए किन्तु परम योगी स्थूलिभद्र सुमेरू के समान शील में दृढ़ रहे, अन्तत. वैश्या का भी—उसे सुश्राविका बना कर—उद्धार कर दिया।

सवैया इकत्तीसा

दोय से अरु बीस साल, जात सून्य खिन्नवादी,
भये तिण खिण खिण, नवो जीव मानियो।

दोयसो अधिक अठा, वीस साल जात भयो,
पांचवो निन्हव क्रिया, वादी हू अज्ञानियो ॥
मानी तिन एक समय, उभय क्रिया मिथ्यात,
मूढता पकर विपरीत, मत ठानियो ।
तीन सौ पैंतीस साल, जात भयो प्रथम ही,
कालकाचारज नाम संजती वखानियो ॥३॥

अर्थ—वीर निर्वाण के २२० वष बाद शून्यवादी नाम का चतुर्थ निह्नव हुआ जो क्षण-क्षण में नया जीव उत्पन्न होना मानता था। वीर निर्वाण के २२८ वें वर्ष में एक समय मे दो क्रिया को मानने वाला पंचम निह्नव हुआ। मूढ़तावश यह विपरीत मत और मिथ्यात्व का संस्थापक था। वीर निर्वाण के ३३५ वर्ष बाद प्रथम कालकाचार्य हुए जो प्रसिद्ध संयती थे। वे श्यामाचार्य के नाम से भी प्रख्यात है।

गीतिका छन्द

सतच्यार बावन वर्ष, दूजो कालचारज भयो।
निज भगिनी सरस्वती वाली, गंधर्वसैन संगे जुध ठयो ॥
चारसे ऊपर वर्ष सित्तर, जात नृप विक्रम थयो।
जिन करी वरणा-वरणी जग में, मेट पर दुःख जस लियो ॥१॥

अर्थ—वीर निर्वाण के ४५२ वें वर्ष में दूसरे कालकाचार्य हुए। उन्होने अपनी बहिन सरस्वती के लिए गंधर्वसेन से युद्ध किया। फिर वीर निर्वाण के ४७० वर्ष बाद विक्रमादित्य राजा हुए उन्होने वर्ण-व्यवस्था कायम की। प्रजा जनों का दुख मिटा कर, वे जग मे यश के भागी बने।

विशेष :—कालकाचार्य द्वितीय बड़े विद्वान् और साहसी आचार्य थे। उनकी बहिन सरस्वती ने भी दीक्षा ली थी। वह गुलाब के फूल के समान सुन्दर तथा गुण गरिमा से युक्त थी। बाल ब्रह्मचारिणी होने से उसकी तेजस्विता बहुत बढ़ी-चढ़ी थी। उसकी सुन्दरता पर मुग्ध होकर राजा गधर्वसेन ने अपने सुभटो के द्वारा उसका हरण कर, उसे अपने

महल में मंगवा लिया। इस समाचार से कालकाचार्य वड़े दुखी हुए। उन्होने अपने वुद्धि वल से एक सेना तैयार की और गन्धर्व सेन पर चढ़ाई करवाई। शको का सहयोग और विद्या वल से गंधर्व सेन को पराजित कर सरस्वती को वहाँ से निकाल लाए।

वीर निर्वाण के ४७० वर्ष वाद उज्जैन मे विक्रमादित्य नाम का एक नीति-निपुण-न्यायी राजा हुआ। वह प्रजा-जनो के दुख को अपना दुख मान कर उसे मिटाने का प्रयत्न करता था। उसने वर्ण-व्यवस्था कायम की और वर्णान्तर के सम्वन्ध का निवारण किया।

गीतिका छन्द

पांच से चमालीस वरसे, निन्हव छट्ठो जानिये,
निरजीव थापक जे हुवो, जिन वचन विमुख वखानिये।
चतुरासी पण सत वर्षे हुआ, वैर स्वामी मुनिसरू
सातवों निन्हव गोष्ठमाली हुवो, तिणही छमछरू ॥२॥

अर्थ—वीर निर्वाण के वाद ५४४ वें वर्ष मे रोहगुप्त नाम का छट्ठा निह्नव हुआ जो जिन वचन के विरुद्ध निर्जीव राशि का संस्थापक था। वीर निर्वाण के वाद ५८४ वें वर्ष मे वैर (वज्र) स्वामी मुनीश्वर हुए। इसी वर्ष मे सातवां निह्नव गोष्टा माहिल हुआ।

विशेष—जैन सिद्धान्त के अनुसार जीव और अजीव ये दो ही मल तत्त्व माने गये हैं। किन्तु इस छट्ठे निह्नव ने इनके अतिरिक्त एक तीसरे मिश्र तत्त्व का भी प्रतिपादन किया, जो जिन वचन के विल्कुल विपरीत होने से यह त्रैराशिक निह्नव कहलाया।

वज्र स्वामी दस पूर्वों के ज्ञाता थे। उनके समय से ही चतुर्थ संहनन और चतुर्थ संस्थान का विच्छेद माना जाता है। उनके समय मे ही सातवां निह्नव गोष्ठामाहिल हुआ। उसकी मान्यता थी कि आत्मा और कर्म का सम्वन्ध सर्प के शरीर से जुडी हुई केंचुली के समान है, जवकि प्रभु महावीर की मान्यता के अनुसार आत्मा और कर्म का सम्वन्ध दूध और पानी के समान है।

गीतिका छन्द

कर्म बंध जिम छै तिम न मान्यो, सात ही निह्नव सही ।
बीजें तृ चौथे पंच में, मिच्छामि दुक्कड़ मुख कही ॥
धुर सप्तमे षष्ठमे मिच्छामि दुक्कड़ नहीं दाखियो ।
इधकार निह्नव सातको, पाटावली में भाखियो ॥३॥

अर्थ--इस प्रकार सातो निह्नवो ने भगवान् महावीर के सिद्धान्त के विपरीत कर्म बंधाने वाली विपरीत प्ररुपणा करके नया मत स्थिर किया । इनमे से दूसरे, तीसरे, चौथे और पाँचवें निह्नव ने अपनी भूल समझ मे आ जाने से 'मिथ्या दुष्कृत' देकर अपनी शुद्धि करली किन्तु पहले, छट्ठे और सांतवें ने शुद्धिकरण नहीं किया । इस प्रकार सात निह्नवो का संक्षिप्त वर्णन पट्टावली में किया गया है ।

विशेष--इसके अतिरिक्त दो निह्नव जो भगवान् महावीर के समय हुए उनका वर्णन इस प्रकार है—

भगवान् महावीर के केवल ज्ञान प्राप्त होने के १४ वर्ष बाद श्रावस्ती नगरी मे जमाली नाम का निह्नव हुआ । वह ससार पक्ष मे भगवान् महावीर का जामाता था । वह पांच सौ राजकुमारो के साथ महावीर के पास दीक्षित हुआ । महावीर की मान्यता थी कि 'कडे माणे कडे' अर्थात् क्रियमाण को किया कहना, मगर जमाली की मान्यता से 'कडे माणे अकडे" विपरीत अर्थ होता था । इसी विपरीत मान्यता के कारण वह महावीर के सघ से अलग होकर विचरने लगा और लोगों के बहुत समझाने पर भी वापिस महावीर के पास नहीं आया ।

भगवान् महावीर को केवल ज्ञान प्राप्त होने के १६ वर्ष बाद ऋषभपुर नगर मे चतुर्दश पूर्वधर वसु नाम के आचार्य का शिष्य तिष्यगुप्त, जीव के अंतिम प्रदेश मे जीवत्व मानने की एकान्त विचारणा से दूसरा निह्नव हुआ ।

दोहा

षट सत नव वरसां पछे, भयो साहमल जैण !
अपनी मत सुं थापियो, पंथ दिगम्बर तैण ॥४॥

अर्थ—वीर निर्वाण के बाद ६०९ वें वर्ष में साहमल (सहसमल) नाम का एक जैन साधु हुआ, जिसने अपने मत से दिगम्बर पंथ की स्थापना की।

विशेष—कृष्णाचार्य के शिष्य सहसमल जिसको शिवभूति भी कहा जाता है, गुरु के समझाने पर भी तैयार नही हुआ और अपनी मति के अनुसार दिगम्बर पंथ को स्थापित किया। रथवीरपुर से यह दृष्टि चालू हुई।

छन्द मोती दाम

पट सत बीस बरस बतीत, भई चऊ साख सुनो धर प्रीत।
समे तिन द्वादस साल कराल, पर्यो दुखदायक उग्र दुकाल ॥१॥

अर्थ—वीर निर्वाण के छ सौ बीस वर्ष बाद संघ मे चार शाखाएँ हो गयीं। उस समय बारह वर्ष का भयंकर दुःखदायी उग्र अकाल पड़ गया था।

छन्द मोतीदाम

हुतें मुनि शुद्ध कियो संथार, थये व्रति कायर भ्रष्ट तिवार।
केई मुनि उत्तम जाय प्रदेश, महाव्रत कायम राख असेस ॥२॥

अर्थ—उस समय प्रासुक व एषणिक आहार पानी नहीं मिलने से कितने ही संतो ने संथारा ग्रहण करके जीवन को सफल बनाया और जो कायर थे वे आहार-पानी के अभाव मे साधु-जीवन यानी संयम मार्ग से गिर गए। कुछ संतो ने अन्य अच्छे देशो मे जाकर जहाँ आहार-पानी की सुलभता थी, संयमपूर्ण जीवन व्यतीत किया।

छन्द मोतीदाम

तज्यो नहीं देस तिके व्रतधारी, मिल्यो न आहार भया कु आचारी।
धरे उर जोतस वैदग-जाल, करै बहु औषध मन्त्र कुचाल ॥

अर्थ—जिन सतो ने देश नहीं छोड़ा वे आहार नहीं मिलने से शिथिलाचारी बन गए और ज्योतिष, वैद्यक, तंत्र-मंत्र एवं औषध करने की कुचाल को धारण कर आजीविका चलाने लगे।

छन्द मोतीदाम

आज्ञा जिनराज तणी जेही मेट, असुध आहार भरे निज पेट ।
सदोषन थानक वस्त्र पात्र, गहै अकल्प समारत गात्र ॥४॥

अर्थ—अकालग्रस्त क्षेत्र मे रहे हुए संत, जिनराज की आज्ञा के विरुद्ध अशुद्ध आहार से अपना पेट भरने लगे । वे सदोष स्थानक, अकल्पनीय वस्त्र-पात्र ग्रहण करते एव अपना शरीर साफ सुथरा रखते ।

विशेष – अकाल के कारण साधु, साधु-मर्यादा को भूलकर शिथिलाचारी और प्रमादी बन गये और शरीर की शोभा-विभूषा करने लगे ।

छन्द मोतीदाम

समे तिन एक महाजन तेह, वडो लिछमीधर दीपत जेह ।
घना भ्रात स्वजन था जसु गेह, संतोषत साध हिये धर नेह ॥५॥

अर्थ—उस समय एक बड़ा महाजन लक्ष्मीधर सेठ था जो नगरी में दीप्तिमान था । उनके घर में बहुत से भाई और बंधु थे तथा जो मन मे प्रेम धर कर साधुओ को प्रतिलाभ दिया करता था ।

विशेष—तपागच्छ पट्टावलि के अनुसार इस सेठ का नाम जिनदत्त था जो सोपारक नगर का निवासी था । उसकी स्त्री का नाम ईश्वरी था ।

छन्द मोतीदाम

रह्यो गृह रंचक नाज तिवार, निज्यो अन सेठ प्रते कही नार ।
हुवे जवलु पुन काम चलाय, मिले न द्रव्र सटे न उपाय ॥६॥

अर्थ—उस समय उनके घर में रंच मात्र भी अनाज नहीं था । यह जानकर उनकी स्त्री ने अनाज की व्यवस्था के लिये उनसे कहा, तो वे बोले—'द्रव्य से भी अनाज नही मिलता है, कोई उपाय काम नहीं करता अत जब तक अनाज मिले तब तक किसी तरह काम चलाओ ।'

छन्द मोतीदाम

सुनि इम सेठ वचन सुवाम, कहे अनथोर चले नहीं काम ।
वदे दिल अन्तर सेठ विचार, करो तुम रात्र पियां विष डार ॥७॥

अर्थ—सेठ की ऐसी बात सुनकर सेठानी बोली—'अन्न बहुत कम है जिससे काम नहीं चल सकता।' इस पर मन से विचार कर सेठ ने कहा कि—'तुम राब बनाओ, उसमें विष डालकर सब पी लेंगे।'

दोहा

सरम रहे जैसो अवर, देख्यो नहीं उपाय ।
करी तियारी राबरी, बांटे जेहर मंगाय ॥१०॥

अर्थ—लाज बचने का कोई दूसरा उपाय नहीं देख कर उसने राब तैयार कराई और जहर मंगाकर पीसने लगी।

दोहा

तिण अवसर एक भेखधर, आयो लेन आहार ।
सेठ कहे कछु राब लै, दो इनको धर प्यार ॥११॥

अर्थ—उस समय एक भेषधारी साधु आहार लेने को वहाँ आए—इस पर सेठ ने सेठानी से कहा कि 'थोड़ी सी राब लेकर इनको प्रेम पूर्वक दे दो।'

दोहा

स्यू बांटो पूछे भिखु, सेठ कही समझाय ।
भिखु भाखे सुसता रहो, गुरु समीप हम जाय ॥१२॥

अर्थ—भिक्षु ने सेठ से पूछा कि—'तुम क्या पीसते हो?' इस पर सेठ ने सब कुछ समझा कर कह दिया कि 'अन्न के अभाव मे परिवार का जीवन चलना असंभव जानकर, हम राबड़ी बना कर उसमे जहर डाल कर पीकर मै सपरिवार मरना चाहते हैं।' इस पर साधु बोले कि—'कुछ देर रुको! जब तक गुरु के पास जाकर आता हूं।

चन्द्रायण

सकल हकीकत जाय, कही गुरु कूँ जबै ।
गुरु सुन सेठ समीप, आय बोल्या तबै ॥

जो तुम जीवो सरव, कहा मुझ दीजिये ।
सेठ कहे तुम चाह, हुवे सो लीजिये ॥३॥

अर्थ—जब उस साधु ने गुरु महाराज की सेवा मे जाकर सेठ से सम्बन्धित सारा वृत्तान्त सुनाया तो तत्काल गुरुजी सेठ के समीप आए और बोले कि—'अगर तुम सब जी सको तो मुझे क्या दोगे ?' इस पर सेठ ने कहा कि—'तुम जो चाहो सो हम से ले सकते हो ।'

चौपाई

जो तुम श्रावक जीवन चाहो, तो मम आज्ञा एह आराहो ।
तुम सुत बहुत च्यार मोय दीज्यो, सेठ कहे निश्चय तुम लीज्यो ॥१॥

अर्थ—गुरु ने कहा कि 'हे श्रावक ! यदि तुम जीना चाहते हो तो मेरी इस आज्ञा का आराधन करो । तुम्हारे बहुत से लड़के हैं, उनमें से चार मुझे दे दो ।' इस पर सेठ ने कहा कि—'अवश्य आप ले लेना ।'

विशेष—गुरु की आज्ञा से सेठ ने सोचा कि दुःख मे सड़-सड़ कर मरने की अपेक्षा संयम-साधना से जीवन को ऊँचा उठाना परम श्रेष्ठ है । इसमे आज्ञा-पालन और जीवन-रक्षण दोनो लाभ हैं । कहा भी है—'सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्धं त्यजति पंडित ।'

चौपाई

जदपि बल्लभ होत कुमारा, तदपि मरण भय लीन विचारा ।
गुरु कहि वचन हमारो गहिये, सदर सप्त दिन लग पुनि रहिये ॥२॥

अर्थ—यद्यपि अपनी संतान हर माता-पिता को प्रिय होती है तथापि मरने के भय से विचारा कि यह अच्छा मार्ग है । गुरु ने कहा कि हमारी बात मानकर सात दिनो तक तुम ठहरो, पीछे संकट दूर हो जायगा ।

चौपाई

दूर दिसावर सुं बहु नाजा, आसी समुद्र उलंघ जिहाजा ।
बीते सप्त दिवस तब आई, नाज जिहाज सकल सुखदाई ॥३॥

अर्थ—सात दिनो के बाद समुद्र पार के अन्य देशो से जहाजो के

द्वारा बहुत सारा अनाज आयेगा। गुरुजी के कथनानुसार सात दिन बीतने पर अनाज से भरा सबको सुख देने वाला जहाज आ गया।

विशेष—तपागच्छ पट्टावली में सात दिनो की अवधि का उल्लेख नहीं है।

चौपाई

सेठ वचन वस गुरु पे जाई, सूंप्या पुत्र तजी न वड़ाई।
नागो नगेन्द्र रु लक्षमति जानो, चौथा विजेधर नाम बखानो ॥४॥

अर्थ—सेठ ने अपनी बात के अनुसार गुरु के पास जाकर अपने पुत्रो को सौंप दिया और अपने बडप्पन को निभाया। उन पुत्रो के नाम नग, नगेन्द्र, लक्षमति और बिजेधर थे।

चौपाई

गुरु तसु काल भेप जसु दीना, भन गुन पंडित भया प्रवीना।
होत सुकाल साधु आचारी, आये गुन-निधि उग्र विहारी ॥५॥

अर्थ—गुरु महाराज ने उन सबको तत्काल साधु वेश धारण करा दीक्षित कर दिया और वे सब भी अच्छी तरह पढ़ लिख कर प्रवीण पंडित बन गए। सुकाल होते ही आचारवान् गुण निधि और उग्र विहारी साधु फिर देश मे लौट आए।

चौपाई

मुनि कहें चलो शील शुद्ध मांही, निठुर भेपधर मानत नांही।
मिल चिहुँ भ्रात प्रवीण प्रतापी, अपनी मत चिहुँ साखा थापी ॥६॥

अर्थ—देशान्तर से आये हुए मुनियों ने स्थानीय मुनियो को शुद्ध आचार पर चलने को कहा किन्तु उन भेषधारी निष्ठुर मुनियों ने उनकी बात नहीं मानी। इसके बाद प्रवीण एवं प्रतापी उन चारो भाइयो ने अपने-अपने मत के अनुसार चार शाखाएँ स्थापित कीं।

विशेष—जैन संघ मे यहीं से शाखाएँ चालू हुईं और गच्छ भेद का श्रीगणेश हुआ, जो क्रमश बढ़ते-बढ़ते जटिल हो गया।

चौपाई

चन्द्र नागेन्द्र निरवृत विद्याधर, साख चतुर्थ भई अति विस्तर ।
सीत अम्बरी दिगम्बर दोई, चल्या तबते दृढमति होई ॥७॥

अर्थ—चन्द्र, नागेन्द्र, निर्वृत और विद्याधर इन चार शाखाओ मे चौथे का बहुत विस्तार हुआ। श्वेताम्बर और दिगम्बर के भेद भी तभी से दृढ़ होकर चलने लगे।

त्रोटक छंद

प्रतिमा जिन थापी पुजावन कूं, जग के बहु लोक भ्रमावन कूं ।
उर मांहि विमासन ऐसी करी, खलु है मत थापना वृद्धि खरी ॥१॥

अर्थ—उसी समय जग के लोगो को आकर्षित करने के लिये तथा पूजा पाने को जिन प्रतिमा की स्थापना की। उन्होने मन में यह सोचा कि निश्चय इससे हमारे मत की वृद्धि होगी और लोग धर्म मे स्थिर रहेंगे।

त्रोटक छन्द

नर नारी उपासी हुसी अपना, इम जान करी प्रतिमा थपना ।
जिन पूजन को उपदेश दिये, बहु श्रावक हु अपनाय लिये ॥२॥

अर्थ—उन प्रतिमा-स्थापको ने सोचा कि मूर्ति की उपासना करने वाले लोग हमारे भक्त होंगे, ऐसा जानकर प्रतिमा की स्थापना की और जिन-पूजन का उपदेश दिया तथा बहुत से श्रावकों को अपने मत की ओर कर लिये।

विशेष—इस समय मूर्ति-पूजा का प्रचार, प्रसार और जोर बढ़ा।

चौपाई

अपने अपने गछ ठहराई, पुनि श्राविक मन प्रीत वंधाई ।
ठाम ठाम देहरा कराये, उपासरा गुरु के मन भाये ॥८॥

अर्थ—इसके बाद अपने-अपने गच्छ कायम करके फिर उसके प्रति श्रावको के मन मे प्रीति उत्पन्न की और जगह-जगह पर गृह-मन्दिर और गुरु की पसन्द के अनुकूल उपाश्रय बनवाये गये।

चौपाई

श्रावक जन निज निज अनुरागे, महिमा पूजन करवा लागे ।
जात आठ से वर्ष बयांसी, प्रगट थये चैत के वासी ॥९॥

अर्थ—श्रावक जन अपने अपने गच्छ के अनुराग से महिमा-पूजा करने लगे । इस प्रकार वीर संवत् ८८२ वर्ष मे बहुत से साधु चैत्यवासी होगये ।

विशेष—इस काल मे चैत्यवासी अर्थात् मन्दिरो मे रहने वाले साधुओ का प्राबल्य हुआ । पं० बेचरदास जी के अनुसार श्वेताम्बर संप्रदाय के स्पष्टत: पृथक् होने के बाद वीर संवत ८८२ वें वर्ष में उनमे का विशेष भाग चैत्यवासी बन गया । –जैन साहित्य मे विकार, पृ० ११९ (हिन्दी सस्करण) ।

चौपाई

नव से असी वर्ष सूत्र लिखाना, जसु कथा अब सुनो सयाना ।
वल्लभिपुर नयरे अभिरामा, मुनि देवड्ढि खमासण नामा ॥१०॥

अर्थ—वीर संवत् ९८० मे सूत्र लिपिबद्ध किये गये, चतुर पाठक उसकी कथा को अब सुनें । सुन्दर वल्लभिपुर नगर मे देवर्द्धि क्षमाश्रमण गणी नाम के आचार्य हुए ।

चौपाई

खम दम बहु समता रस भरिया, एक पूर्व ज्ञानी गुन दरिया ।
दिवस एक मुनि करत आहारा, सूंठ गांठिया श्रवन मझारा ॥११॥

अर्थ—देवर्द्धि गणी क्षमाश्रमण शान्त, दान्त और समता रस के सागर और एक पूर्व के ज्ञाता थे । वे एक दिन आहार करते सूंठ की गंठि वापरने को लाये थे । समयान्तर में काम लेने को उसे कान मे रख छोड़ा ।

चौपाई

धर के भूल गए दिन बीता, करत आवश्यक आये चीता ।
तव मुनि नायक कीन विचारा, जासी सूत्र विछेद तिवारा ॥१२॥

अर्थ—आचार्य सूंठ को कान में रख कर भूल गए और दिन बीत गया। शाम को जब आवश्यक करते समय उस पर ध्यान गया तो मुनि नायक ने विचार किया कि यदि सूत्रो को लिपि बद्ध नहीं किया गया तो इसी प्रकार सूत्र-ज्ञान का भी विच्छेद हो जायगा।

चौपाई

दिन २ बुद्धि अल्प मुनि देखा, लिखाताऽदल सूत्र असेखा।
सतावीस पाट सुखकारी, चले वीर आज्ञा व्रत धारी ॥१३॥

अर्थ—देवर्द्धि गणी ने प्रति दिन होने वाली बद्धि की क्षीणता को देख कर सम्पूर्ण सूत्रो को ताड़ पत्रो पर लिखवाया। इस तरह सत्ताईस पाट तक सुखकारी रूपसे साधु भगवान् की आज्ञा मे चलते रहे।

विशेष—शास्त्रो का संलेखन देवर्द्धि गणी के ही समय में हुआ। उनसे पूर्व शास्त्र की परम्परा कण्ठस्थ चलती थी। यहां तक शुद्धाचारी आचार्य परम्परा चलती रही।

सोरठा

पछे केतला काल, व्रतधारी विरला रह्या।
प्रगटे बहुत विचाल, हिंसा धर्मी भेषधर ॥१॥

अर्थ—इसके बाद कितने ही समय तक विरले संयमी पुरुष रहे और फिर बीच मे हिंसा-धर्मी, वेषधारी बहुत प्रगट हो गए।

सवैय्या इकत्तीसा

भंडारे सिद्धांत जोरे काव्य सिलोक धुई,
भाषा संस्कृत प्राकृत मन भाये जू।
चौपाई कवित्त दूहा, गाथा छंद गीत बहु,
इत्यादि अनेक जोर करिके सुनाऐ जू॥
लोप जिन-आज्ञा, हिंसा धरम की पुष्टि करे,
रात जागरण थाप, पुस्तक पुजाये जू।

बजाये वाजिंत्र गीत, गवाये कहाये पूज,
पांव-मंडा कराये, सरस माल खाये जू ॥४॥

अर्थ—शिथिलाचारी साधुओ ने शास्त्रो को भंडारों मे रख कर नयी रचना चालू की। वे काव्य, श्लोक, स्तुति, और भाषा की रचना मन पसन्द संस्कृत व प्राकृत भाषा मे करने लगे। चौपाई, कवित्त, दोहा, गाथा, छंद, गीत आदि अनेक प्रकार की जोड़ें कर लोगो को सुनाते, जिनेन्द्र देव की आज्ञा का लोप कर हिंसा धर्म की पुष्टि करते और रात में जागरण करवाते तथा पुस्तको की पूजा करवाते, बाजा बजवाते, गीत गवाते, और पूज्य कहाते हुए पांव मंडाकर सरस माल खाते थे।

सवैया इकत्तीसा

शत्रुंजय महातम, रच के चलाये संघ,
विविध प्रकार तेला, विध समझाये जू।
चन्दनबाला को तेलो, जुर तेलो गोला तेलो,
भाथा तेलो समुद्र-डोहन मन लाये जू॥
गौतम पड़गो पंचमादि, तप उजवन लोभ,
वस होय ऐसे तपसादि ठाये जू।
पूजन जिनेन्द्र ओले, न्हाए धोये छैल रहे,
तोरे फल फूल, दया दिल की घटाए जू॥५॥

अर्थ—'शत्रुंजय-माहात्म्य' आदि ग्रंथ रचकर लोगों को तीर्थ यात्रा के लिये संघ निकालने का उपदेश दिया और अनेक प्रकार के तेलो की विधि समझायी। यथा—चन्दनबाला का तेला, जुर तेला, गोला तेला, भाथा तेला। समुद्र-दोहन, गौतम पड़गा और पंचमी तप आदि के रूप से लोभ वश उजमण कराये। जिनेन्द्र पूजा के निमित्त नहाना, धोना और छैल बने रहना तथा पूजा के लिये फल, फूल, वनस्पति आदि तोड़ने की व्यवस्था देकर हृदय के दया-भाव को घटा दिया।

विशेष :—भगवान् महावीर ने चतुर्विध संघ की स्थापना करके जगम तीर्थ का निर्माण किया—क्योकि तीर्थ वही है जिसके माध्यम से

साधक संसार-सागर से पार हो जाय। अन्य धर्मों की तरह जैन धर्म में द्रव्य-पूजा और क्षेत्र-पूजा को भव-सागर पार होने का मार्ग नहीं माना है। वस्तुतः पर्वत, नदी, नाला आदि में तारक शक्ति नहीं है। अतः उनका यह मार्ग-दर्शन जैन धर्म की मान्यता के विपरीत है।

चन्द्रायण

नवसत बाणव वरस, लबध नास्ति भई,
नवसत त्राणे चौथ छमछरी धुर थई।

नवसत चाणव (?) करण लगे चवदस पखी,
सहस वरस लग ज्ञान रहे, पूरव अखी ॥४॥

अर्थ—वीर संवत् ९९२ के बाद लब्धियों का विच्छेद हो गया। ९९३ मे भादवा सुदी चौथ को पहले पहल सम्वत्सरी की गई अर्थात् सम्वत्सरी पंचमी के बदले चौथ को की गई। ९९४ मे चतुर्दशी को पक्खी पर्व मनाने लगे और भगवान् महावीर से एक हजार वर्ष तक एक पूर्व का ज्ञान रहा—बाद मे उसका सर्वथा विच्छेद हो गया।

दोहा

जा पीछे नव वरस सूं, पूरव ज्ञान समस्त।
रह्यो नहीं या भरत में, ज्यूं उद्योत रवि अस्त ॥१३॥

अर्थ—भगवान् महावीर के निर्वाण से एक हजार नव वर्ष बाद भरत क्षेत्र में पूर्वों का सम्पूर्ण ज्ञान विच्छेद हो गया, जैसे सूर्य के अस्त होने से प्रकाश नष्ट हो जाता है।

चन्द्रायण

चवदह से चोसठ, वरसे वड़गछ हुआ।
चोरासी गछ ताम, थये जुवा जुवा॥

सोले से गुणतीस, हुयो पूनमियो।
अमावस दिन चंद, उगायो जस लियो ॥५॥

अर्थ—वीर निर्वाण के वाद १४६४ वें वर्ष में वडगच्छ की स्थापना हुई। इसके वाद और चौरासी गच्छ वन गए। वीर निर्वाण के वाद १६२९ वें वर्ष मे एक पूनमिया गच्छ उत्पन्न हुआ जिसने अमावस के दिन चन्द्र उगा कर यश प्राप्त किया।

विशेष—आचार्य चन्द्रप्रभ ने पूनम की पक्खी नियत की। अतः पुनमिया गच्छ कहलाया। स्वर्गीय मुनि श्री मणिलाल जी वि० सं० ११४९ में इस गच्छ की उत्पत्ति मानते हैं। तपागच्छ पट्टावली में वि० सं० ११५९ मे उत्पत्ति लिखा है।

चौपाई

सोला से अरु वरस चोपन, आंचलियो गछ की उतपन्न।
सोला से सित्तर छमछर, प्रगट्यो गच्छ तवही ते खरतर ॥१४॥
सतरह से पनावन साले, तपगच्छ प्रगट थयो तिहि काले।
गछ सर्व भ्रष्ट थया तिहिं टाणे, जिन आज्ञा की विहि न आणे ॥१५॥

अर्थ—वीर निर्वाण के वाद १६५४ वें वर्ष में आंचलिया गच्छ की स्थापना हुई और १६७० में खरतर गच्छ प्रकट हुआ। वीर निर्वाण के वाद १७५५ वें वर्ष में तपगच्छ की उत्पत्ति हुई। इस प्रकार जैन संघ विभिन्न गच्छो में वंट गया। स्वपक्ष मोह से सव गच्छ भ्रष्ट हो गये। सव भगवान की आज्ञा का पालन भूल गये।

विशेष :—धर्मसागर ने तपगच्छ पट्टावली मे वि० सं० १२०४ मे खरतर और १२१३ मे आंचलिक मत उत्पन्न होना लिखा है। जगच्चन्द्र सूरि से वि० सं० १२८५ में तपागच्छ हुआ (तपागच्छ पट्टावलि के अनुसार)।

चौपाई

एक दिवस गछधारी विचारु, काढ़े सूत्र सम्भालन सारू।
चाट्या सूत्र उदेही विलोका, तव ते करन लगे मन सोका ॥१६॥

अर्थ—एक दिन गच्छधारी यति ने विचारा और भण्डार मे से सारे सूत्रो को वाहर निकाल कर संभालना प्रारंभ किया तो देखा कि सूत्रो को उदई चाट गई है और तव से वे मन मे सोच करने लगे।

चौपाई

तिण अवसर गुजरात मझारा, नगर अहमदावाद सुढ़ारा ।
ओसवाल वंसी जिह ठामें, वसत दफतरी लुंको नामें ॥१७॥

अर्थ—उस समय गुजरात प्रदेशान्तर्गत अहमदाबाद शहर मे ओसवाल वंशीय लुंकाशाह नाम के दफ्तरी रहते थे ।

चौपाई

एक दिन लुंकोशाह हुलासे, गयो उपाश्रय गुरु ने पासे ।
कहे भिखु श्रावक सुन लीजे, कर उपकार सिद्धान्त लिखीजे ॥१८॥

अर्थ—एक दिन लोकाशाह प्रसन्नता पूर्वक उपाश्रय मे गुरुजी के पास गए तो वहाँ साधु ने कहा कि—"श्रावक जी सिद्धान्त लिख कर उपकार करो । यह संघ सेवा का काम है ।"

दोहा

सुन विरतन्त लूंके सकल, कीनो वचन प्रमाण ।
दशविकालिक प्रत प्रथम, ले पहुंते निज थान ॥१४॥

अर्थ—लोकाशाह ने यति जी से सारा वृत्तान्त सुनकर कहा कि—"आपकी आज्ञा शिरोधार्य है ।" और सबसे पहले दशवैकालिक की प्रति लेकर अपने घर चले आये ।

दोहा

बांच वचन जिनराज के, उसमें कीन विचार ।
ए गछ धारी मौकले, दीसै भ्रष्ट आचार ॥१५॥

अर्थ—प्रतिलिपि करते समय लोकाशाह ने जिनराज के वचनों को ध्यान से पढ़ा । पढ़ कर मन मे विचार किया कि वर्तमान गच्छधारी सभी साध्वाचार से भ्रष्ट दिखाई देते हैं ।

चौपाई

जदपि ए गछधारी अधरमी, तदपि करिये आंते नरमी ।
जबलुं सकल सिद्धान्त न पाए, तबलुं इनके चलो सुहाए ॥१६॥

अर्थ—लोंकाशाह ने लिखते समय विचार किया कि यद्यपि ये गच्छ-धारी साधु अधर्मी हैं तथापि अभी इनके साथ नम्रता से ही व्यवहार करना चाहिये। जब तक शास्त्रो की पूरी प्रतियाँ प्राप्त नहीं हो जातीं तब तक इनके अनुकूल ही चलना चाहिये।

चौपाई

इम विचार सब आलस छंडे, प्रत बेवडी लिखनी मंडे।
वांचत सूत्र महा सुख माने, तन मन वच करि अति हरखाने ॥२०॥

अर्थ—ऐसा विचार कर उन्होने समस्त आलस्य का त्याग कर दो-दो प्रतियां लिखनी प्रारम्भ कीं। वीतराग वाणी (सूत्र) को पढ़ कर उन्होने बड़ा सुख माना और तन, मन, वचन से अत्यन्त हर्षित हुए।

चौपाई

प्रगटी कछुक मोटी पुन्याई, ताते वस्तु अपूर्व पाई।
प्रथम अध्ययन कह्यो जिन उत्तम, धर्म अहिंसा तप सुध संजम ॥२१॥

अर्थ—अपने लेखन के संयोग को उन्होने पूर्व जन्म का महान् पुण्योदय माना तथा उसी के प्रभाव से तत्त्व-ज्ञान रूप अपूर्व वस्तु की प्राप्ति को समझा। दशवैकालिक सूत्र के प्रथम अध्ययन की प्रथम गाथा में धर्म का लक्षण बताते हुए भगवान् ने अहिसा, संयम और तप को ही प्रधानता दी है।

विशेष :—दशवैकालिक सूत्र के प्रथम अध्ययन की प्रथम गाथा इस प्रकार है :—

धम्मो मंगल मुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवावि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सयामणो ॥१॥

लोंकाशह यह पढ़ कर अत्यन्त प्रसन्न हुए।

चौपाई

ते कल्याण रूप मग त्यागे, देखो मूढ हिंसा धर्म लागे।
हम लूंकों मन विसमय होई, लिख दशविकालिक प्रत दोई ॥२२॥

अर्थ—ये गच्छधारी साधु कल्याण रूप अहिंसा के मार्ग को त्याग कर, मूढ़तावश हिंसा मे धर्म मानने लगे हैं। इस प्रकार लोंकाशाह के मन मे आश्चर्य हुआ। उन्होने दशवैकालिक सूत्र की दो प्रतियाँ लिखी।

चौपाई

एक निज गृह राखी सु प्रतापी, एक भेष धारिन कुं आपी।
पुनि २ लिखन काज प्रत ल्याये, इक राखी इक लिख पहुँचाये ॥२३॥

अर्थ—उस प्रतापी लोकाशाह ने उन लिखित दो प्रतियों में से एक अपने घर मे रक्खी और दूसरी भेषधारी यति को दे दी। इसी तरह लिखने को अन्यान्य प्रति लाते रहे और एक अपने पास रख कर दूसरी यति को पहुंचाते रहे।

चौपाई

सूत्र बत्तीस सकल लिख लीना, ले परमारथ भये प्रवीना।
तेहवे भस्म काल नीसारियो, उभय सहस वरसे अतरियो ॥२४॥

अर्थ—इस प्रकार उन्होने सम्पूर्ण बत्तीस सूत्रो को लिख लिया और परमार्थ के साथ-साथ शास्त्र-ज्ञान से प्रवीण भी बन गए। इसी समय भस्म ग्रह का योग भी समाप्त हुआ और वीर निर्वाण के दो हजार वर्ष भी पूरे होने को आये।

दोहा

वरस उभय सहस्र को, वरन्यो पेटो एह।
अव नृप विक्रम सुंचल्यो, समत वरस सोलेह ॥१६॥

अर्थ—इस प्रकार दो हजार वर्ष काल का वर्णन किया गया। अब विक्रम सवत् सोलह सौ वर्ष का वर्णन करते हैं—

चौपाई

पनरे से इगतीसे वरषे, लूंकेसाह धरम सुध परखे।
दुर्लभ पंथ साधु को देख्यो, पंच महाव्रत रूप विसेख्यो ॥२५॥

अर्थ—संवत् १५३१ में धर्म प्राण लोंकाशाह ने धर्म का शुद्ध स्वरूप समझ कर लोगो को समझाया कि साधु का धर्म-मार्ग अत्यन्त कठिन अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह रूप पंच महाव्रत वाला है।

चौपाई

सुमत पंचत्रय गुपत आराधे, सतरे भेदे संजम साधे।
पाप अठारे रंच न सेवे, निरवद भंवर भिक्षा मुनि लेवे ॥२६॥

अर्थ—मुनि धर्म की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि—पांच समिति और तीन गुप्ति का जो आराधन करते हैं, सत्रह प्रकार के संयम का पालन करते हैं, हिंसा आदि अठारह पापों का कभी सेवन नहीं करते और जो निरवद्य भंवर—भिक्षा को ग्रहण करते हैं, वे ही सच्चे मुनि हैं।

चौपाई

दोष बयालिस टालत सारा, लेत गऊनी परे आहारा।
नव विध ब्रह्मचर्य व्रत पाले, द्वादश विध तप कर तन गाले ॥२७॥

अर्थ—जो बयालीस दोषो को टाल कर गाय की तरह शुद्ध आहार पानी ग्रहण करते हैं, नव बाड़ सहित पूर्ण ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हैं तथा बारह प्रकार की तपस्या करके शरीर को कृश करते हैं।

चौपाई

वरते शुद्ध इसे विवहारा, ते कहिये उत्तम अनगारा।
ए मत हीन भेष धर मूढ़ा, हिंसा धर्मी लोभ आरूढ़ा ॥२८॥

अर्थ—इस प्रकार जो शुद्ध व्यवहार का पालन करते हैं; उन्हे ही उत्तम साधु कहना चाहिये। आज के जो मति विहीन मूढ़ भेष धारी हैं वे लोभारूढ होकर हिंसा मे धर्म बताते हैं।

चौपाई

जाते आंकी संगत छंडो, पोते सूत्र परूपण मंडो।
इम आलोचे हृदय ते लूंको, धरम प्रबोध करे तज संको ॥२९॥

अर्थ—इसलिए इन भेषधारी साधुओ की संगति छोड़कर स्वयंमेव सूत्रो के अनुसार धर्म की प्ररूपणा करने लगे। लोकाशाह ने मन में ऐसा विचार किया कि सन्देह छोड़ कर अब धर्म का प्रचार करना चाहिये।

छन्द गजल

भवि जन परम धर्म प्रियास, ते सब आन लूंके पास।
सुन सुन धर्म आगम न्याय, त्रिकसे मनई मन सुख पाय ॥१॥

अर्थ—जिन सांसारिक लोगो मे सच्ची धर्म भावना थी वे सब अब लोकाशाह के पास आने लगे और उनसे आगम और न्याय संगत धर्म सुन कर मन ही मन प्रमुदित होने लगे।

छन्द गजल

अरहट बाल श्रावक नाम, जात्रा, करण चाल्यो जाम।
खरचन धर्म काजे आथ, ले सिंघ से ज्वाला साथ ॥२॥

अर्थ—अरहटवाड़ा के सेठ श्रावक लखमसीह ने तीर्थ यात्रा के लिये एक विशाल संघ निकाला। साथ मे वाहन रूप मे कई गाड़ियां और सेजवाल भी थे। धर्म के निमित्त द्रव्य खर्च करने की उनमें बड़ी उमंग थी।

छन्द गजल

वाटे भयो तेहवे मेंह, पाटन नगर ठवैं एह।
संघवि जाय लूंके पास, नित प्रति सुने सूत्र हुलास ॥३॥

अर्थ—रास्ते में अति वर्षा होने के कारण संघपति ने पाटन नगर मे संघ ठहरा दिया और संघपति प्रतिदिन लोकाशाह के पास शास्त्र सुनने जाने लगे और सुन कर मन ही मन बड़े प्रसन्न होने लगे।

छन्द गजल

एक दिन भेख धारी जेह, सिंघ में हुता बोल्या तेह।
श्रावक सिंघ क्यूं न चलाय, संघवि कहें जसु समझाय ॥४॥

अर्थ—एक दिन संघ में रहे हुए भेषधारी यति ने संघपति से कहा कि—संघ को आगे क्यो नहीं बढाते ? इस पर सघपति ने उनको समझा कर कहा—

छन्द गजल

याटे भये हरी अंकूर, उपजे जीव चर थिर भूर।
लीलण फूलणादिक जान, टावे सिंघ करुना आन ॥५॥

अर्थ—महाराज ! वर्षा ऋतु के कारण मार्ग मे हरियाली और कोमल नवांकुर पैदा हो गए हैं तथा पृथ्वी पर असंख्य चराचर जीव उत्पन्न हो गए हैं। पृथ्वी पर रग-विरगी लीलण-फूलण भी हो गई है, जिससे सघ को आगे बढ़ाने से रोक रक्खा है।

विशेष :—वर्षा ऋतु मे जमीन जीव-सकुल बन जाती है, अत ऐसे समय में अनावश्यक यातायात वर्जित है।

छन्द गजल

सम्भल वचन करुणा आसु, जपे भेख धारी जासु।
जिन धर्म काजे हिंसा होय, दोष न विचारो मति कोय ॥६॥

अर्थ—संघपति के करुणासिक्त वचन सुनकर भेखधारी बोले कि धर्म के काम मे हिंसा भी हो, तो कोई दोष नहीं है।

छन्द गजल

सिंघवी करें उत्तर बोल, ऐसी धरम में नहीं पोल।
जिन धर्म दया जुक्त अनूप, तुम तो बको अधर्म रूप ॥७॥

अर्थ—यति की बात सुन कर संघपति ने कहा कि जैन धर्म मे ऐसी पोल नहीं है। जैन धर्म दया-युक्त एव अनुपम धर्म है मुझे आश्चर्य है कि तुम उसे हिंसाकारी अधर्म रूप कहते हो !

विशेष —जैन धर्म दया-प्रधान धर्म है, जिसकी तुलना अन्य कोई धर्म नहीं कर सकता। अत. धर्म के नाम पर की जाने वाली हिंसा भी अधर्म रूप होगी—धर्म के लिए हिंसा की प्ररूपणा बकवास एवं अनर्गल विचार है।

छन्द गजल

तुम उर नहीं करुणा लेस, सो अब लखी मोय असेस।
सम्भल वचन ए लिंग धारी, पाछा गया भ्रष्ट आचारी ॥८॥

अर्थ—संघपति ने यति से कहा कि—तुम्हारे हृदय में करुणा का लेश भी नही है, जिसको कि अब मैंने अच्छी तरह देख लिया है। ए भेषधारी संभल। कर वचन बोल। संघपति की यह बात सुन कर वह भेषधारी यति पीछे लौट गया।

छन्द गजल

मिवत्री जणा पैंतालीस, पौते भयो आप मुनीस।
सरवोजी अत्यन्त दयाल, भानु नूणजी जगमाल ॥६॥

अर्थ—लोकाशाह के उपदेश से प्रभावित होकर संघपति ने पैंतालिस व्यक्तियो के साथ स्वयं मुनि-व्रत स्वीकार किया। उनमे भानजी, नूनजी, सरवोजी और जगमालजी अत्यन्त दयालु एवं विशिष्ट संत थे।

छन्द गजल

चारु प्रमुख पैंतालीस, उत्तम पुरुष बिसवा बीस।
जप तप क्रिया कर गुण धाम, जिन धर्म दीपाये अभिराम ॥१०॥

अर्थ--उन पैंतालिसो मे ये चार प्रमुख थे और जो शेष थे वे भी सच्चे अर्थो में निश्चय रूप से उत्तम पुरुष थे। उन्होने जप, तप आदि क्रिया करके सम्यक् प्रकार से गुण भंडार जिन धर्म को दीपाया।

छन्द गजल

कर भव जीव कुं उपदेश, बाध्यो दया धर्म विशेष।
चौविध सिंघ जाकुं आन, प्रण में तरन तारन जान ॥११॥

अर्थ—सासारिक लोगो को सदुपदेश देकर उन्होने दया धर्म की विशेष वृद्धि की। चतुर्विध संघ उन्हे तरण-तारण जानकर उनकी सेवा मे आता और उन्हें प्रणाम करता।

छन्द गजल

अत उत्कृष्टताई जासु, देखी भेखधारी तासु ।
तप गछ विमल आनन्द सूर, पन से बतीसे पूर ॥१२॥

अर्थ—इन लोगो के जप, तप तथा उत्कृष्ट करणी को देख कर गच्छ-वासी भेखधारियो ने भी क्रिया उद्धार का विचार किया । संवत् पन्द्रह सौ बत्तीस मे तपागच्छ के आनन्द विमल सूरि ने क्रिया का उद्धार किया ।

छन्द गजल

तप कर भविक बहु भरमाय, हिंसा प्रतीती उपजाय ।
अपनो गछ बधारे अत्यन्त, दुष्टी भया परम कृतन्त ॥१३॥

अर्थ—तपस्या करके उन्होने लोगो को बहुत भरमाया और हिंसा के आरंभ युक्त कामो मे भी प्रीति उत्पन्न की । उन्होने अपने गच्छ को खब बढ़ाने के लिये लोकागच्छ के विरोध मे पूर्ण द्वेष भाव फैलाया, प्रचार किया ।

कुण्डलिया

प्रबल परीषा मुनि प्रते, दुष्ट पणे तिण दीध ।
सो सम्यक् भावे सह्या, किंचित क्रोध न कीध ॥
किंचित क्रोध न कीध, हटक मन न हुवा हारन ।
लूंके सुं व्रत लीध, कहे लूंका तिन कारण ॥
आठ पाट जिन आग्या, आराधी परम उछाहुँ ।
नाम कहूँ धर नेह, सील निरमल सुध साहुँ ॥२॥

अर्थ—सरवोजी आदि मुनिराजो को उन गच्छवासियो ने बड़े-बड़े कष्ट दिये पर मुनिराजो ने सम्यक् भाव से सब कुछ सहन किया और उन पर तनिक क्रोध नहीं किया न अपने मन के हर्ष को ही कम किया । उन मुनियो ने लोकाशाह से व्रत ग्रहण किये थे, अत. उस दिन से इस गच्छ का नाम लोकागच्छ पड़ा । आठ पाट तक परम उत्साह से जिन आज्ञा की आराधना की । उन निर्मल स्नेहशील साधुओ के नाम इस प्रकार हैं—

छन्द हणुफाल

धुर ज्ञानजी मन धीर, भिक्खु भिदाजी गम्भीर ।
पुन नूनजी व्रत पाल, मुनि भीमजी जगमाल ॥४॥

अर्थ—१—ज्ञानजी (भाणांजी), २—भिक्खु भिदाजी ३—स्वामी ननजी (नूंनाजी) ४—मुनि भीमजी (भीमाजी), ५—मुनि जगमालजी—

छन्द हणुफाल

रिख सरवोजी रिख रूप, किल जीवजी रिखी गुन कूप ।
ए पाट उत्तम अष्ट, कर कठन तप तनु कष्ट ॥५॥
हुए अराधक जिन हुँत, पुरगिर वान पहुँत ।
ताप छै लूंका तेह, जड़ पड्या लाढ़ी जेह ॥६॥

अर्थ—६—रिख सरवोजी, ७—रूपजी और ८—जीवाजी । ये मुनि गुण धारण करने में कूप के समान थे । लोकागच्छ के ये आठ पाट उत्तम हुए जिन्होने शरीर को कष्ट देकर कठिन तप का पालन किया । आठ पाट तक जिनेन्द्र आज्ञा की आराधना करते हुए, पीछे लोकागच्छ के ये साधु भी यति बनकर शिथिलाचारी हो गये ।

छन्द हणुफाल

आधा कर्मी थानक आहार, वथ पात्र तज विवहार ।
भोगवन लागा भूर, पुनि करित संचय पूर ॥७॥

अर्थ—लोकागच्छीय संत भी बाद मे आधा कर्म स्थानक, आहार, वस्त्र, पात्र आदि बहुत से अकल्प को भोगने लगे तथा साध्वाचार को छोड़ दिया और पूर्ण संचय भी करने लगे ।

दोहा

तजी रीत भिक्षा तणी, जीमण न्हूतियां जाय ।
मूक कल्पविध मोकले, खवाड़े सो ले खाय ॥१७॥

अर्थ—अब उन्होने साधु की भिक्षावृत्ति छोड़कर गृहस्थो के निमन्त्रण

पर भोजन के लिये जाना प्रारंभ कर दिया और साधु का कल्प छोड़कर जैसा गृहस्थ लोग उन्हें बनाकर खिलाते, वैसा ही खा लेते ।

विशेष—इस समय साधु की मर्यादा पूरी तरह से ढीली पड़ गयी थी। साधु लोग भिक्षा वृत्ति से जीवन-निर्वाह छोड़कर निमन्त्रण पर गुजर करने वाले बन गए। उन्हे जैसा गृहस्थ वर्ग खिलाते वैसा ही खा लेते। संक्षेप में वे राजसी सम्मान का उपभोग करने लगे।

छप्पय

सतरे सय नव समय, वीरजी सूरत वासी ।
कोड़ी ध्वज तिनकाल, विभव संपन्न विलासी ॥
धन फुलां जसु धीय, उग्र भागी निन ओले ।
महा गोत्र श्रीमाल, खलु लवजी तसु खोले ॥
अनुक्रमे नाम लवजी उचित, पोसाले गुरु पै पढ़े ।
सुध सूत्र अर्थ सुनता, श्रवन, वैरागे जसु मन वढ़े ॥५॥

अर्थ—विक्रम सवत् १७०६ मे वीरजी बोहरा सूरत निवासी उस समय के कोटिध्वज वैभवशाली सेठ थे। उनकी पुत्री का नाम फूलाबाई था जो उग्रभागी वीरजी के यहां रहा करती थी। संतान नहीं होने से वीरजी ने श्रीमाल गोत्री लवजी को उसके गोद रक्खा। अनुक्रम से लवजी पोसाल मे गुरु के पास पढ़ने जाते और योग्य रीति से अभ्यास करते। अनुक्रम से उनको सूत्रार्थ का अच्छा ज्ञान हो गया। सत्सग और शास्त्र-श्रवण से उनके मन मे वैराग्य-भावना जागृत हुई।

विशेष—वीरजी वैभव संपन्न श्रीमन्त थे। उनकी इकलौती पुत्री—जिसका सम्बन्ध उन्होने किसी खानदानी लड़के के साथ किया था, सयोग वश कुछ ही काल बाद वह विधवा हो गई और उन्हीं के घर रहने लगी। वीरजी ने फूलाबाई के लिये लवजी को दत्तक पुत्र बनाया और गुरु के पास उन्हे पढ़ने-लिखने को भेजा। वहाँ सूत्र और उसके अर्थ को सुनते २ उनके मन पर वैराग्य का रंग चढ गया।

छप्पय

प्रगट वीरजी पास वदे, आज्ञा दो व्रत की ।
अखे वीरजी आज्ञा, मोरि पै लूंका मत की ॥
जगजी[1] नामे जती, जसु आगल कर जोरे ।
लवजी दीक्षा लीध, तटक जग बंधन तोरे ॥
पढ़के सिद्धान्त सब ग्रन्थ पुनि, बोलचाल सीखे वहु ।
उर मांहि धार आगम अरथ, साधु शील समझे सहू ॥६॥

अर्थ—लवजी संयम धारण करने की आज्ञा लेने के लिए वीरजी के पास प्रत्यक्ष रूप से खड़े हुए और बोले कि मुझे आज्ञा दीजिये। इस पर वीरजी ने कहा—लूंका मत के जगजी नामक यति के पास यदि दीक्षा लो, तो मेरी आज्ञा है। यह सुनते ही लवजी उनके सम्मुख हाथ जोड़ कर खड़े हो गए और क्षण भर मे सांसारिक बन्धनो को तोड़ कर दीक्षा अगीकार कर ली। दीक्षित होकर उन्होने सम्पूर्ण सिद्धान्त ग्रन्थो का अध्ययन किया और अनेक प्रकार के बोलचाल भी सीखे। हृदय मे आगम का अर्थ धारण कर उन्होने साधु आचार को भी भली भांति समझ लिया।

छप्पय

एक दिवस गुरु अग्र विनय संजुत मृदुवानी ।
दशविकालिक देख, छठे अध्ययन मनछानी ॥
दृढ़ अष्टादस दोषग्रही, तिनकी दुय गाथा ।
पूछे ते गुरु प्रतै नमो, तुम करुणा नाथा ॥
जिनराज मुखे भाख्यो जिसो, पालो सुध संजम प्रभु (प्रभो) ।
नहीं टले दोप एही निपट, वृथा तज्यो किम घर विभू (विभो)॥७॥

अर्थ—एक दिन लवजी ने गुरु के आगे विनययुक्त मृदुवाणी मे निवेदन किया कि दशवैकालिक के छठे अध्ययन के देखने से मन में छान-बीन हुई—वहां अठारह दोष-स्थान बतलाये हैं। उसकी दो गाथाओ मे

१—अन्य पट्टावलियो मे जगजी के स्थान पर वरजंगजी नाम मिलता है।

साधुओ के लिए जो व्यवहार वताया गया है—लवजी विनय से नमस्कार कर पूछने लगे—हे करुणानाथ! जिनराज ने श्री मुख से जैसा फरमाया वैसा शुद्ध, संयम आज पाला जाता है क्या? यदि नही तो घर छोड़ने का क्या लाभ?

विशेष :—यदि शास्त्रानुकूल साधु-मर्यादा का पालन नहीं हो तो घर छोड़ना व्यर्थ ही समझना चाहिए।

छप्पय

गुरु बोले मृदु गिरा, पले जैसो पाली जै।
कठिन पांचवो काल वचन जिन केम वही जै॥
कहे लवजी सूं कह्यो, कृपा निधि मो हित कामी।
वरस सहस्र इकवीस, शुद्ध रहसी धर्म स्वामी॥
गच्छ वोसराय वरतो गुनी, हम चेलो तुम गुरु हिवें।
गुरु कहै मोहि छूटे न गच्छ, नरमी कर लवजी निवें॥८॥

अर्थ—लवजी के निवेदन करने पर गुरुजी ने कोमल वाणी में कहा—जैसा पलता है वैसा तो संयम पालन करते हैं। वाकी कठिन पंचम-काल में जिन-वचन के अनुसार चलना कैसे संभव हो? इस पर लवजी ने फिर कहा—हे कृपानिधान, मेरे हितकामी प्रभो! अभी तो २१ हजार वर्ष तक शुद्ध संयम-धर्म रहेगा। गुरुदेव! गच्छ को छोड़कर संयम मार्ग मे चलो। इस प्रकार हम शिष्य और आप गुरु वने रहे। इस पर गुरु ने कहा—लवजी! मुझसे गच्छ नहीं छोड़ा जाता। लवजी ने नरमी धारण कर नमन किया।

छप्पय

हमकुं आग्या होय, प्रगट शुद्ध संजम पालूं।
वरज अठारह वोल, टेव असंजम टालूं।
इम कही गच्छ तज अमै, निकसे मृग मां जिम नाहर।
दुरस वचन सुन दोय, जती निकसे संग जाहर।

गछ हूँत तीन निकस्या गुनी, थोभण, सखियो, लवजी थिरू ।
जिन वचन अराधन जुगत सुं, स्फुट तिन न दीक्षा लीध फिरू ॥६॥

अर्थ—लवजी ने गुरु से कहा—यदि आप गच्छ नहीं छोड़ सकते तो हमको (स्पष्ट, शुद्ध संयम-पालन की) आज्ञा दीजिए। हम अठारह दोषो को टाल कर शुद्ध संयम का प्रगट पालन करें और असंयम की टेव को दूर करें। यह कह कर उन्होने गच्छ छोड़ा और मृग-मण्डल मे नाहर की तरह निर्भय हो निकल पड़े। उनके दुरुस्त वचन को सुनकर दो यति और भी उनके साथ निकल पड़े। इस प्रकार गच्छ मे से थोभण-जी, सखियाजी और लवजी तीन स्थिर गुणी जन निकल पड़े और जिन-वचन आराधन की यक्ति से उन तीनो ने पुन संयम दीक्षा ग्रहण की।

दोहा

सतरे से चवदे समै, निरमल दीक्ष नवीन।
ली लवजी गच्छ लोप कै, हुआ असंजम हीन ॥१८॥

अर्थ—विक्रम संवत् १७१४ मे पूर्व गच्छ परम्परा को छोड़ कर, लवजी ने नवीन निर्दोष दीक्षा धारण की और अपने जीवन को असंयम रहित बनाया।

विशेष :—ऋषि सम्प्रदाय के इतिहास मे सं० १६६२ को उनके गच्छ त्याग का उल्लेख है। इस सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न पट्टावलियो में भिन्न-भिन्न लेख मिलते हैं।

छप्पय

व्रत आदर सुमवार, मुनि एक ढूंढे मांहि,
धरियो निश्चल ध्यान, अचल एकंत उछांही ॥
देखत मुनि दीदार, भली मुद्रा मन भावै,
दरसन कर कर दुनी, सकल गुन जान सरावै।
भव जीव करन जांकी भगति, मिल्या देख गच्छ मुंढीया,
मन धेख धार अपने मुखे, ढूंका कहवा ढूंढ़िया ॥१०॥

अर्थ—शुभ समय में नवीन दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात् मुनि लवजी एक गिरे-पड़े मकान मे ठहरे और वहां एकान्त मे अचल एव उत्साह-भाव से निश्चल ध्यान मे जम गये। लोग उनकी शांत, सौम्य एवं गंभीर मुख-मुद्रा देखते और देख-देख कर सारी दुनियां उनके गुणों की सराहना करती। उनकी भक्ति करने भव-जीवों को एकत्र होते देख गच्छवासी मन मे द्वेष करने लगे और अपने मुंह से ढूंढ़िया-ढूंढिया कहने लगे।

छप्पय

विपुल नगर पुर विचर, घना भवि जन मग घाले,
सूत्र न्याय समभाय, पाप हिंसा कृत पाले।
दीक्षा खूब दीपाय, कला विज्ञान प्रकाशी।
सुनी सोमजी शाह, विकमि कालुपुर वासी।
कुलवन्त शीघ्र लवजी कनै, गेह त्याग दीक्षा गही।
कर बहु आतापना काउसग्ग, दृढ़ता सुं काया दही॥११॥

अर्थ—फिर लवजी ऋषि ने बहुत से नगर और गांवो में विचर कर बहुत से लोगो को धर्म मार्ग पर लगाया और सूत्र सिद्धान्त की युक्ति से उन्हे हिंसाजन्य पाप से बचाया। इस प्रकार धर्म, कला और ज्ञान के प्रकाश से इन्होंने दीक्षा को खूब दीपाया। कालूपुर वासी शाह सोमजी ने लवजी की वाणी सुनी तो बहुत प्रसन्न हुए और उस कुलवन्त ने घर छोड़ कर शीघ्र ही उनके पास दीक्षा ग्रहण कर ली। दीक्षा के बाद बहुत आतापना और कायोत्सर्ग करके दृढ़ता से उन्होंने अपने शरीर और विकारो का दहन किया।

छप्पय

हरिदास, पेमजी, कान, गिरधर चारु रिख।
निकमै गच्छ वर जंग, सोमजी तणा हुआ सिख॥
असीपाल, श्रीपाल, धर्मसीह, हरिदास पुनि।
जीवो-शंकर मण जाण, केसु, हरिदास लघु मुनि॥

समर्थ, तोड–गोधो–मोहन, सदानन्द संख ए सहुं।
सिख भया इत्यादिक सोमके, वोसराय गच्छ कुं वहुं ॥१२॥

अर्थ – हरिदास, प्रेमजी, कानजी और गिरधरजी ये चारो ऋषि वरजंगजी के गच्छ को छोड़कर, सोमजी के पास दीक्षित हुए। अमीपाल जी, श्रीपालजी, धर्मसीजी, दूसरे हरिदासजी, जीवोजी, शकरजी, केसुजी, लघु हरिदासजी, समर्थजी, मोहनजी, तोडोजी, गोधाजी, सदानन्दजी और संखजी आदि ये सव अपने-अपने गच्छ को छोड़ कर सोमजी के शिष्य वन गये।

छप्पय

गुजराती धर्मदास, जात छिपा जसु जाणो।
सरधा पोतिया वंध, कान[1] रिख पै समझाणो।
ले दीक्षा निज–मतै, सुद्ध मारग संभाये।
सेवट कर संथार, सुरग लोके जु सिधाये।
जसु सिख निन्नाणु उत्तम जती, धन जामे दीपत धनो।
रिद्ध त्याग भयो ममता रहित, सुत मूंता वाघा तणो ॥१३॥

अर्थ—धर्मदास गुजराती जो जात के छिपा थे, पोतिया बंध की श्रद्धा मे ऋषि कानजी के पास बोध पाये स्वयं अपने मन से दीक्षा लेकर शुद्ध धर्म मार्ग पर तत्पर हुए और अन्त मे संथारा ग्रहण करके स्वर्ग लोक सिधारे। उनके निन्यानवे शिष्य उत्तम यति थे जिनमे सबसे अधिक दीप्तिमान धन्नाजी हुए, जिन्होंने धन वैभव की ममता छोड़ कर दीक्षा ग्रहण की। वे वाघा मुंथा के पुत्र थे।

विशेष —आचार्य धर्मदासजी जैन धर्म के महान् प्रचारक संत हुए। मारवाड़, मेवाड़, मालवा तया सौराष्ट्र आदि प्रान्तो मे विचरने वाले अधिकाश संत-सतियो के वे ही मूल पुरुष माने जाते हैं। अहमदावाद के पास सरखेज नामक ग्राम मे उनका जन्म हुआ था। उनके जमाने मे पोतियाबंध श्रावको की परम्परा प्रचलित थी, जो मस्तक पर एक सफेद कपडा बांधे रहते और श्रावक धर्म की करणी करते थे। लोगो को

१—अन्य पट्टावलियो मे लवजी का उल्लेख है, जो सगत प्रतीत होता है।

धार्मिक शिक्षण देना तथा शास्त्र सुनाना उनका काम था। उनकी मान्यता थी कि इस पचम काल मे कोई पंच महाव्रतधारी साधु नहीं हो सकता। धर्मदासजी ने इन्ही लोगों के पास रहकर धर्म की जानकारी की थी। शास्त्र का वाचन करते उनको ज्ञात हुआ कि भगवान् महावीर का शासन पचम आरे की समाप्ति तक चलेगा और उसमे साधु-साध्वी भी रहेंगे। अत उन्होने निश्चय किया कि अभी श्रद्धा-विमुख होना ठीक नहीं है। इसके लिए उन्होने उस समय विचरण करने वाले धर्मसिहजी म० एवं कानजी ऋषि जी से विचार विमर्श किया और पोतिया बंध की मान्यता त्याग कर स० १७१६ मे अहमदाबाद की बादशाह बाड़ी मे स्वयं साधु दीक्षा ग्रहण की। दीक्षा-धारण के समय वे मात्र १६ वर्ष के थे। परन्तु दृढ़ता से ज्ञान, ध्यान और तप. साधना करते हुए वे विहार करने लगे। एक बार विहार करते हुए वे मारवाड़ के सांचोर नामक गांव मे पधारे। वहां के एक श्रीमन्त के पुत्र धन्ना जी उनके वैराग्यमय उपदेश से प्रभावित होकर उनके पास दीक्षित हो गए। दीक्षा लेते ही उन्होंने प्रतिज्ञा की कि जब तक पूर्ण शास्त्राध्यय नहीं करूंगा तव तक एक वस्त्र, एक पात्र तथा एकान्तर उपवास करता रहूंगा और इस नियम का आठ वर्षों तक पालन करते रहे। सं० १७५९ के वर्ष धार मे एक शिष्य के संथारे पर, उसकी जगह संथारा सेवन कर पू० धर्मदास जी महाराज परलोकवासी वन गए।

छप्पय

मंडन—कुल मुहणोत, नाम बूधर निकलंकी।
वसता सोजत वास, धने जी पास धन्नकी।
तज नन्दन अरु त्रिया, ग्रही दीक्षा गरवाई।
सहो दुसह उपसर्ग, एह कीधी इधकाई।
रिख लेन आतापन रेनुकी, सिकता में लुटता सदा।
विचरंत ग्राम कालु विषै, उपजी अणजाणी अदा ॥१४॥

अर्थ—मुणोत कुल के मंडन सोजत वासी श्री भूधरजी ने जिनके नाम पर कोई कलंक नहीं था—धन्नाजी के उपदेश से प्रभावित होकर धन, दारा और पुत्र आदि छोड़ कर कठिन साधु दीक्षा ग्रहण कर ली,

और धर्म मार्ग के दुस्सह उपसर्गों को सहन किया। यह खास अधिकाई रही। एक बार विचरते हुए कालू ग्राम पधारे। वहां रेत में आतापना लेने ऋषि बालू मे सदा लेटा करते। संयोग वश उस समय उन्हे अन-जानी पीड़ा उत्पन्न हो गई।

छन्द पद्धरी

कालू नजीक सरिता एकंत, तिहां जाय मुनि सिकता तपंत।
नरनार सकल तप गुन निहार, अरु करे जासु महिमा अपार ॥१॥

अर्थ—श्री भूधरजी म० कालू के निकट नदी के एकांत स्थान मे जाकर दोपहर की जलती हुई रेत मे, तपस्या करते। उनकी इस कठोर तप-साधना को देखकर सभी स्त्री-पुरुष उनकी अपरम्पार महिमा का गुणगान करते।

विशेष—तपस्वियो का तप प्रभाव वास्तव मे अभिनन्दनीय होता है। मनुष्य की कौन कहे, देवता भी ऐसे को नमस्कार करते हैं। कहा भी है—"देवा वि त नमंसंति, जस्स धम्मे सयामरणे"।

छन्द पद्धरी

तब मुनि एक अनमती अतीत, उर आन दोख कीनी अनीत।
ते वाह सोट मुनि कुं त्रिकुंट, छिप गयो लार भई छूट ॥२॥

अर्थ—उनकी तपस्या की चर्चा सुनकर एक अन्यमती अतीत वहाँ पहुंचा और मन में द्वेष लाकर अनीति का काम कर बैठा। उसने मुनि के मस्तक पर सोट-लट्ठ मारा और स्वयं छिप गया। खबर होते ही लोगो ने उसका पीछा किया।

छन्द पद्धरी

तत्काल पकर जसु दैन त्रास, दृढ़ करी डकर मिल राजदास।
वर मुनि हिरदय करुना विचार, मम हेत याहि कुं देहि मार ॥३॥

अर्थ—तत्काल पकड़ कर उसको राज पुरुषों ने मिल, दंड देने को मजबूत जकड़ा। कहा जाता है कि एक कड़ाव के नीचे उसे दबवा दिया, किन्तु परम्परा से जब मुनि ने यह सुना तो उनके मन मे करुणा के विचार हो आये। सोचा कि मेरे कारण उस बेचारे को मार पड़ेगी।

विशेष—चोट खाकर मुनि श्री पानी के पास आए और खून को साफ कर सिर पर पट्टी बांधो और फिर गाँव पहुंचे। मुनि श्री के हृदय मे मारने वाले के प्रति तनिक भी रोष नहीं था। किन्तु किसी ने उसको मारते देख लिया, उसने अधिकारी को सूचित कर उसको पकड़ मंगवाया और कष्ट देना प्रारम्भ कर दिया। इस पर मुनि श्री ने प्रतिज्ञा की कि जब तक वह कष्ट-मुक्त नहीं होगा तब तक मैं अन्न-जल ग्रहण नहीं करूंगा।

छन्द पद्धरी

इम जान छुड़ायो तेह अतीत, हद करी खिम्या तज अहित हित।
अगमी सिरपे उत्कृष्टी पीर, सम भाव सही हुयके सधीर ॥४॥

अर्थ—इस प्रकार उस अतीत को कष्ट में जान छुड़ा दिया। हित-अहित भूल कर क्षमा की हद करदी। उनके सिर पर प्रबल पीड़ा उत्पन्न हुई फिर भी धैर्य धारण कर मुनि श्री ने समभाव से सब सहन किया।

विशेष—उत्पीड़क की पीडा से द्रवित हो उठना और उसे कष्ट-मुक्त बनाना, वस्तुत क्षमा का आदर्श उदाहरण है कहा भी है—'अवगुण ऊपर गुण करै, ते नर विरला दीठ।' इसका असर अपराधी के हृदय पर होता सी है और वह ऐसे महात्मा के चरणो मे झुक जाता है। उस पीड़क ने भी उनके चरणो मे झुक कर क्षमा मांगी और आगे से ऐसा न करने की दृढ़ प्रतिज्ञा की।

छन्द पद्धरी

सिख भये बहुत जाके समीप, दुनियां मांही इधका चार दीप।
बड़ सिख नराण, रघुपति[1] विनीत, जयमल, कुशल परमाद जीत ॥५॥

अर्थ—उनके पास अनेक शिष्य हुए, उनमें चार अधिक प्रभावशाली थे। बड़े शिष्य श्री नाराणजी थे। अन्य तीन शिष्यो में श्री रघुपतिजी गुरु के बड़े विनीत रहे और मुनि श्री जयमलजी तथा मुनि श्री कुशलाजी महाराज प्रमाद-विजयी थे।

विशेष :—आचार्य श्री धन्ना जी महाराज का अन्तिम चातुर्मास मेडता नगर मे था। वहां शारीरिक क्षीणता देखकर वि० सं० १७८४ में

१—रघुनाथ।

एक दिन का संथारा करके वे स्वर्गवासी बने। उन्हीं के पट्टधर आचार्य भूधरजी महाराज हुए। उनका कुल संयम-जीवन ५७ वर्ष का था।

प्राचीन भण्डारों का निरीक्षण करते हुए आचार्य श्री भूधरजी महाराज के नौ शिष्यो के नाम प्राप्त हुए हैं। उनके शिष्यो के सम्बन्ध में निम्न उक्ति प्रसिद्ध है—

भूधर के सिख दीपता, चारो चातुर्वेद।
धन, रघुपति ने जेतसी, जयमल ने कुशलेश ॥

इस उक्ति में जेतसी का नाम विशेष मिलता है। वे एक बड़े प्रभावशालो संत हुए हैं। वे जोधपुर के पास "सुरपुरा" गांव के ठाकुर थे। एक दिन वे शिकार के लिए जा रहे थे। बाजार मे आचार्य श्री भूधरजी का प्रभावशाली प्रवचन था। मुनि श्री के प्रवचन को सुनकर पाप-कर्मों से उनका हृदय कांप उठा और वे मन ही मन सोचने लगे कि मनि श्री जीव-हत्या करने मे भयकर पाप बताते हैं और मैंने तो अपने जीवन मे कई जोवो की हत्या की है। मुझे इस भयकर पाप से कैसे मुक्ति मिल सकती है, यह सोच कर वे मुनि श्री के चरणों मे पहुचे और हिंसादिक त्याग कर आचार्य श्री के शिष्य बन गए।

यहां श्री नाराणजी, रघुपति, जयमल्ल और कुशलाजी ये चार प्रमुख शिष्य बतलाये हैं, जिनका परिवार आगे चला।

छप्पय

मुनि जाय मेड़ते, चरम अवसर चौमासे।
तपत आसाढी तीव्र, पानी रंचक नहीं पासे।
शिच नरान जल विना, थया असगत अतिथि कै।
अंबू लेवा अरथ, अखिल मुनि अग्र उच कै।
मेड़ते जाय घिरिया मुनि, तत खिणलै अंबू तितै।
उत्कृष्ट परिसो उपनो, जेज परी मगमें जितै ॥१५॥

अर्थ—एक समय आचार्य श्री भूधरजी शिष्य मण्डली सहित अन्तिम चातुर्मास करने को मेड़ता पधार रहे थे। आषाढ़ की प्रचण्ड गर्मी पड़ रही थी, पास में रंच भर भी पानी नहीं रहा। अतः साथी सन्तों मे

नारायण नामक मुनि जल के विना प्यास से चलने में अशक्त हो गये। तव दूसरे सन्त पानी लेने को आगे वढ़े और मेड़ता जाकर तत्काल पीछे लौटे। वे पानी लेकर आवें तव तक मार्ग के विलम्ब से मुनि का परीषह उत्कृष्ट हो गया।

विशेष :—जैन संतो के लिए जल और आहार ग्रहण का भी एक नियम होता है। एक ग्राम से दूसरे ग्राम जाते हुए दो कोस से अधिक दूरी पर पूर्व गृहीत आहार-पानी खाने व पीने के काम मे नहीं लिया जाता। जलाभाव से एक मुनि नहीं चल सके, तव दूसरे साधु आगे मेड़ता जाकर पानी लाये।

छप्पय

मुनि लारे मग मांह, नैन जल कूप निहारियो।
पैन चल्या परणाम, ध्यान जिनको उर धारयो।
कर अणसण एकंत, त्याग ए देह औदारिक।
धन नरान मुनि धीर, लही सुरगत सुखकारिक।
जल लेन गया मुनिवर जिके, अविलोके जहां आयके।
मुनि कियो इसो पंडित मरण, ध्रुव परमातम ध्यायके ॥१६॥

अर्थ—पीछे मुनि ने मार्ग मे कूप के पानी को आखो से देखा पर परिणाम चलायमान नहीं हुए। उन्होंने हृदय में जिनेन्द्र का ध्यान धारण करके एकान्त स्थान मे अनशन पूर्वक इस औदारिक शरीर को छोड़ कर सुखकारी स्वर्ग लोक को प्राप्त किया। वे धैर्यशाली नाराण मुनि धन्य हैं। इधर जल के लिए गये हुए मुनिवर जव वापस आकर देखते हैं तो विदित हुआ कि मुनि ने भगवान् का ध्यान करके पण्डित मरण प्राप्त कर लिया है।

विशेष :—असह्य तृषा की दशा मे सामने कूप देख कर भी सचित्त जल के कारण मुनि ने जल नहीं लिया, किन्तु प्राणोत्सर्ग कर दिया। धन्य है धर्माराधन की यह परम्परा और त्याग का यह उदात्त आदर्श।

दोहा

मुनि भूधरजी मेड़ते, चरम कियो चौमास।
पांचां वासा पारणे, पद सुर लह्यो प्रकाश ॥१६॥

अर्थ—मुनि भूधरजी ने मेड़ता में यह अन्तिम चातुर्मास किया और पांच उपवास के पारणे मे सुख पद को प्राप्त किया ।

विशेष :—वि० सं० १८०४ की विजया दशमी मे पाच की तपस्या के पारणे में भूधरजी महाराज मेड़ता नगर मे स्वर्गवासी हो गये । उनके तीन बड़े प्रभावशाली शिष्य हुए । जिनकी तीन शाखाएं प्रचलित हुईं । यथा—पूज्य श्री रघुनाथ जी महाराज की परम्परा, पूज्य श्री जयमल्लजी महाराज की परम्परा और पूज्य श्री कुशलाजी महाराज की परम्परा ।

छन्द झंफाल

जासु सिख नाम रुग्रनाथ बड़ जानिय,
विमल गुनवंत जेमल्ल वखानिय ।
तिसरा मुनि कुशलेश रीयां तणुं,
वंस चंगेरिया जासु सुहावणुं ॥१॥

अर्थ—भूधरजी के बड़े शिष्य रघुनाथजी थे । दूसरे विमल गुणो वाले जय मल्लजी थे और तीसरे रीयां के शोभन चगेरिया गोत्रीय मुनि कुशलेश जी थे ।

विशेष—मुनि कुशलाजी पीपाड़ समीपवर्ती सेठो की रीयां गांव के वासी थे । कभी रीयां मे ओसवालो की अच्छी बस्ती थी । आज भी यहाँ के निवासी अमरावती, हिंगणघाट, अहमदनगर आदि नगरो मे व्यापार के निमित्त बसे हुए हैं । सम्प्रति मुनि कुशलाजी के वंशज अहमद नगर के समीपवर्ती ग्राम सोनई मे निवास करते हैं ।

छन्द झंफाल

अंब कानु पिता लाधजी एहवा,
जनमिया पुत्र जसु कुशलजी जेहवा ।
तात आयुर्वला अंत तन त्यागिया,
लूखमन कुसलजी धंध जग लागिया ॥२॥

अर्थ—माता कानु तथा पिता लाधुजी ने इन्हीं कुशलसी जैसे पुत्र को जन्म दिया । आयु-बल की कमी से पिता ने इनके बचपन में ही शरीर

त्याग दिया। तव कुशलजी रूक्ष मन उदासीन भाव से जग के धंधो मे लग गए।

छन्द झंफाल

परणिया सुंदरी पाय जोवन पणो,
एक सुत हेमजी कूख जसु उपनो।
आयु पूरन करयो सुंदरी ए तले,
चितवे कुसल रे जीव अव चेतले ॥३॥

अर्थ—तरुणाई पाकर उन्होने एक सुन्दरी से विवाह किया जिससे हेमजी नाम का एक पुत्र उसके कूख से उत्पन्न हुआ। सहसा उनकी पत्नी आयु पूर्ण कर चल वसी। अव कुशलजी ने मन में सोचा—रे जीव! अव चेतजा—आत्मोद्धार कर ले।

छन्द झंफाल

सुंपियो पुत्र माता भणी सोचके,
आपके जीव को श्रेय आलोच के।
खीनता मोहकी भई मन में खरी,
पंच सहस्र दौलत छती परिहरी ॥४॥

अर्थ—उन्होने अपने जीवन का श्रेय विचार कर पुत्र को अपनी माताजी के पास सौंप दिया। उनके मन मे मोह की क्षीणता हो गयी थी—इसलिए वे पाच हजार की सम्पदा और घर परिवार छोड़कर दीक्षा के लिए कटिबद्ध हो गये।

विशेष—वचपन मे पिता चल वसे और जवानी में पत्नी चली गई, इससे उनके मन मे ससार की अनित्यता का सही चित्र खिच गया वैराग्य-भाव जगा और वे पुत्र एवं सम्पत्ति का मोह छोड़ कर साधु वनने को तैयार हो गये।

छन्द झंफाल

मांग चारित्र की आज्ञा निज मात पे,
वेप साधु लियो आय गुरु व्रात पे।

निरजरा काज मुनि कबहू सूता नहीं,
लोक में व्रत ले उग्र शोभा लही ॥५॥

अर्थ—दीक्षा लेने के लिए माता से आज्ञा प्राप्त करके वे गुरु (आचार्य श्री भूधरजी) के पास गये और साधु वेष धारण कर लिया। कर्म-निर्जरा के लिए वे कभी सोये नहीं। अहर्निश धर्म-जागरणा में लगे रहे। कठोर व्रत लेकर उन्होने समाज मे बड़ी शोभा प्राप्त की।

छन्द भंफाल

साधु तीना तणां विस्तरे सांत्रठा,
के तपी के जपी के बुधा उतकठो।
दोय कुशलेश के कहुं सिख दीपता,
जोग्य गुमनेस दुरगेस अघ जीपता ॥६॥

अर्थ—तीनो का विशाल साधु समुदाय बहुत फैला। उनमे कई तपी, कई जपी और कई उत्कट विद्वान् हुए। कुशलाजी म० के दो शिष्य श्री गुमानचन्द्रजी और दुर्गादासजी प्रभावशाली हुए। वे दोनों पाप बंध मे विजय मिलाने को योग्य थे।

सोरठा

जाहरपुर जोधान, मांझी अखजी मेसरी।
थिरवासी तिहां थान, लोह्यो इधकी लायकी ॥२॥

अर्थ—जोधपुर एक प्रसिद्ध नगर है जिसमें लोह्या गोत्रीय अखजी (अखेराजजी) नाम के एक माहेश्वरी सेठ थे। वे वहाँ के स्थिरवासी और लायकी से अधिक प्रख्यात थे।

छन्द हनुफाल

तसु गेह चैना नाम, वर सीलव्रती वाम।
जसु कूख जनमें आन, गुनवंत पुत्र गुमान ॥८॥

अर्थ—उनके घर मे श्रेष्ठ शील वाली चैना नाम की भार्या थी, जिसकी कुक्षि से गुणवान् पुत्र गुमानजी का जन्म हुआ।

छन्द हनुफाल

केतले काल विख्यात, थित करी पूरन मात ।
जसु फूल घालन गंग, ले तात कूं निज संग ॥९॥

अर्थ—कुछ वर्षों के बाद उनकी मातुश्री आयु पूर्ण कर चल बसी। उसके फूलो (अस्थियाँ) को गंगा मे प्रवाहित करने के लिए वे पिता को संग लेकर गये।

छन्द हनुफाल

सुत पिता दोहु निदान, पहुँता मंदाकिनी थान ।
तन माझ गंग मझार, पुनि फूल जल में डार ॥१०॥

अर्थ--पुत्र और पिता दोनो गगा के किनारे पहुंचे और गंगा मे शरीर को मांज कर फिर उन फूलों को जल मे विसर्जित कर दिया।

छन्द हनुफाल

कर सगत सारु दान, साचवि सकल विधान ।
मग परे पाछा जासु, मेड़ते आये आंसु ॥११॥

अर्थ—वहाँ सम्पूर्ण विधान के साथ, शक्ति भर दान करके दोनो पीछे अपने रास्ते चले और शीघ्र मेड़ते आ पहुंचे।

विशेष—गगा मे अस्थि-विसर्जन करना तथा उस अवसर पर दान देना जैन संस्कृति की परम्परा के अनुकल नहीं है। क्योकि जिन धर्मानुसार स्वकर्मानुसार-सुगति, कुगति मानी गई है।

दोहा

तठे सिख कुशलेस के, कियो हुतो संथार !
ते महिमा सुणके तिणे, दीठो मुनि दीदार ॥२०॥

अर्थ—उस समय मेड़ता नगर मे आचार्य कुशलाजी म० के एक शिष्य ने संथारा किया। संथारे की उस महिमा को सुनकर वे दोनो मुनि के दर्शन करने वहाँ गए।

दोहा

रह दिवस पनरे तिहां, नित आवत मुनि पास ।
सुनता सुनता सीखिया, वीर थुई धर प्यास ॥२१॥

अर्थ—वे दोनो वहाँ पन्द्रह दिन रहे और नित्य मुनिजी के पास आते-जाते । मन मे चाह होने के कारण उन्होंने वहाँ सुनते २ वीर स्तुति का पाठ रुचि से सीख लिया ।

दोहा

बुध उत्कृष्टी देख के, दियो मुनि उपदेश ।
ते सुणने वेरागिया, भेट्या गुरु कुशलेश ॥२२॥

अर्थ—मुनि श्री ने उनकी उत्कृष्ट बुद्धि देखकर सदुपदेश दिया, जिसे सुनकर उनके मन में वैराग्य-भावना जगी और पूज्य कुशलाजी के शरण में आ गये ।

दोहा

अष्टादश अष्टादशे, बरस तणी ए बात ।
पिता सहित गृह त्याग के, ग्रही क्रिया अवदात ॥२३॥

अर्थ—विक्रम संवत् १८१८ की यह बात है । गुमानचन्दजी ने पिता सहित घर का प्रपंच छोड़ कर श्री कुशलाजी के पास निर्दोष साधु क्रिया स्वीकार की ।

छप्पय

ले संजम गुण पात्र, पढ़न उद्यम आदरियो ।
पढ़ व्याकरण प्रसिद्ध, ज्ञान अक्खर उर धरियो ॥
सुध वतीस सिद्धंत, अरथ संजुक्त विचारा ।
भाषा काव्य सिलोक, सीखे मुनि विविध प्रकारा ॥
षट् द्रव्य रूप ओलख खलु, नय निक्षेप नव तत्व को ।
कर निर्णय ज्ञाता भये, समझ सरूप निज सत्व को ॥१७॥

अर्थ—गुण पात्र रूप संयम ग्रहण कर उन्होने पढने के लिए उद्यम किया और प्रसिद्ध सारस्वत व्याकरण पढ़ कर उसका अक्षर-अक्षर ज्ञान हृदय मे धारण किया। साथ ही साथ अर्थ सहित शुद्ध रूप से वत्तीस आगम सिद्धांत तथा काव्य, भाषा, श्लोक आदि विविध प्रकार के प्रकरण भी सीखे। नय, निक्षेप सहित नव तत्त्व एवं षट् द्रव्यो को भली भांति जान कर वे सकल शास्त्र के ज्ञाता हुए। उन्होने अपने आत्म-वल एवं आत्म-स्वरूप को भली भांति समझ लिया।

छप्पय

गोलेचा शुभ गोत, वसे सालरिया ग्रामे।
दयावंत दुरगेस, जनम लीधो तिह ठामे।
सेवाराम सुतात, मात सेवा सुखकारी।
छोड़ सकल को मोह, भये उत्तम व्रह्मचारी।
भेटिया पूज कुशलेश कूं, वोध वीज समकित लही।
समत अठारे वीसे वरस, दुर्ग मुनि दीक्षा ग्रही ॥१८॥

अर्थ-सालरिया ग्राम मे गोलेछा गोत्रीय लोगो का वास था, वहीं दयावान् दुर्गेश ने जन्म लिया। उनके पिता का नाम सेवाराम तथा सुखकारी माता का नाम सेवादे था। वे सबका मोह छोड़ कर उत्तम ब्रह्मचारी वन गये और कुशलेश जैसे गुरु को प्राप्त कर, वोध वीज सम्यक्त्व का लाभ किया। संवत् १८२० वर्ष मे दुर्गादास जी ने मुनि दीक्षा धारण की।

विशेष :—राजस्थान मे सोजत के पास सालरिया ग्राम है जहां दुर्गादास जी का जन्म हुआ था। उन्होने वचपन मे ही भीष्म पितामह की तरह व्रह्मचर्य पालन की प्रतिज्ञा लेली और १८२० में मेवाड़ स्थित उंटाला ग्राम मे कुशलाजी महाराज के पास श्रमण दीक्षा ग्रहण की।

सवैय्या छन्द

वर्ष अष्टादश सय चालीसे, महानगर नागोर मंझार।
अणसण करयो कुशल मुनि उत्तम, तनु तज लह्यो देव अवतार।

पूठे पूज गुमान प्रतापिक, वधती बुद्ध तरणे विस्तार ।
विचरे ग्राम नगर पुर पाटरण, समझाये भविजन संसार ॥१॥

अर्थ—संवत् १८४० के वर्ष महानगर नागौर में मुनि श्रेष्ठ कुशलाजी महाराज ने अनशन कर अपना शरीर छोड़ा और देव अवतार को प्राप्त किया। उनके पीछे उनके पाट पर प्रतापी पूज्य गुमानचन्द्रजी महाराज प्रतिष्ठित हुए। उन्होंने अपनी बुद्धि के विस्तार से, नगर, पुर, पाटन में विचरते हुए सांसारिक लोगो को प्रतिबोध दिया।

विशेष :—कुशलाजी ने नागौर में सं० ३४ से ४० वर्ष पर्यन्त स्थिर वास किया। उनके दस शिष्य थे—दामोजी, तेजोजी, पांचोजी, नाथोजी, गोयन्दजी, अखयराजजी, गुमानचन्द्रजी, दुर्गादासजी, टीकमजी और सूजो जी। इनमे अधिक प्रख्यात पूज्य गुमानचन्द्र जी तथा पूज्य दुर्गादास जी महाराज हुए। सूजोजी की कुछ प्राचीन हस्तलिखित प्रतियां भण्डारो मे मिलती हैं। कुशलाजी के पश्चात् उनके पाट पर गुमानचन्द्रजी महाराज प्रतिष्ठित हुए।

छप्पय

शाह गंग श्रावगी, वंस निरमल बड़ जाती।
त्रिया गुलाबां तासु, वसे नागोर विख्याती।
तसु नंदन रतनेस, रहे सुखसुं तिह थानक।
पिता गंग परलोक, काल कर गए अचानक।
प्रापते चतुर्दश वर्ष में, समझ लही रतनेश सव।
सुन वान गुमान की, स्रवन सुं, जग्यो हृदय वैराग जब ॥१६॥

अर्थ—उज्ज्वल श्रावगी वंश मे बडजात्या गंगाराम जी शाह नागौर मे विख्यात होगये। उनकी पत्नी का नाम गुलाबबाई था। उनका पुत्र रतनेश सुख पूर्वक वहीं रहता था। अचानक उसके पिता गंगारामजी की मृत्यु हो गई। चौदह वर्ष की अवस्था मे रतनेश ने अच्छी समझ पा ली थी। तत्र विराजित पूज्य गुमानचन्द्र जी महाराज की वाणी सुन कर उसके हृदय मे वैराग्य-भावना जग उठी।

विशेष —रतनचन्द जी गंगारामजी के अपने पुत्र नहीं किन्तु दत्तक पुत्र थे। उनका जन्म ढूंढ़ार देश स्थित कुड गांव मे हुआ था।

छप्पय

गुरु आगल कर जोर, कहे लें सूं मम दीक्षा ।
मात न दे आदेश, पिता वड़ पे ले शिक्षा ।
गुरु सुं कर आलोच, सहर हुती निसरिया ।
पांच तथा दिन सात, करी भिक्षाचरी क्रिरिया ।
गुरुदेव समझ अवसर इसो, लार मेल लिखमेसकूं ।
मंडोर ग्राम आंबा तले, दी दीक्षा रतनेशकूं ॥२०॥

अर्थ – वैराग्य–भाव जगने पर रतनजी ने गुरु के सम्मुख हाथ जोड़ कर कहा कि मैं दीक्षा लूंगा, पर माता मुझे आज्ञा नहीं देती है। बड़े बाप की शिक्षा और अनुमति लेकर दीक्षा ले सकता हूं। इस प्रकार गुरु जी से विचार विमर्श कर वे नागौर शहर से निकल गये और पाच–सात दिन तक भिक्षाचर्या से वृत्ति चलाई। गुरुदेव ने रतनेश की प्रबल भावना और ऐसा अवसर समझ कर पीछे लक्ष्मीचन्द्रजी महाराज को भेजा। इन्होंने मण्डोर नगर में आम्र वृक्ष के नीचे उन्हें मुनि दीक्षा की प्रतिज्ञा ग्रहण करवा दी।

विशेष :—जब रतनचन्द्रजी को अपनी माता से दीक्षा लेने की आज्ञा न मिली तब वे अपने बड़े बाप नाथूरामजी से आज्ञा लेकर जोधपुर जाने के संकल्प से नागौर से निकल पड़े और रास्ते में भिक्षाचरी करते मण्डोर पहुंच गये। वहां 'श्री लक्ष्मीचन्दजो' महाराज ने (जिन्हे पीछे से गुमानचन्द्रजी महाराज ने भेजा था) पहुंचने पर भाव दीक्षित रतनेशजी को व्यवहार दीक्षा से दीक्षित किया।

दोहा

अष्टादश अड़तालिसे, सुध पंचम वैशाख ।
रतन भये मुनिवर रुचिर, लाभ मुगति अभिलाख ॥२४॥

अर्थ—वि० सं० १८४८ की वैशाख शुक्ला पंचमी को मुक्ति लाभ की अभिलाषा से रतनजी दीक्षित होकर उत्तम मुनि बन गए।

छप्पय

तिहांथी कीन विहार, नगर जोधाणे आये ।
तिहां मिलिया दुरगेश, जांसु सब बात सुनाये ॥
सुन बोल्या दुरगेश, लार जननी तुम आसी ।
इहां थी करो विहार, कलह उत्कृष्टो थासी ॥
सुविचार एम मेवार दिश, विचर गए तत् खिण गुनी ।
विद्या अभ्यास करचो विशुद्ध, मांड्यो रतन महा मुनी ॥२१॥

अर्थ—वहां से (नव दीक्षित मुनि को साथ ले) विहार कर मुनि श्री जोधाणे (जोधपुर) पधारे । वहां दुर्गादासजी महाराज से भेंट हुई । उन्हे सारा वृत्तान्त कह सुनाया । उसे सुनकर पूज्य श्री दुर्गादासजी महाराज बोले - मुनें ! पीछे से तुम्हारी माता आयेगी । अतः यहां से विहार कर दो अन्यथा बड़ा कलह उत्पन्न होगा । इस प्रकार दुर्गादासजी महाराज से विचार कर, वे तत्क्षण मेवाड़ की ओर विहार कर गए और वहां रतन महामुनि ने विशुद्ध विद्याभ्यास करना आरम्भ कर दिया ।

छप्पय

कर लारो तत्काल, जननी आई जोधाणे ।
विजेसिंघ महाराज, राज करता तिह ठाणे ।
असवारी अवलोक, दौर फांसो गह लीधो ।
पूछ विगत पृथवीस, हुकम कामेत्यां कीधो ।
सिधा शिखाय मेली सही, जेतारण सोजत जठे ।
मुनि गया मुलक तज, पर मुलक कुण जोवे लाभे कठे ॥२२॥

अर्थ—रतनचन्द्रजी की माता भी नागौर से पीछा कर तत्काल जोधपुर आ पहुची । उस समय वहां विजयसिंहजी महाराजा राज्य करते थे । संयोगवश उस दिन दरबार की सवारी निकली, जिसे देखकर वह दौड़ पडी और सवारी के फासे को पकड़ लिया । महाराजा ने उससे सब हाल पूछा और अपने कर्मचारियो को हुक्म दिया और सनद ले आज्ञा पत्र लिखकर जैता-

रण, सोजत आदि परगनो मे भिजवा दिये। किन्तु मुनि श्री तो मारवाड़ छोड़कर दूसरे राज्य मे चले गए थे। वहाँ कौन जाये और कैसे मिले ?

छप्पय

मोह तणे वस मात, देख दूजाइ साधु।
बोली मुख गालियां, उपजावी असमाधु ॥
गुरु गुमान पिण गया, देश मेवाड़ मंझारा।
मिलिया गुरु सिख तठे, साधु दुरगादिक सारा ॥
चउमास तीन कीधा उठे, मालव अरु मेवाड़ में।
इथ आय चउथ चतुमास मुनि, प्रथम कियो पीपाड़ में ॥२३॥

अर्थ—रतनचन्द्रजी के नहीं मिलने से मोहवश उनकी माता दूसरे साधुओ को देखकर मुंह से गालियां देती और असमाधि उत्पन्न करती। इस बीच गुरु गुमानचन्द्रजी म० भी विहार करते २ मेवाड़ की ओर पधारे, जहाँ दुर्गादासजी आदि सकल साधुओ के मिलने से गुरु-शिष्य का मधुर मिलन संपन्न हुआ। वहाँ मालवा और मेवाड़ मे उन्होने तीन चातुर्मास किये। इधर आकर चौथा चातुर्मास मुनि श्री ने पहले पहल पीपाड़ मे किया।

छप्पय

पुन पंचम चउमास, कियो पाली मुनि नायक।
तेहवे श्री रतनेश, भये पोते अति ज्ञायक ॥
जननी पिण जाणियो, काम गृह का सब मूकी।
आई तुरंत चलाय, मुनि पै झगरन ढुकी ॥
रतनेश हेत उपदेश कर, समझावी नित मात कुं।
ते कहै नगीने आवज्यो, दरस देन कुल न्यात कुं ॥२४॥

अर्थ—फिर मुनि नायक श्री गुमानचन्द्रजी ने पंचम चातुर्मास पाली में किया। उस समय तक रतनचन्द्रजीम० स्वयं अच्छे सिद्धान्त के ज्ञाता बन चुके थे। उनकी माता ने भी जब यह बात सुनी तो वह घर का सारा काम-काज छोड़कर शीघ्र ही पाली पहुंची और मुनि श्री से झगड़ने लगी।

मुनि रतनेश ने हेतु और उपदेश देकर अपनी माता को समझाया। इस पर वह गुरुदेव से बोली कि अपनी जात-बिरादरी वालो को दर्शन देने के लिए एक बार नागौर पधारें।

दोहा

मुनि नागोर पधारिया, बहुत हुवो उपकार।
सज्जन परिजन दरस कर, हरख्या सहु नर नार ॥२५॥

अर्थ—माता की विनती मानकर, मुनि श्री रतनचंद्रजी अपने गुरु के संग नागौर पधारे—जिससे लोगो का महान् उपकार हुआ। नगर के सभी सज्जन एवं बन्धु मुनि श्री के दर्शन कर बड़े हर्षित हुए।

छप्पय

ताराचन्द गुमन के, सिख तपसी वैरागी।
विगय त्याग पारणो, कियो छठ २ बड़भागी ॥
वरस पचासे जेह, काल कर सुरगत उपनो।
गुर गुमान कुं आय, दियो तिण राते सुपनो ॥
गुरुदेव आप मोटा गुनी, मम विनति चित दीजिए।
वस्थ पात्र आहार थानक चिहुं, आधाकर्मी न लीजिए ॥२५॥

अर्थ—पूज्य श्री गुमानचन्द्रजी म० के परम वैरागी तथा उग्र तपस्वी ताराचन्दजी नाम के एक शिष्य थे, जो बड़े भाग्यशाली थे। वे बेले बेले की तपस्या के साथ पारणा मे पांच विगय का त्याग रखते थे। विक्रम संवत् १८५० में वे काल करके स्वर्गवासी हुए और उसी रात गुरु गुमान-चन्द्रजी म० को स्वप्न दिया कि 'हे गुरुदेव! आप बड़े गुणवान् हैं अतः विनती पर ध्यान दें और आधाकर्मी वस्त्र, पात्र, आहार और स्थानक का उपयोग नहीं करावें।

छप्पय

जाग मुनि परभात, भये विस्मय मन भारी।
सकल सिखांसु चरच, नवी दीक्षा रुचधारी ॥

गण साधां प्रति कह्यो, वस्तु आधाकर्म त्यागो ।
ते बोल्यां नहिं निभे, दोष लागे तो लागो ॥
सुन वचन एह टोला तणो, तोड़ आहार विचरे जुवा ।
मिल साथ चतुर्दश एकठा, हरख मुगत सांमा हुआ ॥२६॥

अर्थ—स्वप्न दर्शन के बाद प्रात काल जागृत होने पर मुनि श्री के मन मे बड़ा विस्मय हुआ। उन्होंने अपने सभी शिष्यो के साथ चर्चा करके नयी दीक्षा का विचार किया तथा गण के साधुओ से आधाकर्मी वस्तु छोड़ने की बात कही। पर उन्होने कहा कि दोष लगे तो लगे किन्तु आधाकर्म का त्याग निभने वाला नहीं है। समुदाय के साधुओं की ऐसी बात सुनकर श्री गुमानचन्दजी ने पारस्परिक आहार सम्बन्ध तोड लिया और अलग विचरने लगे। फिर चौदह साधु एकत्र मिलकर प्रसन्नतापूर्वक मुक्ति मार्ग के सम्मुख हुए। मुक्ति मार्ग मे आगे आने वाले मुनियो के नाम इस प्रकार हैं—

छप्पय

गुरु गुमान[1] दुरगेश[2], तृतीय गोयंदमल[3] नामी।
सूरजमल[4] लिखमेस[5], पेम[6] दोलतमल[7] स्वामी।
रतनचन्द[8] किसनेस[9], दलीचन्द[10] संजम सूरा।
मोटरमल[11] अमरेस[12], रायचन्द[13] गुलजी[14] रूरा।
मुनि सकल एह उत्तम महा, वधिया सुध वैराग में।
चौपने वर्ष दीक्षा नवी ली, वड़लूरे बाग मे ॥२७॥

अर्थ—१—श्री गुमानचन्द्रजी महाराज, २—मुनि श्री दुर्गादासजी महाराज, ३—मुनि श्री गोयन्दमलजी महाराज, ४—मुनि श्री सूरजमलजी महाराज, ५—मुनि श्री लक्ष्मीचन्द्रजी महाराज, ६—मुनि श्री प्रेमचन्द्रजी महाराज, ७—मुनि श्री दौलतरामजी महाराज ८—मुनि श्री रतनचन्द्रजी महाराज, ९—मुनि श्री किशनचन्दजी महाराज, १०—मुनि श्री दलीचन्द जी महाराज, ११—मुनि श्री मोटरमलजी महाराज, १२—मुनि श्री अमरचन्दजी महाराज, १३—मुनि श्री रायचन्द्रजी महाराज, १४—मुनि श्री गुलजी महाराज।

आचार्य श्री जयमल्ल जी महाराज के स्वर्गवास के बाद वि० स० १८५४ मे उपर्युक्त चौदह साधुओ ने बडलू (मारवाड़) मे मिलकर २१ बोलो की मर्यादा की और सयमाचार को सुदृढ़ बनाकर पुन नयी दीक्षा ग्रहण की।

सवैय्या इकतीसा

आरम्भ सहित मोल, लियो भोग लावे भाड़े।
थानक उपासरो, सदोष ऐसो त्यागे है॥
वस्त्र पात्र सूत्र दस्ता, हिंगलू रोगान ऊन।
मोल लीधी इत्यादि, लेवे की चाय भागे है॥
धोवन उसन जल, लेवो नहीं नित पिंड।
कलाल के गृह को, उदक नहीं मांगे है॥
मिसरू प्रमुख पुट्ठा, वटका न राखे मुनि।
रेशमी रंगीली कोर, धोतियां सु आगे है॥६॥

अर्थ—इक्कीस बोलो की मर्यादा इस प्रकार है:—साधुओ को चाहिए कि वे अपने लिए आरम्भ कर बनाये हुए, खरीद किए हुए, भोग लावे रखे हुए तथा भाड़े वाले सदोष स्थानक या उपाश्रय का त्याग करें। वस्त्र, पात्र, सूत्र, दस्ता, हिंगलू, रोगन और ऊन इत्यादि मोल लाये हुए पदार्थ की चाह नहीं करें। धोवन, उष्ण जल, और आहार भी प्रतिदिन एक ही गृहस्थ के घर से नहीं लें, न कलाल के घर से पानी मागें। मिसरू आदि से युक्त रगीन पुट्ठा और वटका भी मुनि अपने पास नहीं रखें, न रेशमी और रगीन कोर की धोती का ही व्यवहार करें।

सवैय्या इकतीसा

बहु मोल थिरमा धूसादि, वत्थ लेवे नाह्य,
मेवा अलसेल तेल, राखे नहीं रात रा।
जीमण आरंभ जठे, सैं दिन या दूजे दिन,
वेरण आहार मुनि, जावे न ले पातरा।

मरजादा उप्रंत वस्त्र–पात्र को न राखे लेश,
टोपसी पीयन पाणी, नेम लाल भातरा।
करत पलेवणा दुवगत, भंडोपगरण,
आवते दिन रवि, उदय प्रभातरा ॥७॥

अर्थ—बहुमूल्य थिरमा, घूसादि वस्तु नहीं लें, और मेण अलसी का तेल आदि रात को अपने पास न रक्खें। जिस घर मे जीमण का आरम्भ हो उसके यहा उस दिन या दूसरे दिन भी, आहार के लिए मुनि पात्र लेकर नहीं जायें। मर्यादा के उपरान्त वस्त्र, पात्र आदि लेशमात्र भी नहीं रक्खें। पानी पीने के लिए टोपसी भी नहीं रक्खें, न लाल की रोटी लें। दोनो समय (सूर्योदय और सध्या के समय) भण्डोपकरण की प्रतिलेखना–संमार्जन करें।

सवैया इकतीसा

चौमासे उतार, मिगसर वद एकमसूं,
इधका न रहे सुखे, करत विहार जूं।
थानक में आय कोउ, भावक प्रचारे जाके,
गृह जाय लावे नहीं, किंचित आहार जू।
बड़ा ने कह्यो विना, वा पूछियां विना कदापि,
साधवी कु पानो वत्थ, देवे न लिगार जू।
आपनो जनाय न दिरावे, किनही कूं दाम,
संवर विना न साने, पास संसार जू ॥८॥

अर्थ—चातुर्मास के उतरने पर मिगसर वद एकम से अधिक उस गांव मे समाधि पूर्वक नही रहे, वहां से विहार कर दें। स्थानक में आकर कोई भावुक भक्त आहारादि की प्रार्थना करे तो उसके घर जाकर कुछ भी आहार नहीं लावें। बड़े सतो को कहे अथवा पूछे बिना साध्वी को शास्त्र का पन्ना, वस्त्र आदि कुछ भी न दें। किसी को अपना बता-कर गृहस्थ से रुपये–पैसे नहीं दिलाना और न संवर किए बिना किसी गृहस्थ को रात में अपने यहां सोने दें।

दोहा

ए इकवीसुं बोल इम, चरते सुध विवहार ।
गण श्री पूज गुमान को, सब गण में श्रीयकार ॥ २६ ॥

अष्टादश शत अठवने, पुर मेड़ते प्रधान ।
कातिक तिथ आठम किसन, गुन निध पूज गुमान ॥२७॥

चार पहर संथार सुं, ललित देव पद लीध ।
अल्प जनम अंतर अपि, सिव जासी हुय सिद्ध ॥२८॥

अर्थ—इस प्रकार इन इक्कीस बोल की मर्यादा से शुद्ध व्यवहार निभाते हुए पूज्य श्री गुमानचन्द्रजी का गण उस समय के सब गणो मे श्रेष्ठ समझा जाने लगा। विक्रम संवत् १८५८, कार्तिक कृष्णा अष्टमी तिथि को गुणनिधि पूज्य श्री गुमानचन्द्र जी महाराज ने मेड़ता नगर मे चार प्रहर का संथारा पाल कर सुन्दर देव पद प्राप्त किया, वहां से अल्प-जन्म के अन्तर से शिव पद प्राप्त कर सिद्ध होगे।

दोहा

पाट विराजे पूज के, मुनि दुरग महाराज ।
भविक जीव तारन भनी, जे सुविशाल जहाज ॥२६॥

अर्थ—पूज्य श्री गुमानचन्द्रजी महाराज के पाट पर मुनि श्री दुर्गा-दास जी महाराज विराजमान हुए। वे सांसारिक जनो के तारने के लिए एक बड़े जहाज के समान थे।

